astrobix.com

मेष

वैदिक ज्योतिष – चंद्र राशि आधारित

वर्ष 2014 आपके दांपत्य जीवन के लिए कैसा है ?

मेष राशि की विशेषताएँ

मेष राशि भचक्र की पहली राशि होती है. भचक्र पर इसका विस्तार 0 से 30 अंशों तक का होता है. इस राशि के अंतर्गत अश्विनी नक्षत्र के चार चरण, भरणी नक्षत्र के चार चरण और कृत्तिका का प्रथम चरण आता है. इस राशि का प्रतीक चिन्ह मेढा होता है जिसे आम बोलचाल की भाषा में भेड़ा कहा जाता है. इसके प्रभाव स्वरूप आपके स्वभाव में मेढे वाले गुण देखे जा सकते हैं. आप अपने काम के प्रति पूर्ण समर्पित रहने वाले होंगे और अपने लक्ष्य को किसी भी प्रकार से हासिल कर लेने की कोशिश आप में रहती है. अपने लक्ष्य को पाने में आप निरंतर प्रयासरत रहते हैं. आप में स्थिरता का अभाव होता है. आप परिवर्तन पसंद व्यक्ति होते हैं. एक ही स्थान पर बैठे रहना आपको पसंद नहीं होता है.

आप के काम में भी बदलाव की प्रवृत्ति देखी जा सकती है. आप अचानक से और अनायास होने वाले फैसलों या बदलावों के लिए तैयार रहते हैं. कभी-कभी बिना विचार, मनन किए बिना भी शीघ्रता से आप कोई काम करना शुरू कर सकते हैं. मेष राशि एक चर राशि है इसलिए आप अधिकतर समय गतिशील रहते हैं. आप में उत्सुकता का भाव भी अधिक होता है. हर किसी बात के विषय में जानने के लिए आप सदैव आतुर रहते हैं. आप प्रतिस्पर्धा से घबराते नहीं है.

आपको नेतृत्व करने की चाह रहती है, प्रत्येक कार्य में बढ़-चढ़ कर भाग लेना आपको अच्छा लगता है. आप सभी स्थानों में अग्रणीय रहना चाहते हैं. खेल कूद में भाग लेना आपको पसंद है इसी के साथ साथ आपको नए-नए परिधानों को पहनने का शौक भी हो सकता है. चुनौतियां स्वीकार करना आपको अच्छा लगता है और आप शारीरिक श्रम करने से पीछे नहीं हटते हैं. साहस, दृढ़ता, संकल्पशक्ति, उत्साह व आत्मविश्वास आपकी अन्य विशेषताएं होती हैं.

कार्यक्षेत्र से संबंधित किसी भी प्रोजेक्ट को आप अग्रणीय काम के रूप में लेते हैं और अपने सहयोगियों के साथ मिलकर काम को उत्साह के साथ पूरा करते हैं. आपकी सबसे बड़ी कमी यह है कि आपमें जल्दबाजी बहुत होती है और स्थिरता का अभाव है. आपके मन में जो एक बात घुस जाए तो आप उसे पूरा करके ही दम लेते हो, फिर चाहे वह बात सही हो या गलत. कभी कभी आप निष्क्रियता का परिचय भी देते हैं. आपके भीतर प्रतिभा का भंडार होता है लेकिन आप उसका समय पर सदुपयोग नहीं कर पाते हैं. आप अधीर प्रवृत्ति के व्यक्ति होते हैं. कई बार आप कुतर्क और मूर्खतापूर्ण बातें करने से भी परहेज नहीं करते हैं.

मेष राशि के लिए उपयुक्त कैरियर

इस राशि का स्वामी ग्रह मंगल है, यह एक अग्नि तत्व राशि है. मंगल से प्रभावित होने पर इस राशि में क्रूरता का भाव भी निहीत होता है. इस राशि के प्रभाव स्वरूप आपका व्यवसाय भी इससे प्रभावित रह सकता है. आप में बाहुबल का प्रदर्शन करने की प्रवृत्ति देखी जा सकती है. मेष राशि के होने से आप सेना, पुलिस, सुरक्षाबल, खिलाडी, सर्जन अथवा धातु से संबंधित कार्य कर सकते हैं. प्रशासनिक विभाग में कार्य करने वाला, वन्य विभाग में कार्यरत, चिकित्सा में अथवा आई.ए.एस या नेता के रूप में कार्यरत हो सकते हैं. खेलकूद में, नौसेना रक्षक, संवादक या उपदेशक, नेता, फाईनेंस में, होटल, रेस्तरां, चिकित्सा, कृषि और बिजली के उपकरणों के क्षेत्र में भी कार्य कर सकते हैं.

2014 मेष राशिफल - पैसा और वित्तीय स्थिति

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

मेष राशि वालों के लिए तिमाही माह का आरंभ अनुकूल फल देने वाला रह सकता है. आपके प्रयासों में भी तेजी बनी रह सकती है. इस अवधि के दौरान आपको अपने संबंधियों से भी आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकते हैं. पिता की ओर से अथवा संतान पक्ष की ओर से भी धन की आमद बनी रह सकती है. अपने काम में आपको कुछ अच्छे लाभ मिल सकते हैं या अचानक से कुछ धन की प्राप्ति भी हो सकती है. यदि आपका कोई काम विदेशों से जुड़ा हुआ है तो आप को बाहरी स्त्रोतों से भी धन की प्राप्ति हो सकती है पर तिमाही के अंत में
आपके कार्यों में कुछ सुस्ती आ सकती है या हो सकता है कि आपके प्रतिद्वंदी आपको परेशान करने का प्रयास करें इसलिए आपको सचेत रहने की आवश्यकता है.

तिमाही के मध्य भाग में अपनी कार्यकुशलता से आप आर्थिक स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश कर सकते हैं. इस समय आप अपने अनचाहे खर्चों से परेशान हो सकते हैं. इस समय आप कुछ लोन इत्यादि के लिए भी आवेदन कर सकते हैं. इसी के साथ किसी की आर्थिक रूप से मदद भी कर सकते हैं. आप अपने लिए कुछ खरीद-फरोख्त भी कर सकते हैं. तिमाही का तीसरा भाग आपके खर्चों में कुछ कमी ला सकता है. आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार बना रहेगा. इस समय आप कुछ यात्राएं भी कर सकते हैं जिस कारण से आपके व्ययों में वृद्धि हो सकती है. पर साथ ही साथ आप अपने लिए कुछ बचत भी करने की योजना भी बनाएंगे.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

मेष राशि के जातकों के लिए यह तिमाही आर्थिक दृष्टिकोण से मिले जुले फल देने वाली रह सकती है. इस तिमाही के आरंभ में अपको लाभ के साथ साथ खर्चों की स्थिति का सामना भी करना पड़ सकता है. आप के लिए धन दायक स्थिति बन रही है जिससे आपकी योजनाएं पूर्ण हो सकेंगी. इस समय आपको परिवार की ओर से कुछ धन लाभ हो सकता है या कोई सहायता प्राप्त हो सकती है. इस समय जीवन साथी का सहयोग आपकी आर्थिक स्थिति के लिए सहायक होगा.

तिमाही का मध्य भाग आपके खर्चों में वृद्धि करने वाला रह सकता है. आप अपने घर की साज सज्जा पर कुछ धन खर्च कर सकते हैं. इसके अतिरिक्त आपका जीवन साथी भी अपने लिए कीमती वस्तुओं की खरीद कर सकता है और अपने लिए सौंदर्य प्रसाधनों की चाह रहेगा जिसके लिए कुछ धन का व्यय बना रहेगा. इस समय आपको अपने पिता की ओर से भी अच्छे लाभ प्राप्त हो सकते हैं. पिता द्वारा आर्थिक सहायता मिल सकती है या आप अपने लिए किसी गुरू का सानिध्य भी पा सकते हैं. भू-संपति से भी आपको थोड़ा मुनाफा हो सकता है.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

मेष राशि वालों के लिए आर्थिक दृष्टि से यह तिमाही अनुकूल फल देने वाली कही जा सकती है. इस समय आपकी आय के स्तोत्र बढ़ने की संभावना बनती है. आपको जमीन द्वारा कुछ लाभ की संभावना बनती है. इस समय आपको सरकार की ओर से भी कुछ अच्छे लाभ के संकेत

मिलते हैं आपको अपने पिता द्वारा सहायता प्राप्त होगी. यह समय आप अपनी मेहनत द्वारा कार्यक्षेत्र में अधिक विस्तार से धन की प्राप्ति कर सकते हैं. काम के सिलसिले में की गई यात्राएं आपके मुनाफे को बढ़ाने में सहायक बन सकती हैं.

तिमाही के मध्य भाग में आप अपने भाई बहनों की सहायता भी कर सकते हैं या उनके लिए आपको कुछ धन खर्च करना पड़ सकता है. इस समय आपके शत्रु भी आपको इस ओर से परेशान करने की कोशिशों में लगे रह सकते हैं. कई बार आप निराशा का अनुभव भी कर सकते हैं लेकिन भाग्य का साथ मिलने से आप इस निराशा से आगे बढ़ने में सफल रहेंगे और अच्छी स्थिति पर पुन: स्थापित हो सकेंगे. आपके भाई-बहन भी आपके लिए लाभदायक सिद्ध हो सकते हैं ओर यह लाभ किसी भी रुप में आपके लिए उपयोगी हो सकता है. यदि आप विदेशों से जुड़े हैं तो इस समय आपको वहां से लाभ की प्राप्ति हो सकती है.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

मेष राशि के जातकों के लिए तिमाही की शुरूआत अच्छी ना रहने के योग बन रहे हैं. इस समय पैसों के मामले में आपको परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है. आपका धन आपके गलत प्रयासों में व्यर्थ हो सकता है. इस समय आपके खर्चे बने रहेंगे इसलिए इस समय आपको अत्यधिक सचेत रहने की आवश्यकता है. आप अपने शत्रुओं से घाटा उठा सकते हैं या आपके पैसे किसी प्रकार के जुए इत्यादि में भी लग सकते हैं. यदि इस समय आप अपन पैसा किसी जगह निवेश करना चाहते हैं तो सोच विचार कर ही आगे बढे और किसी भी वस्तु से अनायास ही आकर्षित न हों. कम समय में अधिक मुनाफे की बात को अधिक न सोचें क्योंकि ऎसी सोच आपको गलत कामों की ओर अग्रसर कर सकती हैं.

इस समय के तिमाही भाग के मध्य समय में आपको अपने जीवनसाथी की ओर से कुछ सहायता प्राप्त हो सकती है परंतु यह राहत अधिक देर तक आपके लिए शायद न रह पाए क्योंकि ग्रहों की स्थिति के अनुरूप आप किसी बुरी आदतों के कारण भी अपना धन व्यर्थ में गंवा सकते हैं. आपका अधिकतर धन अनैतिक कार्यों की ओर भी लग सकता है. आप जुआ, सट्टा अथवा नशीले पदार्थों की ओर भी आकर्षित होकर अपना समय और धन दोनों ही खराब कर सकते हैं. परंतु आपका साथी आपके लिए सहारा बनकर उभर सकता है.

2014 मेष राशिफल - कैरियर और प्रोफेशन

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

मेष राशि वालों के लिए कैरियर की दृष्टि से यह समय अनुकूल रह सकता है. इस स्थिति में आप अपने कामों में कुछ अधिक ही तेजी लेकर चलेंगे. आपके उच्च अधिकारियों द्वारा आपको प्रशंसा भी प्राप्त हो सकती है. आप अपने कार्य क्षेत्र में अपने सहयोगियों से आगे बढ़कर अनुकूल तथ्यों को अपनाने में सफल रहेंगे. आपके मित्रों की सहायता भी आपके काम में अच्छे संकेत दे सकती है. इस समय आप अपने काम में कुछ नए विचार ला सकते हैं, आपको भाग्य का साथ प्राप्त होगा. मध्य तिमाही में आपको अपनी नौकरी में पद्दोन्नति के अवसर मिल सकते हैं. परंतु हो सकता है कि इस बदलाव में आप स्वयं को संतुष्ट न पाएं. यदि आप नौकरी की तलाश में हैं या नई नौकरी के लिए आवेदन करने का सोच रहे हैं तो आपको मार्च से पहले ही ज्वाईनिंग अथवा आवेदन करना चाहिए क्योंकि बाद के समय में आप शायद अपने काम में स्थिरता न पा सकें.

व्यापार से जुडे लोगों के लिए यह समय अनुकूल नहीं है. इस समय आपको अपने काम पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता रहेगी. आप अपने प्रयासों में भी कुछ कमी का अनुभव कर सकते हैं. तिमाही के आरंभ में आप अपने व्यवसाय में कुछ कुचालें भी चल सकते हैं कूटनीति के साथ काम ले सकते हैं. तिमाही मध्य में साझेदारी में व्यवसाय करने पर आपको अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता होगी क्योंकि इस समय आपको साझेदारी में घाटा उठाना पड़ सकता है या आप पर कोई लांछन भी लगा सकता है.

यदि आपका व्यवसाय विदेशों से भी है तो आपको वहां से लाभ प्राप्त हो सकता है. राजनीति से जुड़े लोगों के लिए यह समय अच्छा रहने वाला है. इस समय आपको कुछ अच्छे अवसर प्राप्त हो सकते हैं और आपको कोई पद प्राप्ति भी हो सकती है. इस समय आप यदि सोच समझकर काम करते हैं तो आपको अच्छे मौके मिल सकते हैं. कार्य क्षेत्र में आपको अपने साथी से सहायता भी प्राप्त हो सकती है उसकी मदद से आप अपने कामों को आगे बढ़ाने में सफल रह सकते हैं.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

मेष राशि के जातकों के लिए यह तिमाही का समय कैरियर की दृष्टि से साधारण ही बना रहेगा. इस समय आप अपने काम में कुछ नई योजनाएं बना सकते हैं. आप इस समय के दौरान अपनी वाक पटुता द्वारा कुछ परेशानी का सामना भी कर सकते हैं. इस समय आपको चाहिए कि आप जो भी काम करें उसे सोच विचार करके ही आगे बढ़े क्योंकि जल्दबाजी मे लिए गए फैसले आपको भ्रमित भी कर सकते हैं. आपको चाहिए की आप अपने कार्यक्षेत्र में किसी से व्यर्थ की तकरार न करें और मतभेदों को पनपने का मौका न दें अन्यथा आपको उसका खामियाजा भी भुगतना पड़ सकता है.

तिमाही मध्य के दौरान आप अपने काम में बदलाव की चाह रख सकते हैं इस समय आपको चाहिए कि किसी भी स्थिति को पूरा करने से पहले अच्छे से सोच लें क्योंकि इस समय आपके जल्दबाजी में लिए गए निर्णय बाद में आपकी परेशानी का कारण न बन जाएं. इस समय आपके उच्च

अधिकारी आपके काम से अप्रसन्न रह सकते हैं क्योंकि एक काम को पूरा करने में बार-बार प्रयास करने पड़ सकते हैं. ऎसी स्थिति में सफलता और असफलता दोनों की ही संभावनाएं बन रहीं हैं.

इस समय आप अपनी कार्यविधि को गुप्त रहकर ही करना पसंद करेगें. आय के अच्छे स्तोत्र बन सकते हैं. गुरू की उच्च दृष्टि व्यवसाय भाव पर पड़ने के कारण आपको अच्छे लाभ के संकेत मिल सकते हैं और आप अपने प्रतिद्वंदियों को परास्त कर सकते हैं. व्यवसायियों के लिए समय अनुकूल रह सकता है और आप विदेशों में भी अपने काम का विस्तार कर सकते हैं. आयात निर्यात की स्थिति आपके लिए लाभदायक रह सकती है. विशेषरुप से उनके लिए जो अपना व्यवसाय पार्टनरशिप में करते हैं. तिमाही का आखिरी भाग आपके लिए कुछ अनुकूल कहा जा सकता है लेकिन परेशानियाँ तथा बाधाएँ भी साथ में ही बनी रहेगी.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

मेष राशि वालों के लिए यह तिमाही कैरियर के दृष्टिकोण से अनुकूल हो सकती है. तिमाही का आरम्भ समय आपको अपने काम में जो भी रूकावटें आ रही थीं वह अब काफी हद तक समाप्ति की ओर अग्रसर रहेंगी. पहले वाली निराशा अब ओर अधिक परेशान नहीं कर पाएगी तथा आप अपनी मेहनत द्वारा सफल रहेंगे. इस अवधि के दौरान आपको अपने प्रतिद्वंद्वियों द्वारा रूकावटों का सामना भी करना पड़ सकता है. आप किसी न किसी प्रकार से उनसे प्रभावित हो सकते हैं लेकिन यदि आप अपने काम पर एकाग्रचित रहेंगे और सही निर्णयों द्वारा आगे बढेंगे लाभ की प्राप्ति हो सकती है.

तिमाही के मध्य के दौरान आप कुछ विदेश यात्राएं भी कर सकते हैं जिनसे लाभ की प्राप्ति संभव है. व्यापार से जुड़े लोगों के लिए यह समय खूब मेहनत करने का है जिससे उन्हें आगे अच्छे फल मिल सकेंगे. इस समय साझेदारी में काम करने का यदि विचार है तो सर्वप्रथम आप सभी बातों का पूर्ण रूप से ध्यान रखें. आपको अपने साथी से भी इस समय काम में मदद मिल सकती है जिससे कि आप आगे बढ़ सकें. जो लोग प्रॉपर्टी से संबंधित कामों में लगे हुए हैं उन्हें इस समय अच्छा मुनाफा प्राप्त हो सकता है. इस समय आपको सरकार की ओर से भी अधिक लाभप्रद उपलब्धियों मिल सकती हैं जो आपके काम में आपकी सहायक बनेंगी.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

नौकरी पेशा लोगों के लिए यह तिमाही का आरंभिक दौर परेशानियों वाला रह सकता है. इस समय नीच के शुक्र के साथ सूर्य और राहु की स्थिति काम काज में व्यवधान देने वाली रह सकती है. सहयोगियों का आपको अधिक साथ नही मिलेगा या वह किसी न किसी प्रकार से आपके लिए समस्याएं पैदा कर सकते हैं. आप शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत रहेंगे, लेकिन आपने जो हासिल किया है उससे आप थोड़े बेचैन और असंतुष्ट भी हो सकते हैं. आप अधिकतर बेहतरीन और साहसिक अवसरों की तलाश में रहेंगे.

आप अत्यधिक क्रोधित स्वभाव के हो सकते हैं. यदि आप धुन के पक्के हैं तो आप किसी भी हद तक जा सकते हैं. आप स्वभाव से स्पष्टवादी रहेंगे लेकिन यह स्थिति आपके काम में परेशानी न लेकर आए इस बात का आपको ध्यान रखना चाहिए. इस समय आप भी कुछ चालें चल सकते हैं या गलत लोगों की संगत में आकर अपने लिए समस्याएं खडी कर सकते हैं अत: मित्रता का चुनाव सोच समझ कर करें अन्यथा लोग आपका फायदा उठाने में सफल रहेंगे और आपको अपनी मेहनत का उचित फल नहीं मिल पाएगा.

व्यवसायियों के लिए समय ज्यादा अनुकूल नहीं रहेगा, विशेषरुप से उनके लिए जो अपना व्यवसाय पार्टनरशिप में करते हैं. कार्यक्षेत्र में असंतोष पैदा हो सकता है. आप हर समय चिन्तित रह सकते हैं. कार्यक्षेत्र में भागदौड़ अधिक बनी रहने की संभावना बनती है. प्रयासों के बावजूद कार्यक्षेत्र में औसत रुप से ही फलों की प्राप्ति होगी. किन्तु इससे निराश अथवा हताश नहीं होना चाहिए और जोखिमों से दूर रहे.

2014 मेष राशिफल - हैल्थ और फिटनेस

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक

मेष राशि के जातकों के लिए स्वास्थ्य की दृष्टि से यह तिमाही अनुकूलता में कमी लाने वाली रह सकती है. इस समय के दौरान आपको स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से होकर गुजरना पड़ सकता है क्योंकि आपके राशि स्वामी मंगल छठे भाव में गोचर कर रहे हैं. बीमारी के संदर्भ में कुछ अनिश्चितता की स्थिति भी बनी रह सकती है. हो सकता है कि रोग पकड़ में न आ पाए इसलिए आपको अन्य चिकित्सक से भी परामर्श ले लेना चाहिए. फरवरी माह में मंगल तुला राशि में प्रवेश करेंगे जिस कारण राहु और शनि के साथ इनका युति संबंध बनेगा. यह स्थिति आपके गुस्से में वृद्धि करने वाली हो सकती है आपको क्रोध अधिक आ सकता है.

इस समय के दौरान आप उच्च रक्तचाप के शिकार भी हो सकते हैं. इसलिए आपको अपने क्रोध पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है. इस समय अंगारक योग भी बन रहा है इसलिए स्वास्थ्य पर पूर्ण ध्यान देने की आवश्यकता है. आपको पेट में शूल या दर्द या अल्सर की समस्या भी हो सकती है..पाप ग्रहों की युति व वक्री अवस्था, शारीरिक परेशानियों के साथ मानसिक परेशानियो को भी बरकरार रख सकती है. मार्च माह के दौरान मंगल के वक्री होने पर सेहत बिगड़ सकती है क्योकि स्वास्थ्य की दृष्टि से कमजोर ही समझा जाता है. इस समय आपको वाहन आदि चलाने में भी सतर्क रहना चाहिए. दुर्घटना या कोई चोट इत्यादि लगने की संभावना भी बन सकती है.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

स्वास्थ्य की दृष्टि से यह तिमाही आपके लिए अनुकूल नहीं है. इस समय आपको स्वास्थ्य संबंधी तकलीफो का सामना करना पड़ सकता है. कान में दर्द की शिकायत हो सकती है इसलिए नहाते समय ध्यान रखें की कान में पानी न जाने पाए. स्वास्थ्य में होने वाली गिरावट आपकी मानसिक परेशानी को बढाने वाली हो सकती है. इस व्यर्थ की परेशानी से आप स्वयं को दूर ही रखे तो अच्छा होगा. तिमाही के मध्य बाद का भाग आपके मनोबल को बढ़ाने में सहायक रह सकता है. मानसिक परेशानियाँ भी दूर हो सकती हैं . आपको इस समय लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए. ज्यादा उत्तेजना से बचें अन्यथा दिल संबंधी विकार उत्पन्न हो सकते हैं.

समय - समय पर चिकित्सक की सलाह लेते रहना चाहिए. त्वचा संबंधी परेशानी हो सकती है, सतर्क रहें. खान - पान का विशेष रुप से ध्यान रखें. इस तिमाही में आपको आंखों पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है. मधुमेह से प्रभावित हैं तो विशेष ख्याल रखें. अच्छे स्वास्थ्य के लिए आपको कुछ व्यायाम अवश्य करना चाहिए.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

स्वास्थ्य की दृष्टि से यह तिमाही आपके लिए मिलेजुले फल देने वाली रह सकती है. अत्यधिक भागदौड़ होने के कारण आपको थकावट का अनुभव हो सकता है जिस कारण आपका मन भी उचाट रह सकता है इसलिए काम के दौरान अपनी सेहत की अवहेलना न करें. राहु और मंगल की

स्थिति तिमाही के आरंभ में आपके स्वभाव में क्रोध की अधिकता दे सकती है इसलिए आपको चाहिए की व्यर्थ में क्रोध न करें और स्वयं को शांत रखने का प्रयास करें. आपके स्वभाव में आया चिड़चिड़ापन दूसरों को आपसे दूर कर सकता है.

तिमाही के आखिरी भाग में सेहत को लेकर अधिक चिंता से मुक्ति मिल सकती है. इस समय आपकी कार्यप्रणाली शरीर में चुस्ती प्रदान करने वाला रह सकती है. आपको पेट की तकलीफो से मुक्ति मिल सकती है. आहार संबंधी आदतों पर ध्यान देना चाहिए और अपनी दिनचर्या का नियम बांधना चाहिए.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

स्वास्थ्य के नजरिये से इस तिमाही में सेहत पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है. आपको चाहिए कि आप किसी भी बुरी लत से दूर रहें और किसी भी प्रकार के नशे को अपना साथी न बनने दें क्योंकि तिमाही के शुरूआती दौर में आप कुछ मादक द्रव्यों के सेवन की लत से परेशान हो सकते हैं और यह कारण आपकी सेहत के लिए बहुत खराब रह सकता है. आपको मानसिक चिंता और अवसाद की शिकायत रह सकती है.

तिमाही के मध्य भाग में सेहत में सुधार की संभावना देखने को मिलेगी और आप पहले से कुछ ज्यादा अच्छा अनुभव कर सकते हैं. तिमाही के अंतिम भाग में आपको पिता की सेहत पर भी ध्यान देना होगा क्योंकि इस समय आपके पिता की सेहत भी कुछ खराब हो सकती है. माता का स्वास्थ्य अनुकूल बना रहेगा. जीवन साथी का साथ पाकर आप अपनी परेशानियों से कुछ निजात पा सकते हैं.

2014 मेष राशिफल - प्रेम संबंध

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक

प्रेम संबंधो के लिए यह तिमाही मिलेजुले फल देने वाली रह सकती है. इस अवधि के दौरान पंचम भाव, सप्तम भाव और नवम भाव का संबंध उभरकर सामने आ रहा है इस कारण से आपके प्रेम संबंधों की शुरूआत हो सकती है या आपके प्रेम संबंध विवाह का रूप ले सकते हैं. इस समय आपके प्रेम संबंध आपके लिए भाग्यदायक हो सकते हैं. जिन लोगों के विवाह की बातचीत चल रही है वह तिमाही मध्य के दौरान में पक्की हो सकती है. प्रेम संबंध भी वैवाहिक रिश्ते में तब्दील हो सकते हैं.

तिमाही अंत के दौरान आपके संबंधी आपके प्रेम संबंधों में व्यवधान उत्पन्न करने की कोशिश कर सकते हैं किसी न किसी कारण से आपके संबंधों में भी कुछ वैचारिक मतभेद भी उत्पन्न हो सकते हैं. इस समय आपको किसी भी जल्दबाजी से बचना चाहिए. प्रेम संबंधो में कुछ सुधार की गुंजाइश नजर भी आएगी लेकिन अंतिम सप्ताह से फिर किसी कारण से पुन: मतभेद पैदा हो सकते हैं. परेशान होने की बजाय आप अपने प्रेमी और खुद को कुछ समय दें.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

तिमाही के पहले भाग में आपको प्रेम संबंधों को लेकर सचेत रहने की आवश्यकता है. आप इस समय किसी भी प्रकार के अन्य संबंधों में खुद को न उलझाएं अन्यथा आपको बदनामी मिल सकती है. इस समय आप एक से ज्यादा संबंधों में जाने का मन बना सकते हैं जिस कारण आपको परेशानी उठानी पड़ सकती है. आपके प्रेम संबंधो में दरार आ सकती है. आपका साथी आप पर हावी हो सकता है और आप उनकी बातों को मानने के लिए बाध्य हो सकते हैं. मध्य अवधि के बाद आप के प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता उत्पन्न हो सकती है. आप अपने प्रेम को विवाह में बदलने की चाह रख सकते हैं. नए संबंधों के लिए तिमाही का आखिरी भाग अनुकूल रह सकता है.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

प्रेम संबंधों के लिए यह समय आशा के अनुरूप फल देने में कमी कर सकता है. इस तिमाही में आपको अपने प्रेम संबंधों को मजबूत बनाए रखने के लिए अधिक प्रयास करने पड़ सकते हैं. इस समय किसी सफर में आपको अपना हमसफर फिर से मिल सकता है इसलिए आपको कुछ अधिक सोचने की जरूरत नहीं होगी और आप खुदबखुद इन नए रिश्तों में बंध जाएंगे. तिमाही के मध्यभाग में आपके संबंधों में उतार-चढाव की स्थिति उभर सकती है. आप अपने प्रेमी पर गुस्सा न करें अन्यथा प्रेम में दूरियां बढ़ने में समय नहीं लगेगा. तिमाही के अंत समय तक आप अपने प्रेम संबंधों को सुधारने की कोशिशों में लगे रह सकते हैं. अपने प्रेमी को कोई तोहफा भी भेंट कर सकते हैं इससे आपके रिश्ते में ताजगी बनी रहेगी और प्रेम में भी प्रगाढ़ता बढेगी.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

प्रेम संबंध के लिए यह समय मिले-जुले फल देने वाला रह सकता है. इस समय आपको अपने प्रेमी का पूर्ण साथ नही मिलेगा या उसके साथ में कमी का अनुभव हो सकता है. आप संबंधों के टूटने का दर्द भी सह सकते हैं. नीच का शुक्र आपके लव और रोमांस को प्रभावित कर सकता है. तिमाही के मध्य भाग में जो आपने गलतियां की हैं अथवा प्रेम की कमी सही है उसमें यह समय कुछ राहत देने वाला रह सकता है. आपके विरोधी इस समय प्रेम संबंधों में टांग अड़ाने की पूरी कोशिश कर सकते हैं. इसलिए आप बिना सोचे विचारे भावनाओं में बहकर कुछ ना करें.

आपको अपने साथी से प्रेम और सहयोग मिल सकेगा. आपका साथी आपके लिए उपयुक्त सहारा बनेगा और आपकी अच्छाई और बुराई दोनों में ही आपके साथी का साथ बना रहेगा. आपको उनसे सुख की अनुभूति प्राप्त होगी और वह आपके प्रेम को समझने वाला होगा.

2014 मेष राशिफल - विद्यार्थी

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक

विद्यार्थियों के लिए यह तिमाही सामान्य ही बनी रह सकती है. शिक्षा द्वारा आप अपने कार्यों को उच्च स्तर का रूप देंगे. आपके लिए तिमाही का आरंभ पढाई के क्षेत्र में काफी कुछ बेहतर रहने वाला है. अपनी पढाई में आप पूर्ण मन लगाकर ध्यान देंगे. आप यदि किसी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं तो आपको अच्छे फल मिलने की संभावना बनती है. तिमाही मध्य के दौरान एकाग्रता में कमी आ सकती है जिस कारण भटकाव की स्थिति उभर सकती है. इस दौरान आपकी शिक्षा में भी व्यवधान उत्पन्न हो सकता है. शनि और मंगल की दृष्टि शिक्षा के क्षेत्र में कुछ परेशानियां उत्पन्न कर सकती हैं.

मित्रो के साथ मौज मस्ती में आप अपना अधिक समय व्यर्थ कर सकते हैं. प्रेम संबंधों के कारण भी आपका मन शिक्षा से हट सकता है. आपके लिए उचित यही होगा कि आप समझदार बने और शिक्षा की ओर ध्यान दें. तिमाही अंत के दौरान यदि आप शिक्षा के लिए विदेश जाने का सोच रहे हैं तो इसमें आप काफी हद तक सफलता पा सकते हैं. आप टेक्निकल क्षेत्र में भी कुछ रूचि ले सकते हैं.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

शिक्षार्थियों के लिए तिमाही का आरंभ भ्रम की स्थिति उत्पन्न करने वाला रह सकता है. बच्चों में अपनी पढाई को लेकर एकाग्रता में कमी आ सकती है. मौज मस्ती में इनका मन अधिक लगेगा. बुध के नीच राशि में होने के कारण शिक्षा की ओर से ध्यान हटने की संभावनाएं प्रबल बन रही हैं. यदि आपने कुछ सुधार करने की कोशिश नहीं की तो आपके परिणाम भी प्रभावित होंगे.

आपका मन विशेष रुप से खेल - कूद अथवा पिक्चर आदि देखने का कर सकता है. आपके माता-पिता को आपसे निराशा हाथ लगेगी जिससे उनका मन व्याकुल रहेगा. प्रतिस्पर्धाओ में भाग लेने वाले छात्रों के लिए तिमाही मध्य के दौरान स्थिति में सुधार की संभावना बन सकती है. आप इस समय के दौरान अपनी पढाई की ओर सजग रह सकते हैं. अच्छे अंको से पास होना है तो पढ़ाई तो निश्चित तौर पर आपको आरंभ करनी ही होगी.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

विद्यार्थियों के लिए तिमाही का आरंभ समय कुछ अनुकूल कहा जा सकता है. इस समय आप अपनी पढाई में अच्छे स्तर का प्रदर्शन कर सकते हैं. आप इस समय अपने शौक को भी अपना कैरियर बना सकते हैं कुछ नई गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं. इस समय आपके भीतर छुपी कला सामने आ सकती है और अपने कलात्मक गुणों में वृद्धि पाएंगे. तिमाही मध्य के दौरान में जो छात्र कलात्मक विषयों की ओर आकर्षित हैं वह इस संदर्भ में अपनी पढाई कर सकते हैं. तिमाही अंत के समय आपकी शिक्षा में कुछ व्यवधान उत्पन्न हो सकते हैं लेकिन आप अपनी पढाई में प्रयासरत तो रहेंगे ही. इस समय मन को एकाग्रचित रखें ओर अपनी बुद्धि को भ्रमित न होने दें.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

तिमाही का पहला तथा दूसरा भाग विद्यार्थियों के लिए तनाव भरा रह सकता है. आप गलत मित्रों का साथ पाकर अपनी पढाई से विमुख हो सकते हैं आपका मन शिक्षा के अतिरिक्त अन्य सभी बातों में लगा रह सकता है. चोरी-छुपे आप मौज मस्ती में लगे रह सकते हैं इसलिए माता पिता को चाहिए कि इस समय वह बच्चों की शिक्षा की ओर विशेष ध्यान दें और उनके पढाने का नियम बांधे जिससे की वह अपनी मौजम्सती के साथ - साथ अपनी पढाई पर भी पूरा ध्यान दें.

जो लोग इस समय किसी प्रतियोगिताओं की तैयारी में लगे हुए हैं उनके लिए यह समय कड़ी मेहनत करने का है क्योंकि इस समय आपको कुछ न कुछ कमी का अनुभव होता रहेगा. आपके प्रयास और कड़ी मेहनत आपको सफलता दिलाने में मददगार होंगे.

2014 मेष राशिफल - यात्रा

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

यात्राओं के लिए तिमाही का आरंभ समय अधिक सहायक न रह पाए इस समय आप अपनी यात्राओं में कुछ दिक्कतों का सामना कर सकते हैं. इस समय किसी न किसी प्रकार से कोई न कोई असुविधा बनी रह सकती है. इस समय पर आप कुछ धार्मिक यात्राओं पर जा सकते हैं. उद्देश्यों को लेकर की गई यात्राओं की सफलता में संदेह बना रह सकता है. इन यात्राओं में आपकी बेकार की दौड़-धूप अधिक करनी पड़ सकती है. जिस कारण आपको फिजीकल और मैंटल स्ट्रैस का सामना भी करना पड़ सकता है. इसलिए संभव हो सके तो इस समय यात्रा को टाल दें तो बेहतर होगा.

तिमाही मध्य के दौरान का समय यात्रा के लिए अनुकूल रह सकता है. आप अपनी फैमली के साथ भी कहीं घूमने फिरने जाने की योजना बना सकते हैं. तिमाही अंत में आप लंबी दूरी की यात्रा पर जा सकते है. इसी के साथ कुछ विदेश यात्राएं भी हो सकती हैं पर यात्रा पर जाने से पूर्व सभी औपचारिकताओं को उचित प्रकार से पूरा कर लें जिससे की कोई समस्या उत्पन्न न होने पाए.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

इस तिमाही के दौरान आपको लंबी दूरी की यात्राओं पर जाना पड़ सकता है पर साथ ही इन यात्राओं द्वारा राह में कुछ परेशानियों का सामना भी करना पड़ सकता है. विशेषतौर पर आप अपने कीमती सामान का ध्यान रखें. आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ कहीं घूमने जाने की योजना बना सकते हैं. पिकनिक इत्यादि पर जाने से आपका मन कुछ अच्छा महसूस करेगा. यह बदलाव आपकी स्थिति के लिए सामान्यत: अनुकूल रह सकता है. तिमाही के अंतिम भाग में आपको धार्मिक यात्राओं व तीर्थाटन करने के मौके भी मिल सकते हैं जिससे आप आध्यात्मिक शांति का अनुभव करेंगे. बच्चो के दाखिले आदि को लेकर भी आपको छोटी यात्राएं करनी पड़ सकती है.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

तिमाही का आरंभ यात्राओं में लगा रह सकता है. इस समय आप अपने काम के सिलसिले में या अन्य किसी प्रयोजन के निमित्त यात्राएं कर सकते हैं. तिमाही के मध्य के दौरान आप अपने परिवार के साथ कहीं धर्म स्थल की यात्राओं पर जा सकते हैं. इस समय आपका रूझान भी इस ओर लगा रह सकता है. आप अपने काम के दौरान विदेश यात्रा भी कर सकते हैं. परंतु यात्राओं के दौरान आपको तिमाही अंत में कुछ परेशानी हो सकती है. उद्देश्यों को लेकर की गई यात्रा आपके लिए सुखकारी तथा सफल रह सकती है. यात्राएं आपको सफलता तो प्रदान कर देगी लेकिन आपको अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना चाहिए.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

यात्राओं के लिए वर्ष की अंतिम तिमाही कुछ कम दूरी की यात्राओं को कराने वाली रह सकती है. इस समय आपको यात्राओं से कुछ लाभ भी प्राप्त हो सकता है. इस समय की जाने वाली यात्राएं आपको आराम का अनुभव न दे सकें क्योंकि यात्रा की सफलता भी कुछ हद तक कमी को दर्शाती है.

अपने काम के सिलसिले में आप कम ही यात्रा करेंगे क्योंकि इस समय आप अपनी कुछ परेशानियों की वजह से भी यात्राओं को टाल सकते हैं. आपकी कुछ यात्राएं परिवार के साथ किसी आवश्यक कामों को करने में भी हो सकती हैं. मध्य भाग में आप अकेले ही कहीं तीर्थ स्थानों की यात्रा पर भी जा सकते हैं. यात्रा पर जाने से पूर्व आपको चाहिए की अपनी सभी औपचारिकताएं पूरी कर लें क्योंकि कहीं कोई अवरोध अचानक से आपके लिए परेशानी या रूकावट का कारण न बन जाए.

2014 मेष राशिफल - परिवार

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

पारीवारिक दृष्टिकोण से तिमाही का आरंभ समय शांतिपूर्ण हो सकता है. भाग्यदायक स्थिति बनी रह सकती है. सभी सदस्य एक-दूसरे को सहयोग प्रदान करेंगे और मिल-जुलकर काम करेंगे. परिवार में कुछ अच्छे कार्यक्रम भी संपन्न हो सकते हैं. इस अवधि के दौरान आपको अपने जीवन साथी से लाभ की प्राप्ति भी हो सकती है. किंतु पाप ग्रहों की दृष्टि के प्रभावस्वरूप जीवन में तनाव की स्थिति भी बनी रह सकती है. आपकी वाणी में कटुता का भाव रहने की संभावना बनती है. आपके जीवनसाथी के साथ संबंधों में कड़वाहट रह सकती है अथवा जीवनसाथी का स्वास्थ्य भी प्रभावित रह सकता है.

पिता की ओर से सहायता प्राप्त हो सकती है. आप जमीन आदि में निवेश की सोच सकते हैं. इस तिमाही में आपको लाभ की प्राप्ति तो संभव है लेकिन घरेलू सुख में कमी का अहसास हो सकता है. जाती तिमाही में कुछ सुधार की उम्मीद रख सकते हैं. तिमाही के अंत के दौरान आपके जीवन साथी को कुछ उपलब्धियाँ भी प्राप्त हो सकती हैं. बच्चों की शिक्षा में कुछ धन खर्च हो सकता है तथा कहीं आने जाने पर भी आप धन का व्यय कर सकते हैं. जिन लोगो के प्रेम संबंध बने हुए हैं वह अपने विवाह की बात घर में उठा सकते हैं. आप जो भी करें सोच-समझ कर करें, आवेश या जल्दबाजी में काम ना लें.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

इस तिमाही में आपके परिवार में कुछ अच्छे शुभ संकेत मिल सकते हैं. आपको अपनी सभी इच्छों की पूर्ति के लिए कुछ अधिक मेहनत करनी पडेगी. परिवार में किसी का खराब स्वास्थ्य भी चिंता का विषय हो सकता है. आपके दांपत्य जीवन में समस्याएं उभर सकती है या आप किसी अतिरिक्त संबंधों की ओर आकर्षित हो सकते हैं ऎसी स्थिति को न उभरने दें अन्यथा आप का सुख प्रभावित हुए बिना नहीं रह पाएगा. भाई-बहनों से कुछ मतभेद हो सकते हैं. कुछ बातों को लेकर जीवनसाथी का स्वभाव अधिक जिद्दी हो सकता है और उसके व्यवहार में भी रुखापन आ सकता है लेकिन यदि आप प्रेम पूर्वक मामलों को सुलझाने का प्रयास करेंगे तो आपको राहत प्राप्त हो सकती है.

तिमाही के मध्य भाग में आपको अपने पिता का सहयोग प्राप्त होगा. परिवार के सदस्यों से भी आपको स्नेह की प्राप्ति हो सकती है. संतान की शिक्षा या स्वास्थ्य को लेकर चिन्तित रह सकते हैं इससे घर का वातावरण भी प्रभावित हो सकता है. तिमाही के अंतिम भाग में घर के आवश्यक कामों के लिए खर्चे कुछ बढ़े हुए से रह सकते हैं. जिससे आप आर्थिक तंगी का अनुभव कर सकते हैं परंतु तीमाही के अंत में आपको कुछ संतोषजनक फलों की प्राप्ति हो सकेगी. आपको वाहन इत्यादि का सुख भी प्राप्त हो सकता है. आप अपने लिए कुछ अच्छी वस्तुओं की खरीद भी कर सकते हैं.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

तिमाही का आरंभ परिवार के लिए सामान्य रह सकता है. भाई-बहनों के साथ आपके संबंध अनुकूल रह सकते हैं तथा आप उनकी सहायता के लिए पूर्ण तत्पर बने रहेंगे. आपको इस समय अपने पिता द्वारा प्रेम की प्राप्ति हो सकती है माता का सहयोग भी आपके लिए बना रहेगा. किसी न किसी रूप से आपको अपनी पैतृक संपत्ति से भी कुछ लाभ की प्राप्ति हो सकती है मध्य भाग में घर पर कोई कार्यक्रम आयोजित हो सकता है अथवा घर पर धार्मिक गतिविधियां तेज हो सकती है. जिन लोगों के विवाह के विषय में कोई चर्चा हो रही हो तो उन्हें उसमें कुछ हद तक सफलता मिल सकती है.

तिमाही के मध्य के अंत समय पर विवाद हो सकते हैं. क्रूर ग्रहों के प्रभाव स्वरूप आप अपने शत्रुओं से प्रभावित हो सकते हैं या आपके छोटे भाई बहनों से भी आपकी कुछ अनबन हो सकती है इसलिए अधिक भावुक न बनें और शांत रहकर स्थिति के सुधरने का इंतजार करें. इस समय आप अपने घर की साज सजावट भी करवा सकते हैं तथा कोई कीमती वस्तु का क्रय भी कर सकते हैं. जीवन साथी का साथ आपके लिए लाभदायक ही रहेगा. सास बहु के संबंधों में भी सामंजस्यता बनी रह सकती है. संतान की शिक्षा के विषय में कुछ चिंताजनक रह सकते हैं लेकिन बच्चे अपनी मौज मस्ती के कारण आपके इस दृष्टिकोण से प्रभावित न हो पाएं परंतु पढाई में खराब प्रदर्शन नहीं करेंगे और आपको उनके द्वारा गर्व की अनुभूति ही प्राप्त होगी.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

मानसिक परेशानी तो आपको बनी ही रह सकती है. इस व्यर्थ की परेशानी से आप स्वयं को दूर ही रखे तो अच्छा होगा. मध्य भाग में आपका मनोबल ऊँचा रह सकता है और मानसिक परेशानियाँ भी दूर रह सकती हैं. अपने प्रयासों को करते रहना चाहिए. जिनके व्यवसाय का संबंध विदेशों से है उन्हें लाभ मिल सकता है. यह समय कुछ उथल - पुथल वाला सिद्ध हो सकता है. इस समय आपको बिजनेस संबंधी कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय समझदारी से लागू करना चाहिए.

छोटे बहन - भाईयों की आवश्यकता पूर्ति हेतु भी खर्चे बढ़ सकते हैं. खर्चों की पूर्ति के लिए आपको ऋण भी लेना पड़ सकता है. आप यदि शेयर बाजार में निवेश की सोच रहें हैं तो सोच - विचारकर ही निवेश करें. आप गलत तरीकों से आय को बढ़ाने की सोच सकते हैं. मध्य समय आय के कुछ नए स्तोत्र सामने आ सकते हैं. विशेषरुप से आय में इजाफा होने की संभावना बनती है. जीवनसाथी के माध्यम से भी घर में लाभ में वृद्धि हो सकती है.आपको पिता अथवा पिता समान व्यक्ति के सहयोग से धन प्राप्ति हो सकती है. लेकिन जीवनसाथी अथवा संतान के ऊपर धन खर्च हो सकता है अथवा पढ़ाई के कारण भी धन खर्च हो सकता है.

2014 में मेष राशि के लिए उपाय

पूरे वर्ष आपको हर मंगलवार व शनिवार को नियमित रुप से सुंदरकाण्ड का पाठ करना चाहिए. इसके अलावा नियमित रुप से आपको संकट मोचन का पाठ संध्या समय में करना चाहिए.

astrobix.com

वृष

वैदिक ज्योतिष – चंद्र राशि आधारित

वर्ष 2014 में भाग्य देगा आपका साथ? स्वयं जानिए

वृषभ राशि की विशेषताएँ

वृषभ राशि भचक्र की दूसरे स्थान पर आने वाली राशि है. भचक्र पर इसका विस्तार 30 अंश से 60 अंश तक होता है. इस राशि के अन्तर्गत कृतिका के तीन चरण, रोहिणी के चार चरण तथा मृगशिरा के दो चरण आते हैं. इस राशि का प्रतीक चिन्ह बैल है, इसलिए आपके भीतर बैल के समान गुण भी मौजूद हैं. आप जिद्दी स्वभाव के व्यक्ति होंगे और आपको स्थिर रहना पसंद होगा. आप आसानी से अपनी जगह से हिलना पसंद नहीं करते हैं. यदि आपको अचानक से और अनायास कोई फैसला या किसी बदलाव के लिए कहा जाए तब आपका मूड खराब हो जाता है क्योंकि बिना विचार, मनन किए शीघ्रता से आप कोई काम करना पसंद नहीं करते हैं.

आप अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह बहुत अच्छी तरह से करते हैं. घर के सभी कर्तव्यों का पालन करना अपना धर्म समझते हैं. परिवार की सुख समृद्धि के लिए जितना आपके वश में होता है उससे बढ़कर करते हैं. परिवार के मूल्यों पर कभी कोई आँच नहीं आने देते हैं और उनके निर्णय आपके लिए अधिक महत्व रखते हैं. आपकी अपनी विचारधारा बहुत मजबूत होती है, आपकी एक खासियत यह भी है कि आप जो काम आरंभ करते हैं उसे तब तक करते रहते हैं जब तक कि आप किसी परिणाम पर नहीं पहुंच जाते हैं. जो व्यक्ति आपके समान दायरे के होते हैं अथवा आपके समान व्यक्तित्व के होते हैं उन्हीं से आपका तालमेल ज्यादा अच्छा बैठता है और अन्य व्यक्तियों से आपको तालमेल जमाने में दिक्कत होती है इसलिए अपने समान बुद्धि के लोगों से मिलना आपको ज्यादा आरामदायक लगता है.

किसी भी समस्या का समाधान आप व्यवहारिकता की कसौटी पर रहकर करते हैं, आपको हवाई किले बनाना कतई पसंद नही होता है. आप संयमी व धैर्यवान व्यक्ति हैं इसलिए धैर्य आपका विशिष्ट गुण होता है. आपके भीतर कुछ अवगुण भी विद्यमान होते हैं, जीवन के अधिकतर मसलों में आप किसी तरह का कोई समझौता नहीं करते हैं. एक बार जो धारणा आपके मन में बन गई तो बन गई, उसे बदलना बहुत ही मुश्किल काम है. कई बार जीवन की जटिलताओ से आप बचने की कोशिश करते हैं. असुरक्षित रहना आपको नापसंद होता है इसलिए जीवन में स्थायित्व के साथ आप सुरक्षा भी चाहते हैं.

वृषभ राशि के लिए उपयुक्त कैरियर

इस राशि का स्वामी ग्रह शुक्र होता है और शुक्र ग्रह की गिनती सौम्य ग्रहों में होती है. इस ग्रह का संबंध कला से जोड़ा गया है. गीत तथा संगीत से भी यह ग्रह संबंधित है. शुक्र भोग का कारक है इसलिए सभी भोगवादी वस्तुएं इस ग्रह के अन्तर्गत आती हैं. इसलिए आप कला, गीत, संगीत तथा उच्च स्तर की भोग की वस्तुओं से जुड़ा व्यवसाय कर सकते हैं.

शुक्र ग्रह के अन्तर्गत वाहन भी आते हैं आप पर्यटन संबंधी काम भी कर सकते हैं. फिल्म, फैशन, सुंदर सिले हुए कपड़े, मुद्रण, ग्राफिक्स व वेब डिजायनिंग आदि का काम भी कर सकते हैं. होटल अथवा रेस्तरां आदि का काम भी इस ग्रह के अन्तर्गत आता है. फोटोग्राफी, प्रशिक्षक अथवा किसी भाषा का शिक्षक और कवि भी इस ग्रह के अन्तर्गत ही आते हैं.

2014 वृषभ राशिफल - पैसा और वित्तीय स्थिति

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

आर्थिक दृष्टिकोण से तिमाही का आरंभ मध्यम स्तर का सिद्ध हो सकता है क्योंकि इस समय बच्चों को लेकर कुछ खर्चे बने रह सकते हैं. आप धन का निवेश इस समय जमीन आदि मामलों में भी कर सकते हैं. यदि आपका धन अथवा उधार दिया रुपया कहीं अटका हुआ है तब उसके इस तिमाही में मिलने की संभावना बनती है. तिमाही के मध्य भाग में आपका धन जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर भी व्यय हो सकता है. इस तिमाही में एक विशेष बात यह होगी की धन तो खर्च होगा लेकिन धन की कमी के कारण आपका कोई काम बीच में अटकेगा नहीं.

आय तथा व्यय समान होने से आप धन का संचय करने में नाकामयाब हो सकते हैं लेकिन बैंक बैलेंस घटेगा नहीं. शेयर आदि में निवेश करें तो लालच में पड़कर ज्यादा निवेश ना करें. जो भी करें बाजार की नीतियों को मद्देनजर रखते हुए और अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेकर ही करें. आप यदि प्रॉपर्टी का काम करते हैं तब तिमाही के अंत समय में आपको जमीन आदि से लाभ मिलने की संभावना बनती है.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

आर्थिक दृष्टिकोण से तिमाही का पहला माह मिश्रित कहा जा सकता है. आपकी आय व व्यय समान ही रहने की संभावना बनती है. इस समय आप जमीन आदि से थोड़ा मुनाफा भी कमाने में सफल रह सकते हैं लेकिन जो भी करें अधूरी कागजी कार्यवाही के बिना ना करें. आप गलत रुप से भी लाभ कमाने की सोच सकते हैं लेकिन ऎसा करना आपको परेशानी में डाल सकता है. इसलिए आप जो भी करें उसके दूरगामी परिणाम देखते हुए ही करें.

तिमाही का दूसरा भाग आपके लिए लाभदायक बना रहेगा. इस समय आप जो भी काम करेंगे उसमे लाभ ही पाएंगे. इस समय आपके शत्रु भी आपके लिए लाभदायक सिद्ध हो सकते हैं लेकिन भाग्य को अपने पक्ष मे करने के लिए आपको प्रयास अधिक करने पड़ सकते हैं. आप घर से दूर कहीं भूमि आदि क्रय करने में धन व्यय कर सकते हैं. इसके लिए आप लोन आदि के लिए भी आवेदन कर सकते हैं लेकिन लोन मिलने में फिजूल की भागम भाग भी बनी रह सकती है.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

आर्थिक दृष्टि से यह तिमाही कुल मिलाकर आपके लिए अनुकूल कही जा सकती है. इस समय आपकी आय के स्तोत्र बढ़ने की संभावना बनती है. इस समय आप स्वयं को हल्का भी महसूस करेंगे जिससे नवीन योजनाओं के निर्माण में आपका मस्तिष्क दौड़ना आरंभ हो जाएगा और आप आय के नए साधनों के बारे में सोच विचार कर सकते हैं. किसी को उधार दिया गया पैसा भी वापिस आने की संभावना बनती है. इस तिमाही में आपके भाई-बहन भी आपके लिए लाभदायक सिद्ध हो सकते हैं. यह लाभ किसी भी रुप में आपके सामने आ सकता है. पिछले समय में आपने जो भी धन निवेश किया होगा उसमें वृद्धि की संभावना भी बनती है.

तिमाही के अंत में शायद आपको किन्हीं कारणों से ऋण आदि लेना पड़े लेकिन इससे आपको कष्ट का अनुभव नहीं होगा अपितु आपकी परेशानी का हल होगा. तिमाही के दूसरे भाग से आपका मन शेयर बाजार में निवेश करने का भी रहेगा. यह निवेश आपके लिए अगर अच्छा नही तो बुरा भी साबित नहीं होगा लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि आप अधिक जोखिम उठाएं. किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह से निवेश किया जा सकता है.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

तिमाही का आरंभ समय आपके लिए व्यय से भरा हो सकता है. आपके खर्चे अनायास बढ़ सकते हैं और इससे आपके भीतर रोष व्याप्त रह सकता है. अधिकतर धन आपका अनैतिक बातों को पूरा करने में व्यय हो सकता है. आप जुआ, सट्टा अथवा मादक द्रव्यों पर इस समय अधिक धन व्यय कर सकते हैं अथवा बुरी संगति में पड़कर आप धन को उड़ाने में लगे रह सकते हैं. इस व्यय के कारण आपको काफी ज्यादा धन का अभाव महसूस हो सकता है. आप चाहते हुए भी स्वयं को धन की बर्बादी से नहीं रोक पाएंगे. इस समय आपका जीवनसाथी आपको संभालने में पूरी मदद करेगा लेकिन यह बात आपको कुछ देर से समझ आएगी.

आपकी बुद्धि का कारक बुध भी इस तिमाही में पीड़ित अवस्था में रहेंगे जिससे आपको सही और गलत का पता नही चल पाएगा और आप गलत सोहबत में पड़ जाएंगे. तिमाही के दूसरे भाग से लेकर अंतिम भाग तक आपका जीवनसाथी आपके लिए लाभ जुटाने और घर की आर्थिक व्यवस्था को संभालने में काफी कोशिशों के बाद सफल हो सकता है. दूसरे माह के बाद आपको भी कुछ समझ आएगी लेकिन इस हानि को आप गलत तरीके से पूरा करने की सोच सकते हैं जो आपके हित में नहीं होगा.

विशेष

आर्थिक स्थिति में सुधार बना रहे इसके लिए आप गणेश जी की पूजा प्रतिदिन सुबह के समय अवश्य करें.

2014 वृषभ राशिफल - कैरियर और प्रोफेशन

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

कैरियर के नजरिए से तिमाही का आरंभ समय आपके लिए परेशानी वाला सिद्ध हो सकता है. आप नौकरीपेशा व्यक्ति हैं तो अपने कार्यो के लिए आपको बार-बार प्रयास करने पड़ेगें. एक ही काम को लेकर आप बीच में लटके रह सकते हैं. आपका बॉस भी आपसे इस समय नाखुश रह सकता है. परेशानी की हालत में बॉस से आपकी बहस भी हो सकती है. तिमाही मध्य तक का समय आपका डांवाडोल स्थिति में बना रह सकता है. आपके लिए उचित यही होगा कि आप हड़बड़ी ना मचाएं और धैर्य के साथ अपनी कमियों और जरुरतों को समझने का प्रयास करें कि कहां, क्या गड़बड़ है और आप उसे कैसे ठीक कर सकते हैं.

तिमाही के अंत में आपके कार्य गति पकड़ सकते हैं और आप उन्हें निपटाने में सफलता पा सकते हैं. आफिस की राजनीति से स्वयं को बचाकर रखेंगे तो मानसिक तनाव काफी हद तक कम बना रहेगा. बेशक आपके काम की गति थोड़ी धीमी रहे लेकिन अपने विरोधियों को आप मात देकर रखेंगें. आप व्यवसाय करते हैं तो तिमाही का पहला माह आपके लिए अनुकूल रहेगा लेकिन आपको असंतुष्टि बनी रहेगी क्योकि आप जितना परिश्रम करेंगे उससे कुछ कम की प्राप्ति आपको होगी. तिमाही के दूसरे माह में आपको काफी परेशानियों तथा बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है.

बिजनेस से लाभ कम तो व्यय अधिक बने रहने की संभावना बन रही है, इसलिए कठिनाई का यह समय आप स्थिर रहकर निकालेंगे तो आसानी से निकल जाएगा. तिमाही के अंतिम माह में आपकी गतिविधियाँ भी बढ़ सकती है और काम के सिलसिले में काफी भाग-दौड़ बनी रह सकती है. बाजार में आपके लिए नित नई प्रतिस्पर्धा चुनौती के रुप में आ खड़ी हो सकती है. आप यदि साझेदारी में काम करते हैं तो आपको संभलकर रहना होगा क्योकि आपके प्रतिद्वंद्वी आप दोनो के मध्य फूट डालने का प्रयास कर सकते हैं.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

तिमाही के आरंभ समय में आप अपने काम को ज्यादा बढ़ाने की सोच सकते हैं या फिर आप काम में कुछ परिवर्तन करने का भी मन में विचार बना सकते हैं. यदि आप इस समय किसी के साथ मिलकर नया व्यवसाय करना चाहते हैं तब कुछ समय तो आप साथ में काम करेंगे लेकिन बाद में आप अलग होकर स्वतंत्र रुप से अपना काम कर सकते हैं. आरंभ में आपको कुछ परेशानियाँ बनी रहेगी लेकिन बाद में धीरे-धीरे थोड़े उतार-चढ़ाव के बाद आप सफल हो जाएंगे. अपने काम को लेकर आपका लचीला होना बहुत आवश्यक है. किसी तरह की जिद को पालकर मन में नहीं रखें.

तिमाही का मध्य भाग आपके लिए कुछ अनुकूल कहा जा सकता है लेकिन परेशानियाँ तथा बाधाएँ भी साथ में ही बनी रहेंगी. तिमाही के अंतिम भाग में आपको ज्यादा भाग - दौड़ करनी पड़ सकती है और काम को बढ़ाने के चक्कर में व्यय ज्यादा भी हो सकता है. इस समय आपको अपने

माल की गुणवत्ता का स्वयं ध्यान रखना होगा क्योंकि इसकी गुणवत्ता में कारीगर लापरवाही बरतते हुए कमी कर सकते हैं. इससे आपका नाम बदनाम हो सकता है और फिर से बाजार में अपनी पैठ बनाना सरल नही होगा. इसलिए यही बेहतर है कि आप स्वयं बीच-बीच में नजर अवश्य रखें.

नौकरीपेशा लोगों के लिए तिमाही का पहला भाग शुभ कहा जा सकता है. आप अपने कार्यक्षेत्र पर अपनी पहचान बनाने में कामयाब रह सकते हैं और आपके कार्यो से प्रसन्न होकर आपको रिवॉर्ड भी मिल सकता है लेकिन इससे आपके विरोधी आपसे अधिक ईर्ष्या भाव रखना आरंभ कर सकते है जिससे आपकी मानसिक परेशानियों में भी इजाफा हो सकता है और तिमाही के अंतिम समय में तो आप हताशा महसूस कर सकते हैं. यही आपके शत्रुओं के लिए जीत साबित हो सकती है. परेशान होने की बजाय आपको अपने काम में मन लगाना चाहिए और शत्रुओं को भनक भी नही लगनी चाहिए कि आप परेशान हैं. जो लोग विदेश में नौकरी ढूंढ रहे हैं उन्हें वीजा मिलने में कुछ बाधाएं आ सकती हैं.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

कैरियर के दृष्टिकोण से तिमाही का आरम्भ समय आपके लिए अनुकूल रहेगा. आप जो भी काम आरंभ करेंगे उसे समय पर पूरा कर पाएंगे. इस तिमाही में आपका स्थानांतरण भी होने की संभावना बनती है लेकिन आप इस स्थानांतरण से नाखुश रह सकते हैं. तिमाही के दूसरे भाग में इस कारण आपकी मानसिक परेशानियाँ बढ़ सकती है और आपकी बुद्धि भ्रमित सी बनी रह सकती है. तिमाही के तीसरे भाग में आपका मन कार्यक्षेत्र पर रमना आरंभ हो जाएगा और आप फिर से ढर्रे पर चलना आरंभ कर देंगे.

तिमाही का दूसरा भाग कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए अधिक लाभप्रद तथा उपलब्धियों वाला सिद्ध होने की संभावना बनती है. जिन लोगों के काम का संबंध विदेशों से है और संचार से है उनके लिए भी समय अनुकूल कहा जा सकता है. दूसरे भाग में आपकी काम को लेकर अत्यधिक भाग-दौड़ रहेगी. तिमाही के अंतिम भाग में काम के बनने में बाधाएं आने की संभावना बनती है, यह बाधा आपके सहयोगियों द्वारा उत्पन्न की हुई हो सकती है.

बिजनेस के नजरिये से यह तिमाही मिश्रित फल प्रदान करने वाली सिद्ध होगी. आपके गुप्त शत्रु आपके काम में अड़चनें पैदा करने की पूरी कोशिश कर सकते हैं. हर व्यवसाय का अपना एक संगठन होता है और उसके कुछ मुख्य कार्यकार सदस्य भी होते हैं. तिमाही के इस भाग में आपको इस संगठन का सदस्य चुना जा सकता है लेकिन आरंभ में कुछ लोग आपके खिलाफ रहेगें लेकिन तिमाही के अंतिम भाग तक सभी आपकी सदस्यता को स्वीकृति प्रदान कर देंगे. इससे पहले आप भी परेशान रहेगें क्योकि आपके पैर उखाड़ने की पूरी कोशिश की जाएगी. अन्ततः सभी आपके विचारों से प्रभावित हो जाएंगे और कुछ को आप कूटनीति से अपनी ओर कर ही लेगे.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

तिमाही का पहला भाग आपके लिए परेशानियों से भरा हो सकता है. आपके शत्रु आपके पैर उखाड़ने की हर संभव कोशिश कर सकते हैं. आप इससे घबराकर नौकरी छोड़ने का प्रयास कर सकते हैं लेकिन ऐसा करना आपको ज्यादा परेशानी में डाल सकता है और आप काफी समय तक बिना नौकरी के बैठ सकते हैं. तिमाही के पहले और दूसरे भाग को ज्यादा अनुकूल नही कहा जा सकता है. ज्यादा परेशानी महसूस होने पर आप कुछ समय के लिए अवकाश ले सकते हैं क्योकि पुनः आप एक नई ऊर्जा के साथ काम पर जा सकेगें. इससे आप अपने विरोधियो से निपटने में भी

सफल रहेंगे. तिमाही के दूसरे भाग में आप अपने कार्य स्थान पर अपने काम को फिर से पटरी पर लाने में कामयाब रहेगें लेकिन एक बात का ख्याल यह रहे कि आप अपने उच्चाधिकारियों से किसी प्रकार की कोई बहस ना करें क्योकि विरोधियों के षडयंत्र को तो आप झेल लेंगे लेकिन बॉस की नाराजगी आपको महंगी पड़ सकती है.

बिजनेस के लिए तिमाही का पहला भाग अनुकूल नही कहा जा सकता है लेकिन दूसरे भाग से आपके लाभ में वृद्धि होना आरंभ हो जाएगी फिर उसके बाद आप तिमाही के अंत तक आगे ही बढ़ते जाएंगे और पीछे मुड़कर नही देखेगें. साझेदारी का व्यवसाय करने वालों के लिए भी तिमाही का अंतिम भाग ज्यादा लाभदायक रहेगा और आपको लोग आपके काम से पहचानना आरंभ कर देंगे. बाजार में आपकी पहचान बनना आरंभ हो जाएगी. आपका साझेदार आपके लिए लाभदायक सिद्ध होगा लेकिन तिमाही के मध्य भाग में आप दोनो थोड़ा संभलकर रहें और किसी की बात में आकर एक-दूसरे पर अविश्वास प्रकट ना करें.

2014 वृषभ राशिफल - हैल्थ और फिटनेस

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

तिमाही के आरंभ में आपको स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से होकर गुजरना पड़ सकता है क्योंकि आपके राशि स्वामी शुक्र अष्टम भाव में गोचर कर रहे हैं और मंगल व शनि से दृष्ट भी हो रहे हैं. जनवरी माह में शुक्र वक्री अवस्था में भी रहेगें. दो पाप ग्रहों की दृष्टि व वक्री अवस्था, शारीरिक परेशानियों के साथ मानसिक परेशानियों को भी बरकरार रख सकती है.

वक्री होने पर ग्रह स्वास्थ्य की दृष्टि से कमजोर ही समझा जाता है. इस समय आपको वाहन आदि चलाने में भी सतर्क रहना चाहिए. यह ना सोचें कि सड़क पर आप सही है तो दूसरा व्यक्ति भी सही ही होगा. इस समय आपको मूत्र संबंधी परेशानियों अथवा जल संबंधित परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है. समय पर चिकित्सक की सलाह लें. तिमाही के अंतिम माह से आपके स्वास्थ्य में सुधार होना आरंभ हो जाएगा.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

तिमाही का पहला भाग आपके लिए अनुकूल रहेगा, आप स्वयं को फिट और तंदुरुस्त महसूस करेगें. अगर हुआ तो खाने की लापरवाही से आपको गैस आदि की परेशानी महसूस हो सकती है जिसे आप स्वयं ही दूर कर सकते हैं. तिमाही का दूसरा माह भी आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छा बना रहेगा लेकिन इस समय आपको तेज धारदार वस्तुओं के उपयोग में सावधानी बरतनी चाहिए. तिमाही के अंतिम समय में आपको स्वास्थ्य में गिरावट का अनुभव हो सकता है, खासकर जिन्हें पथरी की समस्या है उन्हें पेट में दर्द की शिकायत रह सकती है. आपको लापरवाही बिलकुल भी नहीं बरतनी चाहिए और चिकित्सक से सलाह लेनी चाहिए. आपको पैरों में भी तकलीफ बनी रह सकती है.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

तिमाही का आरंभ समय आपके स्वास्थ्य के लिए सामान्य रहेगा लेकिन शरीर में आलस्य बना रह सकता है. आलस्य को दूर करने के लिए आप योग तथा ध्यान का सहारा ले सकते हैं. सुबह की सैर से भी आपका चित्त शांत तथा शरीर में चुस्ती प्रदान करने वाला रह सकता है. तिमाही के मध्य भाग में आप शारीरिक कमजोरी का अनुभव कर सकते हैं. आप वाहन चलाते हैं तो तिमाही का मध्य भाग आपके लिए कष्टकारी सिद्ध हो सकता है, विशेषकर दुपहिया चलाते समय आपको सतर्क रहना होगा.

यदि आप डायबिटिज के शिकार हैं तो इस समय वह बढ़ सकती है क्योकि आप अत्यधिक मानसिक परेशानी पालकर रख सकते हैं अथवा आप खानपान में अत्यधिक लापरवाही बरत सकते हैं. परहेज करने के साथ आप समय पर चिकित्सक की सलाह भी लेते रहें.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

तिमाही का आरंभ आपकी खराब सेहत से हो सकता है. आपको मानसिक तथा शारीरिक व्याधियों का सामना करना पड़ेगा. आपकी बुद्धि इस समय भ्रमित रहेगी, इस समय आपको अपने खानपान पर भी ज्यादा ध्यान चाहिए अन्यथा पेट से जुड़े रोग आपको परेशानी में डाल सकते हैं. इस

समय आपको चिकित्सक के चक्कर ज्यादा लगाने पड़ सकते हैं. कम्प्यूटर पर अधिक समय बैठकर काम करते हैं तो सिरदर्द अथवा आंखो से जुड़े रोग भी आपको परेशानी में डाल सकते हैं. काम करते समय बीच-बीच में अपनी आंखो को थोड़ा विश्राम अवश्य दें. इस तिमाही में स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना आपको करते ही रहना पड़ सकता है. स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने से और लापरवाही ना बरतने से आपको कुछ राहत अवश्य मिल सकती है.

विशेष

तिमाही के इस माह में आपको सुबह अथवा संध्या समय में शुक्र स्तोत्र का पाठ अवश्य करना चाहिए.

2014 वृषभ राशिफल - प्रेम संबंध

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

प्रेम संबंधो के लिए यह तिमाही अनुकूल नहीं कही जा सकती है. क्योकि पंचम भाव में मंगल का गोचर आप दोनो के मध्य दरार उत्पन्न करने का काम कर सकता है. रोज की तकरार से आप परेशान हो सकते हैं और मन में खिन्नता भी उत्पन्न हो सकती है, जिससे स्वभाव में चिड़चिड़ापन समाया रह सकता है. तिमाही का मध्य भाग आप प्रेम संबंधों के सुधार में ही लगे रह सकते है कि किसी तरह से माहौल शांतिमय बन जाए.

तिमाही के अंत में कुछ सुधार की गुंजाइश नजर भी आएगी लेकिन अंतिम सप्ताह से फिर किसी कारण से पुन: मतभेद पैदा हो सकते हैं. परेशान होने की बजाय आप अपने प्रेमी और खुद को कुछ समय दें जिससे आपको समझ आ जाएगा कि वास्तविक स्थिति क्या है अर्थात आप दोनो एक-दूसरे को चाहते भी है या नहीं ! या फिर महज ये एक आकर्षण है.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

जो स्थिति पहले बनी रही है वही स्थिति अभी तक बरकरार रह सकती है. अगर कुछ सुधार आने की संभावना बनती भी तो वह तिमाही के दूसरे भाग में बन रही है. पहले भाग में तो आपके प्रेम संबंधो की दरार खाई का रुप ले सकती है. दूसरे भाग में आपका साथी तो उग्र ही रहेगा जो भी सुधार की कोशिश होगी वह आपकी ओर से होगी लेकिन कुछ समय स्थिति अनुकूल रहने के बाद अंतिम समय में आपको फिर से स्थिति बिगड़ती हुई सी नजर आ सकती है. इससे आपकी परेशानी पहले की अपेक्षा अब और अधिक बढ़ सकती है. इसका मुख्य कारण यह भी हो सकता है कि आप अपने प्रेम को विवाह में बदलने की ठान लें लेकिन परिवार वालों के तैयार ना होने पर आपका प्रेमी रुष्ट हो जाए. आप जो भी करें सोच विचार कर ही करें.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

प्रेम संबंधों में पिछले कुछ समय से जो भी उतार-चढ़ाव वाला समय चला हुआ था वह आपके प्रेम संबंधों के टूटने से खतम हो सकता है. आप आसानी से किसी रिश्ते को खतम नहीं करते हैं लेकिन जब काफी समय तक परेशानी चलती रहती है तब उसमें सुधार की बजाय आप उसे खतम करना ही उचित समझते हैं. इस तिमाही में आप यही करने वाले हैं. रोज की किच-किच से परेशान होकर और रोज के रुठने-मनाने के चक्कर से दुखी होकर आप अपने प्रेम संबंधो को खतम करना ही उचित समझेंगे. इससे आप भावनात्मक रुप से कुछ समय कमजोर पड़ सकते हैं और किसी काम को करने में भी आपकी इस कारण से अरुचि बनी रहेगी.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

एक बार प्रेम संबंध टूटने के बाद आप इस समय स्वयं को अकेला महसूस कर सकते हैं और अभी आप किसी अन्य से जुड़ने का बिलकुल भी नही सोच सकते हैं. आपके परिवार वाले इस समय आपके प्रेम संबंधों में टांग अड़ाने की पूरी कोशिश करेगें अर्थात वह टूटने के पक्ष में ही रहेगे. अपने अकेलेपन को दूर करने और भावनात्मक कमी को भरने के लिए आप अनैतिक संबंधो का आरंभ कर सकते हैं क्योकि परेशानी की हालत में

आपको कुछ समझ नही आएगा लेकिन यह आपके लिए बदनामी का कारण बन सकता है. इसलिए आप बिना सोचे विचारे भावनाओं में बहकर कुछ ना करें.

तिमाही के मध्य भाग में फिर से आपका आकर्षण किसी की ओर हो सकता है और हो सकता है कि आप सोशल साईट के किसी मित्र से फ्लर्ट करना आरंभ कर दें लेकिन यह आपका केवल आकर्षण मात्र होगा और इसमें प्रेम की बू नहीं होगी. आपका यह संबंध इस बार सभी से छिपा रह सकता है.

2014 वृषभ राशिफल - विद्यार्थी

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

विद्यार्थियों के लिए यह तिमाही कुछ प्रतिकूल बनी रह सकती है. मन मस्तिष्क भटका हुआ सा रहेगा. पढ़ाई की ओर से आप पूरी तरह से विमुख रह सकते हैं और मित्रों के साथ बुरी संगत में पड़ सकते हैं. आपका मन अपने प्रेम संबंधों के कारण भी भटका हुआ सा रह सकता है और यह प्रेम संबंध केवल आकर्षण मात्र होगा, लेकिन जब तक आपको यह बात समझ आएगी तब तक आप अपने सहपाठियों से पिछड़ चुके होगें. आपके लिए उचित यही होगा कि आप समझदार बने और शिक्षा की ओर ध्यान दें. घूमना - फिरना भी जरुरी है लेकिन सभी बाते एक सीमा में रहकर ही अच्छी लगती हैं.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

यदि आपने कुछ सुधार करने की कोशिश नहीं की तो स्थिति पूर्ववत ही बने रहने की संभावना बनी रह सकती है. आपको अच्छे अंको से पास होना है तो पढ़ाई तो निश्चित तौर पर आपको आरंभ करनी होगी. तिमाही के मध्य भाग में आपका मन विशेष रुप से खेल - कूद अथवा पिक्चर आदि देखने का कर सकता है. आप सभी कुछ करें लेकिन सभी कामों के लिए समय सीमा तय कर के चलें कि कितने समय क्या करना है अन्यथा आपके माता-पिता को आपसे निराशा हाथ लगेगी जिससे उनका मन व्याकुल रहेगा. प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने वाले छात्रों के लिए तिमाही का मध्य भाग अनुकूल रहेगा लेकिन अंतिम भाग में उम्मीद से कम की गुंजाइश बनती है.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

विद्यार्थियों के लिए तिमाही का आरंभ समय कुछ अनुकूल कहा जा सकता है लेकिन बुद्धि कुछ भ्रमित सी बनी रह सकती है. जिन विद्यार्थियों को विदेशी भाषा सीखने में दिलचस्पी है उन्हें इस तिमाही में दाखिला मिल सकता है. खेल-कूद में भाग तो आप लेगे लेकिन अपने अत्यधिक विश्वास के कारण विफल भी पा सकते हैं, इसलिए कामयाब होना है तो अपने प्रतिद्वंद्वी को अपने से कम समझने की भूल ना करें. आपकी बुद्धि में जल्दबाजी तथा उग्रता भी बनी रह सकती है जिसका उपयोग आप उलटे कामों की बजाय उपलब्धियाँ पाने में करें.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

तिमाही का पहला तथा दूसरा भाग विद्यार्थियों के लिए तनाव भरा रह सकता है. आप गलत मित्रों के चक्कर में पड़कर या फिर सारा दिन मोबाईल अथवा खेल कूद में ज्यादा समय व्यतीत कर सकते हैं. जिससे आप काफी पीछे रह सकते हैं अथवा आपके अंक अच्छे नही आएंगे. आपका मन पढ़ाई से उचाट ही रहेगा. किसी के समझाने का भी आपके ऊपर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा क्योकि आपको समझ ही नहीं आएगा कि कोई क्या कह रहा है, ऐसा आपके पंचमेश बुध के वक्री होने के कारण हो सकता है और लग्नेश इस समय नीच राशि में रहेगे.

तिमाही के दूसरे भाग में आपका ध्यान अपने सहपाठियों से प्रेम संबंध स्थापित करने में लगा रह सकता है अथवा उनके साथ हर समय गप्पे हांकने में आप ज्यादा आनंद का अनुभव कर सकते हैं. तिमाही के अंतिम समय तक आपका मन पढ़ाई की ओर से विमुख ही रह सकता है.

विशेष

तिमाही के इस भाग में विद्यार्थियों को सरस्वती मंत्र का जाप प्रतिदिन करना चाहिए और 11 बार गायत्री मंत्र पढ़ने का नियम भी बनाना चाहिए. इससे पढ़ाई में मन लगा रहेगा और आप जी नही चुराएंगे.

2014 वृषभ राशिफल - यात्रा

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

यात्राओं के लिए तिमाही का आरंभ समय ज्यादा पक्ष में नही रहेगा. उद्देश्यों को लेकर की गई यात्राओं की सफलता में संदेह बना रह सकता है. इन यात्राओं में आपकी बेकार की दौड़-धूप बनी रहेगी. जिसका प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर भी पड़ सकता है. लंबी दूरी की यात्रा पर जाने से पूर्व आप अपने आवश्यक सामान की सूची बनाकर तब सामान की पैकिंग करें. तिमाही का अंतिम माह यात्राओं के लिए अनुकूल रहेगा और आप इस समय परिवार के साथ तीर्थ यात्रा पर भी जा सकते हैं.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

लंबी दूरी की यात्राओं पर जाने पर राह में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है. विशेषतौर पर आप अपने कीमती सामान का ध्यान रखें. अपने मोबाईल अथवा कैमरे आदि को हिफाजत से रखें और अपने साथ कैश ज्यादा ना रखें, जितनी आवश्यकता हो उतना ही लेकर चलें. तिमाही के अंत समय में बच्चों के दाखिले आदि को लेकर भी आपको छोटी यात्राएं करनी पड़ सकती है. इन यात्राओं का फल आपके लिए मिश्रित होगा. तिमाही का अंतिम समय यात्राओं के लिए अनुकूल नही कहा जा सकता है. इस समय को आप नजर अंदाज करें तो बेहतर रहेगा.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

तिमाही का आरंभ आपके लिए अनुकूल बना रहेगा और उद्देश्यों को लेकर की गई यात्रा आपके लिए सुखकारी तथा सफल रह सकती है. इस तिमाही में आपकी यात्राएं भी काफी हो सकती हैं. किसी ना किसी कारण आपको जाना पड़ सकता है. तिमाही का मध्य भाग आपकी यात्राओं के लिए मिश्रित फल प्रदान करने वाला रहेगा. इस समय की गई यात्रा आपको सफलता तो प्रदान कर देगी लेकिन आपका स्वास्थ्य इस समय प्रभावित हो सकता है. तिमाही के अंत समय में आप धार्मिक स्थान की यात्रा पर भी जा सकते हैं लेकिन वहाँ अपने सामान का विशेष रुप से ध्यान रखें.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

यात्राओं के लिए वर्ष की अंतिम तिमाही मिश्रित फल प्रदान करने वाली रह सकती है क्योकि आप यात्राओं में स्वयं को असहज महसूस कर सकते हैं और अपने स्वास्थ्य के कारण बिना मन के भी आपको यात्रा करनी पड़ सकती है. छोटी दूरी यात्रा आपके लिए अच्छी रहेगी लेकिन लंबी दूरी की यात्राओं को लेकर मन में घबराहट पैदा हो सकती है. जिन लोगो को विदेश यात्रा पर जाना है उनके लिए तिमाही का पहला और अंतिम भाग ज्यादा अनुकूल रहेगा. मध्य भाग को आप यदि आवश्यक ना हो तो नजर अंदाज करने का प्रयास करें.

2014 वृषभ राशिफल - परिवार

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

पारीवारिक दृष्टिकोण से तिमाही का आरंभ समय अशांतिपूर्ण हो सकता है लेकिन समय के साथ परिवार फिर एक हो जाएगा. सभी सदस्य एक-दूसरे को सहयोग प्रदान करेंगे और मिल-जुलकर रहेंगे. तिमाही के आरंभ मे यदि आप जमीन आदि में निवेश की सोच रहे हैं तो थोड़ा रुक जाएं अर्थात जमीन तो देख लें और बात भी पक्की कर सकते हैं लेकिन रुपयों का लेन-देन आप जनवरी माह के मध्य बाद ही करें. परिवार में पैतृक संपति को लेकर जो विवाद चला आ रहा था उसके निपटने की उम्मीद बनती है. कोर्ट - केस आदि के लिए तिमाही का मध्य भाग आपके लिए अनुकूल तो रह सकता है लेकिन बहुत ही कठिनाईयों और परेशानियों को सामना करने के बाद. आपको हिम्मत से डटे रहकर मनोबल को ऊंचा बनाए रखना चाहिए.

जिन लोगो के प्रेम संबंध बने हुए हैं वह अपने विवाह की बात घर में उठा सकते हैं और इसको लेकर हंगामा खड़ा हो सकता है. आपकी माताजी के ज्यादा अड़ने की बात नजर आती है, वह शायद ही मानें और आप भी जिद में आकर कोर्ट मैरिज कर सकते हैं. आप जो भी करें सोच-समझ कर करें क्योकि आपके सामने पूरा जीवन पड़ा है, इसलिए आवेश या जल्दबाजी में काम ना लें. जल्दबाजी और जिद में लिया निर्णय कई बार गलत भी सिद्ध होता है. माता-पिता का स्वास्थ्य भी आपके लिए परेशानी का कारण बन सकता है. मित्र आपके लिए लाभकारी सिद्ध हो सकते हैं.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

इस तिमाही में आपका जीवनसाथी ज्यादा जिद्दी स्वभाव का हो सकता है और उसके व्यवहार में भी रुखापन समाया रह सकता है. आप समझदार व्यक्ति हैं इसलिए प्यार से आप कारण जानने का प्रयास करें कि क्यूं ऐसा हो रहा है. तिमाही के मध्य भाग में आप अपनी संतान को लेकर चिन्तित रह सकते हैं और इसका कारण आपके साथी तथा बच्चो के मध्य उभरे मतभेद हो सकते हैं. इससे घर का वातावरण भी प्रभावित हो सकता है. घरेलू व आर्थिक परेशानियों से दुखी होकर आप कुछ समय अकेले कहीं बाहर जाकर बिताना पसंद कर सकते हैं. इसके लिए आप किसी प्राकृतिक स्थल पर जा सकते हैं.

तिमाही के अंतिम भाग में घर के आवश्यक कामों के लिए खर्चे कुछ बढ़े हुए से रह सकते हैं. जिससे आप आर्थिक तंगी का अनुभव कर सकते हैं. यदि आप घर बदलने की सोच रहे हैं तब उसके लिए तिमाही का मध्य भाग ही आपके लिए ज्यादा अनुकूल रहेगा उसके बाद का समय आपके लिए प्रतिकूल सिद्ध हो सकता है.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

तिमाही का आरंभ समय अनुकूल रहेगा. प्रॉपर्टी को लेकर चला आ रहा विवाद किसी व्यक्ति की मध्यस्थता से निपटने की संभावना बनती है. माता की ओर से भी धन लाभ बने रह सकते हैं और जमीन आदि का भी आपको लाभ हो सकता है. संतान की ओर से आपको शुभ समाचार प्राप्त हो सकते हैं. जो लोग संतान प्राप्ति की सोच रहें है उन्हें तिमाही के मध्य भाग में शुभ समाचार मिल सकता है लेकिन गर्भ धारण के बाद अत्यधिक

सचेत रहने की आवश्यकता होगी क्योकि राहु आपके पंचम भाव में गोचर कर रहे हैं. दांपत्य जीवन को लेकर तिमाही का अंतिम भाग ज्यादा अनुकूल कहा जा सकता है. अविवाहितों के विवाह की बात इस तिमाही में पक्का हो सकती है.

इस तिमाही के अंत समय में आपके जीवनसाथी के व्यवहार में सुधार होगा लेकिन उसके कारण घर के खर्चो में कुछ वृद्धि हो सकती है. तिमाही के अंतिम भाग में आपकी माताजी का व्यवहार कुछ चिड़चिड़ा हो सकता है और माताजी के साथ आपकी संतान के मतभेद बने रह सकते हैं. आप बच्चो को समझाने का प्रयास करेंगे तो वह अवश्य ही मान जाएंगें.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

पारीवारिक दृष्टिकोण से आपका दांपत्य जीवन अच्छा कहा जा सकता है क्योकि इस समय मंगल अपनी ही राशि वृश्चिक में गोचर करेंगे. तिमाही का पहला और अंतिम भाग ज्यादा अनुकूल रहेगा ओर अंतिम भाग में तो आपका साथी आपके लिए भाग्योदय कारक रह सकता है. इस तिमाही में संतान की ओर से आपको असंतुष्टि बनी रह सकती है और इस कारण हर समय आप मानसिक परेशानी से भी घिरे रह सकते हैं. आपके मामा पक्ष की ओर से आपको हानि का सामना करना पड़ सकता है और यह हानि आपके सामने किसी भी रुप में आ सकती है. इस तिमाही में आपका मनोबल तथा आत्मविश्वास कुछ गिरा सा रह सकता है इसलिए घर के कामकाज तथा जिम्मेदारियों के प्रति आप लापरवाह रह सकते हैं. आपकी वाणी में भी कड़वाहट भरी रह सकती है जिसके कारण घर का वातावरण असंतोषजनक हो सकता है.

बच्चों का स्वास्थ्य इस तिमाही में आपको परेशान कर सकता है. किसी मित्र अथवा पड़ोसियों से उलझने का प्रयास ना करें अन्यथा बिना बात केस आदि का सामना करना पड़ सकता है. तिमाही के अंतिम समय में आपकी माता अथवा माता समान घर की किसी महिला से झगड़ा हो सकता है. आपको इस मामले में सचेत रहना होगा.

वृषभ राशि के लिए वर्ष 2014 में उपाय

आपको पूरे वर्ष “ऊँ गं गणपतये नम:” का जाप 108 बार प्रतिदिन सुबह के समय करना चाहिए. इसके साथ ही बुधवार के दिन गाय को हरा चारा खिलाना चाहिए.

astrobix.com

मिथुन

वैदिक ज्योतिष – चंद्र राशि आधारित

वर्ष 2014 में कैसा रहेगा आपका व्यवसाय ? जांचे

मिथुन राशि की विशेषताएँ

मिथुन राशि भचक्र पर तीसरे स्थान पर आने वाली राशि है. भचक्र पर इसका विस्तार 60 से 90 अंश तक फैला हुआ है. इस राशि के अन्तर्गत मृगशिरा नक्षत्र के दो चरण, आर्द्रा नक्षत्र के चार चरण तथा पुनर्वसु नक्षत्र के तीन चरण आते हैं. इस राशि का प्रतीक चिन्ह स्त्री-पुरुष का एक जोड़ा है जिनके हाथों में एक वाद्य यंत्र है. भचक्र की यह पहली राशि है जिसमें मानवाकृति बनी हुई है. यह जोड़ा स्त्री-पुरुष का साथ बताता है और संगीत के बारे में इशारा करता है. मिथुन राशि का स्वामी बुध ग्रह है जिसे सभी ग्रहों में राजकुमार का दर्जा मिला हुआ है. यह राशि स्वभाव से द्वि-स्वभाव मानी जाती है. बुध के प्रभाव स्वरुप इस राशि के लोगों को बुद्धिमान व वाकपटु माना गया है.

आपकी जन्म राशि मिथुन है और इसके प्रभाव से आप द्वि-स्वभाव व्यक्तित्व के हो सकते हैं. इस राशि का तत्व वायु है, जिसका प्रभाव आपके स्वभाव में भी देखा जा सकता है. वायु तत्व होने से आपके मन के घोड़े सदा दौड़ते ही रहेंगे और आप सदा कोई ना कोई योजना बनाने में मशगूल रहेंगे. चिन्तन मनन बहुत करेंगे, विचारशील व्यक्ति होगें. आप परिश्रमी तथा बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति होगें. आप हर परिस्थिति में स्वयं को ढ़ालने में अनुकूल होगें. आप बहुत ही तर्कपूर्ण तरीके से अपने शब्दों की अभिव्यक्ति करते हैं. आपकी सबसे बड़ी खूबी यह होती है कि आप एक समय में दोहरा व्यक्तित्व अपनाते हैं लेकिन दोनो व्यक्तित्व में संतुलन बनाकर रखते हैं.

आप जिससे जिस रुप में बात करते हैं उसे कभी पता भी नही चल पाता कि आपका कोई दूसरा रुप भी है. अच्छी बात यह है कि आप दोनो रुपो में ईमानदारी बरतते हैं. आपके एक रुप में तो आप बहुत ही चुलबुले, बहुत बोलने वाले और हर बात में तर्क वितर्क करने वाले हैं तो अपने दूसरे रुप में बहुत ही धीर गंभीर रहने वाले, व्याकुल, अशांत तथा चिन्तन मनन करने वाले होते हैं. कोई भी रुप सामने आए, आप दोनो में ही परिस्थिति अनुकूल स्वयं को ढ़ालने में सक्षम होते हैं. इसीलिए आप कहीं भी क्यूँ ना चले जाएँ, आपके आसपास के लोग कभी बोरियत महसूस नहीं करते हैं.

आप एक जिन्दादिल व्यक्ति हैं और सदा मौज मस्ती के मूड में रहते हैं. प्रेम संबंधों को लेकर आप सदा ही जोश में रहते हैं लेकिन अपने प्रेम संबंधों का इजहार करने में आप झिझकते बहुत हैं. प्रेम संबंधों को पूरी ईमानदारी से निभाने की कोशिश करते हैं. आपको मित्रों के साथ घूमना-फिरना भी बहुत अच्छा लगता है. आप समाज के नियमो का पालन भी बखूबी करते हैं और आप कभी अधिक समय तक अकेले नहीं रह सकते हैं. आपको अच्छी बाते करना, गपशप हांकना और तर्कपूर्ण बाते करना अच्छा लगता है. यही सभी खूबी आप सामने वाले व्यक्ति में भी तलाशते हैं और सामने वाला व्यक्ति आपके समान नही है तब आप एक कदम पीछे हटा लेते हैं क्योकि आपको साफ व स्पष्ट बात करना अच्छा लगता है.

आप जीवन में कभी एक काम में ज्यादा दिन तक टिके रहना नहीं चाहते हैं, आपको बदलाव बहुत पसंद है इसलिए आपको उबाऊ जीवन बिलकुल भी पसंद नहीं है. कई बार आप संगीत के माध्यम से अपना समय व्यतीत करना पसंद करते हैं. आपके जीवन में परिवार का भी बहुत महत्व होता है खासकर जो आपके समान विचार के होते हैं. आपके भीतर गुणो के साथ कुछ कमियाँ भी पाई जाती हैं. आप एक ही समय में कई कामों में स्वयं को फंसा लेते हैं, इससे आपकी ऊर्जा का ह्रास ज्यादा होता है. आप में अस्थिरता का भाव ज्यादा नजर आता है और कई बार मामूली सी बात आपको अत्यधिक परेशान कर देती है. एक ही काम को बार-बार करना अरुचिकर लगता है. नित नया काम आप करना चाहते हैं और आप किसी तरह के बंधन में बंधकर नहीं रह सकते हैं.

मिथुन राशि के लिए उपयुक्त कैरियर

मिथुन राशि का होने से आपके लिए मीडिया में जाना उचित रह सकता है क्योकि वहाँ वाकपटु होना जरुरी है. इसके अतिरिक्त आप ज्योतिष, अकाउंट्स, आंकड़ो से जुड़े काम भी कर सकते हैं. आप लेखन अथवा संपादन में भी अपना कैरियर बना सकते हैं. आपके लिए बिना सिले कपड़ो का काम भी अनुकूल हो सकता है. इंजीनियरिंग, शिक्षण तथा सलाहकारिता के काम भी आप कर सकते हैं. अनुवादक का काम भी आप अच्छा कर सकते हैं और अच्छे आलोचक व साहित्यकार भी हो सकते हैं.

आप प्रशासनिक अधिकारी हो सकते हैं, प्रकाशक, विश्लेषक तथा डाक-तार विभाग में भी आप भाग्य आजमा सकते हैं. मनोगत विज्ञान, वैज्ञानिक, संगीत व कला में भी अपना कैरियर बना सकते हैं. आप कमीशन एजेंट का काम भी कर सकते हैं और आप दूरसंचार आदि को भी कैरियर के रुप में चुन सकते हैं.

2014 मिथुन राशिफल - पैसा और वित्तीय स्थिति

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

आर्थिक दृष्टिकोण से यह तिमाही आपके लिए उतार-चढ़ाव वाली सिद्ध हो सकती है, लेकिन धीरे-धीरे अपने प्रयासों से आप कुछ धन जुटाने में सफल हो सकते हैं. तिमाही का मध्य तथा अंतिम भाग आपके लिए ज्यादा अनुकूल बना रह सकता है. इस तिमाही में आपको कुछ छिपे हुए स्तोत्रो से धनागमन हो सकता है जिसे आप खर्च करने की बजाय बचत करने के नजरिये से फिर से निवेश कर सकते हैं. इस तिमाही में घर में किसी शुभ कर्म पर भी धन व्यय होने की बात हो सकती है.

आप शेयर मार्केट से भी धन लाभ प्राप्त कर सकते हैं लेकिन ज्यादा जोखिम उठाना आपके लिए सही नहीं होगा. तिमाही के अंत में भी अनायास आपको रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है. कोई ऎसा धन जिसे मिलने की आशा आप खो चुके हो, वह मिल सकता है.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

इस तिमाही में आपको धन खर्च को रोकने के लिए ज्यादा प्रयास करने पड़ सकते हैं लेकिन आप नाकामयाब रह सकते हैं. संतान की जरुरतों तथा घर के आवश्यक कामों को लेकर आपके खर्चे बने ही रहेंगे. ऎसा नही है कि आपके पास पैसा आएगा नहीं, पैसा तो आएगा लेकिन उसके टिकने की संभावना कम होगी. तिमाही के दूसरे अथवा तीसरे भाग में आपके वाहन के खराब होने की संभावना भी बन रही है जिसकी मरम्मत में आपकी जेब काफी हल्की हो सकती है.

तिमाही के अंतिम भाग में आपके पास धन का आगमन गलत तरीको से भी हो सकता है, इस समय कोई आपको लालच देने का प्रयास कर सकता है. लेकिन आपका जीवनसाथी समझदार है वह आपको इस गलत राह पर जाने से रोकने का काम करेगा और अधिक मेहनत से आवश्यकतानुसार धन का इंतजाम भी कर देगा.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

तिमाही का आरंभ आपके लिए अनुकूल रहेगा क्योकि इस समय आपके पास धन की कमी नहीं होगी. आपका कोई भी काम धन की कमी के कारण अटकने वाला नहीं होगा. इस समय जो लोग विदेश में धन का निवेश करना चाहते हैं वह कर सकते हैं. आपका जीवनसाथी भी आपके धन में वृद्धि करने वाला रहेगा. आपके वेतन में भी इस तिमाही में इजाफा होने की संभावना बन रही है. इस तिमाही में आप अपने ऊपर काफी धन का व्यय कर सकते हैं. अपनी खुद की शॉपिंग पर और अपने घर के साजो सामान पर आप धन का व्यय कर सकते हैं.

आपका धन फ्लैट खरीदने में निवेश हो सकता है लेकिन आप पहले देख भाल लें कि बिल्डर कितने वर्ष का लक्ष्य आपको दे रहा है, उसके बाद ही निवेश करें.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

पिछली तिमाही में यदि आपने पैसों का निवेश बिना सोचे विचारे यदि फ्लैट अथवा जमीन आदि में कर दिया है तब आपको उसके लिए पछताना पड़ सकता है क्योकि आपके साथ धोखा किया जा सकता है. पैसो को डूबने से बचाने के लिए आपको बहुत ज्यादा प्रयास करने पड़ सकते हैं. बार-बार संबंधित लोगो के चक्कर भी काटने पड़ सकते हैं. तिमाही के अंत समय तक आपको अपनी भाग-दौड़ का अनुकूल फल मिल सकता है. पैसे वापिस आ सकते हैं या फिर आपको फ्लैट अथवा जमीन आदि देने का दिलासा दिलाया जा सकता है.

कुल मिलाकर इस तिमाही का पहला व दूसरा भाग आपके लिए प्रतिकूल साबित हो सकता है. लेकिन अंत समय में कुछ राहत मिलने की संभावना बनती है. इस तिमाही के मध्य भाग में घर के किसी बड़े व्यक्ति के ईलाज में भी धन का व्यय हो सकता है. आपके शत्रु आपके लिए लाभदायक सिद्ध हो सकते हैं.

विशेष

आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए आपको लक्ष्मी चालीसा का पाठ सुबह के समय नियमित रुप से पढ़ना चाहिए.

2014 मिथुन राशिफल - कैरियर और प्रोफेशन

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

तिमाही का आरंभ आपके लिए मतभेदों से भरा रह सकता है, कार्यक्षेत्र पर बॉस के साथ परेशानियाँ पैदा हो सकती है और आप नौकरी बदलने का विचार रख सकते हैं. तिमाही मध्य भाग में आपका विरोध प्रत्यक्ष रुप से सभी के सामने आ जाएगा क्योकि आप अपनी जिद पर अड़े रह सकते हैं और अपनी बातों को मनवाने की आपकी प्रवृति हो सकती है. काम को लेकर आपके ऊपर अंगुली भी उठाई जा सकती है. तिमाही के अंतिम भाग में आप अपने लक्ष्यों को पाने में अड़चनो का सामना कर सकते हैं या आप कह सकते हैं कि आपकी राह में रोड़े अटकाने का किया जा सकता है.

बिजनेस के नजरिये से आपके लिए समय परिश्रम भरा रह सकता है किन्तु आप कुछ लाभ की प्राप्ति इस भाग में कर सकते हैं. तिमाही के मध्य भाग में आपकी पेमेन्ट कहीं पर अटक सकती है लेकिन अंतिम भाग तक आते-आते आपकी पेमेन्ट मिलने की संभावना भी बनती है. साझेदारी में काम करने वालों के लिए समय प्रतिकूल कहा जा सकता है. बहुत परिश्रम के बाद भी कामयाबी मिलने की संभावना कम ही रहेगी. तिमाही मध्य से स्थिति सुधार की ओर हो सकती है.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

यह तिमाही आपके कार्यक्षेत्र के लिए अनुकूल कही जा सकती है. अपने कार्यक्षेत्र में आप अपनी छाप छोड़ने में सफल रह सकते हैं. इस समय आप कुछ राहत का अनुभव भी कर सकते हैं. तिमाही के मध्य भाग में आपका बॉस से एक बार फिर से टकराव हो सकता है और इस बार आप भी पूरे जोश के साथ मैदान में जमे रहेंगे और बॉस भी आपसे बदले की भावना रख सकता है क्योकि आपके बॉस का बॉस आपके काम से प्रसन्न रहेगा क्योकि मिथुन राशि होने से आप एक परिश्रमी व्यक्ति हैं और काम के बोझ से कभी घबराते नहीं हैं. अपने काम को सदा समय पर निपटाते है, इससे आप कभी किसी को अपने ऊपर अंगुली उठाने का मौका ही नहीं देते है. तिमाही के मध्य भाग से लेकर अंतिम भाग तक का समय आपके लिए उपलब्धियों से भरा हो सकता है और आपके कार्यों के लिए पदोन्नति के साथ आपको पुरस्कृत भी किया जा सकता है.

बिजनेस के संबंध में यह तिमाही कुल मिलाकर अनुकूल ही कही जाएगी. थोड़े बहुत उतार-चढ़ाव के साथ आप अपने काम में वृद्धि व उन्नति करने में कामयाब रहेंगे. तिमाही के अंत समय में तो आप अपने काम में एक मुकाम हासिल करना आरंभ कर देंगे. अपनी बौद्धिक क्षमता का उपयोग करते हुए काम में नए-नए प्रयोग करते हुए सफलता हासिल करेगे. इस समय आप काम को और बढ़ाने की भी सोच सकते हैं. राजनीति से संबंधित लोगो के लिए समय मिश्रित कहा जा सकता है क्योकि तिमाही के आरंभ समय में विरोधी पक्ष आपके द्वारा किए कार्यो पर अंगुली उठा सकता है.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही में आपका मन अब स्थान परिवर्तन का हो सकता है. कार्यक्षेत्र की राजनीति से परेशान होकर आप अपना कार्यक्षेत्र बदलना चाहेंगे क्योकि आपका मन अब वर्तमान जगह पर टिकने वाला नहीं रहेगा, वैसे भी बुध के प्रभाव से आपको बदलाव अधिक पसंद है. लेकिन आपको जब तक नई नौकरी नहीं मिल जाती है तब तक आप पुरानी को ना छोड़े अन्यथा आपको पछताना भी पड़ सकता है. तिमाही के अंत समय तक आपकी नई नौकरी मिलने की संभावना बनती है. सरकारी नौकरी में रत लोगो के लिए भी समस्याएं बनी रह सकती है. जिनकी नौकरी परिवर्तनीय है उनका स्थानांतरण ऎसे स्थान पर हो सकता है जहाँ वह परेशान रहेंगे.

बिजनेस के लिए समय काफी अनुकूल रहेगा और आप रात-दिन की मेहनत के बाद अपनी मंजिल तक पहुंच ही जाएंगे. आपके जो भी कार्य रुके हुए थे वह सभी इस तिमाही में गति पकड़ लेगें और लाभ में वृद्धि करेंगे. साझेदारी में काम करने वाले लोगो के लिए तिमाही अनुकूल रहेगी लेकिन तिमाही का आरंभ समय कुछ रुकावटों वाला भी हो सकता है. आपके प्रतिद्वंद्वी आप दोनो के मध्य दरार उत्पन्न करने की कोशिश भी कर सकते हैं, आपको कान का कच्चा नही बनना है इसलिए किसी की बातों में ना आएं.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

वर्ष की यह अंतिम तिमाही कार्यक्षेत्र पर उथल-पुथल मचाने वाली हो सकती है. विशेषकर पहला व मध्य भाग ज्यादा परेशानी वाले साबित हो सकते हैं. आपका मन इससे अत्यधिक क्षुब्ध हो सकता हे. बुद्धि भ्रमित रह सकती है और लाख कोशिश करने पर भी आपका मन शांत नही हो पाएगा. इस समय तक नई नौकरी मिले या ना मिले लेकिन आप वर्तमान नौकरी को तिलांजली दे सकते हैं. तिमाही के अंत तक हो सकता है कि नई नौकरी आपको मिल जाए, यदि आपकी कुंडली में दशा/अन्तर्दशा भी अनुकूल चली हुई है. जिन लोगो के काम का संबंध तकनीकी क्षेत्र अथवा चिकित्सा जगत से है उनके लिए समय ज्यादा परेशानी वाला हो सकता है. परेशानी किसी समस्या का हल नही है बेहतर है कि आप ईश्वर का ध्यान करते हुए अनुकूल समय का इंतजार करें.

बिजनेस करने के नजरिये से यह तिमाही उतार-चढ़ाव वाली बनी रह सकती है लेकिन आपके लाभ में कमी आने की संभावना कम ही दिखाई देती है. बिजनेस संबंधित मसलों को लेकर किसी से बहस हो सकती है और यह बहस आपकी उग्र रुप लेकर कोर्ट केस तक पहुंच सकती है. आप अपनी मन:स्थिति पर नियंत्रण रखते हुए संतुलित रहने का प्रयास करें. विचारो की दुनिया में ना खोते हुए व्यवहारिक बनिए तभी आप संकट की घड़ी से निकलने में सफल हो पाएंगे. आपकी सामाजिक छवि पर भी आंच आने की बात हो सकती है.

2014 मिथुन राशिफल - हैल्थ और फिटनेस

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

तिमाही का आरंभ खराब स्वास्थ्य से हो सकता है. आपको शारीरिक कमजोरी का अनुभव हो सकता है, इसका कारण आपके तंत्रिका तंत्र का कमजोर होना भी हो सकता है. चिकित्सक की सलाह से आपको स्वास्थ्य सुधार तो होगा लेकिन तिमाही के अंतिम भाग में फिर से आपकी लापरवाही के कारण स्वास्थ्य विकार उभर सकते हैं. पुरुषो को गुप्त विकार होने की संभावना भी बनती है, समय पर उचित सलाह लेने से स्वास्थ्य लाभ होगा लेकिन यदि नीम-हकीमो के चक्कर में पड़े रहेंगे तो परेशानी बढ़ सकती है. आपको यदि एलर्जी है तब किसी अन्य के वस्त्रों का उपयोग बिलकुल भी ना करें.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

आपका स्वास्थ्य आप ही की लापरवाही के कारण बिगड़ सकता है. इस समय शरीर में फोड़े-फुंसी, चर्म रोग अथवा दाद, खाज, खुजली से परेशानी हो सकती है. आप नहाने के पानी में नीम के उबले पत्तो का पानी मिलाकर स्नान करें इससे आपको राहत मिलेगी लेकिन आपको एक बार चिकित्सक की सलाह भी लेनी चाहिए.

जिन लोगो को दिल की बीमारी की शिकायत है अथवा छाती संबंधी विकार हैं उन्हें इस तिमाही में अपना ख्याल ज्यादा रखना होगा. दवाईयों का सेवन आप समय पर करते रहें और नियमित रुप से सुबह की सैर भी आपके लिए स्वास्थ्यप्रद साबित हो सकती है, वह भी आप करें.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही के आरंभ में आपको मानसिक परेशानियाँ बहुत घेरे रह सकती है और इसका सीधा प्रत्यक्ष प्रभाव आपकी सेहत पर बुरा पड़ने वाला होगा. आपको मुँह के छाले, चेहरे पर दाग-धब्बे व झांईयों का सामना करना पड़ सकता है. सिरदर्द अथवा चक्कर की शिकायत है तब आपको एक बार अपनी आंखो का चेक-अप अवश्य करा लेना चाहिए. आँखो से खानपान पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए. अपने भोजन में पौष्टिक आहार तथा संतुलित खाने का समावेश करना स्वास्थ्यवर्धक रहेगा.

अपनी मानसिक परेशानियों में कमी लाने के लिए आपको प्रतिदिन “ऊं गं गणपतये नम:” का जाप अवश्य करना चाहिए. इससे आपको काफी राहत का अनुभव होगा.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

नरम दिल वाले व्यक्तियों के लिए तिमाही का पहला व दूसरा भाग प्रतिकूल सिद्ध हो सकता है इसलिए एकदम से किसी बात को लेकर खुशी अथवा दुख प्रकट ना करें. अपने आवेश को नियंत्रण में रखने का प्रयास करें. इस समय आपको पेट से जुड़े रोग भी परेशानी में डाल सकते हैं, यदि पहले कभी पेट की सर्जरी हुई है तब आपको यह समय अपने स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही में नहीं बिताना चाहिए. इससे आपको तो परेशानी होगी ही साथ ही

आपके परिवार को भी परेशानी झेलनी पड़ेगी. पेट में पथरी होने की संभावना भी बन सकती है इसलिए अपने पेट दर्द को हल्के में ना लें और अपना चेक-अप शीघ्रता से कराएं.

2014 मिथुन राशिफल - प्रेम संबंध

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

प्रेम संबंधों के लिए तिमाही का आरंभ अनुकूल माना जा सकता है. इस समय जोर-शोर से प्रेम संबंधों के विवाह में बदलने की बात उठ खड़ी हो सकती है और विवाह की बात लगभग पक्की होने की संभावना बन जाएगी लेकिन आपकी माताजी शायद इस विषय में अपनी असहमति जाहिर कर सकती हैं. आपके बहन-भाई, संबंधी तथा मित्र इन्हें मनाने का भरसक प्रयत्न करेंगे.

जो लोग अपने प्रेम का इजहार करना चाहते हैं उनके लिए तिमाही का पहला भाग ज्यादा अनुकूल सिद्ध हो सकता है. संबंधो को स्थाई तौर पर रखना चाहते हैं तो आप धीरे-धीरे आगे बढ़े, एकदम से रफ्तार पकड़ने से कुछ दिन बाद ही आप उकता सकते हैं.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

इस तिमाही में आपके प्रेम संबंधों में तकरार अधिक रहने की संभावना बनती है. आपकी अपनी बुद्धि इस समय भ्रमित व दुविधा में बनी रह सकती है. आपको समझ नही आएगा कि क्या किया जाए, संबंधो को आगे बढ़ाया जाए या यही तक रोक दिया जाए. आप प्रेमी के प्रति ईमानदार तो हैं लेकिन छोटी-छोटी बातों पर तकरार अथवा टोका-टोकी को आप पसंद नही करते हैं क्योकि आपके व्यक्तित्व पर बुध का प्रभाव अधिक है और बुध को राजकुमार माना गया है जिसे स्वतंत्र रहना पसंद है. तिमाही के अंत समय तक आपके इसी असमंजस में रहने की संभावना बनती है.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

तिमाही का यह भाग प्रेम संबंधो के लिए अनुकूल कहा जा सकता है क्योकि इस समय आपका प्रेमी अथवा आपका साथी आपके मनोनुरुप चलेगा. आपकी इच्छाओं का पूरा मान तथा आदर भी करेगा. तिमाही के आरंभ में कुछ जिद दिखा सकता है लेकिन बाद में आपके अनुसार काम करेगा. तिमाही के दूसरे भाग में प्रेमी का स्वास्थ्य आपके मन को विचलित कर सकता है और आपका अधिकाँश समय उसकी देखभाल में बीत सकता है.

एक बात का ख्याल यह रखें कि आपके प्रेम संबंधों में तिमाही के अंत समय तक वृद्धि रहेगी और कोई अनुचित कदम भी आप इस समय उठा सकते हैं या आप इस समय लिव-इन-रिलेशनशिप में भी बंध सकते हैं. आप जो भी करें लेकिन बाद में एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप ना लगाएं.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही का पहला माह प्रेम संबंधो के लिए बिलकुल भी अनुकूल नहीं है. छोटी-छोटी बाते बड़ी बनकर पहाड़ का रुप धारण कर सकती है, बेहतर है कि आप दोनो गलतफहमियों को पालने की बजाय बात को स्पष्ट करें. इस समय आपकी बुद्धि अत्यधिक विचलित रह सकती है और आपका प्रेमी भी बदतमीजी पर आ सकता है. आपके समझाने का उस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा यदि कोई बात आपको उससे करनी है तो प्रेम से तिमाही के दूसरे माह में करें. इस समय प्रेमी का दिमाग फिर भी कुछ शांत रह सकता है लेकिन ज्यादा आशा ना रखें. तिमाही के अंत समय में प्रेम संबंधों में स्वत: ही कुछ सुधार आने की संभावना बनती है.

2014 मिथुन राशिफल - विद्यार्थी

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

विद्यार्थियों के लिए यह तिमाही मिश्रित फल प्रदान करने वाली रह सकती है क्योकि आप अपने अन्य साथियों के साथ कुछ ऎसी गतिविधियों में लिप्त रह सकते हैं जिनके बारे में आपके अभिभावकों को भी पता नही होगा. अपने भविष्य को अंधकारमय बनाने की बजाय थोड़ा सा बुद्धिमत्ता से काम लें और इस समय भी आप संभल जाते हैं तब भी देर नही मानी जाएगी. एक अजीब बात आपके साथ यह होगी कि आप सभी कुछ जानते और समझते हैं लेकिन फिर भी पढ़ाई में अपना ध्यान एकाग्रचित्त करने में सक्षम नहीं हो पाएंगे. बुद्धिमत्ता की कमी आपके भीतर नहीं है लेकिन ना चाहते हुए भी आपका मन भ्रमित सा रह सकता है और “अभी बहुत समय पड़ा है पढ़ने के लिए” ही सोचते हुए सारा समय निकल जाएगा. थोड़ा सा मन को संयत करते हुए अपनी ओर से पढ़ाइ में मन लगाने का प्रयास करें.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

इस तिमाही का आरंभ समय भी आपके लिए ज्यादा अनुकूल नहीं कहा जा सकता है. इस समय तो आपका मन बिलकुल भी किसी काम में नहीं लगेगा. इस समय आप पढ़ने के लिए तो बैठेंगे लेकिन मन में अस्थिरता होने से कुछ याद होने में बाधा हो सकती है अथवा एक ही विषय को लेकर पूरा दिन बैठे रह सकते हैं. लेकिन तिमाही का मध्य भाग व अंतिम भाग अपेक्षाकृत ज्यादा अनुकूल होगें. इसमें आप अपनी क्षमता का बेहतर उपयोग कर पाएंगे. जिन विद्यार्थियों का संबंध खेल-कूद प्रतिस्पर्धाओ से हैं उनके लिए समय अनुकूल कहा जा सकता है.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

तिमाही का यह समय आपके लिए अनुकूल रहने की संभावना बनती है. खुद ब खुद आपको अपनी पढ़ाई में रुचि होना आरंभ हो जाएगी और आप पहले से अच्छा कर पाएंगे. इससे आपके अभिभावको को भी तसल्ली रहेगी. जिन विद्यार्थियों को घर से दूर जाकर दाखिला लेना है, उनकी भाग-दौड़ बनी रहेगी और दाखिला भी उन्हें मिल ही जाएगा लेकिन छात्रावास में रहने की जगह के लिए मुश्किल हो सकती है. इसलिए कहीं ओर रहने का इंतजाम करने में परेशानी आ सकती है क्योकि इसमें विलंब हो सकता है.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

तिमाही का आरंभ और मध्य भाग आपके लिए फिर से परेशानियों वाला हो सकता है क्योकि इस समय अधिकतर ग्रहों की ऊर्जा आपके चतुर्थ और पंचम भाव पर सक्रिय रहेगी. इस समय आपको अपने अध्यापको से किसी तरह की कोई बहस नहीं करनी चाहिए अन्यथा आपके लिए बहुत ही मुश्किले पैदा हो सकती है और आपके भविष्य पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है. तिमाही के दूसरे भाग में आपको ज्यादा सतर्क रहने की आवश्यकता है क्योकि इस समय आपके चरित्र पर अंगुलिया उठाई जा सकती हैं. इसलिए आपको कहीं भी किसी को कुछ कहने का मौका भूल से भी नहीं देना चाहिए.

2014 मिथुन राशिफल - यात्रा

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

तिमाहि के आरंभ समय में आपके लिए यात्राएं अनुकूल रहेगी लेकिन दूसरे माह से जहाँ तक हो सके यात्राएं ना करे क्योकि समय आपके लिए अनुकूल नहीं रहेगा. उद्देश्यों को लेकर की गई यात्राओं की सफलता में संदेह बना रहेगा और कष्टों का सामना भी करना पड़ेगा. धन हानि व सामान आदि के खोने की संभावना भी इस माह में बनी रह सकती है इसलिए केवल आवश्यकतानुसार धन ही साथ लेकर चलें. तिमाही का अंतिम भाग यात्राओं पर जाने के लिए अनुकूल बना रहने की संभावना बनती है.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

यह तिमाही आपकी उद्देश्यों की पूर्ति के लिए अनुकूल साबित होगी और इस समय आपकी यात्राओं के सफल होने की संभावना भी बन रही है. जिन लोगो को विदेश यात्रा पर जाना है उनके लिए भी यह समय पक्ष में रहेगा. इस तिमाही में आप परिवार के साथ किसी हिल स्टेशन पर घूमने जाने का कार्यक्रम भी बना सकते हैं. छोटी विदेश यात्राओं पर जाने का भी विचार कर सकते हैं. कहीं भी जाने पर बच्चो का विशेषतौर पर ध्यान रखें, उन्हें अकेला ना छोड़े. साथ ही उनके खानपान व स्वास्थ्य संबंधी बातों का पुख्ता इंतजाम कर के चलें.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही में अपने काम के सिलसिले में यात्रा पर जा सकते हैं और आपके उद्देश्यों की पूर्ति होने की संभावना बनती है. इस अवधि के दौरान आपको अपनी यात्रा में कई प्रकार के खट्टे मीठे अनुभवों की प्राप्ति भी हो सकती है, जो आपके लिए एक मीठी यादें बन जाएगी. तिमाही का दूसरा व तीसरा भाग भी आपकी यात्राओं के लिए शुभ ही बना रहेगा और इस समय आप यात्रा पर जाने का विचार बना सकते हैं. धार्मिक स्थानों की यात्राओं पर जाने के लिए भी समय पक्ष में बना रहेगा.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही के पहले भाग में आप यात्राओं पर ना जाएं तो बेहतर होगा क्योकि यह समय आपके लिए प्रतिकूल सिद्ध होगा और शारीरिक व मानसिक कष्टो का भी आपको सामना करना पड़ेगा. आपकी बुद्धि इस समय काम ही नहीं कर पाएगी कि आपको यात्राओं पर जाना चाहिए कि नहीं जाना चाहिए. यदि अत्यधिक आवश्यक ना हो तब आप ना ही जाएं तो बेहतर है. इन यात्राओं में आपकी आर्थिक हानि की संभावना बनती है अथवा इस समय की यात्राओं पर आपका फिजूल का धन व्यर्थ हो सकता है.

2014 मिथुन राशिफल - परिवार

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

इस तिमाही में परिवार में कुछ ना कुछ और किसी ना किसी बात को लेकर खटपट चली रह सकती है. आपकी माताजी का स्वास्थ्य तिमाही के आरंभ में बिगड़ सकता है अथवा अपनी माताजी के साथ संबंधो में मधुरता का अभाव हो सकता है. इस तिमाही में आपके किसी मित्र अथवा बहन-भाईयों का हस्तक्षेप आपके पारीवारिक मामलो में अधिक हो सकता है. इससे आपको बचना चाहिए क्योकि हर बात की अपनी एक निश्चित सीमा होती है.

संतान की ओर से कुछ चिन्ताएं बनी रह सकती है और यह चिन्ताएं किसी भी क्षेत्र से जुड़ी हो सकती हैं. इस तिमाही के आरंभ समय में आपके सप्तम भाव पर बहुत से ग्रहो की ऊर्जा का प्रभाव रहेगा इस कारण आपका जीवनसाथी इस समय अकस्मात कई उपलब्धियों को प्राप्त कर सकता है और उसकी सामाजिक छवि भी लोगो द्वारा सराहे जाने की संभावना बनती है.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

यदि जमीन जायदाद को लेकर कोर्ट केस आदि चले हुए हैं तब उसके लिए समय अनुकूल नही कहा जा सकता है और इस कारण आपको अत्यधिक मानसिक परेशानियों से होकर गुजरना पड़ सकता है. इस समय आप जो भी काम करना चाहते हैं उसके लिए कुछ समय धीरज रखना ही उचित है. जो आपके हाथ में नही है उसके लिए बेकार की भाग-दौड़ करना बुद्धिमत्ता नही है. विकट परिस्थितियों से निकलने के लिए आपको ईश्वर की भक्ति में मन लगाना चाहिए.

इस पूरी तिमाही आपको घर में कलह क्लेश का सामना करना पड़ सकता है. संतान की ओर से कुछ राहत आपको तिमाही के मध्य भाग में मिल सकती है. तिमाही के अंतिम भाग में आपका साथी आपके लिए लाभदायक सिद्ध हो सकता है लेकिन इस समय दांपत्य जीवन में कुछ मतभेदो का भी सामना करना पड़ सकता है. तिमाही के इस भाग में आपको जमीन जायदाद संबंधी कामों को रोक देना चाहिए और यदि वाह खरीदने का विचार है तब इस तिमाही का अंतिम भाग ही कुछ अनुकूल कहा जा सकता है, वह भी औसत ही रहेगा. इस तिमाही में अविवाहितों के विवाह की बात घर में चलने की संभावना भी बनती है.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

तिमाही के इस भाग में जीवनसाथी के साथ संबंधों में सुधार रहेगा और आपके परिवार में इस समय किसी शुभ समाचार के मिलने की संभावना बनती है. इस समय घर में नए सदस्य का आगमन भी हो सकता है. आपका मन घर के अत्यधिक व्ययो को लेकर परेशान सा रह सकता है, आप इस समय जमीन आदि को लेकर धोखा भी खा सकते हैं. इसलिए किसी भी तरह का भूमि क्रय या विक्रय करने से पूर्व उस जगह की पूरी जाँच पड़ताल तथा दस्तावेज आदि देखने के बाद ही आगे कदम बढ़ाएं.

तिमाही के अंतिम भाग में आपके पिता आपके लिए शुभफल प्रदान करने वाले रह सकते हैं लेकिन इस समय आपको अपने पड़ोसियों के साथ मेल-मिलाप के साथ रहने का प्रयास करना चाहिए. किसी भी बात को लेकर उनके साथ बहस ना करे और अगर बहस हो भी जाती है तो आपको शांत रहने का प्रयास करना चाहिए. इस तिमाही में आपकी माताजी का व्यवहार संदेह करने वाला हो सकता है अथवा किसी वहम की शिकार हो सकती हैं. आप भावनात्मक रुप से उनका साथ निभाने का प्रयास करें.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

यह समय आपके पारीवारिक सुख-समृद्धि के लिए अनुकूल नहीं कहा जा सकता है. आपका मन बेचैन तथा व्याकुल रह सकता है और इस समय घर के किसी सदस्य का स्वास्थ्य भी खराब रह सकता है. इस तिमाही में आप अधिकतर समय परिवार की जिम्मेदारियों को निभाने में मशगूल रहेंगे, जिसके कारण आपके अपने व्यवहार में कुछ चिड़चिड़ापन समाया रह सकता है. इस कारण आप अपना क्रोध अपने बच्चो पर भी निकाल सकते हैं जिससे आपमें और बच्चो में दूरी आने की संभावना भी बन रही है.

तिमाही के दूसरे भाग में प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष शत्रु आपकी राह में रोड़े अटकाने का काम भी कर सकते हैं. इस समय आप अत्यधिक मानसिक तथा शारीरिक परेशानियों से होकर गुजर सकते हैं. इस तिमाही में आपके नौकर भी आपसे गद्दारी कर सकते हैं, खासकर कोई नया नौकर रखा है तब उसके भरोसे घर को अकेला छोड़कर ना जाएं. यदि पुराना नौकर है तब वह किसी कारणवश काम छोड़कर जा सकता है.

विशेष

परिवार में सुख तथा समृद्धि बनी रहे इसके लिए आप प्रतिदिन सुबह अथवा शाम का कोई एक समय सुनिश्चित करने के बाद 11 बार गणेश संकट स्तोत्र का पाठ करें.

2014 में मिथुन राशि के लिए उपाय

इस पूरे वर्ष आपको गणेश मंत्र का जाप प्रतिदिन 108 बार सुबह के समय शुद्ध घी का दीया जलाकर करना है. मंत्र है **- "ऊँ गं गणपतये नम:"**

astrobix.com

कर्क

वैदिक ज्योतिष – चंद्र राशि आधारित

वर्ष 2014 क्या डालेगा आपकी झोली मे ?

कर्क राशि की विशेषताएँ

कर्क राशि भचक्र की चौथी राशि है, इसका विस्तार चक्र 90 से 120 अंश के अन्दर का माना जाता है. इस राशि का स्वामी चन्द्रमा हैं. इस राशि के अन्तर्गत पुनर्वसु नक्षत्र का आखिरी चरण, पुष्य नक्षत्र के चार चरण तथा अश्लेषा नक्षत्र के चार चरण आते हैं. यह उत्तर दिशा की द्योतक है और स्वभाव से चर राशि है. कर्क राशि जल तत्व राशि है और इसका चिन्ह केकडा है. इस राशि के प्रभाव से आप भावुक प्रवृति के हो सकते हैं. भावनाओं के प्रभाव में बहकर बडे-बडे निर्णय ले लेना आपके लिए कोई कठिन काम नहीं है, फिर चाहे उस निर्णय का बाद में क्या प्रभाव पड़ता है, इस बात से आप उस समय अनभिज्ञ होते हैं. आप जिनके साथ पूर्ण रूप से जुड़ जाते हैं उनके साथ मित्रता भी निभाते हैं. अपने मित्रों के लिए जान तक न्यौछावर करने से भी पीछे नहीं हटते है परन्तु कुछ सीमित लोगों से ही ये मित्रता कर पाते है.

यह राशि जल निकायों और पानी यानी तटीय क्षेत्रों समुद्र तटों और झरने के आसपास के क्षेत्र से संबंधित है. आपको सार्वजनिक स्थानों पर जाने के बजाय घर पर रहना अधिक प्रिय लगता है. कर्क राशि के जातकों में कर्क का एक विशेष गुण देखा जा सकता है जैसे केकडा जब किसी वस्तु या जीव को अपने पंजों में जकड़ लेता है तो उसे आसानी से नही छोडता है, भले ही इसके लिये उसे अपने पंजे गंवाने पडें. ऎसे ही कर्क राशि के व्यक्ति में अपने इसी स्वभाव के कारण यह हर बात को मन से लगा लेते हैं और उसे त्याग नहीं पाते हैं. यदि कोई बात मन को ठेस पहुंचाती है तो वह उस बात को सोचते ही रहते हैं उसे छोड़ नहीं पाते. आपके स्वभाव में कल्पना शक्ति की अदभुत क्षमता होती है और जल की तरह लचीला स्वभाव भी होता है जिसमें डाला जाए वैसा ही आकार भी ले लेता है.

कर्क राशि के लिए उपयुक्त कैरियर

कर्क राशि का स्वामी चन्द्रमा है. जिस कारण से यह एक सौम्य राशि मानी जाती है. इस राशि के स्वामी और विशेषताओं के फलस्वरूप जातक में सौम्यता व भावनात्मकता का भाव देखा जा सकता है. आप परिश्रमी और उद्यमी होते हैं. आप बडी योजनाओं का सपना देखने वाले होते हैं, आप दवाओं और द्रव्यों का आयात, अन्वेशण और खोज, भूमि या खानों का निर्माण व विकास, जल से प्राप्त होने वाली वस्तुओं आदि, जन उपयोगी कम्पनियों में काम करके भी धन कमा सकते हैं.

इसके अतिरिक्त आपके लिए उपयुक्त व्यवसायों में समुद्र में काम करने से संबंधित हो सकते हैं. आप नेवी में काम कर सकते हैं, दुग्ध उत्पादों से संबंधित काम कर सकते हैं, मछली उत्पादन, शहद का व्यापार, होटल व्यवसाय में कार्य करने जैसे कामों से भी जुड़ सकते हैं. चित्रकला, जल और

सिंचाई विभाग से संबंधित, व्यापार और वनस्पति विज्ञान, कपास, चावल और सफेद धातु तथा मून स्टोन से संबंधित क्षेत्र आप के लिए उपयुक्त हैं

2014 कर्क राशिफल - पैसा और वित्तीय स्थिति

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

कर्क राशि के जातकों के लिए यह तिमाही खर्चों से युक्त रह सकती है. साल का आरंभ आर्थिक स्थिति में उतार-चढाव लाने वाला रह सकता है. इस समय आपको किसी न किसी प्रकार से धन संबंधी मामलों के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है. इस माह आपका धन अपने छोटे भाई बहनों के ऊपर और अपनी समस्याओं के निवारण हेतु खर्च करना पड़ सकता है. तिमाही के आरंभ में आपको आर्थिक रूप से कुछ न कुछ लोन लेने की आवश्यकता पड़ सकती है और आप अपने व्ययों को सीमित करने में भी सफल नहीं हो पाएंगे. इस समय आप अपना धन कोर्ट केसों या भू संपदा इत्यादि में लगा सकते हैं जिस कारण से आपको चिन्ताओ की स्थिति से भी गुजरना पड़ सकता है.

तिमाही के मध्य भाग में आपका कुछ खर्च आपके जीवन साथी के ऊपर भी हो सकता है. इसी के साथ घर की कुछ उपयोगी वस्तुओं की खरीद-फरोख्त भी आप कर सकते हैं. कमाई तो होगी लेकिन पैसा कहां जा रहा है इस बात को समझ पाना काफी मुश्किल होगा. तिमाही का अंतिम समय आपको कुछ राहत देने वाला रह सकता है. इस समय आप कुछ आर्थिक लाभ की प्राप्ति में सफल रह सकते हैं. हो सकता है कि इस समय आप अवैध रूप से धन की प्राप्ति में लगे हों. आपको चाहिए कि जहां तक संभव हो सके आप अपने व्यर्थ के अपव्यय को रोकने की कोशिश करें.

विशेष - आर्थिक तंगी और धन की कमी से मुक्ति पाने हेतु धन दायक कुबेर मंत्र का जाप करें.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

आपकी आर्थिक स्थिति प्रबल बनने के योग बन रहे हैं. इस तिमाही के दौरान आपको कुछ धन लाभ की प्राप्ति हो सकती है तथा अपने पिता द्वारा आर्थिक सहायता भी मिल सकती है. उच्चाधिकारियों के संबंधो के कारण आय बढ़ाने में सहयोग प्राप्त हो सकता है. तिमाही के मध्य भाग में आपके किए जाने वाले प्रयास आपको कुछ धन लाभ की प्राप्ति में सहायक बन सकते हैं. यदि आप अपने प्रयासों में लगे रहेंगे तभी कुछ प्राप्ति संभव है अन्यथा बैठे रहने से कोई फायदा नहीं होगा.

लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये मेहनत में कमी करने से बचना हितकारी सिद्ध होगा. शत्रुओं पर अपना प्रभाव बनाये रखें. बीच- बीच में धन की कमी महसूस हो सकती है. बढते हुए व्यवसायिक व्यय आपका बजट बिगाड सकते है. इस तिमाही में स्वयं पर विश्वास रख आप आगे बढते रहें. तिमाही का अंत कुछ खर्चों में बढोतरी करने वाला रह सकता है.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

कर्क राशि के जातकों के लिए यह तिमाही आर्थिक रूप से मिले जुले फल देने वाली रह सकती है. तिमाही के आरंभ में खर्चे बने रह सकते हैं जिससे आपकी बचत पर असर पड़ सकता है. आप अपने परिवार की जरूरतों पर भी कुछ धन खर्च कर सकते हैं तथा स्वास्थ्य की देखभाल में भी कुछ धन खर्च हो सकता है, पर आप अपने प्रयासों द्वारा धन को कमाने में भी सफल रहेंगे.

आपकी पैसों से संबंधित परेशानियां काफी हद तक दूर हो सकती हैं. आपकी जो भी जिम्मेवारियां है आप उनका अच्छे से निर्वाह करने में सफल होंगे. इस समय ग्रहों की अनुकूलता आपकी मेहनत का फल देने वाली हो सकती है. इस समय आप अपने स्वयं पर भी कुछ धन खर्च कर सकते हैं, अपने लिए मंहगी वस्तुओं का क्रय कर सकते हैं. तिमाही के आखिर तक आपकी स्थिति में सुधार बना रह सकता है. अगर आपका पैसा कहीं अटका हुआ है तो वह भी आपको इस समय मिलने के आसार बनते हैं.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

वित्त संबंधी मामलों के लिए यह समय अनुकूल रहेगा. आर्थिक स्थिति में मजबूती मिल सकेगी और कामों में भी कई प्रकार के नए विचार सामने आएंगे. यह तिमाही आपके लिए मिश्रित फल देने वाली हो सकती है. यह समय नई उम्मीदों और आशाओं को पूरा करने में जोश और उत्साह से भरा रहेगा. तिमाही के शुरूआत में आप धन संबंधी समस्याओ से परेशान हो सकते हैं लेकिन जल्द ही यह स्थिति काफी हद तक दूर हो सकती हैं. लेकिन इसके साथ ही साथ आपके खर्चों में भी इजाफा होता रहेगा. आपको अपने क्रोध पर नियंत्रण रखने की कोशिश करनी चाहिए वर्ना आप लोगों से दूर होते जाएंगे.

आर्थिक मामलों के लिए यह समय कुछ खास रह सकता है. आपकी मेहनत का पूरा लाभ आपको मिलने की संभावना बनती दिखाई दे रही है. आप इस समय कुछ उधार लेने के बारे में भी सोच सकते हैं. ग्रहों की स्थिति में सुधार होने पर आपको राहत मिलेगी और आप अपनी पसंद की कुछ चीजें लेने के बारे में सोच सकते हैं. पैसों के मामलों में यह समय सामान्य है. आप इस समय कुछ ऐसे कामों में उलझे रह सकते हैं जो कम फायदा देने वाले हों. आप अपने आराम के लिए भी कुछ पैसे खर्च कर सकते हैं, कहीं घूमने जाने का कार्यक्रम बना सकते हैं.

2014 कर्क राशिफल - कैरियर और प्रोफेशन

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

कर्क राशि वालों के लिए यह तिमाही कैरियर के दृष्टिकोण से औसत स्तर की ही रहने वाली हो सकती है. इस तिमाही के दौरान आपके प्रयासों में तेजी बनी रहेगी और आप अपने काम के प्रति मेहनती बने रहेंगे लेकिन जिन फलों की आप चाह में बैठे हैं उनका मिलना कठिन लगता है. आप अपने काम में तो कटौती नहीं करेंगे लेकिन आपको अपने प्रयासों में पूर्ण सफलता शायद न मिल सके. किसी न किसी तरह से आपको नौकरी में परेशानी की स्थिति से गुजरना पड़ सकत है. आप इस समय कुछ निराश भी हो सकते हैं जिस कारण काम में मन न लग पाने की स्थिति भी उभर सकती है पर आपको चाहिए कि आप निराश ना हों और अपने काम को लगन व मेहनत से करते रहें.

आपके शत्रुओं द्वारा आपको किसी न किसी षड़यंत्र का शिकार भी बनाया जा सकता है परंतु यदि आप संयम से काम लें तो आप उन्हें असफल कर सकते हैं. अपने काम के सिलसिले में आप कुछ यात्राएं भी कर सकते हैं जो बाद के समय में आपके लिए कुछ अच्छे संकेत दे सकती हैं. प्रयासों के बावजूद कार्यक्षेत्र में औसत रुप से ही फलों की प्राप्ति होगी. किन्तु इससे निराश अथवा हताश नहीं होना चाहिए और अपने प्रयासों को करते रहना चाहिए. जिनके व्यवसाय का संबंध विदेशों से है उन्हें लाभ मिल सकता है. इस समय आपको बिजनेस संबंधी कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय समझदारी से लागू करना चाहिए.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

कैरियर की दृष्टि से इस समय अपने कार्य क्षेत्र में कई प्रकार के बदलाव देखने पड़ सकते हैं. दो ग्रहों की एक दूसरे पर दृष्टि के प्रभाव स्वरूप आप अपने क्षेत्र में अनुकूल फलों को प्राप्त करने में कुछ कमी का अनुभव कर सकते हैं. परंतु फिर भी कहीं-कहीं से कुछ सुधार की स्थिति बन ही जाएगी. सरकार की ओर से दबाव बढ़ सकता है और निजी क्षेत्र से जुड़े हुए कर्मचारियों द्वारा भी परेशानी हो सकती है. इस समय आपके उच्च अधिकारी आपके काम से कुछ असंतुष्ट रह सकते हैं लेकिन इसका मतलब यह नहीं की वह आपकी काबिलियत से अनभिज्ञ हैं. बस परिस्थितियों के बनने से कुछ असंतोष उभर सकता है.

दो ग्रहों की उच्च स्थिति के कारण व्यवसायिक लाभ बाधित होकर प्राप्त हो सकेंगे. आलस्य का भाव आपके कामकाज पर असर डाल सकता है. ऋण प्राप्ति से धन संबंधी योजनाएं पूरी होगी. शेयर बाजार में विनियोजन करने से धन प्राप्ति के योग बन रहे है. व्यवसायिक कार्यो के लिये विदेश गमन आपके लिए अनुकुल रहेगा. अपनी प्रतिष्ठा को बचाये रखने के लिये आपको योजनाबद्ध तरीके से काम करना होगा. व्यवसाय में बदलाव का विचार बना सकते है. प्रयास करते रहने से कार्य पूर्ण हो सकते हैं लेकिन संघर्ष अधिक करना पड सकता है.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

अभी तक जो भी परेशानियां आपकी नौकरी में बनी हुई थीं उन पर इस समय विराम लग सकता है. तिमाही के आरंभ में आप अपने काम के सिलसिले में ट्रैवल भी कर सकते हैं. आपको इस समय विदेश जाने के मौके भी मिल सकते हैं पर हो सकता है कि यह अधिक प्रभावी न बन सकें लेकिन अवसरों की प्राप्ति तो बन ही सकती है. आपके कुछ सहकर्मी आपके रास्ते में रोड़े अटकाने की कोशिश में लग सकते हैं.

तिमाही मध्य भाग के बाद का समय आप अपने कार्यक्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाले होंगे. आप इस अवधि के दौरान अपने साझेदारों के साथ भी काम को बढ़ाने का विचार रख सकते हैं. जिस कारण आपकी मेहनत में भी इजाफा होगा. कोई नई नौकरी को ज्वाईन करने के लिए आप तैयार रह सकते है.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

तिमाही की शुरूआत में काम में तेजी बनी रहेगी. आपके पास काम की अधिकता होगी और समय-समय पर आप अपनी सोच में बदलाव कर सकते हैं. कर्म भाव पर ग्रहों की दृष्टि अस्थिरता को दिखाती है बदलाव होने की संभावना बनी हुई है. इस समय गुस्से में अधिक फैसले न लें शांत रहकर समस्याओं का सामना करेगे तो बेहतर होगा.

कारोबार में तेजी आने वाली है, साझेदारी में काम फायदा दे सकता है पर आपको शेयर मार्केट में निवेश करने से पहले से पूरी तरह से मार्किट के बारे में रिसर्च कर लेना चाहिए तभी आगे बढें. नौकरी में कुछ प्रतिद्वंदियों के कारण रुकावट अथवा परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है. आपको दूसरों के लिये भी काम करना पड़ सकता है. विदेशों में होने वाले व्यापार में तेजी बनी रहेगी, किसी बिजनेस टूर पर भी जा सकते हैं. कारोबारियों को चाहिए कि वह अपनी व्यसायिक यात्रा को करने से पहले सारे पहलुओं पर विचार करें और मुनाफे के बारे में सोच लें कि यात्रा आपके लिए लाभकारी है या नही.

2014 कर्क राशिफल - हैल्थ और फिटनेस

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

कर्क राशि वालों को इस तिमाही अपने स्वास्थ्य पर पूर्ण ध्यान देने की आवश्यक्ता है. इस समय पाप ग्रहों के प्रभाव स्वरूप आपको स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है. कोई न कोई वजह आपकी सेहत पर प्रभाव डालने की कोशिश कर सकती है. इस अवधि के दौरान आपकी मानसिक चिंताओं में भी वृद्धि हो सकती है. आप का सुख प्रभावित हो सकता है.

मन में बेचैनी की स्थिति उत्पन्न होने के कारण आप व्याकुल से रह सकते हैं. व्यर्थ की परेशानी से आप स्वयं को दूर ही रखे तो अच्छा होगा. हृदय से संबंधित रोगों से प्रभावित व्यक्तियों को इस समय अपना विशेष ध्यान रखना चाहिए. समय-समय पर आपको डाक्टरी चेकअप कराते रहना चाहिए. मानसिक तनाव से मुक्ति के लिए आपको मेडिटेशन का सहारा लेना चाहिए जिससे आप स्वयं को शांत और स्थिरता दे सकेंगे.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

इस तिमाही के दौरान कर्क राशि के जातकों का स्वास्थ्य सामान्य ही बना रहेगा. इस अवधि में आपको अपनी सेहत का ध्यान रखने के लिए विशेष आहार योजना अपनानी चाहिए. मौसम में बदलाव की वजह से भी आप की सेहत प्रभावित हो सकती है. इस अवधि के दौरान आपको अपनी माताजी की भी देखरेख करने की आवश्यकता है आपको चाहिए कि उनका पूरा ख्याल रखें और स्वास्थ्य के प्रति सजग बने रहें.

सुख स्थान पर पाप ग्रहों का गोचर माता के स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है. आपको इस तिमाही के दौरान कुछ तनाव की स्थिति बनी रह सकती है जिस कारण आपका मन अशांत रह सकता है इसलिए आपको चाहिए कि आप स्वयं को अधिक तनाव में न रखें और स्वयं को शांत रखने के लिए योग जैसी क्रियाओं का सहारा लें. अपने मन को आध्यात्मिक दृष्टकोण प्रदान करें जिससे आप सकारात्मकता की ओर अग्रसर होंगे और अपने भीतर ऊर्जा का प्रवाह पाएंगे.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से यह समय सेहत में सुधार का हो सकता है. लम्बे समय से चली आ रही तकलीफ में अब कमी आ सकती है और राहत मिल सकती है. हालांकि तिमाही का आरंभ स्वास्थ्य में गिरावट के संकेत दे रहा है अथवा रोग की संभावना को भी दिखाता है.

तिमाही मध्य के बाद से आपको अपनी सेहत में सुधार दिखाई देगा, लेकिन सेहत को नजरअंदाज न करें क्योंकि आपके द्वारा की गई लापरवाही आपको रोग की गिरफ्त में ले जा सकती है. इस समय बच्चों को गर्म-सर्द होने से बचाने की आवश्यकता होगी और उनके खान-पान का भी विशेष ख्याल रखने की आवश्यकता है.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

कर्क राशि के जातकों के लिए यह समय मिश्रित फल देने वाला रह सकता है. तिमाही के प्रथम भाग में आपको शारीरिक दुर्बलता का अनुभव हो सकता है. इस समय आपको अपने काम की अधिकता की वजह से थकावट हो सकती है इसलिए अपने आराम का भी ख्याल रखें और अधिक दौड़-धूप से बचने का प्रयास करें. यदि इस समय आप बाहर का भोजन अधिक करते हैं तो आपको पेट में दर्द या बदहजमी की शिकायत हो सकती है.

तिमाही के आखिरी भाग में आपके स्वभाव में क्रोध की अधिकता बढ़ सकती है. जिस कारण आप मन से खिन्न रह सकते हैं. आपके पिता का स्वास्थ्य भी बाधित हो सकता है. शत्रुओं की चालें आपको मन से थका सकती हैं जिस कारण आप अपने स्तर का प्रदर्शन करने में रुकावट का अनुभव कर सकते हैं.

2014 कर्क राशिफल - प्रेम संबंध

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

प्रेम संबंधों के लिए यह तिमाही मिले जुले फल देने वाली रह सकती है. आपके प्रेम संबंधों में आपके छोटे भाई बहनों का दखल बढ़ सकता है. इसके साथ ही संबंधों में कुछ तकरार की स्थिति भी पनप सकती है. अपने गुस्से के कारण आप खुद के शत्रु बन सकते हैं इस कारण से आपको स्वयं को शांत रखना चाहिए और किसी भी प्रकार की जल्दबाजी से दूर रहना चाहिए.

इस समय हो सकता है कि आपके प्रेम संबंधों के बारे में लोगों को पता चल जाए जिस कारण आपकी परेशानियां बढ़ सकती हैं. तिमाही के मध्य भाग के दौरान आप अपने प्रेम संबंधों को विवाह में तब्दील करने की चाह रख सकते हैं.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

इस तिमाही का आरंभ प्रेम संबंधों के लिए ज्यादा अनुकूल नहीं रहेगा. आप दोनों ही एक-दूसरे से शिकायतें करते रह सकते हैं. इस अवधि के दौरान आप दोनों एक - दूसरे की भावनाओं को समझेने में अक्षम होंगे. एक दूसरे के विचारों से सहमत हो पाना आपके लिए कठिन हो सकता है. आपके प्रेम संबंधों की बात भी खटाई में पड़ सकती है. यदि आप इस समय किसी नए रिश्ते में बंधते हैं तो हो सकता है कि वह ज्यादा लम्बे न चलें क्योकि इस समय पंचमेश मंगल पीड़ित अवस्था में गोचर करेंगे.

प्रेम संबंधों के लिए तिमाही का अंतिम समय कुछ राहत देने वाला रह सकता है. प्रेम संबंधों में कुछ सुधार हो सकता है. आपको अपने प्रेम में कुछ स्थिरता का अनुभव हो सकेगा. किसी भी प्रकार की तकरार को यह समय निपटाने वाला रह सकता है. आपको अपने प्रेमी से कुछ उपहार भी प्राप्त हो सकता है.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

प्रेम संबंधों के लिए समय अनुकूल नहीं कहा जा सकता, इस समय आपको कई प्रकार की खिंचतान से जूझना पड़ सकता है. आपके प्रेम संबंधों में दूसरों की दखलंदाजी भी बढ़ सकती है, इस कारण से आपके रिश्ते में भी कुछ तनातनी बढ़ सकती है लेकिन यदि आप समझदारी का परिचय देते हैं तब यह स्थिति को नियंत्रित किया जा सकता है और तालमेल भी बिठाया जा सकता है.

इस समय आपको अपने संबंधों की गंभीरता को समझते हुए सही निर्णय का विचार रखना चाहिए. आपको किसी न किसी प्रकार से इस समय शांत रहकर अनुकूल समय की प्रतिक्षा करनी चाहिए क्योंकि स्थिति में बदलाव अवश्य होगा.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही में आपको प्रेम संबंधों में कुछ अच्छे पल एक साथ बिताने के लिए मिल सकते हैं, पर आप में इस समय गुस्सा भी अधिक रह सकता है इसलिए कोई छोटी सी बात भी आपको अपने साथी के साथ विवाद में उलझा सकती है. गुरू की दृष्टि का प्रभाव होने पर आपके संबंधों में स्थिरता बनी रह सकती है.

इस तिमाही में आप नए प्रेम संबंधों में भी बंध सकते हैं और आपके मन में रोमांस और प्रेम की अनुभूति भी जागृत हो सकती है. आपके प्यार को विवाह की स्वीकृति भी मिल सकती है इसलिए आपको अपने को सहज बनाते हुए अनुकूल समय का इंतजार करना चाहिए.

2014 कर्क राशिफल - विद्यार्थी

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

विद्यार्थियों के लिए तिमाही अनुकूल फल देने में कमी कर सकती है. तिमाही के आरंभ में आप खेलकूद जैसी अतिरिक्त गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं. आप ऊर्जा और उत्साह से भरे रहेंगे और अपनी मेहनत में भी अग्रणीय रहेंगे लेकिन आपको उनका अनुकूल फल मिलने में देरी हो सकती है ऎसे में निराश न हों.

मध्य माह के बाद के समय आपको कुछ अप्रत्याशित परिणाम मिल सकते हैं. यह समय थोड़ा विपरीत हो सकता है. तिमाही मध्य के दौरान आपका मन भटक सकता है और आप अपने लक्ष्यों से भी दूर जा सकते हैं.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

शिक्षा के क्षेत्र में इस समय आपको परेशानियों को झेलना पड़ सकता है. आपका पढाई की ओर अधिक ध्यान नहीं लग पाएगा. आप अपनी शिक्षा की ओर ज्यादा एकाग्रचित नहीं रह पाएंगे. आपको अपनी सफलता को पाने में अधिक प्रयास करने पडेंगे कुछ न कुछ दिक्कतें बनी रह सकती हैं. इस तिमाही अवधि में लगातार मेहनत करते रहने से भाग्य की बाधाओं में भी कमी होगी.

व्यर्थ की बातों में ध्यान देने के स्थान पर अपनी पढाई की ओर ध्यान लगाना होगा. इस अवधि में आपकी जिम्मेदारियों में इजाफा होगा और कार्यो का बोझ भी बढ सकता है. इसलिए आप अपने लक्ष्य से भ्रमित भी हो सकते हैं. अपनी शिक्षा के लिए आप विदेश जाने के लिए तिमाही के अंत समय पर ही प्रयास करें तो बेहतर होगा.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

शिक्षा के क्षेत्र में आपको कडी मेहनत करने की आवश्यकता रहेगी. इस समय आपको अपने प्रयासों में तेजी करने की जरूरत है. आप किसी भी प्रकार से अपने ध्यान को भटकने न दें क्योंकि ग्रहों की स्थिति के कारण आपका मन पढाई की ओर से दूर रह सकता है.

आप अपना मन व्यर्थ की बातों पर नहीं लगाएं अन्यथा आपकी शिक्षा में कुछ न कुछ अवरोध उत्पन्न होते रहेंगे. शिक्षा पर भी कुछ धन खर्च हो सकता है, छात्रों की पढाई में पैसों की किल्लत सामने आ सकती है.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

यह समय शिक्षा के लिए पहले से अधिक अनुकूल रह सकता है. अभी तक पढाई में जो भी कमी रही है वह अब दूर हो सकती है यदि आपने अपनी शिक्षा में लापरवाही नहीं बरती हो तो आपको इस समय अच्छे फल प्राप्त हो सकते हैं.

जो छात्र कालेज की शिक्षा से जुड़े हैं उनकी राजनीतिक विषयों में दिलचस्पी बढ़ सकती है. आप यदि किसी प्रतियोगिता में भाग ले रहें हैं तो आपको सकारात्मक फल मिल सकेंगे. इस समय आप स्टेज संबंधी गतिविधियों में अच्छे प्रदर्शन कर सकते हैं. आपको चाहिए की आप अपने अध्यापकगण से कोई बैर न पालें उनके प्रति सम्मान बनाए रखें अन्यथा आपको इसका अच्छा खासा खामियाजा भुगतना पड़ सकता है.

2014 कर्क राशिफल - यात्रा

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

कर्क राशि के जातकों के लिए यह तिमाही यात्राओं में कुछ दिक्कतें देने वाली रह सकती है. इस समय के दौरान आप कम दूरी की यात्राओं में अधिक व्यस्त रह सकते हैं. अपने साथी के साथ भी आप कहीं घूमने जाने का कार्यक्रम बना सकते हैं.

पाप ग्रहों की दृष्टि के प्रभाव से आप अपनी यात्रा में कुछ असहज भी महसूस कर सकते हैं. गुरू की स्थिति के कारण कुछ लम्बी यात्राओं के संयोग भी बन सकते हैं. तिमाही के अंत में आप किसी अच्छे धार्मिक स्थलों या फिर बिना कीसी को बताए गुप्त यात्राओं पर भी जा सकते हैं.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

इस तिमाही आपको यात्रा करने के कई मौके प्राप्त होंगे. आपको तिमाही के आरंभ में अपनी यात्राओं में कुछ अधिक अच्छे परिणाम प्राप्त नही हो पाएंगे या किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए बारंबार यात्रा करनी पड़ सकती है. इस समय आप अपने कार्यक्षेत्र को आगे बढाने के लिए भी कुछ यात्राओं में लगे रह सकते हैं.

तिमाही के मध्य भाग में आप अपने आर्थिक क्षेत्र को मजबूत करने के लिए भी कोई जोड़ तोड़ कर सकते हैं. जिसके लिए आपको कहीं बाहर आना जाना पड़ सकता है. आयात निर्यात के कामों में भी आप विदेशों की यात्रा को कर सकते हैं. यात्रा में आपको कुछ परेशानियां भी उठानी पड़ सकती है.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही के दौरान आप विदेशों से संबंधित कामों के लिए यात्रा करने का विचार कर सकते हैं. इस स्थिति में आप अपने लिए कई महत्वपूर्ण बदलाव भी देख सकेंगे. कलावर्ग के लोग अपनी योग्यता का परिचय बाहर भी दिखाने में सफल होंगे.

तिमाही मध्य के दौरान आप अपने काम के सिलसिले में भी यात्राओं पर जा सकते हैं. मध्य भाग में आपकी यात्राएं स्थगित भी हो सकती हैं या कोई अड़चन आने की वजह से यात्रा में देरी हो सकती हैं. इस अवधि के दौरान आप अपने बच्चों के साथ भी कहीं छुट्टियों को बिताने के लिए जा सकते हैं.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

यात्रा के संदर्भ में अब का समय आपको अच्छे फल देने वाला हो सकता है. आपकी यात्राएं आपको नौकरी में भी प्रमोशन दिलाने में सहायक सिद्ध हो सकती हैं. आपके साझेदारों के साथ किए जाने वाले कामों में भी यह यात्राएं कई प्रकार से लाभकारी बनी रह सकती हैं. आपको इन सभी के साथ अपनी यात्रा में कुछ अन्य लोग व्यवधान उत्पन्न करने की कोशिश कर सकते हैं.

वरिष्ठ अधिकारियों या निचले तबके के लोगों से भी कुछ सुविधा हो सकती है. कहीं न कहीं जाने की तैयारियों में लगे रह सकते हैं. काम में होने वाली यात्राएं आपको अच्छा प्राफिट देने वाली हो सकती हैं. आपके साथी के काम से भी आपको लाभ मिल सकता है या आप उन्हीं के काम से बाहर जा सकते हैं.

2014 कर्क राशिफल - परिवार

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

कर्क राशि के जातकों की पारीवारिक स्थिति के लिए यह तिमाही मिश्रित फल देने वाली रह सकती है. तिमाही का आरंभ पारीवारिक सुख के नजरिए से ज्यादा अच्छा नही है. आपकी वाणी में कटुता का भाव रहने की संभावना बनती है. इस समय आपको मानसिक चिंता अधिक रह सकती है.

जीवन साथी के साथ भी कुछ मन मुटाव की स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं. इसलिए आपको चाहिए कि आप स्वयं पर नियंत्रण बनाए रखें और अपनी बुद्धि को भ्रमित न होने दें. घर में संपत्ति से संबंधित विवाद का भय बन सकता है. जमीन से जुड़े मसलों पर आपको कोर्ट इत्यादि के चक्कर भी लगाने पड़ सकते हैं. जाती तिमाही में कुछ सुधार की उम्मीद रख सकते हैं लेकिन बच्चों की ओर से कुछ चिन्ता हो सकती है. पिता-पुत्र में मतभेद हो सकते है.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

इस तिमाही में आप बिना कारण चिड़चिड़ापन महसूस कर सकते हैं. जरा - जरा सी बातों को आप तूल दे सकते हैं. आपको ऎसी बातों से बचना चाहिए. दाम्पत्य जीवन कुछ खास नहीं रहेगा और इस कारण आप दोनों के मध्य तनाव बढ़ सकता है. आप दोनों एक - दूसरे पर छोटी - छोटी बातों को लेकर छींटाकशी कर सकते हैं जिसका दुष्प्रभाव आपकी संतान पर पड़ सकता है. आपकी वाणी कठोर हो सकती है.

परिवार में जमीन आदि के मामलों को लेकर कुछ विवाद हो सकता है, जिसके कारण आपका घरेलू सुख बिलकुल ही खतम हो सकता है. वाद - विवाद को खतम करने में ही आपकी भलाई है अन्यथा आपको कोर्ट आदि के चक्कर काटने पड़ सकते हैं. माता का स्वास्थ्य चिन्ता का विषय बन सकता है. घर का विवाद तिमाही के अंत में कुछ शांत हो सकता है और आप अपने शत्रुओं पर नियंत्रण पाने में कामयाब हो सकते हैं.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

परिवार में मेहमानों का आगमन हो सकता है और चहल-पहल बनी रह सकती है. आपके जीवन साथी का झुकाव माता की ओर अधिक रह सकता है. सास बहु के संबंधों में प्रगाढ़ता बनी रहेगी. आपके भाई बहनों के साथ आपका प्रेम बना रहेगा और उनकी ओर से आपको कुछ तौहफे भी मिल सकते हैं. इस समय आपको अपनी माता के स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए उनकी उचित देखभाल करें और उन्हें मानसिक चिंता से दूर रखें.

संतान की ओर से आपको कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है, कहीं न कहीं दुविधा की स्थिति भी आपके लिए परेशानी का कारण बन सकती है. बच्चों को गलत संगत में जाने से रोकें अन्यथा दिक्कत उभर सकती है. इस समयावधि में आप कुछ धन को दान में भी देने का सोच सकते हैं आध्यात्मिक झुकाव के चलते आप धर्म कर्म के कामों में रूचि बनाए रखेंगे.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

साल की आखिरी तिमाही में कामों में वृद्धि हो सकती है आप अपने कार्यक्षेत्र से जुड़ी समस्याएं अपने घर तक भी ला सकते हैं जिससे माहौल में कुछ गंभीरता आ सकती है. इस समय आप अपने और दूसरों के लिए कुछ अच्छी वस्तुओं का क्रय भी कर सकते हैं. वाहन इत्यादि की खरीद करने की कोशिश भी आपके मन में बलवती हो सकती है. घर पर विवाह इत्यादि शुभ कार्यक्रम आयोजित हो सकते हैं.

आपके जीवन साथी के साथ आपका तारतम्य अच्छा बना रहेगा. आप उनके प्रेम की प्राप्ति में सफल रहेंगे और जीवन की सुगमता से स्वयं को आगे तक ले जाने में सफल होंगे. इस तिमाही में आपके घर में समारोह अथवा उत्सवों को मनाए जाने का आयोजन किया जा सकता है. सगे संबंधियों से मुलाकाते होंगी व पुराने दोस्तों को मिलने के भी मौके मिलेंगे. कुछ अजनबियों से दोस्ती आगे तक जा सकती है.

2014 में कर्क राशि के लिए उपाय

इस वर्ष आपको नियमित रुप से हनुमान चालीसा का पाठ सात बार संध्या समय में प्रतिदिन करना चाहिए. इसके साथ ही आप हर शनिवार संध्या समय में सरसों के तेल का दीपक जलाएं और पीपल के वृक्ष की परिक्रमा सात बार करें. एक बात का ध्यान यह रहे कि दीया व तेल शनिवार को खरीदना नहीं है. पहले से ही लेकर रखें. जब आप दीया जलाएं तब एक बात यह ध्यान रहे कि आप सूर्यास्त होने के बाद और अंधेरा होने से पहले दीपक जला लें.

astrobix.com

सिंह

वैदिक ज्योतिष – चंद्र राशि आधारित

घर, कैरियर, शिक्षा या अन्य कोई बात, सभी के लिए

सिंह राशि की विशेषताएं

सिंह राशि भचक्र की पांचवीं राशि है, इस राशि का विस्तार 120 अंशों से 150 अंशों तक का होता है. इस राशि के अन्तर्गत मघा नक्षत्र के चारों चरण, पूर्वाफ़ाल्गुनी के चारों चरण और उत्तराफ़ाल्गुनी का पहला चरण आता है. यह पूर्व दिशा की द्योतक है व स्थिर राशि है. सिंह राशि एक अग्नि तत्व राशि है इसका स्वामी सूर्य है. इस राशि के प्रभाव स्वरूप आपका स्वभाव उग्र हो सकता है और आप मनमर्जी के कार्यों को करने वाले हो सकते हैं. आप ऊर्जावान व्यक्ति हो सकते हैं. आपकी शालीनता और रौब सभी को आकर्षित करने वाला होता है. सिंह राशि के होने से आप दूसरों पर अपनी छाप छोड़ने में सफल रहते हैं.

आप रचनात्मक व बहिर्मुखी प्रतिभा के धनी होते हैं. आपको स्वयं पर विश्वास होता है तथा आपके जादुई व्यक्तित्व के कारण आपके विरोधियों की संख्या भी कम ही होती है. आपको स्थिरता पसंद होती है इसलिए आप एक ही स्थान पर रहना अधिक पसंद करते हैं यदि आपको स्थान परिवर्तन करना भी पड़े तो आप परिस्थितिवश ही करते हैं. आप दृढ़ निश्चयी, जोशीले और स्वभाव से उत्साही व्यक्ति होते हैं तथा जो निर्णय लेते हैं उस पर अडिग रहने की कोशिश करते हैं. आप उदार हृदय के वफादार व्यक्ति होते हैं.

आप एक उदार और सहायक व्यक्ति के रूप में सामने आते हैं, आप एक वफादार व्यक्ति बनते हैं जो आत्मिक रूप से दूसरों के साथ जुड़ सकता है. आप अपने मित्रों कि सहायता के लिए सदैव तत्पर रहते हैं. आप अपनी जरूरतों को दरकिनार करते हुए दूसरों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहते हैं. आप एक ऎसे साथी की चाह रखते हैं जो आपको स्वछंद रहने दे और आपकी प्रगति में सहायक बन सके. आप साहसी, बली और आत्मविश्वास से पूर्ण होते हैं तथा अपनी क्षमताओं से परे जाकर अपने काम को आगे तक ले जाने की कोशिश करते हैं.

वैसे तो आपके भीतर बहुत सी विशेषताएं होती हैं जो आपको अन्य राशियों से अलग बनाती हैं लेकिन आपके भीतर कुछ कमियाँ भी मौजूद होती हैं. सिंह राशि भचक्र की राजसी राशि मानी जाती है और इस राशि का स्वामी सूर्य सभी ग्रहों में राजा माना गया है. इसलिए आपके भीतर हर जगह सर्वोपरि रहने की आदत पाई जाती है. आपको स्वतंत्र व स्वच्छंद रहने की आदत होती है और इसलिए आप कुछ जिद्दी, घमंडी तथा अहंकारी होते हैं. आपके भीतर लचीलेपन का अभाव पाया जाता है. कुछ बातों में आप में आलस्य भी देखा जा सकता है और आप हर किसी से बात करना अपनी शान के खिलाफ समझते हैं और आत्मकेन्द्रित रहते हैं. आप वास्तविकता से मुँह मोड़कर चलते हैं और मुश्किलों से सामना करना अरुचिकर लगता है.

सिंह राशि के लिए उपयुक्त कैरियर

सिंह राशि वालों के लिए उपयुक्त व्यवसाय सरकारी अधिकारी, वैज्ञानिक, वकील, प्रोफेसर, इंजीनियर, व्यापार और संस्था के प्रमुख के रूप में और दवाओं से संबंधित हो सकता है. आप दार्शनिक व्यक्ति होते हैं, साहित्य और ललित कला के प्रति विशेष रूचि रखते हैं. आपको कलाकृतियों के संग्रह का शौक रहता है. सिंह राशि के व्यक्ति क्रिकेट खेलना पसन्द करते हैं, आप मिलनसार होते है इसलिए जल्द ही लोगों में घुलमिल जाते है अत: ऎसे कार्यों को करने में भी कुशल रह सकते हैं जिनमें लोक कल्याण की भावनाएं निहीत हों. आप को संगीत में रुचि रहती है तथा घर की साज सज्जा करना आपको पसंद आता है इसलिए आप अच्छे डिजाइनर बन सकते हैं. सौन्दर्य का बनाव श्रृंगार करने वाले बन सकते है.

आप जिरह अच्छी कर लेते हैं अत: आप वकील बनने की योग्यता रखते है, आपमें न्याय करने की क्षमता होती है. इसलिये न्यायधीश भी बन सकते है, आप नियुक्ति अधिकारी बन सकते हैं, राजदूत व राजकीय सेवायें, डायरेक्टर, चेयरमैन, मंत्री जैसे उच्च पदों में नियुक्त हो सकते हैं. प्रशासनिक सेवाओं, दवा विक्रेता, डाक्टर, शेयर मार्केट, वन्य अधिकारी, भ्रमणशील कार्य, सोने की खाने, रेस कोर्स, स्टेडियम आदि के रखरखाव से जुड़ सकते हैं. आपमें नेतृत्व व संगठन के स्वाभाविक गुण होते हैं अत: आप संगठन के बड़े-बड़े कार्य, शालीनता व गरिमापूर्ण ढ़ग से करने में सक्षम होते हैं.

2014 सिंह राशिफल - पैसा और वित्तीय स्थिति

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

सिंह राशि के जातकों के लिए तिमाही का आरंभ आर्थिक रूप से कुछ संतोषजनक रह सकता है, आप को भूमि से धन की प्राप्ति हो सकती है, माता की ओर से भी पैसे प्राप्त हो सकते हैं व कुटुंब आपकी इस स्थिति में आपका सहायक बन सकता है. लेकिन कुछ समय के अंतराल में आप अपने घर के निर्माण इत्यादि कार्यों के लिए भी कुछ धन का व्यय कर सकते हैं. आपके काम में तिमाही माह के दौरान कुछ कमी होने से आपको आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है.

इस तिमाही के दौरान आपकी बचत में भी कमी हो सकती है. आप धन के निवेश के बारे में नहीं सोच पाएंगे और न चाहते हुए भी कोई न कोई वजह आर्थिक स्थिति पर भारी पड़ सकती है. इस तिमाही के आखिरी पड़ाव में आपको अपने जीवन साथी की ओर से धन की प्राप्ति हो सकती है. आय में वृद्धि होने से आपके साझेदारों का भी आपको कुछ सुख मिल सकेगा. इस स्थिति में किया गया कोई भी कार्य आपको अनुकूल परिणामों को दिलाने में सफल हो सकता है.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

यह तिमाही आपको मिले जुले फल देने वाली रह सकती है. इस समय पैसों से संबंधित परेशानियां सामने आ सकती हैं. आपको पैसों को जोड़ने में कुछ दिक्कत हो सकती है. आप अपना धन शेयर मार्किट या सट्टे इत्यादि में भी लगा सकते हैं. व्यवसायिक समझौते होने से शत्रुओं में कमी होगी. इस समय में आर्थिक लेन-देन बने रहेंगे. अचानक से लाभों में आने वाली कमी से कुछ समय के लिये आप निराश हो सकते हैं. आप अपनी आर्थिक स्थिति को लेकर पहले से अधिक सक्रिय होंगे. अपनी अतिरिक्त क्षमता का प्रयोग व्यवसायिक क्षेत्र में करेंगे.

बाजार के रिस्क का ध्यान रखें किसी माध्यम से आपका पैसा खो सकता है या कोई जोखिम भरा निवेश करने से संकट उपन्न हो सकता है. आप इस समय उधार देने की आदत न पालें क्योंकि आपको भी अपने काम में पैसों की जरूरत रहेगी, पर फिर भी पैसों की सुरक्षा को लेकर ज्यादा परेशान न हों धन भाव में शुभ ग्रहों का गोचर होने के कारण आपकी इनकम में इजाफा होगा और आप कुछ बचत भी कर सकेंगे. माह अन्त तक समय के अनुकूल होने से आपको आर्थिक राहत मिल सकती है. .

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही में खर्चों की अधिकता पुन: बनी रह सकती है क्योकि आप कुछ वस्तुओं की खरीद-फरोख्त में स्वयं को व्यस्त रख सकते हैं. घर की साज-सज्जा पर भी आप कुछ धन व्यय कर सकते हैं. आपको इस समय कुछ ऋण इत्यादि भी लेना पड़ सकता है. अपनी आर्थिक स्थिति को स्थिरता देने के लिए आपको चाहिए कि आप अपने अनावश्यक खर्चों पर रोक लगाएं तथा किसी भी प्रकार की योजना में निवेश करने से पूर्व अच्छी प्रकार से सोच विचार कर लें. कार्यक्षेत्र में आपके अच्छे प्रयासों से आप धन लाभ करने में सक्षम हो सकते हैं.

तिमाही मध्य के बाद के समय में आप किसी धार्मिक कार्य में खर्चे कर सकते हैं. परिवार के सदस्यों और अन्य लोगों के हित में भी आप खर्च करेंगे लेकिन साथ ही आप बचत की कोशिश में भी लगे रह सकते हैं. आपको धन बचत का लाभ मिलेगा व पैतृक संपति से भी कुछ अच्छे लाभ मिल सकते हैं. यह समय आपको पैसों के मामले में अच्छे समाचार दे सकता है, आर्थिक मामले के लिए यह समय अनुकूल रह सकता है. अपने काम में आप अच्छा करके आर्थिक स्थिति को मजबूत करेंगे. आमदनी के स्रोतों में बढ़ोत्तरी होगी. धन स्थान का स्वामी अचानक सम्पत्ति दिलाने के भी योग बना सकता है.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

यह तिमाही पैसे और वित्त संबंधी मामलों में आपको संतुष्टि देने में सहायक रहने वाली कही जा सकती है. तिमाही के आरंभ में आपको विलास की वस्तुओं की प्राप्ति हो सकती है. आपको कुछ बोनस इत्यादि भी मिल सकता है. आप अपने कामों में आगे बढ़ते हुए खूब सारा पैसा और सम्मान पाने वाले हैं. आपको इस समय अपने भाई-बहनों की मदद करनी पड़ सकती है इसलिए हिचकिचाएं नहीं और खुले दिल के साथ दूसरों की मदद करने से आपकी रुकावटें दूर होंगी और आपका भाग्य भी आपका साथ देगा. परिवार में होने वाले कार्यक्रमों में भी आपका कुछ धन व्यय हो सकता है लेकिन आप उसकी पूर्ति करने में सफल रहेंगे.

आप अपना कुछ धन नए कामों को शुरू करने में भी लगा सकते हैं जो आने वाले समय में आपके लिए मददगार भी हो सकता है. तीसरे सत्र में आर्थिक कार्यों में वाद- विवाद की स्थिति बनते काम बिगाड सकती है. इसलिए शांत रहें और सही समय का इंतजार करें. माता की ओर से धन की प्राप्ति हो सकती है व आप अपनी मेहनत द्वारा भी धन की प्राप्ति में सफल रह सकते हैं. आपको अपने काम से कुछ यात्राएं भी करनी पड़ सकती हैं जिनमें आपको लाभ मिल सकता है.

2014 सिंह राशिफल - कैरियर और प्रोफेशन

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

सिंह राशि वालों के लिए यह तिमाही काम के क्षेत्र में अनुकूल फल देने में सक्षम हो सकती है. आपके आमदनी के नए रास्ते भी खुल सकते हैं और आप अपने काम में अच्छे स्तर का प्रदर्शन करने में सफल रह सकते हैं. आपकी नौकरी या बिजनेस में रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं. इससे धन लाभ के योग बन रहे है. कुछ समय के लिए कारोबार में बदलाव आ सकता है और इसके लिए यात्राएं भी कर सकते हैं. आपके कुछ कामों में मित्र आपकी मदद कर सकते हैं. आपके सहयोगी और उच्चाधिकारी भी आपके साथ सहयोग बनाये रखेंगे.

आपके सामने इस समय संघर्ष के अवसर भी आ सकते हैं, जब आपको अपना हुनर दिखाना पडेगा इसलिए तैयार रहें और अपने काम में निपुणता लाएं. नेतृत्व के गुण से आप अपने लाभों में वृद्धि करने में सफल रहेगें. इस समय में आप अपने लोगों में और उनके साथ अपने मजबूत संबंधों में बढोतरी कर सकते है. तिमाही के अंतिम समय में आपके काम में कुछ परेशानियां आ सकती हैं आपके शत्रु आप पर हावी होने की कोशिश कर सकते हैं. आपके व्यवसाय में भी प्रतिस्पर्धा की दौड़ बढ़ सकती है. आप अपना बिजनेस करते हैं तब उसमें अत्यधिक प्रयास व परिश्रम करना पड़ सकता है और प्रतिदिन आपकी भागदौड़ बढ़ती रहने की संभावना बनती है. प्रतिद्वंद्वी आप पर हावी होने का प्रयास करेंगे लेकिन तिमाही के दूसरे भाग से आप सभी को पछाड़ने में सफल रह सकते हैं.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

इस तिमाही के आरंभ में आपको अपने काम में कई प्रकार के साझेदारों से मिलना पड़ सकता है और यह साझेदार आपके कार्यक्षेत्र में आपके लिए मददगार सिद्ध हो सकते हैं. आप नए काम का विचार भी मन में ला सकते हैं. इस समय आपको प्रयास अधिक करने पडेंगे जिस कारण आप मन से थकान का अनुभव भी कर सकते हैं लेकिन यदि आपको अपने क्षेत्र में आगे तक बढ़ना है तो आपको प्रयासों में कमी नहीं करनी चाहिए. यदि आप नौकरी करते हैं तब तिमाही के मध्य में आपकी नौकरी में बदलाव की स्थिति उभर सकती है अर्थात आपके मन में नौकरी में बदलाव की इच्छा आ सकती है.

आप स्वयं का व्यवसाय करते हों या नौकरी कर रहे हों, इस अवधि के दौरान आपको निराशा से बचना चाहिए जिससे कि आपके मन में हार का भाव न आने पाए. जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि आप हार मानकर बैठ जाएँ. तिमाही के अंतिम भाग में बुद्धि की भ्रामक स्थिति से आपके विचारों में उतार-चढाव बना रह सकता है. व्यापार के बड़े बड़े निर्णय लेने या नई प्लानिंग पर ध्यान देने के लिए यह जरूरी है कि आप पूरी जांच करके ही आगे बढ़ें. तिमाही के इस अंतिम पडाव में आपके कार्यों में भाग्य आपका सहायक बनेगा और भाग्योदय होगा. आपके व्यवसाय में आपको लाभ की प्राप्ति में कुछ वृद्धि मिल सकती है लेकिन कुछ सरकारी नीतियों के चलते समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं, इसलिए सतर्क रहकर आगे बढ़े.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही के दौरान आपको अपने कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का साथ मिलेगा. अभी तक जो हालात बने हुए थे उनसे कुछ राहत की उम्मीद दिखाई देती है. आपको काम के सिलसिले में विदेश जाने के मौके भी मिल सकते हैं या आप अपने काम को विस्तार देने की कोशिश में लगे रह सकते हैं. आप काफी मेहनत करके अपनी स्थिति को मजबूत बनाएंगे. अपनी कार्य-प्रणाली में आप कुछ बदलाव करने की चाह रख सकते हैं. नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है या बॉस से शाबाशी पा सकते हैं. तिमाही मध्य में काम में कुछ कमी दिखाई दे सकती हैं और इस समय आप अपने व्यवसाय को कहीं दूर जाकर करने का भी सोच सकते हैं.

तिमाही के आखिर में आपको नए काम मिल सकते हैं या आप कुछ नए सौदे कर सकते हैं. आप कई बडे कामों में सफलता पा सकेंगे, लेकिन यदि आप भूमि संबंधी कामों से जुड़े हैं तब इन मामलों में कुछ देर सवेर हो सकती है पर मुनाफा अच्छा मिलने की संभावना बनती है. व्यवसाय से संबंधित काम में किसी को उधार देते समय सोच समझ लें, ज्यादा भरोसा करने से धन हानि के योग बनते हैं. माह के अंत में आपके निर्णयों में दूरदर्शिता में कमी हो सकती है लेकिन साहस व जोश बने रहने के कारण व्यवसायिक बाधाओं में कमी रहेगी.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही में आपको काम के क्षेत्र में ज्यादा सुनहरे अवसर मिल सकते हैं. आप अपनी पहले की गलतियों से सीख लेते हुए अपने काम को आगे तक ले जाने में सफल रहेंगे. आप अब अपने कार्यक्षेत्र में कुछ कूटनीतिक चालों को चल सकते हैं क्योंकि ऎसा करना विरोधियों को दबाने के लिए आप उचित भी समझेंगे. इस समय आपके द्वारा लिए हुए निर्णय आपको सफल बनाने में काफी सहायक सिद्ध हो सकते हैं. आपकी नौकरी में आपको उच्चपद की प्राप्ति भी हो सकती है और आपके अधिकारियों का भी आपको अच्छा समर्थन मिल सकता है.

यदि आप अपने पारीवारिक व्यवसाय में अपने ही संबंधियों अथवा भाई-बहनों के साथ संयुक्त रुप से काम करते हैं तब साझेदारों के साथ मिलकर अच्छा लाभ कमाने में सफल तो रहेंगे लेकिन इस लाभ को लेकर आपस में बहस हो सकती है और लाभ का श्रेय हर कोई लेने की होड़ में लगा रह सकता है. इससे साझेदारी के इस संयुक्त उद्यम में दरार की एक महीन लकीर उभर सकती है. इस पारीवारिक व्यवसाय में आपको अपने जीवन साथी का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा और अपनी चालों से स्थिति को संभालने में कामयाब हो सकते हैं परंतु फिर भी आपको अपने कामों में सोच विचार करते हुए ही आगे बढ़ना चाहिए. किसी भी कागजात को बिना देखे पढे हस्ताक्षर न करें.

2014 सिंह राशिफल - हैल्थ और फिटनेस

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

स्वास्थ्य की दृष्टि से यह तिमाही आपके लिए सामान्य ही रहेगी लेकिन आपको अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता होगी. इस समय दाएं कंधे में दर्द की शिकायत बनी रह सकती है, आप इसे लापरवाही में ना लेकर ध्यान दें अन्यथा जरा सा दर्द विकट हो सकता है. इस समय आपके भाई बहनों का स्वास्थ्य भी प्रभावित रह सकता है और उनके कारण भी आपको अस्पताल के चक्कर काटने पड़ सकते हैं.

स्वास्थ्य के संदर्भ में स्थिति जितनी खराब आपको नजर आएगी उतनी खराब होगी नहीं क्योंकि गुरू का प्रभाव आपके स्वास्थ्य की सुरक्षा करने में सहायक बनेगा. स्वास्थ्य को अनुकूल रखने के लिये आपको भाग-दौड़ में कमी कर स्वयं को चिन्ता मुक्त रखने का प्रयास करना हितकारी सिद्ध होगा.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

इस तिमाही का आरंभ सेहत के लिए कुछ परेशानी देने वाला रह सकता है. आपके स्वभाव में चिड़चिड़ापन बढ़ सकता है और क्रोध की अधिकता हो सकती है. इसलिए आपको इस बात का विशेष ख्याल रखने की आवश्यकता है कि आप इस समय अधिक तनाव न लें. जिन्हें हड्डियों से जुड़े विकार हैं उन्हें इस तिमाही में खास ख्याल रखने की आवश्यकता है.

किन्हीं कारणों से पेट में दर्द की शिकायत हो सकती है. जिन लोगों को बवासीर की शिकायत रहती है उन्हें अपने खानपान पर नियंत्रण रखना होगा और शुद्ध व सात्विक भोजन करना होगा. तिमाही के अंत समय में आपकी भागदौड़ बढ़ने से शारीरिक थकावट बढ़ सकती है. आपका तंत्रिका तंत्र प्रभावित हो सकता है और मूत्र संबंधी संक्रमण होने की संभावना भी बढ़ सकती है, इसलिए हर लिहाज से अपना ख्याल रखें.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही के दौरान भी आपको पेट में गर्मी की शिकायत रह सकती है जिस कारण मुंह में छाले हो सकते हैं. कील मुंहांसे बढ़ सकते हैं इसलिए हो सके तो ठंडे पानी से चेहरे को समय-समय पर साफ करते रहें. इस तिमाही में लड़कों को वाहन को सावधानी से चलाना चाहिए और किसी भी प्रकार के स्टंट इत्यादि से दूर रहना चाहिए. दोस्तों के बहकावें में आकर वाहन से किसी तरह का जोखिम ना लें.

मौसम में बदलाव से भी आपकी हेल्थ प्रभावित हो सकती है. जिन लोगों को शुगर की परेशानी है उन्हें इस समय अपनी पूर्ण देखभाल करनी चाहिए. साथ ही पेट में गैस इत्यादि से बचाव के लिए आपको गरिष्ठ भोजन से परहेज करने की कोशिश करनी चाहिए ताकि कील-मुँहासे अथवा मुँह के छालों से बचाव हो सके. बाहर के भोजन की बजाय घर के भोजन का उपयोग करें ऐसा करने से आपकी सेहत अनुकूल बनी रह सकती है.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

तिमाही का आरंभ आपको सिरदर्द की शिकायत दे सकता है. जिन लोगों को माईग्रेन की समस्या रहती है उनकी तकलीफ में इस समय इजाफा हो सकता है. कोई भी दवाई बिना डाक्टर के परामर्श के नहीं लें.

अपने स्वास्थ्य को अनुकूल रखने के लिये आपको भाग-दौड़ में कमी कर स्वयं को चिन्ता मुक्त रखने का प्रयास करना हितकारी रहेगा. स्वास्थ्य को सबसे ज्यादा खतरा फूड पाइजनिंग के कारण हो सकता है. आपको अपने खाने में ताजे फलों और सब्जियों का उपयोग करना चाहिए और अधिक से अधिक ताजे फलों का रस व पानी का सेवन करना चाहिए.

विशेष

इस वर्ष स्वास्थ्य समस्याओं से मुक्ति हेतु आपके लिए सूर्य के मंत्रों का जाप करना हितकारी रहेगा.

सूर्य मंत्र

ऊँ घृणि सूर्याय नमः

अथवा

ऊँ ह्राँ ह्रीं ह्रौं स: सूर्याय नम:

इन दोनों में से किसी भी एक मंत्र का जाप आपको सुबह के समय करना चाहिए.

2014 सिंह राशिफल - प्रेम संबंध

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

प्रेम संबंधों के लिए आने वाला यह समय कई प्रकार की स्थितियों को देने वाला है इस स्थिति में आप प्रेम संबंधों में विचारशील बने रहेंगे. आप किसी के प्रेम पाश में बंधे रहने की चाह रखना चाहेंगे. शनि के प्रभाव से आप कुछ तकरार में भी फंस सकते हैं. आपके संबंधों में वैचारिक मतभेद उभर सकते हैं तथा कुछ न कुछ अलगाव की स्थिति उभरकर सामने आ सकती है.

तिमाही मध्य से आपके रिश्तों में झगडे बढ़ सकते हैं. इस स्थिति के कारण आपका मन बहुत परेशान रह सकता है. आपके परिवार की ओर से भी आप पर दबाव बढ़ सकता है इसलिए आप अभी किसी भी संबंध को आगे तक ले जाने के पक्ष से सहमत नहीं होंगे.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

आप अपने प्रेम संबंधों पर चुप्पी साधे रह सकते हैं लेकिन इस समय आप किसी भी प्रकार के गलत संबंधों को उभरने मत दें अन्यथा आपको कोई न कोई दिक्कत या लांछन सहना पड़ सकता है. इस समय आप अपने प्यार से नाराज हो सकते हैं या कोई छोटे-मोटे मनमुटाव हो सकते हैं.

आपको चाहिए कि आप कुछ मामलों में जरूरत से ज्यादा जिद न करें तो अच्छा होगा वर्ना रिश्तों में कुछ कमी आ सकती है. इस समय आपको अपने साथी के साथ घूमने फिरने के कई मौके मिल सकते हैं. दोस्तों के बीच आपकी लोकप्रियता भी बढ़ेगी, मित्रता प्यार में बदल सकती है. प्यार और नए रिश्ते बनाने के लिहाज से तिमाही का अंत समय काफी अच्छा रह सकता है.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

यह तिमाही प्रेम संबंधों के दृष्टिकोण से मिश्रित फल देने वाली रह सकती है. यहां आपके संबंधों में किसी बाहरी व्यक्ति की सहभागिता बढ़ सकती है. आपका मन भी अपने रिश्ते से उचाट हो सकता है अथवा प्रेमी से दूर जा सकते हैं, पर यदि दूसरा पहलू देखा जाए तो आप प्रेमी के साथ ही कहीं जाने की योजना भी बना सकते हैं.

आपके रिश्ते में आपकी भागीदारी बनी रहेगी, जो इस समय विवाह के बारे में सोच रहे हैं वह गैर परंपरागत रूप से इस संबंधों में बंध सकते हैं. संबंधों में वृद्धि रहेगी परन्तु बाद के दिनों में कुछ कड़वाहट उत्पन्न हो सकती है. आपका साथी अकारण किसी के कहने में आकर आपके प्रेम पर अंगुली उठा सकता है. तिमाही के अंत तक परेशानियाँ बढ़ सकती है. एक - दूसरे से शिकायतें करते रह सकते हैं. नए संबंधों के लिए तिमाही का आरंभ अनुकूल नही है परन्तु तिमाही का अंतिम समय अनुकूल दिखाई पड़ता है.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

प्रेम संबंधों के लिए यह तिमाही आपको असंतोषजनक परिणाम देने वाली रह सकती है क्योंकि किन्हीं कारणों से आपका प्रेमी आपसे दूर जा सकता है, इससे आप सदा उदासी का अनुभव कर सकते हैं. दूर जाने पर साथी के अत्यधिक व्यस्त रहने से आपको कष्ट होगा कि वह आपसे किसी भी तरह से समय नही दे पा रहा है. आपकी मेल अथवा मैसेज का जवाब ना देना भी आपके लिए कष्टकारी हो सकता है. लेकिन आपको बचपना ना दिखाकर परिस्थितियों को समझना चाहिए. आप इस समय प्रेम संबंधों को लेकर दिखावा भी कर सकते हैं जो उचित नही होगा. पूर्ण संतुष्ट न रहने से किसी अन्य की ओर भी आपका झुकाव बढ़ सकता है. प्रेमी की कमी खलने का अर्थ यह नहीं कि आप कहीं ओर जुड़ने का प्रयास करें, इससे आपको बाद में अत्यधिक पश्चात हो सकता है.

2014 सिंह राशिफल - विद्यार्थी

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

यह समय शिक्षा के लिए अनुकूल रह सकता है. साल की आरंभिक तिमाही में आपका मन पढाई की ओर लगा रहेगा. आप अपनी शिक्षा में मन लगाकर काम करेंगे और अपने प्रयासों में तेजी बनाए रखने की कोशिश करेंगे. इस समय आप अपनी पढाई में एकाग्रता बनाए रख सकते हैं. कला इत्यादि क्षेत्रों के प्रति आपका रूझान बढ़ सकता है. आपमें अपने कलात्मक गुणों को निखारने का भी मौका मिल सकता है.

परंतु कुछ समय के अंतराल पश्चात आपका शिक्षा पर से ध्यान कुछ कम हो सकता है अथवा स्वास्थ्य में कमी के कारण भी आप अपनी पढाई में कमी पा सकते हैं. तिमाही मध्य के बाद आपकी पढाई में भटकाव होने से ध्यान एकाग्रता में कमी आएगी और आपका मन किसी व्यर्थ की बातों में अधिक रम सकता है. जो विद्यार्थी अपनी प्रतियोगिताओं को पास करने में लगे हुए हैं उनके लिए समय उनका साथ दे सकता है.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

सिंह राशि के विद्यार्थियों के लिए आने वाला समय कुछ अधिक परिश्रम करने की ओर इशारा करता है क्योकि आपको अपनी शिक्षा के क्षेत्र में रूकावटों का सामना करना पड़ सकता है. नीच के बुध के साथ सूर्य की स्थिति आपकी बुद्धि और वाणी को प्रभावित करने वाली रह सकती है. आपको स्वयं पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है तभी आप अपनी स्थिति पर खरे उतर सकते हैं.

आप इस समय किसी विदेशी भाषा को सीखने का मन भी बना सकते हैं. तिमाही के मध्य भाग पश्चात कुछ राहत मिलने की संभावना बनती है, पर आपके मन में जो एक अनिश्चितता चल रही है उससे खुद को संभालने में अभी कुछ समय लग सकता है. आपको परिस्थितियों में बदलाव का अंदेशा रह सकता है.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

इस समय पर विद्यार्थियों को अपनी भाषा पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है. आपको व्यर्थ के क्रोध से बचना चाहिए तथा शांत रूप से सभी बातों को समझने की कोशिश करनी चाहिए अन्यथा आपकी पढाई प्रभावित हो सकती है. जो विद्यार्थी आने वाले सत्र में घर से दूर जाकर आगे की शिक्षा लेना चाहते हैं उनके लिए समय अनुकूल रह सकता है.

आपको इस बात का ध्यान रखना होगा की आप जहां भी जा रहे हैं उस संस्था के अपने नियम होंगे अत: ऎसी स्थिति में आपको अपने को स्थापित करने में कुछ समय लग सकता है और आप वहां असहज भी महसूस कर सकते हैं. इसके अतिरिक्त यदि आप विदेश जाकर आगे की पढाई करने की इच्छा रखते हैं तो आपको इस समय अनुकूल फल मिलने की संभावना बनती है. आप इस समय अपनी चालाकी को परे रखते हुए काम करेंगे तो आपके लिए अनुकूल रहेगा.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

वर्ष की आखिरी तिमाही के आते-आते विद्यार्थी वर्ग को राहत की प्राप्ति हो सकेगी. हालांकि आरंभ में कई प्रकार के विचार मन में चलते रह सकते हैं, आप स्वयं को स्थिरता देने में कमी कर सकते हैं क्योंकि आप स्वच्छंदता की चाह रखने वाले होते हैं और किसी तरह के नियम कानून को समझना आपके लिए कठिन हो सकता है. इसलिए आपको अपने स्वभाव में कुछ लचीलापन लाना चाहिए जिससे की आप स्वयं को ढालने में सफल रहें.

आने वाले समय में आप स्वयं को परिस्थितियों के अनुरूप स्थापित कर पाने में सफल रह सकेंगे. यहां आपको अपनी पढाई द्वारा सफलता और सम्मान की प्राप्ति हो सकेगी. आप अपने क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन कर पाने में सफल रह सकते हैं. इस समय जो कला से संबंधित शिक्षा ले रहे हैं उनके लिए अच्छे अवसर बन सकते हैं वह अपनी योग्यता को लोगों के समक्ष प्रभावशाली तरीके से दिखाने में सफल रह सकेंगे. आपकी छुपी हुई प्रतिभाएं इस समय प्रत्यक्ष हो सकती हैं.

2014 सिंह राशिफल - यात्रा

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

साल के आरंभ की तिमाही में यात्रा के योग अनुकूल नहीं दिखाई पड़ते. इस समय यात्राओं में आपको सफलता के मौके कम ही मिल सकते हैं. इस समय आपकी यात्रा अधिकतर शिक्षा के उद्देश्य की पूर्ति हेतु होने की संभावनाएं बनती है. आप किसी काम के सिलसिले में भी टूर पर जा सकते हैं, छोटी यात्राओं के योग ज्यादा बनते दिखाई दे रहे हैं.

आप अपने जीवन साथी के साथ कहीं दूर घूमने जाने का विचार कर सकते हैं साथी के साथ आप कुछ धार्मिक स्थलों पर जाकर भी भ्रमण कर सकते हैं पर जहां तक हो सके इस तिमाही के दौरान आपको अपनी यात्राओं पर रोक लगानी चाहिए जिससे कि आपको व्यर्थ की भागदौड़ न करनी पड़े क्योकि इस समय के ग्रहों की स्थिति के अनुरुप आपको यात्राओं से कष्ट अधिक होने की संभावना अधिक बनती है.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

इस तिमाही में आपकी यात्राओं को सामान्यत: संतोषप्रद कहा जा सकता है. इस समय के दौरान आप अपनी संतान के कार्यों हेतु कुछ यात्राएं कर सकते हैं तथा उनकी शिक्षा इत्यादि में मदद करते हुए छोटी दूरी की यात्राएं भी कर सकते हैं. आपकी परिवार के कार्यों और काम के क्षेत्र से संबंधित छोटी यात्राओं पर अधिक जाना पड़ सकता है.

काम के सिलसिले में की गई यात्राएं भाग्यदायक रह सकती हैं क्योंकि इन यात्राओं से आपको लाभ की प्राप्ति हो सकती है. आपके भाग्य में सहायक बनते हुए इस समय आप अपने गुरू की संगति पाने की चाह रख सकते हैं अथवा गुरू के आश्रम की ओर भी उन्मुख हो सकते हैं, जिसके लिए आपको फिर यात्राएँ करनी पड़ सकती है.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही में आपको यात्रा करने के कई मौके प्राप्त होंगे. आपको तिमाही के आरंभ में अपनी यात्राओं से कुछ अधिक अच्छे परिणाम शायद ही प्राप्त हो पाएं या किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए बारंबार यात्रा करनी पड़ सकती है. इस समय आप अपने कार्यक्षेत्र को आगे बढाने के लिए भी यात्राएं करनी पड़ सकती हैं. यह समय आपका अधिकांशत: ट्रैवलिंग में ही लगा रह सकता है. आप घर से दूर अधिक व्यस्त रह सकते हैं.

आपकी इन यात्राओं में आपके खर्च में भी वृद्धि होगी, साथ ही आप अपनी यात्राओं में सामान की खरीद भी करेंगे. पर इस अवधि के दौरान की जाने वाली यात्राओं में आपको सावधान रहने की आवश्यकता भी है. आप अपने सामान को ध्यान से रखें और स्वयं की वाणी पर भी नियंत्रण रखें अन्यथा यात्रा में किसी व्यक्ति के साथ झड़प होने की संभावना भी बन सकती है.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही में यात्राओं का अनुकूल फल मिलने की संभावना बनती है. आप अपने व्यवसाय के विस्तार हेतु विदेशों से भी संबंध बनाने की चाह रखेंगे जिसके लिए आप इस ओर कुछ हवाई यात्राएं करेंगे. आपको यात्राओं के दौरान अपने स्वास्थ्य का भी ख्याल रखना चाहिए क्योंकि थकावट इत्यादि के कारण भी आपको अपनी ट्रैवलिंग में परेशानी उठानी पड़ सकती है. तिमाही इस भाग में आपको अपनी संतान की शिक्षा और वृद्धि के लिए कुछ काम करने हेतु आवागमन करना पड़ सकता है. तिमाही के आरंभ में कुछ रूकावटें भी हो सकती हैं लेकिन यह रुकावटे आपके परिवार के किसी सदस्य की ओर से उत्पन्न हुई हो सकती है, लेकिन आप इन परेशानियों से पार पा लेने में सफल हो जाएंगे और तिमाही मध्य बाद से यात्राएँ सफल रहने की संभावना बनेगी.

2014 सिंह राशिफल - परिवार

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

परिवार के संदर्भ में यह समय अनुकूल रह सकता है, इस अवधि के दौरान आपके लाभ में भी वृद्धि हो सकती है. आपके परिवार में कोई नया मेहमान आ सकता है. शुरूआती दिनों में परिवार के साथ आपके मतभेद भी उत्पन्न हो सकते हैं. आप कुछ क्रोध से भरे रह सकते हैं जिस कारण आपकी भाषा में भी कटुता आ सकती है. परिवार के लिए आपको कोई ऋण या लोन लेने की जरूरत भी पड़ सकती है. इस स्थिति में आपका मन अशांत रह सकता है. आपका छोटे भाई बहनों से तनाव बढ़ सकता है और आपको उनके लिए अधिक भागदौड़ भी करनी पड़ सकती है.

परिवार के सदस्यों के मध्य मतभेद होने से तनाव की स्थिति उभर सकती है लेकिन आपके जीवन साथी का सहयोग आपको इस संकट से उबारने में सहायक होगा. आपका उनके प्रति स्नेह बना रह सकता है, पर जीवन साथी के साथ वैचारिक मतभेदों को उभरने न दें. इस तिमाही के अंत में आप किसी अन्य के साथ एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर्स में उलझ सकते हैं यदि आप इस तरह के संबंध में नहीं पड़े तब आपके व्यवहार में चुप्पी आ सकती है जिस कारण आप दूसरों से अधिक घुलने-मिलने की चाह नहीं रखेंगे.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

पारीवारिक मुद्दों को लेकर आपको अपने काम में कई प्रकार के व्यवधान झेलने पड़ सकते हैं. इस समय बुध की नीच की स्थिति के कारण आपकी बौद्धिकता प्रभावित हो सकती है. आप परिवार के लिए सही निर्णय ले पाने में कुछ गलतियां भी कर सकते हैं. आपको इस समय अपनी धारणाओं व मान्यताओं पर अटके नहीं रहना चाहिए. भाग्य में कमी की स्थिति होने से आप कुछ दिक्कतों में उलझ सकते हैं परंतु इस समय के दौरान आप दान धर्म के कामों में भी लगे रह सकते हैं. आपकी रूचि गूढ़ विषयों के अध्ययन में लगी रह सकती है.

तिमाही के तीसरे भाग में आपके काम को बढ़त मिल सकती है. आप अपनी इच्छाओं को पूरा करने में सफल रह सकते हैं और भाग्य का साथ भी इस समय आपके लिए बना रह सकता है. परिवार में आपकी स्थिति को पुन: सराहा जाएगा और आपके फैसलों को सम्मान मिल सकेगा. इस समय माता जी की सेहत का ख्याल रखें उनके स्वभाव में यदि गुस्सा बढ़ने लगे तो आपको चाहिए कि आप उन्हें संभालें और उनके साथ बने रहें. आपकी देखभाल उन्हें संतोष प्रदान करेगी. परिवार की आमदनी में वृद्धि का समय है. कई स्रोतों द्वारा आय की प्राप्ति होगी और आप इस समय अपनी खुशियों का उत्सव मनाने की इच्छा रख सकते हैं.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

पारीवारिक दृष्टि से तिमाही का पहला व दूसरा भाग अनुकूल नहीं माना जा सकता है. आपके घर में किसी ना किसी बात को लेकर कलह क्लेश बने रह सकते हैं. आपकी वाणी में कटुता का भाव शामिल हो सकता है और आपकी मनमानी घर में अधिक हो सकती है. कुछ मुद्दों को लेकर अगर झूठ का सहारा भी लेना पड़े तो भी आपको कोई झिझक नहीं होगी. यदि आप संयुक्त परिवार में रहते हैं तो कलह के कारण घर में तकरार होकर बंटवारा होने की नौबत तक आ सकती है. आप विवेकशीलता का परिचय देते हुए इस विपरीत परिस्थिति से निकल सकते हैं. तिमाही का

अंतिम भाग आपके लिए अनुकूलता से भरा हो सकता है और घर की शांति फिर बनी रह सकती है. आपके घर में इस समय कुछ धार्मिक कृत्य भी किए जा सकते हैं.

आपको इस अवधि के दौरान किसी संस्था से जुड़ने का मन कर सकता है और आप अपने को दूसरों के साथ जुड़ा पा सकते हैं. तिमाही के इस अंतिम भाग में किसी गुरू द्वारा दीक्षा भी ग्रहण कर सकते हैं. आपको अपनी भूमि इत्यादि से लाभ भी मिल सकता है. इस समय जमीन से जुडे मुद्दों में आपको अच्छे प्रॉफिट मिल सकते हैं और अपनी उच्च बौद्धिकता के चलते आप इन सभी कार्यों में अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रह सकते हैं.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

पिछली तिमाही के अंतिम भाग में कुछ शांति रहने के बाद फिर से इस तिमाही में मनमुटाव दुबारा आरंभ हो सकते हैं और इस बार तो यह पहले से ज्यादा उग्र रुप धारण कर सकते हैं. कोई भी किसी दूसरे की बात सुनने को तैयार नहीं होगा और मतभेदों के कारण सभी लोगों के मध्य दूरियाँ एक खाई का रुप ले सकती है जिसे कोई भी पार नही कर पाएगा. इस तिमाही में आपकी पिता अथवा पिता समान व्यक्ति से अच्छी खासी मुठभेड़ होने की संभावना बनती है. इस तिमाही में कोई अप्रिय समाचार आपको दुखी कर सकता है. आपके घर में रिश्तेदारों का आना-जाना भी लगा रह सकता है. जिससे आपको शांत वातावरण का अभाव महसूस हो सकता है.

जो लोग संतान प्राप्ति की योजना बना रहे हैं उनके लिए समय अनुकूल रहेगा, लेकिन आरंभ के समय में आपको सेहत के प्रति सजग रहना होगा. आपकी संतान आपसे दूर जा सकती है, इसका कारण घूमना, पढ़ाई अथवा नौकरी कुछ भी हो सकता है. आपके जीवनसाथी का व्यवहार कई बार आपकी समझ से बाहर हो सकता है इसका कारण आपका खुद का स्वभाव भी हो सकता है. सभी चीजों में तालमेल बनाकर चलेंगे तो सभी कुछ अच्छा ही होगा अन्यथा आपको परेशानी होगी.

2014 में सिंह राशि के लिए उपाय

पूरे वर्ष आपको हर रविवार सुबह के समय स्नानादि करने के बाद आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करना चाहिए. अगर हो सके तो आप रविवार के दिन खाने में नमक का त्याग करें. खाना तीन समय खा सकते हैं लेकिन बिना नमक का खाएं. इससे आपको घर-परिवार तथा कार्यक्षेत्र पर लाभ मिलेगा, आपको यश की प्राप्ति होगी.

astrobix.com

कन्या

वैदिक ज्योतिष - चंद्र राशि आधारित

वर्ष 2014 में मानसिक सुकून मिल पाएगा ?

कन्या राशि की विशेषताएं

कन्या राशि भचक्र पर छठे स्थान पर आने वाली राशि है, भचक्र पर इसका विस्तार 150 से 180 अंशो के मध्य तक है. इस राशि के अन्तर्गत उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र के तीन चरण, हस्त नक्षत्र के चार चरण तथा चित्रा नक्षत्र के दो चरण आते हैं. इस राशि का प्रतीक चिन्ह एक युवती है जो नाव पर सवार है. उसके एक हाथ में गेहूँ की बालियाँ तथा दूसरे में लालटेन है. लालटेन रोशनी का तो गेहूँ की बालियाँ सभ्यता व सुख समृद्धि का प्रतीक है. यह पृथ्वी तत्व राशि है तथा स्वभाव से द्वि-स्वभाव राशि के अन्तर्गत आती है. इस राशि का राशि स्वामी बुध ग्रह है. इसलिए इस राशि के व्यक्ति सौम्य, गुणी, वाकपटु, चतुर, चालाक व हर काम करने में निपुण होते हैं. हर बात में तर्क करने की आदत होती है लेकिन बुद्धिमत्तापूर्ण तरीके से. कन्या राशि भूमि तत्व होती है जिसके कारण आप सभी काम धरातल पर रहकर करते हैं.

ग्रहों में बुध को राजकुमार की उपाधि प्राप्त है, इसलिए आप सदैव ऊर्जावान बने रहते हैं और स्वयं को किसी से कभी कम नहीं समझते हैं. द्वि-स्वभाव होने से आप बहुत बार दुविधा में फंसे रहते हैं लेकिन आप सदा ही दूसरों की सहायता करने को भी तत्पर रहते हैं. आप सामाजिक प्राणी होते हैं और समाज के दायरे में रहकर आगे बढ़ते हैं. छोटी से छोटी बात को भी गंभीरता से लेकर आगे बढ़ते हैं और उस पर भी चिन्तन मनन करते हैं. आपके संबंध कम लोगो से बनते हैं लेकिन जिनसे भी बनते हैं मजबूत ही बनते हैं.

कन्या राशि का होने से आप एक सच्चे मित्र साबित होते हैं जो सदा अपने दोस्तों की सहायता के लिए तत्पर रहता है. परिवार के प्रति भी आप समर्पित रहते हैं और सभी सदस्यों को बहुत प्यार करते हैं. घर के बुजुर्गों की तो आप बहुत सेवा करते हैं, यदि वह बीमार भी पड़ जाते हैं तब सबसे अधिक सेवा भावना आप में ही होती है. आप खाने के भी बहुत शौकीन होते हैं और भांति-भांति के व्यंजन आपको बहुत पसंद होते हैं. खाने की जब भी बात होगी आप सबसे पहले कदम बढ़ाएंगे. आपके भीतर दया का भाव होता है, व्यवहारिक व वफादार भी होते हैं. किसी भी बात का विश्लेषण व मूल्याँकन करने के बाद ही नतीजे पर पहुंचते हैं. जानवरो व पशुओ से प्यार होता है, किताबे पढ़ने के शौकीन होते हैं और प्राकृतिक नजारों से प्रेम होता है.

उपरोक्त खूबियों के अलावा आपकी कमी यह होती है कि आप हर समय किसी ना किसी बात की चिन्ता में रहते ही हैं, जरा सी बात को भी गंभीर बना देते हैं. कुछ संकोची तथा शर्मीले स्वभाव के होते हैं इसलिए आपको केन्द्र बिन्दु रहने अच्छा नही लगता है. दूसरों की आलोचना बहुत करते हैं क्योकि सामने वाले में आपको कोई ना कोई कमी नजर आती ही रहती है. अभद्र व अशिष्ट व्यवहार करने वाले लोगो से आप दूर ही रहते हैं.

कन्या राशि के लिए उपयुक्त व्यवसाय

आप अच्छे लेखक हो सकते हैं, आपको ललित कलाओ से भी बहुत प्यार होता है. इसके अलावा आप कूतनीतिज्ञ, संचार व गणित व आंकड़ो से जुड़े कामो में रुचि रख सकते हैं. आप ज्योतिष विज्ञान को भी अपने व्यवसाय का क्षेत्र चुन सकते हैं. अकाउंटस, क्लर्क, संपादक आदि भी हो सकते हैं. मनोवैज्ञानिक, वायुयान चालक अथवा चिकित्सक भी हो सकते हैं. व्यापार आदि में भी रुचि रह सकती है अथवा दुकान भी खोल सकते हैं. डाक विभाग में भी आप नौकरी कर सकते हैं.

2014 कन्या राशिफल - पैसा और वित्तीय स्थिति

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

आपके आय तथा व्यय समान रहने की संभावना बनती है. जितना धन आएगा उसमें से आप संचित करने में नाकामयाब रहेंगे क्योकि यह साथ ही साथ आपकी जरुरतों के पूरा होने में खर्च होता रहेगा. वैसे आपको इस तिमाही के आरंभ में समझ ही नहीं आएगा कि किस तरह से अपना बजट निर्धारित करें, बस राम भरोसे ही आप आगे बढ़ते जाएंगे. परिवार के खर्चों की पूर्ति अथवा घर इत्यादि के रख रखाव पर भी धन व्यय की संभावना बन रही है. किसी ना किसी रुप में इस समय व्यय बने ही रहेंगे और धन की कमी के कारण आप अपना क्रोध दूसरों पर निकालेंगे. तिमाही के मध्य भाग में धनाभाव के कारण परिवार में तनाव की स्थिति भी पैदा हो सकती है.

तिमाही के अंत तक आप धन संबंधी मामलों को लेकर परेशान ही रहेंगे. खर्चों को नियंत्रित करने का भी आप हर भरसक प्रयत्न करेंगे लेकिन खुद को विवश ही पाएंगे. इस तिमाही में आपके सामने आय बढ़ाने के अवसर भी आ सकते हैं, यह आपके ऊपर निर्भर करेगा की उन्हें कैसे उपयोगी बनाया जाए इसलिए ज्यादा गहराई में चिन्तन मनन ना करें अन्यथा आप सोचते ही रह जाएंगे और मौका हाथ से निकल भी जाएगा.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

तिमाही के इस भाग में अनचाहे खर्चे आपका पीछा छोड़ने को तैयार नहीं होगें, खर्चों के साथ हानि होने के योग भी आपके साथ बने ही रहेंगे. आप कहीं भी निवेश करते हैं तो सोच-विचार कर ही करें. मित्रो आदि को उधार दिया गया रुपया वापिस मिलने के योग कम ही हैं अथवा काफी विलंब के बाद ही धन वापिस मिल पाएगा. तिमाही के इस भाग में आप गलत तरीको से धन कमाने का सोच सकते हैं अर्थात इस समय आप रिश्वत अथवा घूसखोरी से धन में वृद्धि कर सकते हैं. आपका जीवनसाथी इस समय आपके खर्चो का कारण बन सकता है. आप इस समय अपना धन यात्राओ पर भी व्यय कर सकते हैं. संतान आदि के खर्चों की पूर्ति में आपका पैसा खर्च हो सकता है.

जो पैसा साथी के कारण खर्च होगा उस पैसे की भरपाई भी आपका साथी ही करेगा. तिमाही के मध्य भाग में धीरे-धीरे स्थिति में सुधार की संभावना बन सकती है और तिमाही के तीसरे भाग तक स्थिति में सुधार होगा. आपकी माताजी, जीवनसाथी अथवा कोई महिला आपके लिए लाभदायक रह सकती है और आपकी आर्थिक हालत में सुधार होना आरंभ हो सकता है.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

तिमाही के इस भाग में आपकी आय के स्तोत्र बने रहेंगे और इस समय धनागमन की ओर से आप निश्चिंतता का अनुभव कर सकते हैं. आपके सामने आय के कई स्तोत्र आ सकते हैं जिसे आप अपनी बुद्धिमत्ता के बल पर अपने पक्ष में कर सकते हैं. इस समय आपके बाहरी रुप से भी आय के साधन बने रहेंगे. गुप्त रुप से आप या कमीशन आधारित काम करने पर भी आपकी आय में इजाफा हो सकता है. आप जो काम नियमित रुप से करते हैं उसके अलावा भी आनलाईन बैठकर अतिरिक्त काम की तलाश कर सकते हैं.

इससे आप अपनी आर्थिक स्थिति को काफी हद तक संभालने में सफल रह सकते हैं. तिमाही का मध्य भाग आपके लिए काफी लाभदायक बना रह सकता है, इस समय आपके वेतन में वृद्धि हो सकती है. आपके मित्र अथवा बड़े बहन-भाई या इनके समान व्यक्ति आपके लाभ बढ़ाने में मददगार सिद्ध होते हैं. तिमाही के मध्य भाग में आपकी आय का संबंध विदेश से भी हो सकता है. इस समय आय के साथ आप धार्मिक संस्थाओं में दानादि भी दे सकते हैं. इस समय कुछ धन आप अपनी कुछ निजी जरुरतों को पूरा करने में भी व्यय कर सकते हैं.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

इस समय आप खुद पर काफी धन फिजूल का खर्च कर सकते हैं और आप अपने परिवार की जरुरतों को पूरा करने के लिए भी रात-दिन एक कर के पैसो का जुगाड़ कर ही लेंगे लेकिन पैसों का जुगाड़ आप गैर कानूनी काम कर के ना करें अन्यथा मान सम्मान पर बट्टा लगने की संभावना बन सकती है. तिमाही के मध्य भाग का समय यात्राओ पर खर्चो का हो सकता है.

इस तिमाही के दूसरे व तीसरे भाग में आप गुप्त रुप से पैसा कमाने की सोच सकते हैं अथवा आप धन निवेश की योजना बना सकते हैं लेकिन बेहतर होगा कि आप यदि किसी की सलाह से निवेश करें. जो लोग सट्टा अथवा जुआ खेलते हैं उन्हें बार-बार प्रयास करने पड़ सकते हैं, इसलिए अच्छा होगा कि आप बुद्धिमत्ता से धन का निवेश करें. जिन लोगो का संबंध जमीन के काम से है उनके लाभ में वृद्धि होगी.

विशेष

अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने के लिए आपको प्रतिदिन लक्ष्मी चालीसा का पाठ सुबह के समय करना चाहिए.

2014 कन्या राशिफल - कैरियर और प्रोफेशन

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

तिमाही के आरंभ माह में आप अपनी नौकरी में परिवर्तन की चाह रख सकते हैं. नौकरी परिवर्तन करने का कोई विशेष कारण नहीं होगा, कहीं से अच्छी आफर मिलने के कारण आप नौकरी बदलने की सोच सकते हैं. आपका यह निर्णय आपके लिए अच्छा ही रहेगा और आप नए स्थान पर जाने से स्वयं को ऊर्जावान भी महसूस करेंगे. इस नए स्थान पर आरंभ में प्रतिद्वंद्वी भी आपके पैर जमने में दिक्कतें पैदा कर सकते हैं लेकिन आप अन्ततः उन पर जीत हासिल कर ही लेंगे क्योकि कुछ समय तो आप संयम से निकालेंगे लेकिन पानी सिर से निकल जाने पर आप अपनी कूटनीति से और कुचालों से प्रतिद्वंद्वियों की हर बाजी को पलटने में कामयाब रहेंगे.

बिजनेस करते हैं तो आपको परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है, यह परेशानियाँ किसी भी रुप में आपके सामने बनी रह सकती है. आपके कर्मचारी आपके खिलाफ आवाज भी उठा सकते हैं जिससे आप समय पर अपने माल की आवाजाही करने में नाकामयाब रह सकते हैं. इससे आपका नुकसान होने की संभावना बनती है. अंत में आप परेशान होकर उलटे तरीको से अर्थात साम, दाम, दण्ड तथा भेद की नीति का पालन करते हुए अपने काम को सफल बनाएंगे तब आप उचित-अनुचित का कोई लिहाज नही करेंगे.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

यह समय कैरियर के दृष्टिकोण से अनुकूल रहने में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है. विरोधियों को कुचलने के लिए आप कुटिल चालों का सहारा ले सकते हैं. इस कारण तिमाही के पहले भाग में आपको मानहानि का अथवा आरोप-प्रत्यारोपो का सामना भी करना पड़ सकता है. कार्यक्षेत्र पर सहयोगियों के साथ अति कटु वाणी का उपयोग कर सकते हैं. अपने काम को सिद्ध करने में इस समय आप झूठ का सहारा लेने से भी परहेज नहीं करेंगे. अपनी चिकनी-चुपड़ी वाणी का उपयोग कर के आप बॉस की नजरों में ऊपर उठने का प्रयास करेंगे. तिमाही के मध्य भाग से अंतिम भाग तक का समय मिश्रित सा रहेगा और इस समय आपके कामो की गति धीमी रह सकती है लेकिन ठीक तिमाही के एकदम अंतिम भाग में आपको कुछ उपलब्धियाँ प्राप्त हो सकती हैं.

व्यवसायियो के लिए तिमाही का आरंभ परेशानियों वाला रह सकता है लेकिन इस समय फिर भी आप अपने लाभ को जैसे-तैसे कर के बनाए रख सकते हैं. काम की सफलता के लिए आप घूस देने से भी पीछे नहीं हटेंगे. तिमाही मध्य भाग तथा अंतिम भाग का समय आपके पक्ष में रहने की संभावना बनती है. यदि अंतिम भाग में आप अपने प्रयासों को जरा सा भी तेज कर देते हैं तो आपके काफी काम सरलता से बन सकते हैं. जिनके काम का संबंध विदेशों से है उनके लिए तिमाही का अंतिम भाग पक्ष में रहेगा अथवा जो विदेशों के लिए प्रयास कर रहे हैं वह इस तिमाही में सफलता पा सकते हैं. प्रॉपर्टी से संबंधित लोगो का काम इस तिमाही में मंदा पड़ सकता है इसलिए उन्हें धैर्य का परिचय देना चाहिए.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

कैरियर के दृष्टिकोण से तिमाही का यह भाग अपेक्षाकृत अधिक अनुकूल रहने की संभावना बनती है. आप द्वारा बनाई योजनाओं को गति मिलने की संभावना बनती है. इस समय नया प्रोजेक्ट आरंभ करने पर आपको लाभ व प्रशंसा मिल सकती है. सरकारी कार्यों से जुड़े लोगों को पदोन्नति की संभावना बनती है. यह समय आपके लिए सुकून से भरा हो सकता है. तिमाही मध्य भाग का समय और अधिक उपलब्धियों वाला रहेगा. कर्मचारियों के सहयोग से आप आगे बढ़ेगें और मंजिल तक पहुंचेगे. इस समय आप अपने काम से अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं इसलिए आपको इस सुनहरे अवसर को हाथ से जाने नहीं देना चाहिए, कुछ समय की मेहनत आपको लंबे समय तक का फायदा दे सकती है. पदोन्नति के साथ आपको अपने कार्यक्षेत्र में उपलब्धियाँ पाने के लिए पुरस्कृत भी किया जा सकता है.

आपका संबंध यदि बिजनेस से है तब आपके लाभ बढ़ने की संभावना बनती है. कुछ परेशानियों के साथ आपका बिजनेस रात-दिन तरक्की करेगा. बिजनेस का तो अर्थ ही परेशानियाँ हैं क्योकि एक मुकाम हासिल करने के बाद इसे उसी मुकाम पर बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत व भाग-दौड़ करनी पड़ती है. आप व्यवहारिक व्यक्ति हैं इसलिए हर काम को व्यवहारिकता की कसौटी पर रहकर पूरा करते हैं. बारीक से बारीक बात का भी विश्लेषण करने के बाद आप किसी नतीजे पर पहुंचते हैं. इसलिए बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए आप हर योजना का अध्ययन लाभ - हानि के नजरिए से करने के बाद ही कोई निर्णय लेंगे. अपनी बुद्धिमत्ता से ही आप सभी काम निपटाने में सफल होगें.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

तिमाही के इस भाग में आपके प्रयास बढ़ने की संभावना बनती है. कार्यक्षेत्र पर आप काम का दबाव व अतिरिक्त बोझ का अनुभव कर सकते हैं. आपके काफी प्रयासों के बाद ही कुछ अनुकूल फल मिलने की संभावना बनेगी. इस समय कार्यक्षेत्र पर आपके साथ धोखा होने की संभावना भी बनती है. आपको अपने कर्मचारियों व सहयोगियों पर आंख मूंदकर भरोसा नहीं करना चाहिए. इस समय आपका कोई प्रोजेक्ट अथवा कार्यनीति का समय से पहले दूसरों को पता चल सकता है, इससे आप अत्यधिक सदमें आकर तनावग्रस्त हो सकते हैं. यदि आप पहले से सतर्क होकर चलते हैं तब आप धोखेधड़ी से बच सकते हैं.

आपकी उपलब्धियों से कुछ लोग नाखुश रहेंगे और वह सदा आपको नीचा दिखाने की तलाश में रह सकते हैं. इसलिए इस तिमाही में आपको सावधान रहना होगा, खासकार तिमाही के दूसरे भाग में आप किसी से ज्यादा बहस ना करें. अपने काम से काम रखें लेकिन फिर भी आपके विरोधी आपको उकसाने का यत्न कर सकते हैं. आपको आवेश में आकर कोई जवाब नहीं देना, केवल चुप रहें. यदि आपने बोलने की या जवाब देने की कोशिश की तो आपको इसका भुगतान अपनी नौकरी गंवाकर करना पड़ेगा अथवा आपको केसादि में भी फंसाया जा सकता है. तिमाही का अंतिम भाग आपके लिए अनुकूल सिद्ध हो सकता है.

आप बिजनेस करते हैं तो आपके लिए अत्यधिक भाग-दौड़ वाला समय रह सकता है, जिसका असर आपके स्वास्थ्य पर भी पड़ सकता है. आपके अधीन काम करने वाले लोग आपके लिए सिरदर्द बन सकते हैं. आपको उनके सामने स्वयं को शांत ही दिखाना चाहिए और किसी भी प्रकार की प्रतिक्रिया जाहिर नहीं करनी चाहिए. वाणी में मिठास घोलते हुए और कूटनीति का परिचय देते हुए आपको अपने काम निकलवाने का यत्न करना चाहिए. तिमाही के दूसरे भाग में विशेषतौर पर सावधानी बरतें और लक्ष्यो को पाने के लिए आप अनैतिक तरीको का सहारा ना लें अन्यथा आप फंस सकते हैं.

2014 कन्या राशिफल - हैल्थ और फिटनेस

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

तिमाही का पहला भाग स्वास्थ्य के नजरिए से अच्छा रहने की संभावना बनती है लेकिन मानसिक परेशानियाँ आपको बनी रह सकती है. तिमाही के दूसरे भाग में आपकी सेहत प्रभावित रह सकती है. इस समय आपको त्वचा संबंधी विकार हो सकते है. जिन लोगों को शुगर संबंधी समस्या है वह इस तिमाही में बढ़ सकती है. मौसमानुसार खानपान का ध्यान रखें अन्यथा आपको बुखार होने की संभावना भी बनती है. यदि बुखार होता है तो स्वयं चिकित्सक ना बने, किसी अच्छे डॉक्टर को दिखाएँ और जाँच कराएँ.

गर्भवती महिलाओं को नियमित रुप से अपना चेक-अप कराते रहना चाहिए. तिमाही के अंत समय में आपको अनैतिक संबंधो से बचना चाहिए अन्यथा आप गंभीर बीमारी के शिकार हो सकते हैं.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

तिमाही का आरंभ मानसिक तथा शारीरिक व्याधियों को लेकर हो सकता है. आपकी बुद्धि इस समय भ्रमित सी बनी रहेगी और आप तनाव के कारण आपका मन भी व्याकुल रहेगा, जिससे सभी कुछ छोड़कर किसी एकांत में जाने का मन बना सकते हैं. आपके अस्वस्थ रहने का कारण आपकी मानसिक परेशानी ही होगी इसलिए बेहतर है कि आप कुछ समय के लिए कहीं बाहर घूमने चले जाएं अथवा कुछ समय के लिए किसी हैल्थ फिटनेस प्रोग्राम को अपना लें. इससे आप अपने भीतर काफी बदलाव का अनुभव करेंगे. आप समय-समय पर मेडिटेशन अथवा योग भी करते हैं तो उससे भी आपको अपने भीतर बदलाव महसूस होगें. इन सब से आप मानसिक के साथ शारीरिक तौर पर भी स्वस्थ हो जाएंगे.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

यदि मानसिक परेशानियों व तनाव को कम करने का कोई प्रयास आपके द्वारा नहीं किया जाएगा तो तिमाही के इस भाग में भी आप तनावग्रस्त रहेंगे. इस तनाव के कारण आप हर समय अपने मस्तिष्क पर एक बोझ सा महसूस कर सकते हैं. इस कारण आपको कभी-कभी सिर चकराने की संभावना भी बनती है. चिकित्सक भी आपकी बीमारी को पकड़ पाने में असमर्थ रह सकते हैं. तिमाही के इस भाग में आपको अपने नेत्रो की भी जांच करा लेनी चाहिए. विशेषतौर से बच्चो को यदि सिरदर्द की शिकायत अथवा आंखों में धुंधलापन अथवा टेलीविजिन देखते समय पानी आता है तब उन्हें अवश्य ही चिकित्सीय सलाह लेनी चाहिए.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

तिमाही का यह भाग मिश्रित सा रहेगा और इस समय तक आप जो भी तनाव झेल सकते थे झेल चुके होगें. अब आपका तनाव आपकी कटु वाणी के रुप में उभर कर सामने आएगा. जो लोग आपकी मानसिक परेशानी का कारण होगें उन्हें भी खरी-खोटी सुनाकर ही आपको राहत मिलेगी. लेकिन इस तिमाही में महिलाओ को मूत्र संबंधी अथवा माहवारी संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है. इसे आप अन्यथा ना लें और किसी महिला विशेषज्ञ से उचित सलाह लेकर अपना ईलाज कराएं. तिमाही के इस भाग में सुरक्षित यौन संबंध बनाए और इंफेक्शन से बचें.

इस तिमाही में आपको नशे की हालत में वाहन नहीं चलाना चाहिए. आप बाहरी खाद्य पदार्थो से भी परहेज करेंगे तो अच्छा रहेगा अन्यथा फूड पॉयजनिंग हो सकती है. तिमाही का अंतिम भाग आपके लिए उचित कहा जा सकता है. इस समय आपके स्वस्थ रहने की संभावना बनती है.

विशेष

आपको जब कभी भी स्वास्थ्य संबंधी परेशानी का अनुभव अधिक होता है तब आप शनि तथा बुध के मंत्र जाप की एक माला रोज करें.

शनि मंत्र

“ऊं शं शनैश्चराय नम:”

बुध मंत्र

“ऊं बुं बुधाय नम:”

2014 कन्या राशिफल - प्रेम संबंध

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

प्रेम संबंधो के लिए तिमाही का यह भाग मिश्रित सा रहेगा क्योकि आपका झुकाव तो अपने प्रेमी की ओर रहेगा लेकिन आपका प्रेमी आपसे उखड़ा सा रह सकता है. किसी भी एक जरा सी बात पर यह आपसे नाराज हो सकता है और रुठने-मनाने में ही अधिकतर समय व्यतीत हो सकता है. तिमाही के दूसरे भाग में आपके प्रेम संबंधो के मध्य पिता अथवा पिता समान व्यक्ति के आने की संभावना बनती है, जिससे वह आपके इन संबंधों का विरोध कर सकते हैं. आप स्वयं को एक अजीब सी कशमकश में फंसा हुआ सा महसूस करेंगे और इसी कारण हो सकता है कि तिमाही के अंतिम भाग में आपके यह संबंध टूट भी जाएं क्योकि आप परिवार व प्रेमी के मध्य स्वयं को फंसा हुआ सा महसूस करेंगे. प्रेम संबंधों में यदि आप मधुरता चाहते हैं तो परस्पर एक-दूसरे को समझने का प्रयास करें ना कि एक-दूसरे की कमियों को देखें, तभी यह संबंध सुचारु रुप से चल पाएंगे.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

तिमाही के आरंभ में आपके दांपत्य जीवन में मधुरता का अभाव बना रह सकता है और दोनो के मध्य दूरियाँ अधिक बढ़ने की संभावना बनती है. आप सामाजिक प्राणी है और सभी के साथ चलना आपको अच्छा लगता है इसलिए अधिक समय तक आप अकेला नहीं रह पाएंगे. इसलिए दांपत्य जीवन के सुख की कमी को पूरा करने के लिए आप अधिकतर समय विपरीत योनि के लोगो के साथ सोशल साईट पर बाते करने में बिता सकते हैं. यही पर आपका रुझान किसी एक की ओर अधिक हो सकता है और आप उससे अपने प्रेम का इजहार भी कर सकते हैं. लेकिन आपका यह सुख क्षणिक ही होने की संभावना बनती है. इसलिए आप जो भी करें उसे सोच-विचार कर ही करें और बुद्धिमत्ता से काम लें.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही के आरंभ माह में आपके संबंध डांवाडोल से ही बने रहने की संभावना बनती है. जो पीछे एक संबंध आरंभ हुआ होगा वह बरसाती मौसम की तरह खतम हो सकता है, लेकिन दांपत्य जीवन की परेशानी अभी तक बरकरार रह सकती है. इसी परेशानी को दूर करने के लिए आप विवाहेतर संबंधो की तलाश में लगे रह सकते हैं लेकिन अपने समान व्यक्ति आपकी नजर में शायद ही कोई हो. तिमाही के दूसरे भाग में आपको किसी का साथ मिलने की संभावना बनती है जिसके साथ समय बिताना आपको अच्छा लग सकता है. लेकिन आप अपनी सीमा में रहते हुए ही बातचीत करेंगे, इससे आगे बढ़ना आपको स्वयं मर्यादा से बाहर लगेगा.

आप बिना प्रेम के नही रह सकते हैं क्योकि आपको अकेलापन खलता है. इसलिए प्रेम संबंध नहीं भी स्थापित होते हैं तब भी आपको किसी साथ की चाहत रहती ही है, इसकी पूर्ति आप अपने आसपास के लोगों के साथ हंसी मजाक से भी कर सकते हैं. इस तिमाही में आप एक साथ कई लोगों से फ्लर्ट कर सकते हैं.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही में आप अनैतिक संबंधों में फंस सकते हैं, जिससे आपके चरित्र पर अंगुलियाँ भी उठाई जा सकती हैं. आपकी बुद्धि इस समय भ्रमित सी रहेगी और आपको समझ ही नहीं आएगा कि उचित क्या है. अपने प्रेमी के साथ भी आपका बर्ताव बहुत अच्छा नहीं कहा जा सकता है. उसके साथ भी आप रुखापन तथा बदतमीजी का व्यवहार कर सकते है, प्रेमी पर आप संदेह भी कर सकते हैं. इससे दोनो के मध्य काफी दूरियाँ बढ़ सकती है. तिमाही के मध्य भाग से आपको अपनी गलतियों का अहसास होना आरंभ हो सकता है और आप एक बार फिर से अपने संबंधो को सुधारने का प्रयास कर सकते हैं. इस समय आप किसी को भी अपने प्रेम संबंधों की भनक तक पड़ने नही देंगे और चुपचाप संबंधों को सुचारु रुप से चलाने का यत्न करते रहेंगे और तिमाही के अंत तक आपके प्रेम संबंध फिर से पटरी पर आने की संभावना बनती है.

2014 कन्या राशिफल - विद्यार्थी

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

तिमाही का आरंभ तो विद्यार्थियों के लिए अनुकूल रहेगा और वह अपने शैक्षणिक क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन कर के दिखाएंगे लेकिन तिमाही का दूसरा भाग मन भटक सकता है और यह गलत सोहबतों में शामिल हो सकते हैं. प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने के लिए भी यह समय प्रतिकूल रह सकता है. ऐसा नही है कि आप पढ़ाई नहीं कर सकते हैं लेकिन आपके आलसीपन के कारण आप पिछड़ सकते हैं. तिमाही के अंतिम भाग में बुध के नीच राशि में होने पर तो आपका मन पढ़ाई से विमुख ही रहने की अधिक संभावना बनती है. पढ़ाई में मन लगाने के लिए आप सुबह स्नानादि से निवृत होकर “ऊं गं गणपतये नम:” का जाप 108 बार करें. इससे आप मन को एकाग्रचित्त करने में कामयाब रहेंगे.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

तिमाही का आरंभ समय नकारात्मक रहेगा लेकिन उसके बाद आप कुछ राहत महसूस कर सकते हैं लेकिन ज्यादा नहीं. इस समय आप अपने सहपाठियों के साथ मारपीट आदि में ज्यादा शामिल हो सकते हैं और यदि कहीं आप घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं तब तो कोई देखने वाला नहीं है यही सोचकर आपकी गुंडा गर्दी अधिक बढ़ सकती है और आप अवारा किस्म के बच्चो के साथ अपना कीमती समय नष्ट करने में लगे रह सकते हैं. अभी तो नया सत्र आरंभ हुआ है इसलिए अभी भी आपके संभलने का समय बचा है. यदि अभी भी आप पढ़ाई में ध्यान देते हैं तो पिछला सभी कुछ कवर कर सकते हैं.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

तिमाही के इस भाग में आपकी हरकतों की खबर आपके माता-पिता तक जा सकती है. आपके अभिभावक तथा शुभचिन्तक आपको समझाने का प्रयास करेंगे और आपको उनकी बात समझ में आ भी जाएगी. आप अपनी हरकतों पर शर्मिंदा भी रह सकते हैं और पछतावे का अहसास भी हो सकता है. अब आप पढ़ाई में मन लगाने का प्रयास करेंगे कुछ समय की परेशानी के बाद आप पढ़ाई में मन लगाना आरंभ कर देंगे क्योकि जो भी बुरी आदते हैं उनसे आपको धीरे-धीरे ही छुटकारा मिलेगा इसलिए तिमाही के अंत तक ही पढ़ाई में मन लगना शुरु होगा.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

पिछले सत्र को पूरा करने में थोड़ा परेशानी का अनुभव कर सकते हैं. साथ ही इस सत्र की भी तैयारी आपको करनी है इसलिए एकाएक अत्यधिक बोझ का अनुभव आपको इस तिमाही में हो सकता है. जिसके कारण आप गुमसुम से भी रह सकते हैं और हंसी मजाक भी आपको इस समय रास नहीं आएगा. मित्रों के साथ बातचीत अथवा घूमना-फिरना भी आप बंद कर सकते हैं. ऐसा नहीं है कि जो ज्यादा बाते करते हैं या घूमते है अथवा मौज मस्ती करते हैं वह पढ़ने में पीछे रहते हैं. सभी काम समय के साथ वह एक सीमा में अच्छे लगते हैं और हर चीज की अधिकता खराबी ही देती है. इसलिए शिक्षा के दौरान सभी क्रिया कलापों में भाग लें. जिससे आपका सर्वांगीण विकास होगा और केवल पढ़ाई करते रहने से भी आपको बोरियत महसूस नहीं होगी.

2014 कन्या राशिफल - यात्रा

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

तिमाही का आरंभ समय आपकी यात्राओं के लिए अनुकूल कहा जा सकता है. इस समय कुछ यात्राएं आप अपने गुरु से मिलने के लिए भी कर सकते हैं. यात्राओं पर आप अनुकूल महसूस कर सकते हैं. पिता अथवा कुछ वरिष्ठ लोगो के साथ अथवा उन्हें लेकर आपको यात्राओं पर जाना पड़ सकता है. यात्राओं के दौरान आप कष्टों का अनुभव कर सकते हैं क्योकि आप जिनके साथ गए हैं उन्हीं के अनुसार चलना आपकी मजबूरी होगा और आपको बंधकर रहना पसंद नहीं होता है. आप स्वतंत्र व्यक्ति हैं और स्वतंत्र ही रहना चाहते हैं.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

इस तिमाही का आरंभ समय आपकी यात्राओं को लेकर अनुकूल नहीं कहा जा सकता है. इस समय की गई यात्राओं में कष्ट तो होगा ही साथ में एक ही काम के लिए आपको कई बार प्रयास करने पड़ेंगे जिससे यात्राओं की पुनरावृति होगी. अत्यधिक यात्राओं से आपका स्वास्थ्य भी प्रभावित रह सकता है. कम से कम आप तिमाही का पहला माह यात्राओं के लिए छोड़ दें अर्थात यात्राओं पर ना जाएं, यदि बहुत ही आवश्यक है तब आप दिशाशूल का विचार कर के आगे बढ़े.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

तिमाही के पहले भाग में की गई यात्राओ से आपको हानि की आशंका बनती है. यह हानि किसी भी रुप में हो सकती है. दूसरे भाग में की गई यात्राएं लाभ दिलाने वाली होगी और इस समय अधिकतर व्यवसायिक यात्राएं ही ज्यादा होने की संभावना बनती है. आप अपने परिवार के साथ भी बाहर जाने का कार्यक्रम बना सकते हैं. तिमाही के अंतिम भाग में आप लंबी दूरी की हवाई यात्राओं पर भी जा सकते हैं. इस अंतिम भाग में छोटी व बड़ी दोनो के लिए समय अनुकूल रहेगा.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

इस समय की गई यात्राओं से आपको परेशानी अधिक होगी और लाभ कम होगा. आपका स्वास्थ्य इन यात्राओं से काफी ज्यादा प्रभावित हो सकता है अथवा खराब स्वास्थ्य के कारण आप आवश्यक यात्राओं पर नहीं जा पाएंगे. इससे आपका मन उचाट रह सकता है कि जरुरी होते हुए भी आप जा नहीं पा रहे हैं. तिमाही का मध्य भाग फिर आपकी ऎसी यात्राएं करा सकता है जिसमें आपका काफी समय लग सकता है लेकिन इस समय को एक तरह से आप आने वाले समय के लिए निवेश समझें जिसका लाभ आपको भविष्य में मिलेगा. तिमाही के अंत समय में यात्राएं अनुकूल तो रहेगी लेकिन आप इस समय भाई-बहनों अथवा कार्यक्षेत्र पर सहयोगियों का विरोध सहना पड़ सकता है.

2014 कन्या राशिफल - परिवार

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

इस तिमाही में आपको मिले-जुले फल मिलने की संभावना बनती है. इस पूरी तिमाही में मंगल का प्रभाव आपके लग्न और दूसरे भाव पर ही रहेगा जिससे आपके घर के सुख में, कुटुम्ब में तथा दांपत्य जीवन में कलह रहने की संभावना बनती है. मंगल आपकी कुंडली के लिए अशुभ है और इसकी दृष्टि आपके लिए प्रतिकूल फलों को प्रदान करने वाली रह सकती है. माता के साथ वैचारिक मतभेद रहेंगे और यह मतभेद झगड़ो का रुप भी ले सकते हैं.

तिमाही के इस भाग में आपकी संतान भी आपके हक में नहीं रहेगी अर्थात आपके कहे अनुसार नहीं चलेगी. आपको इससे भी परेशानी का अनुभव बना रहेगा. आप बोलते समय शब्दों का ध्यान अवश्य रखें, एक बार मुँह से निकले शब्द फिर वापिस नहीं आ सकते हैं. इस तिमाही के अंतिम भाग में आप समय को संयम से निकालने का प्रयास करें क्योकि इस समय घर में कलह क्लेश अथवा अप्रिय समाचार सुनने को मिल सकता है. इस समय ऎसी बातों पर धन खर्च होगा जिनका कोई अर्थ ही नहीं होगा और ना ही कोई लाभ होगा.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

प्रॉपर्टी को लेकर यदि लड़ाई-झगड़े चले हुए हैं तब उनके बढ़ने की संभावना बनती है. तिमाही का यह भाग आपके दांपत्य जीवन के लिए बिलकुल भी उपयुक्त नही कहा जा सकता है. इस समय आप दोनो के मध्य काफी मतभेद उभर कर सामने आ सकते हैं. किसी भी तरह से आपको परिस्थितियों को काबू में रखने का प्रयास करना चाहिए. एक बार स्थिति बिगड़ जाने पर आपके लिए उसे संभालना मुश्किल हो सकता है और इसका भुगतान काफी लंबे अरसे तक करना पड़ सकता है. दांपत्य जीवन में किसी तरह से भी प्रेम भाव को कम ना होने दें.

इस तिमाही में आपको किसी क्षेत्र में निवेश से पूर्व एक बार अवश्य सोच लेना चाहिए. वाहन लेने के लिए समय बहुत अच्छा नहीं कहा जा सकता है. पुराने वाहन के रखरखाव पर भी काफी धन व्यय हो सकता है. तिमाही के अंतिम भाग में दांपत्य जीवन में सुधार होने की संभावना बनती है. इस समय आप कुछ राहत का अनुभव कर सकते हैं.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

वर्ष की यह तिमाही आपके लिए शुभ फल प्रदान करने वाली सिद्ध होगी, जो भी परेशानियाँ आपको अभी तक बनी हुई थी, उन सभी में आपको राहत महसूस होना आरंभ हो जाएगी. परिवार में कुछ सुकून का अनुभव आपको होगा और भाई-बहनों के साथ संबंधों में मधुरता बढ़ेगी. आप इस समय घर में खुशियों का आनंद लेंगे और मन में थोड़ी शांति का अनुभव करेंगे लेकिन सभी कुछ ठीक होते हुए भी ना जाने क्यूँ आपका मन व्याकुल सा रह सकता है. मन की इस बेचैनी को दूर करने के लिए आप स्वयं को व्यस्त रखने का प्रयास तो बहुत करेंगे लेकिन सफल नहीं हो पाएंगे.

तिमाही के इस भाग में आप विदेश यात्रा पर घूमने के उद्देश्य से जा सकते हैं. इस पूरी तिमाही में आपको नींद भी कम आने की संभावना बनती है. नींद पूरी ना होने से भी आपका मन बेचैन रह सकता है. तिमाही के अंतिम भाग में आपके संबंध अपने बच्चो के साथ सुधरने की उम्मीद बनती है. वह आपके लिए लाभदायक सिद्ध हो सकते हैं. जो लोग घर बदलने की सोच रहे हैं वह इस तिमाही के अंतिम भाग में बदलें.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

वर्ष की अंतिम तिमाही के पहले भाग में आपको मानसिक कष्टों का फिर से सामना करना पड़ सकता है, जो काम आपने नहीं किया है उसका भुगतान करना पड़ सकता है. परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा लांछनो का सामना करना पड़ सकता है, इन लांछनो अथवा झूठे आरोपो को सुनकर आप चुप बैठने वाले नहीं होगें और आपकी जुबान आग बरसाने का काम कर सकती है. इससे परिवार में शीतयुद्ध की सी स्थिति हर समय बनी रह सकती है. विवाहित होते हुए भी आपके प्रेम संबंध स्थापित होने की संभावना बनती है और इस तिमाही के ये प्रेम संबंध काफी समय तक बने रहने की संभावना भी बनती है.

तिमाही के दूसरे भाग में आपका अधिकतर समय मित्रों के साथ बीत सकता है अथवा घूमने - फिरने में बीत सकता है. इस समय आपको पड़ोसियों के साथ किसी तरह से झगड़ना नहीं चाहिए, विशेषतौर से छोटी-छोटी फिजूल की बात से दूर रहें. इस समय आपके केसादि शुरु होने की संभावना भी बनी हुई है इसलिए शांत रहें. तिमाही का अंतिम भाग पारीवारिक दृष्टिकोण से अनुकूल ही रहने की संभावना बनती है. वाहनादि के लिए भी समय अनुकूल रहेगा.

2014 में कन्या राशि के लिए उपाय

अक्तूबर 2014 तक आपकी कुण्डली में शनि की साढ़ेसाती का अंतिम चरण रहेगा, इसलिए आप इस समय तक शनि के उपाय करें. इसके लिए शनि के मंत्र जाप तथा शनि स्तोत्र आदि का पाठ कर सकते हैं. यह मंत्र जाप आप शनिवार के दिन करें. शनिवार के दिन शनि की वस्तुओ का दान भी किया जा सकता है. इसके साथ ही आप प्रतिदिन सुबह के समय गणेश जी की पूजा नियमित रुप से करें.

astrobix.com

तुला

वैदिक ज्योतिष – चंद्र राशि आधारित

क्या शत्रु आप पर हो पाएंगे हावी ? जानिए क्या कहता

तुला राशि की विशेषताएं

तुला राशि भचक्र की सातवीं राशि है. इस राशि का विस्तार 180 अंशों से लेकर 210 अंशों तक का होता है. इस राशि के अन्तर्गत चित्रा नक्षत्र के दो चरण, स्वाति के चार चरण और विशाखा नक्षत्र के तीन चरण आते हैं. तुला राशि के स्वामी शुक्र है तथा यह चर राशि है. शुक्र के प्रभाव स्वरूप जातक में कोमलता का भाव देखा जा सकता है. इससे प्रभावित होने पर आप शांतिप्रिय, न्यायवादी तथा संतुलित व्यक्ति होते हैं. आपको अकेले रहना बिलकुल पसंद नहीं है. आप अपने जीवन में अपने साथ रहने वाले व्यक्ति को बहुत महत्वपूर्ण मानते हैं, विशेषरूप से जिन्हें आप चाहते हैं उनका आप विशेष आदर करते हैं, आपका व्यक्तित्व दूसरों का दिल जीतने वाला होता है. आप सभी को अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करते हैं. इसलिए आप एकाकी माहौल में नहीं रह सकते हैं आपको भीड़भाड़ में सभी के मध्य रहना अच्छा लगता है.

आप सामाजिक प्राणी हैं अर्थात आपको समाज में रहना अच्छा लगता है. बिना किसी पक्षपात के आप निष्पक्ष रूप से निर्णय लेते हैं. दूसरों के साथ आप पूर्ण सहयोग करते हैं और आप प्रतिकूल परिस्थितियों में कूटनीति का सहारा भी लेते हैं. आपके व्यक्तित्व में शालीनता की झलक भी दिखाई देती है. आप जल्द ही दूसरों के साथ सामंजस्य स्थापित कर लेते हैं. दूसरों के साथ हर चीज को बांटना आपका स्वभाव है. आप निर्णय लेने की स्थिति में रहते हैं और अक्सर आप अपने कामों में लेट भी हो जाते हैं. फिर भी आप अपने दोस्तों तथा परिवार में प्रिय व्यक्ति बनते हैं.

आपको दोस्तों और परिवार के लोगों के साथ समय व्यतीत करना अच्छा लगता है. यहां तक कि अगर आपको मौका मिलता है तो आप तुरंत ही पार्टी या किसी समारोह को शुरू कराने का बीड़ा भी उठा लेते हैं. आप सामाजिक होते हैं और व्यवहार में अत्यधिक शिष्ट होते हैं. इसलिए अधिकांश व्यक्ति आपकी ओर आसानी से खिंचे चले आते हैं. आपके आसपास का प्रभामंडल सदभाव और सामंजस्य से पूर्ण होता है. आप बहुत ही सरलता से समस्याओं का समाधान ढूंढने में कामयाब होते हैं और बहुत ही समझदारी से अपने परिवार तथा मित्रों को व्यस्त रखने में सफलता पाते हैं.

आपमें इन खूबियों के होते हुए भी कुछ कमियां रहती हैं, जैसे कि आप एक अच्छे प्रेमी साबित होते हैं लेकिन एक से अधिक संबंध स्थापित करने में रूचि रख सकते है. आप किसी निर्णय को लेने में देर तक उस पर विचार करते हैं और हवाई किले अधिक बनाते हैं. किसी भी तरह का टकराव पसंद नहीं है. व्यवहारिक कम होते हैं और ख्यालों की उड़ान ज्यादा भरते हैं. मन में असंतोष व्याप्त रहता है, एक ही चीज बार-बार होने से जल्द ही उकता जाते हैं और एकरसता अच्छी नहीं लगती है.

तुला राशि के व्यवसाय

आप किसी व्यक्ति या समूह को प्रभावित करने में बहुत योग्य होते हैं. एक अच्छे वक्ता के गुण भी आप में मौजूद होते हैं आप किसी चीज का प्रस्तुतीकरण बहुत प्रभावशाली रूप से करना जानते हैं. महत्वाकांक्षी होने के साथ-साथ योजनायें बनाने व उन्हें संचालित करने की चाह भी रखते हैं धैर्यशीलता की कमी आपको अधिक प्रभावित कर सकती है. तुला राशि व्यापार, सहभागिता, कार्य में यात्राओं का सूचक है. आपमें उच्च स्तर की कलात्मक अभिरूचियाँ व योग्यताएं होती हैं. तुला राशि होने पर व्यक्ति फैशन डिजाइनिंग, चित्रकला, फेब्रिक, टेक्सटाइल, प्रसाधन के सामान, जूट, प्लास्टिक इत्यादि से संबधित कार्य कर सकते हैं.

आपको स्वतंत्र व्यापार करने की चाह भी रहती है जिस कारण से आप इसमें अधिक बेहतर साबित हो सकते हैं. कला से संबंधित व्यवसाय जैसे गायन, वादन, संगीत, कलाकार, अभिनय, सिनेमा, टीवी इत्यादि से जुड़ सकते है. डिजांइनिग सॉफ्टवेयर, इंजीनियरिंग, वेब डिजाइनिंग, बागवानी, नर्सरी, फर्नीचर डिजाइन करना जैसे क्रियात्मक कार्यो में भी हाथ आजमा सकता है. आभूषण ज्वैलरी विक्रेता के रूप में काम कर सकता है. चीनी, मिष्ठान, सजावटी सामान इत्यादि के निर्माण में कार्य कर सकता है.

2014 तुला राशिफल - पैसा और वित्तीय स्थिति

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक

तुला राशि के जातकों के लिए साल का आरंभ खर्चों की अधिकता लाने वाला रह सकता है. आपके आर्थिक व्यय में वृद्धि का समय होगा, आपको ना चाहते हुए भी खर्चे करने पड़ सकते हैं. आपको घर संबंधी खर्चों पर लगाम लगाने की आवश्यकता है क्योंकि आने वाली परिस्थितियों से निपटने हेतु आपको बहुत सारा धन खर्च करना पड़ सकता है. इस समय आपको अपनी माता के स्वास्थ्य हेतु भी कुछ धन लगाना पड़ सकता है.

इस समय आप पैसों को संभाल पाने में व बचत करने में कमी का अनुभव कर सकते हैं. परिवार में अचानक खर्चे बढ़ सकते हैं इसलिए वित्त संबंधी निर्णयों में अभी आपको और सोचना पडेगा, क्योंकि आपको खुद भी समझ नहीं आएगा कि आपका धन कहां लग रहा है. यदि आप कहीं धन लगाने के बारे में सोच रहें हैं तो कुछ समय का इंतजार करें क्योंकि इस समय धन का निवेश आपके लिए व्यर्थ ही साबित हो सकता है.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

अभी तक जो स्थितियां बनकर सामने आ रहीं थी वह कुछ संतोषजनक रही होंगी लेकिन आने वाली तिमाही में इन प्रतिकूल स्थितियों का अभी सामना करना बाकी है क्योंकि अब जो ग्रहों की स्थितियां हैं वह आपके स्वयं के कारण अधिक प्रभावित होंगी, इसलिए जो भी करें संभलकर व विचार कर ही करें. अपने शत्रुओं से आर्थिक क्षति उठानी पड़ सकती है. इस समय आपको अपने वित्त संबंधी मसलों को सतर्क रहकर देखना होगा, आपका कुछ पैसा किसी कोर्ट केस इत्यादि में भी लग सकता है. आपको अपने कागजातों को ध्यान पूर्वक रखना चाहिए और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से बचना चाहिए.

आपके धन के आगमन में रूकावट उत्पन्न हो सकती है. किसी से विवाद में भी आपका पैसा लग सकता है.
तिमाही के अंतिम भाग में आपका धन आपके किसी गुप्त कार्यों में भी व्यय हो सकता है. आपके साझेदार आपको परेशान कर सकते हैं और अपने पैसों की उगाही कर सकते हैं इसलिए आपकी छवि भी प्रभावित हो सकती है. यदि आपने पहले से किसी शेयर इत्यादि में पैसा लगा रखा होगा तो आपको उससे कुछ लाभ मिलने की संभावना तिमाही के अंत में दिखाई पडती है.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही में आपकी स्थिति भ्रमित रह सकती है. किसी को यदि पैसा उधार देने का विचार बना रहे हैं तो अभी इसे विचार में ही रहने दें क्योंकि अभी दिया गया धन जल्द वापिस नहीं मिल पाएगा. परिवार की ओर से आर्थिक सहायता न मिलने की संभावना बनती है लेकिन आप अपनी मेहनत में कमी नहीं करेंगे और पूर्ण लगन के साथ अपनी वित्तीय स्थिति को सुधारने का प्रयास करने की कोशिश में लगे रहेंगे. इस समय आप कार्यों में टालमटोल न करें तो अच्छा रहेगा क्योंकि यदि आप कुछ बेहतर रणनीति बनाते हैं तो आपको अपने निवेश से लाभ मिल सकता है. बाजार की नीतियों पर अपनी नज़र बनाए रखें और उसी के अनुरूप अपने पैसों का निवेश करें.

तिमाही के मध्य दौरान स्थिति में सुधार की गुंजाईश बनती दिखाई देती है. आपके कमाई के स्रोत बढ़ेंगे और आप अपनी कार्यकुशलता द्वारा धनार्जन करने में सफल रहेंगे. इस समय के दौरान आपके अपने खर्चों में कुछ कमी हो सकती है तथा आपके गैरजरूरी व्ययों पर भी नियंत्रण लग सकता है. आपको पैतृक संपत्ति से भी कुछ लाभ मिलेगा और पिता का सहयोग होने से आप अपनी आर्थिक स्थिति को उन्नत करने में सक्षम रहेंगे.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही का समय आप लोगों के लिए सामान्य बना रहने की उम्मीद बनती है. आपने अभी तक जो भी प्रयास किए होंगे उसमें अब जाकर आपको कुछ अच्छे संकेत मिल सकते हैं. लेकिन अभी ग्रहों की स्थिति में शुक्र नीच का है और बुध उच्च का होकर वक्री स्थिति में है, इस कारण से आपको इस ओर विशेष ध्यान देने की जरूरत है कि आप जल्दबाजी में आकर कोई निर्णय न लें कुछ समय के लिए स्थिति के अनुकूल होने का इंतजार भी करें.

आपको बाजार के उतार-चढाव भी प्रभावित कर सकते हैं. कहीं न कहीं इस समय स्टाक मार्केट में निवेश करने से पूर्व कुछ सोच-विचार कर लें तो आपके लिए स्थिति सहायक बन सकती है. तिमाही के मध्य भाग से आपको अच्छे लाभ मिलने की संभावना बनती है. आप अपने स्तर में सुधार करने में सक्षम होंगे. परिवार के किसी सदस्य पर अचानक से कुछ धन खर्च हो सकता है लेकिन अब आप इस समय होने वाले परिवर्तनों को उचित प्रकार से संभाल सकते हैं.

2014 तुला राशिफल - कैरियर और प्रोफेशन

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक

तुला राशि के जातकों के लिए वर्ष की प्रारंभिक तिमाही कैरियर की दृष्टि से सामान्य फल ही देने वाली कही जा सकती है. आपके काम में कर्मचरियों के सहयोग की कमी देखी जा सकती है. लेकिन आप अपने क्षेत्र में अपनी धाक जमाने की पूरी कोशिश करेंगे. इस समय आप कुछ अधिक क्रोधी हो सकते हैं और आप में शांत रहने की प्रवृत्ति समाप्त हो सकती है. ऎसे में आपके जो कुलिग हैं वह आपसे दूरी बनाने की कोशिश करेंगे इस प्रकार आपका काम भी बाधित हो सकता है. स्वयं को शांत बनाए रखें और अपने काम पर ध्यान दें अधिक भावुक होने से आप ही का नुकसान हो सकता है.

जो लोग व्यवसाय से जुडे हुए हैं उन्हें इस समय अपने माल का पूर्ण ब्यौरा रखने की आवश्यकता है. यदि आप अपने माल की वैरायटी और किस्म का ध्यान रखेंगे तो आप प्रतिद्वंदियों के सम्मुख खडे हो सकते हैं अन्यथा आपको अपनी स्थिति को बनाए रखने के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ सकती है. वस्त्र इत्यादि के निर्माण और काम से जुडे लोगों को अच्छे मौके मिल सकते हैं आप अपने व्यापार को शहर से दूर ले जाकर भी स्थापित करने का विचार मन में ला सकते हैं. आपको अपने व्यापार के लिए कुछ महत्वपूर्ण यात्राएं भी करनी पड़ सकती हैं और जिस कारण आप अपने सहयोगियों की मदद लेने के लिए भी तत्पर रह सकते हैं.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

आपने काम में जिस कार्यप्रणाली का अनुसरण किया होगा उसे इस समय और भी मजबूती के साथ सामने लाना होगा. आपको अपनी नौकरी में आगे बढ़ने के मौके मिल सकते हैं लेकिन प्रतिस्पर्धा काफी जोरदार रहेगी. यदि इस समय आप अपनी नौकरी को बदलने का विचार रखते हैं तो आपके लिए स्थिति कुछ कम अनुकूल दिखाई देती है. लेकिन आप अपने मन से इस विचार पर काफी जोरदार रूप से डटे रह सकते हैं. इसलिए पहले अपने लिए नई नौकरी को देखें तभी अपनी पुरानी जॉब को छोड़ने का मन बनाएं. बुध ग्रह के इस समय नीच का होने से आपकी बुद्धि भी प्रभावित रहेगी जिस कारण आप निर्णयों के दूरगामी प्रभावों से दूर रह सकते हैं.

व्यापार से जुडे लोगों के लिए यह समय अनुकूल रहेगा, आपको अपने काम में अच्छी पहचान मिल सकती है. इस समय साझेदारी में काम करने पर आपको धोखा भी हो सकता है या आपके साथ काम करने वाले आपको सही स्थिति से अनभिज्ञ रख सकते हैं. यदि आप किसी गलत कामों से या गुप्त कार्यों से धन कमाने में लगे हुए हैं तो इस समय आपको उन्हें रोक देना चाहिए अथवा अपनी गतिविधियों पर नियंत्रण लगाने की कोशिश करनी चाहिए क्योंकि अभी स्थिति के बिगड़ने की संभावना दिखाई देती है, पर जल्द ही स्थिति में सुधार होगा और आप अपनी स्थिति को सुधार सकेंगे व आगे तक ले जाने में सफल रहेंगे.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

यह समय आपको अपनी परेशानियों से काफी हद तक निजात दिलाने वाला रह सकता है. आपको अपने काम में या नौकरी में तरक्की मिल सकती है, इस समय आपके उच्चाधिकारी भी आपसे संतुष्ट रह सकते हैं. आपको अपने बॉस का अच्छा सहयोग मिल सकता है. दशम भाव में गुरू की उच्च स्थिति के कारण काम में आप अपने प्रतिद्वंदियों को पछाड़ने में कामयाब रहेंगे. तिमाही का आरंभ और मध्य भाग आपकी राह को आगे तक ले जाने में सहायक बनेगा. आप अपने सहकर्मियों से भी सहयोगात्मक स्थिति प्राप्त कर सकते हैं.

व्यापार में आपको मुनाफा मिलेगा आप अपने काम में लाभ की स्थिति को बनाए रखने में कामयाब रह सकते हैं. आपको अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए प्रयासों में तेजी बनाए रखनी चाहिए. क्योंकि अभी की स्थिति तो अनुकूल है किंतु तिमाही के अंतिम भाग में आपके लाभ में कमी हो सकती है. आपको अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए कुछ धन का व्यय करना पड़ सकता है तथा इस समय आप लोन या ऋण लेने का विचार भी कर सकते हैं. आप अपने काम के सिलसिले में बाहर की यात्रा भी कर सकते हैं, अपने शत्रुओं को परास्त करने में काफी हद तक सफल भी रहेंगे लेकिन घाटे की स्थिति से बचने के लिए भूतकाल में किया गया निवेश इस समय उपयोगी हो सकता है.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

काम के माहौल में खुद को ढ़ालने के लिए आपको अब तैयार हो जाना चाहिए और अपने पहनावे और सलीके पर ध्यान देना चाहिए. अभी जल्दबाजी न करें और तिमाही मध्य के समय तक का इंतजार करें, क्योंकि इस समय के दौरान ही आपको कुछ राहत मिलने के संकेत प्राप्त हो सकते हैं. अभी आप अपने काम को किसी के साथ मिलकर करने की सोच रहे हैं तो आपको लाभ की प्राप्ति होगी.

जो लोग प्रॉपर्टी के व्यवसाय में कार्यरत हैं उनके लिए समय अनुकूल दिखाई पड़ रहा है. आप निर्माण कार्यों द्वारा भी मुनाफा कमाने में सक्षम रहेंगे. आपको अभी अपने प्रयासों में तेजी करनी होगी और परिश्रम द्वारा आप अपने प्रतिद्वंदियों को धूल चटाने में सफल हो सकते हैं. आप लगातार होने वाली कोशिशों में लगे रहेंगे तो सफलता अवश्य मिलेगी और आप मंजिल तक पहुंचने में सफल हो जाएंगे.

2014 तुला राशिफल - हैल्थ और फिटनेस

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक

इस तिमाही स्वास्थ्य संबंधी मिलेजुले फल मिलेंगे, आपमें आलस्य और थकावट बनी रह सकती है. आपको अपनी आँखों का विशेष ख्याल रखना चाहिए क्योंकि नेत्र संबंधी कुछ परेशानी उत्पन्न हो सकती है. तिमाही मध्य में आपमें क्रोध की अधिकता हो सकती है इस कारण आपका रक्तचाप भी बढ़ सकता है अत: अपनी सेहत का ख्याल रखें और स्वयं को शांत रखते हुए काम करें.

यदि आपने इस समय अपने स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही दिखाई तो आगे चलकर यह स्थिति अन्य विकारों की उत्पत्ति का कारण भी बन सकती है. इस समय शारीरिक थकावट होने से किसी काम में मन न लग पाने की स्थिति भी बन सकती है, आपको चाहिए कि आप अपने को एक्टिव रखें और योग, ध्यान अथवा व्यायाम के द्वारा फिट रहने का प्रयास करें.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

इस तिमाही में आपको पेट में जलन या गैस्ट्रिक संबंधी तकलीफ परेशान कर सकती हैं. आपके काम में आपका स्ट्रैस बढ़ सकता है जिस कारण थकावट हो सकती है साथ ही जोडों में दर्द की शिकायत परेशान कर सकती है.

तिमाही के दूसरे भाग से आपको स्वास्थ्य को लेकर अधिक सतर्क रहने की जरूरत है. इस समय आपको यौन संक्रमण का खतरा अधिक रह सकता है इसलिए आप किसी भी ऎसी गतिविधियों में शामिल न हों जिससे आपकी सेहत में यह विकार उत्पन्न होने का भय बने. महिलाओं को माहवारी संबंधी कुछ तकलीफे परेशान कर सकती हैं इसलिए डाक्टर से चेकअप करा लेना आपके लिए बेहतर सिद्ध होगा. अपनी आहार संबंधी आदतों व साफ सफाई का विशेष ख्याल रखें ऎसा करने से आप काफी हद तक संक्रमणों से बचाव कर सकते हैं.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

तिमाही आरम्भ में आपका स्वास्थ्य मौसम मे आने वाले बदलावों से प्रभावित हो सकता है. सर्दी जुकाम की परेशानी बढकर ज्वर का कारण भी बन सकती है. गर्म सर्द से बचें तो इन स्थितियों से मुक्त हो सकेंगे. जो लोग मधुमेह से पीड़ित हैं उन्हें अपनी नियमित जांच कराते रहना चाहिए.

आपको जांघों में दर्द की शिकायत होने की भी संभावनाएं बन रही है. अपने स्वास्थ्य को अनुकूल रखने के लिये आपको भाग-दौड में कमी कर स्वयं को चिन्ता मुक्त रखने का प्रयास करना हितकारी रहेगा. स्वास्थ्य को सबसे ज्यादा खतरा फूड पाइजनिंग के कारण हो सकता है. आपको अपने खाने में ताजे फलों और सब्जियों का उपयोग करना चाहिए. खुद को स्वस्थ रखने के लिए सुबह की सैर अथवा मेडिटेशन का सहारा लेना अच्छा रहेगा.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही में कई सारे ग्रहों का प्रभाव आपके ऊपर देखा जा सकता है. ग्रहों के प्रभाव के कारण समय-समय पर आपको हेल्थ से संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है. इसलिए आपको स्वास्थ्य को लेकर सचेत रहना जरूरी होगा. आपको अपनी आहार संबंधी आदतों पर नियंत्रण करने की जरूरत है.

हृदय के रोगियों को अपना डाक्टरी चेकअप कराते रहना चाहिए जिससे हेल्थ सही रहे. इस राशि के बच्चों को छोटी मोटी चोट लगने की आशंका है इसलिए अभिभावकों को उनका ख्याल रखना चाहिए. माह के अंतिम भाग में चिन्ताओं के कारण मानसिक तनाव बढ सकता है परन्तु इसका शरीर पर प्रभाव कम ही पड़ने की संभावना बनती है क्योकि इस समय आप में रोगों से लडने की शक्ति अधिक बनी हुई है, इसके फलस्वरुप शारीरिक रोग आपको शीघ्र प्रभावित नहीं कर पायेगें.

विशेष - गर्भवती महिलाओं को इस अवधि के दौरान अपना विशेष ख्याल रखना चाहिए.

2014 तुला राशिफल - प्रेम संबंध

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक

प्रेम संबंधों के लिए साल का आरंभ नए संबंधों को लेकर आ सकता है. आप अपने प्रेमी के साथ अच्छा समय व्यतीत कर सकते हैं. वैवाहिक संबंधों में बंधने का समय है इसलिए तैयार हो जाएं और अपनी पसंद को रिश्तों में बदलते हुए देखिए. सब होते हुए भी कुछ दिक्कतें तो उभर ही सकती हैं. आपका क्रोध करना या जल्द रुठना साथी को परेशान कर सकता है इससे आप संबंधों में दूरी का ऎहसास कर सकते हैं.

तिमाही मध्य भाग के दौरान आपका मन एक से ज्यादा संबंधों में रह सकता हैं. इस समय आपका झुकाव अन्य मित्रों के साथ भी अधिक बढ़ सकता है, इसलिए परिवार में आपके रिश्तों को लेकर कुछ मतभेद उत्पन्न हो सकते हैं. लेकिन आपका अपना इस ओर से हट पाना मुश्किल हो सकता है और आपको अपने संबंधों में स्थिरता लाने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

आपने जो भी पहले काम किए हैं उन्हें यदि आप सुधार नहीं पाते तो आपको अपने कार्यों द्वारा काफी परेशानी झेलनी पड़ सकती है. आपके शत्रुओं को मौका मिल सकता है कि वह आपके संबंधों को अन्य लोगों के समक्ष उछालें इसलिए इस समय आपको काफी सचेत रहने की आवश्यकता होगी. आपका प्रेम संबंध विवाह में बदलने पर रोक लग सकती है या नाना पक्ष के लोग आपके संबंधों में अपनी हामी देने में आनाकानी कर सकते हैं.

आने वाले समय में कुछ जातक गुप्त रूप से विवाहेतर रिश्तों में संलग्न रह सकते हैं. आप एक से ज्यादा रिलेशन से बंधे रह सकते हैं. आपके इंटनेट या फोन फ्रैंड बन सकते हैं पर ध्यान रहे की किसी जालसाजी का शिकार न हो जाएं अन्यथा लेने के देने पड़ सकते हैं. अपने संबंधों को सभी से छुपाकर रखने की कोशिश करेंगे. इस समय आपको यह संबंध सुखद अनुभूति दे सकते हैं लेकिन आने वाले समय के लिए यह आपके लिए तनाव का रूप ले सकते हैं और आपके मान सम्मान पर आंच भी आ सकती है.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

इस समय आप संबंधों में स्थिरता लाने का प्रयास करेंगे. आपको भाग्य का साथ मिल सकता है और आप अपने प्रेम को विवाह के रूप में बदलते भी देख सकते हैं. कुछ जातकों को कार्यस्थल पर अपने सकर्मियों के लिए भी आकर्षण का भाव उत्पन्न हो सकता है. उनके साथ आप प्रेम की चाह रख सकते हैं. आप इस अवधि के दौरान अपने से बड़ी उम्र के लोगों की ओर भी आकर्षित हो सकते हैं.

प्रेम प्रसंगों में लापरवाही अच्छी नही है रिश्तों में दूरियां आने से पहले ही उनमें अपने लगाव और भरोसे का रंग भर दें तो अच्छा होगा. किसी रिलेशन में जल्दबाजी करना उचित नहीं और प्रेम संबंधों में तो कतई नही, इसलिए अपने प्यार को कुछ समय दें और उसकी इच्छा को समझें. यदि आप लापरवाही दिखाते हैं या किसी छोटी बात को बडा मुद्दा बनाने की कोशिश करते हैं तो आपके रिलेशन में समस्या उत्पन्न हो सकती हैं.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

वर्ष की अंतिम तिमाही का पहला भाग आपको मानसिक तनाव देने वाला रह सकता है. आपके संबंधों में जो विवाद की स्थिति उभर रही होगी वह आपको प्रेमी से दूर ले जा सकती है. इस समय आपके मनमुटावों में काफी वृद्धि रह सकती है. आप उचित निर्णय लेने में असफल रह सकते हैं और कोई न कोई वैचारिक मतभेद आपकी दूरी का कारण बन सकता है. ऎसे समय में आपको किसी न किसी प्रकार से कोई न कोई परेशानी की मुक्ति की चाह किसी अन्य राह की ओर ले जा सकती है, आप किसी गलत गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं. अत: स्वयं पर नियंत्रण रखें क्योंकि जल्द ही स्थिति में सुधार की संभावना बनती दिखाई देती है.

तिमाही के दूसरे भाग में आपके परिवार वाले आपके रिश्तों में आई दूरी को कम करने के लिए सहायक सिद्ध हो सकते हैं. उनकी ओर से मिली सहायता आपके प्रेम संबंधों को सुधारने में लाभकारी रहेगी. यदि पिछली तिमाहियों में आपका प्रेम विवाह टलता चला आ रहा है तब इस तिमाही में आपको विवाहसूत्र में बंधने का मौका भी मिल सकता है और आप अपने प्रेमी के साथ को पाकर सुखद अनुभव का अहसास करेंगे.

2014 तुला राशिफल - विद्यार्थी

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक

विद्यार्थियों के लिए यह तिमाही अनुकूल रहने वाली है. इस समय आप किसी टेक्निकल शिक्षा को पाने का प्रयास कर सकते हैं. इसी के साथ आप अपने अध्यापकों द्वारा अभी कुछ निर्देश पा सकते हैं जो आपको अपनी दिशा निर्धारित करने में सक्षम होंगे. शिक्षा में आपके शुरूआती प्रयास आगे चलकर अच्छे परिणाम देने वाले हो सकते हैं. आपको अभी किसी भी प्रकार की व्यर्थ की बातों में नहीं पड़ना चाहिए.

तिमाही के मध्य भाग के उपरांत आपका मन पढाई की ओर से हट भी सकता है. आपमें क्रोध अधिक होने से आपको सही बातों का निर्णय लेने में दिक्कत आ सकती है. लेकिन यदि आप अपने निर्धारित लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए आगे बढते हैं तो आपको सही स्थिति मिल सकती है.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

यदि आपने अभी भी शिक्षा के क्षेत्र में लापरवाही का रवैया अपनाए रखा तो शिक्षा के क्षेत्र में इस समय आपको कई परेशानियों को झेलना पड़ सकता है. आपका पढाई की ओर अधिक ध्यान नहीं लग पाएगा. आप अपनी शिक्षा की ओर ज्यादा एकाग्रचित नहीं रह पाएंगे. आपको अपनी सफलता को पाने में अधिक प्रयास करने पडेंगे पर कुछ न कुछ दिक्कतें बनी रह सकती हैं. आपके प्रयासों में रूकावटें भी बनी रह सकती हैं.

तिमाही मध्य के बाद यदि आप लगातार मेहनत करते हैं तो भाग्य की बाधाओं में भी कमी होगी. व्यर्थ की बातों में ध्यान देने के स्थान पर अपनी पढाई की ओर ध्यान लगाना होगा. इस अवधि में आपकी जिम्मेदारियों में इजाफा होगा और कार्यो का बोझ भी बढ सकता है. जो विद्यार्थी किसी रिसर्च से जुडे हुए हैं उनके लिए समय अनुकूल रह सकता है और आपको अपनी रिसर्च में अच्छा स्कोर मिलने की उम्मीद बनती है.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

अभी तक जो ध्यान भटकाव की स्थिति में रहा वह अब सही दिशा को पा सकता है. अभी तक जो असमंजस की स्थिति बनी हुई थी, जिस कारण से आपको कई प्रकार की परेशानियां झेलनी पड़ रही थीं, उनसे मुक्त होने की संभावना बनती दिखाई दे रही है. आप अपनी शिक्षा को आगे तक बढ़ाने की कोशिशों में सफलता पा सकते हैं.
आपको कई प्रकार से इन उतार-चढावों को झेलते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल सकती है. आपको अपने अध्यापकों का साथ मिल सकेगा और उनके परामर्श द्वारा आप आगे तक की राह को पाने में काफी हद तक सफल सिद्ध हो सकेंगे.

जिन छात्रों की पढ़ाई समाप्ति की ओर है और वह इस समय नौकरी की तलाश आरंभ करना चाहते हैं तो कर सकते हैं उन्हें सफलता मिल सकती है.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही जो शिक्षार्थी घर से दूर जाकर शिक्षा ग्रहण करने की चाह रखते हैं उन्हें अपने प्रयासों में तेजी करनी चाहिए क्योंकि आने वाले समय के दौरान आप इस ओर कदम बढा सकते हैं. विदेश में शिक्षा की योजना अब अपना असली रूप ले सकती है. यदि आपने किसी प्रतियोगिता में भाग लिया है तो आपको अच्छे फल मिलने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है.

विद्यार्थियों को अपने अभिभावकों की ओर से पूर्ण सहयोग मिल सकेगा. इस समय आपको अपने परिवार का समर्थन मिलेगा जिससे आपकी महत्वकांक्षाओं को उड़ान भरने का मौका मिल सकेगा. आप अपनी शिक्षा द्वारा दूसरों का भी भला करने का सोच सकते हैं ट्यूशन इत्यादि देकर आप अपने ज्ञान को दूसरों के समक्ष बांट सकते हैं. इससे आपका अपना ज्ञान बढ़ने के साथ जेबखर्ची भी निकल सकेगी.

2014 तुला राशिफल - यात्रा

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक

वर्ष के आरंभ की इस तिमाही में आपकी यात्राएं परिवार से दूर जाकर रहने के लिए हो सकती हैं. आप अपनी इन यात्राओं में कुछ अपने लिए भी करेंगे और आपकी स्थिति इस समय पर यात्रा की भागदौड़ के कारण असमंजस का रूप ले सकती है. आप अपने कामों को टालने की कोशिश भी कर सकते हैं तथा सभी स्थितियों को दरकिनार करते हुए यात्राओं पर जा सकते हैं. यात्रा के दौरान अपने सामान को अपनी निगरानी में रखें क्योंकि किसी भी प्रकार से आप परेशानी में पड़ सकते हैं. बाहर जाने के लिए जो भी जरूरी कागजात हैं उन्हें अपने पास ही रखें ताकि कोई रूकावट न आ सके.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

इस तिमाही में आपकी यात्राओं में अवरोध बने रह सकते हैं. लेकिन फिर भी आप अपनी यात्राओं द्वारा बाहर जाकर अपने काम को पूरा करने में लगे रह सकते हैं, पर आपको इस ओर प्रयास अधिक करने पड़ सकते हैं. कोई न कोई कागजी कार्यवाही या अन्य कोई कारण आपकी यात्रा में रुकावट का कारण भी बन सकता है.
तिमाही के अंतिम भाग के दौरान आप अपने पिता के साथ किसी धार्मिक यात्रा के लिए प्रस्थान कर सकते हैं या हो सकता है कि आप अपने गुरू के साथ उसके आश्रम में जाकर रहने का सोचें. किसी मनोरंजन स्थल की ओर जाने के लिए आप अपने मित्रों के साथ और कैम्प के साथ जाने का सोच सकते हैं.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

तिमाही के मध्य भाग में आप अपने आर्थिक क्षेत्र को मजबूत करने के लिए भी कोई जोड़ तोड़ कर सकते हैं. जिसके लिए आपको कहीं बाहर आना-जाना पड़ सकता है. आयात निर्यात के काम को लेकर भी आप विदेश यात्रा कर सकते हैं. इस समय की जाने वाली यात्राओं से आपको कुछ लाभ की प्राप्ति तो संभव बनती ही है, लेकिन एक दुविधा की स्थिति भी मन में बनी रह सकती है. यात्राओं के कारण इस समय आप शारीरिक रूप से थकावट का अनुभव भी कर सकते हैं.

यदि आप अपने आफिस की तरफ से यात्राओं पर जा रहे हैं तब आपके लिए मिश्रित फल प्रदान करने वाली यात्राएँ रह सकती है लेकिन जिस काम के लिए आप विदेश यात्रा कर रहे हैं, सभी परेशानियों व अड़चनों के बावजूद अंतिम समय में आपका काम अप्रत्याशित रुप से बन सकता है लेकिन तिमाही के अंत तक भी ना बन पाया तब दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

तिमाही के इस भाग में द्वादशेश की वक्री स्थिति के कारण एक ही काम को लेकर कई बार यात्राएँ करनी पड़ सकती है और बारंबार प्रयासों से ही सफलता मिल सकती है. बार-बार की यात्रा से धन का भी अपव्यय होता रहेगा. ग्रहों की स्थिति के कारण मन में वैचारिक उथल-पुथल बनी रह

सकती है. यह तिमाही यात्राओं में मिलेजुले फल देने वाली रह सकती है. इस तिमाही में आपको अपनी यात्रा में कम दूरी की यात्राओं को अधिक करना पड़ सकता है.

परिवार के साथ कहीं घूमने जाने की योजनाएं जो काफी समय से चली आ रही थीं उन्हें अंजाम तक पहुंचाने का समय आप तिमाही के अंतिम भाग में कर सकते है. इस समय आप धार्मिक स्थलों की यात्राओं को करेंगे तथा यह यात्रा भी आप परिवार के करीबी लोगों के साथ ही करने में उत्साहित रहेंगे.

2014 तुला राशिफल - परिवार

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक

साल के आरंभ में पारिवारिक गतिविधियों के बढ़ने से आप उनसे दूर जाकर रहने की कोशिश कर सकते हैं. कुछ समय आप शांति व सुख से बिताने की चाह रख सकते हैं. तिमाही के आरंभ में परिवार में कुछ मेहमानों का आना-जाना लगा रह सकता है लेकिन आप कुछ ज्यादा रुचि नहीं लेंगें क्योकि आपको फालतू की बातें करना नापसंद हो सकता है अथवा आप अपनी ही एक अलग दुनिया बनाकर चलते हैं. इस समय आपका झुकाव अपनी माता की ओर ज्यादा रह सकता है और माता से लाभ मिलने की भी संभावना इस समय बनती है.

इस तिमाही में आप बिना कारण चिड़चिड़ापन महसूस कर सकते हैं. जरा - जरा सी बातों को आप तूल दे सकते हैं जबकि आपको ऎसी बातों से बचना चाहिए. दाम्पत्य जीवन कुछ खास नहीं रहेगा और इस कारण आप दोनों के मध्य तनाव बढ़ सकता है. आपका जीवनसाथी व्यय बढ़ा सकता है और फिजूल की चीजों में धन का व्यय कर सकता है. इस कारण तिमाही के दूसरे व तीसरे भाग में आप दोनों पति-पत्नी परस्पर एक-दूसरे पर छोटी - छोटी बातों को लेकर छींटाकशी कर सकते हैं.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

तिमाही के इस भाग में परिवार में जमीन आदि के मामलों को लेकर कुछ विवाद हो सकता है, जिस कारण आपका घरेलू सुख अत्यधिक प्रभावित हो सकता है. आपके लिए वाद - विवाद को सुलझा लेना ही हितकर होगा आपको अत्यधिक मानसिक दबाव से होकर गुजरना पड़ सकता है. जमीन के इस विवाद को लेकर आपके अपने रिश्तेदार नीचता क परिचय देने से भी चूकेंगें नहीं. आपके लिए अच्छा यही होगा कि आपको अपने शत्रुओं से दूरी बनाकर चलना चाहिए क्योंकि इस समय आप पर आपके शत्रु अधिक दबाव बनाने की कोशिश कर सकते हैं.

आपके लिए अच्छा यही होगा कि आप विवाद से दूर रहने का प्रयास करें, अन्यथा आपको कोर्ट आदि के चक्करों में भी आपके विरोधी आपको घसीट सकते हैं. जमीन संबंधी यह विवाद तिमाही के अंत में कुछ शांत हो सकता है और आप अपने शत्रुओं पर नियंत्रण पाने में कामयाब हो सकते हैं. यह शांति किसी वरिष्ठ व्यक्ति की मध्यस्थता से होने की संभावना बनती है. तिमाही के मध्य भाग से माता का स्वास्थ्य आपके लिए चिन्ता का विषय बन सकता है.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही में आप अपने लिए संपत्ति की खरीद भी कर सकते हैं और आपका रुका हुआ धन भी मिलने के आसार बनते हैं. आपको विदेशों से भी लाभ प्राप्ति के योग बन रहे है. सरकार की ओर से कुछ अच्छे संकेत मिल सकते हैं. आत्मविश्वास की अधिकता से आमदनी में इजाफा होगा. व्ययों पर नियन्त्रण रहने से भी आर्थिक स्थिति को सहयोग प्राप्त होगा. आप अपने प्रयासों से कुछ धन प्राप्त कर सकते हैं इस समय भू-संपदा द्वारा भी आपको कुछ आर्थिक लाभ के संकेत मिल रहे हैं. पिता के सहयोग द्वारा भी आप अपनी स्थिति को सदृढ़ कर पाने में सफल रहेंगे.

तिमाही का मध्य भाग आपके लिए सभी प्रकार से अनुकूल रह सकता है लेकिन फिर भी आपके मन में अकारण भय सा समाया रह सकता है क्योकि आप अपने भविष्य को लेकर खुद को असुरक्षित महसूस कर सकते हैं और बिना बात का वहम अपने मन में पाल सकते हैं. इस वहम से खुद को आप स्वयं ही निकाल साक्ते हैं क्योकि इस विषय में कोई आपकी मदद नहीं कर सकता है. आप अपने आप को दृढ़ निश्चयी बनाएं और व्यवहारिक बनिए.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही में अपनी माता से आपको धन की प्राप्ति हो सकती है अथवा अगर आपका धन कहीं अटका हुआ है तो इस तिमाही के दौरान आपको मिल सकता है. इस तिमाही में मंगल की स्थिति अच्छी रहने से भूमि लाभ हो सकता है और तिमाही के अंत में तो मंगल की उच्च स्थिति के कारण भूमि एवं निर्माण कार्यों से लाभ वृद्धि बढ़ती ही रह सकती है. इस तिमाही में आप अपनी मेहनत में वृद्धि करेंगे और किसी बाहरी व्यक्ति से भी आर्थिक लाभ पा सकते हैं.

परिवार में कुछ पूजा पाठ व अन्य कार्यक्रम भी संपन्न हो सकते हैं. जीवन साथी के साथ सुख में वृद्धि बनी रह सकती है व साथी का झुकाव आपकी माता की ओर भी बना रह सकता है. संतान आपकी आर्थिक स्थिति को सुधारने में मददगार साबित हो सकती है. संतान की ओर से भी संतोष मिल सकता है. दांपत्य जीवन में जो कलह पिछले काफी समय से चला आ रहा था वह इस तिमाही में खतम हो सकता है.

2014 में तुला राशि के लिए उपाय

आपकी कुंडली में शनि की साढ़ेसाती का प्रभाव अपने पीक (चरम) पर रहेगा, इसलिए शनिदेव को शांत रखने का प्रयास करें और प्रतिदिन संध्या समय में 11बार शनि स्तोत्र का पाठ करें लेकिन यह पाठ रविवार के दिन ना करें. इसके साथ ही आपको प्रत्येक बुधवार के दिन विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ अवश्य करना चाहिए.

astrobix.com

वृश्चिक

वैदिक ज्योतिष – चंद्र राशि आधारित

वर्ष 2014 में आय-व्यय को संतुलित कर पाएंगे ? आइए

वृश्चिक राशि की विशेषताएँ

वृश्चिक राशि भचक्र की आठवें स्थान पर आने वाली राशि है. भचक्र पर इस राशि का विस्तार 210 अंश से 240 अंश तक फैला हुआ है. इस राशि के अन्तर्गत विशाखा नक्षत्र का चौथा चरण, अनुराधा नक्षत्र के चार चरण और ज्येष्ठा नक्षत्र के चारों चरण आते हैं. इस राशि का स्वामी ग्रह मंगल होता है इस कारण आपके भीतर मंगल की प्रवृति पाई जाती है, बलशाली व साहसी व्यक्ति होते हैं. इस राशि का प्रतीक चिन्ह एक बिच्छू है और इसका तत्व जल है. इस राशि को स्थिर राशि की श्रेणी में रखा गया है. बिच्छू का प्रतीक चिन्ह होने से आप अति शीघ्रता से प्रतिक्रिया देने वाले व्यक्ति होगें जबकि बाहरी तौर पर आप स्वयं को बहुत ही शांत तथा संयमी दिखाने वाले व्यक्ति होते हैं. आपकी एक खासियत यह है कि एक बार जिस बात को करने का जुनून आपके अंदर सवार हो जाता है तब आप उसे पूरा कर के ही दम लेते हैं. आप कम बोलना पसंद करते हैं लेकिन कम बोलने के बावजूद भी आपके भीतर अत्यधिक गतिविधियाँ चलती रहती है.

आप एक उत्कृष्ट व्यक्ति सिद्ध होते हैं और यदि आपको समूह की बागडोर सौंप दी जाए तब आप एक अच्छे नेता साबित होते हैं. संसाधनों के उपयोग में आप अपने सभी गुणों का उपयोग बखूबी करते हैं. आप किसी के भी प्रति धीरे-धीरे विश्वास जमाने का काम करते हैं और एक बार विश्वास जमने के बाद आप उसे काफी लंबे समय तक निभाते भी हैं. आप सच्चाई और ईमानदारी के आधार पर अपने मित्रों का चुनाव करते हैं. मित्रता में धोखेबाजी आपके लिए असहनीय होती है. मित्र की हर संभव सहायता आप करने को तैयार रहते हैं लेकिन यदि कोई आपसे धोखा करे तो आपसे बुरा फिर कोई नहीं होता है और आप बदले की भावना से ग्रसित रहते हैं. आप फिर कभी मित्र से बात नहीं करते हैं और सदा के लिए उनसे नाता तोड़ देते हैं.

परिवार के प्रति आप वचनबद्ध रहते हैं और अपने उत्तरदायित्वो का निर्वाह भी पूरा करते हैं. कार्यक्षेत्र पर प्रबंधन के मामलों में आप कुशल होते हैं. जब अपनी वकालत की जरुरत पड़े तो आप खुद के लिए अच्छे वकील साबित होते हैं. आपको बेईमानी करने वाले लोग पसंद नहीं होते हैं और आप निष्क्रिय लोगो से भी एक उचित दूरी बनाकर रखते हैं. सच बोलना व सुनना आपको पसंद होता है और आप सदा सत्य की राह पर चलना चाहते है. आपकी एक बड़ी खूबी यह भी है कि आप लायक विरोधियों का भी सम्मान करते हैं.

आपके अंदर बहुत से गुणों के साथ कुछ अवगुण भी विद्यमान होते हैं, आप बहुत ही शीघ्रता से छोटी से छोटी बात पर प्रतिक्रिया जाहिर करते हैं. आप स्वयं को दूसरों के सामने पूरी तरह से प्रकट नहीं करते हैं और छिपे हुए से रहते हैं. इस कारण आपकी स्थिति बहुत बार विस्फोटक भी हो सकती है लेकिन यह आपके लिए घातक सिद्ध हो सकती है. आप अपने प्रति रहस्यों को बनाए रखते हैं और जिद्दी प्रवृति के व शंकालु व्यक्ति होते हैं. दूसरो पर शक व संदेह करना आपकी आदत होती है.

वृश्चिक राशि के लिए कैरियर

वृश्चिक राशि होने से आपके भीतर बिच्छू जैसे गुणो का समावेश भी होता है और राशि स्वामी मंगल होने से आप बलिष्ठ, बलशाली, साहसी, पराक्रमी तथा ऊर्जावान व्यक्ति होते हैं. आप पुलिस विभाग में कार्यरत हो सकते हैं, रक्षा विभाग में भी आप नौकरी कर सकते हैं, रेलवे विभाग, दूर संचार विभाग आदि को भी आप आजीविका का क्षेत्र चुन सकते हैं. आप बीमा कर्ता अथवा एजेंट हो सकते हैं. आपको चिकित्सा आदि जैसे क्षेत्रों में भी सफलता मिल सकती है और मशीनरी से जुड़े काम आपके लिए उपयुक्त कहे जा सकते हैं. आप ललित कला व नृत्य में भी कुशल होते हैं, आप अच्छे वक्ता व कुशल लेखक भी होते हैं.

2014 वृश्चिक राशिफल - पैसा और वित्तीय स्थिति

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

वर्ष की पहली तिमाही में आपके लिए अनुकूलता बनी रहने की संभावना कम ही है. चारों ओर से आपके खर्चे बढ़ने की बात नजर आती है. इस समय आपका संचित धन भी कम हो सकता है और किसी आवश्यक काम की पूर्ति के लिए किसी से आर्थिक सहायता भी लेनी पड़ सकती है. पूरी तिमाही आप आर्थिक संकटों का सामना करते रह सकते हैं. आर्थिक तंगी के कारण आप परेशान रह सकते हैं और गलत रुप से धनार्जित करने का फैसला कर सकते हैं. आप इस समय भूलकर भी शेयर बाजार में ऎसे काम में पैसा ना लगाएं जहाँ कम में ज्यादा का लालच हो.

इस समय आप भाई-बहनों के लिए भी जो धन व्यय करेंगे वह व्यर्थ ही जाएगा. इसलिए दूरगामी परिणाम देखते हुए आगे बढ़े. इस समय यदि आप अपनी जमीन आदि बेचना चाहते हैं तो कुछ समय प्रतीक्षा करें अन्यथा आप घाटे का सौदा इस समय कर सकते हैं.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

वर्ष की दूसरी तिमाही आपके लिए मिश्रित फल प्रदान करने वाली रह सकती है. इस समय आपकी आय व व्यय दोनो ही समान रुप से बने रह सकते हैं लेकिन निवेश के लिए यह तिमाही भी अधिक अनुकूल नहीं कही जा सकती है. इसलिए अधिक जोखिम से बचने का प्रयास करें. इस समय आपको कोई भी बात स्पष्ट रुप से समझ नहीं आएगी और इस कारण फिजूल की बातों पर धन का व्यय आप कर सकते हैं. जहाँ आप कुछ समझ नहीं पा रहे हैं वहाँ आप अपने घर के बड़े बुजुर्गों से सलाह लेकर ही आगे कदम बढ़ाएँ अथवा दो-चार लोगो से मार्गदर्शन लें.

तिमाही के दूसरे भाग में आपको जीवनसाथी से अथवा बाहरी तत्वो से लाभ की प्राप्ति हो सकती है. इस समय आपका प्रेमी भी आपकी आर्थिक रुप से मदद कर सकता है लेकिन तिमाही के अंतिम भाग में आपके समक्ष जो खर्चे उभरकर सामने आएंगें उन्हें आप रोकने में असफल रहेंगे और जितना आप कमाएंगे उतना ही आप व्यय भी करेंगे.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

तिमाही के इस भाग में आपकी आर्थिक स्थिति में कुछ सुधार होना आरंभ हो जाएगा और आप धन संबंधी मामलों में राहत का अनुभव करेंगे. धन संबंधी बातों को लेकर आपको जो भी परेशानियाँ बनी हुई थी उनमें कमी आ सकती है क्योकि इस समय आपकी आय में वृद्धि हो सकती है और आपके भाई-बहन अथवा पिता या वरिष्ठ व्यक्ति आपको आय बढ़ाने के कुछ “गुर” भी सीखाने में सहायक हो सकते हैं. तिमाही का अंतिम भाग आर्थिक रुप से अधिक सुदृढ़ बना रहेगा.

इस तिमाही में आपको बच्चो के भविष्य को लेकर कुछ चिन्ता बनी रह सकती है और आप उनके भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए बाजार में आई बचत योजनाओं पर सलाह मशविरा करने के बाद निवेश कर सकते हैं. माताजी के स्वास्थ्य पर थोड़ा धन व्यय हो सकता है.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

वर्ष की अंतिम तिमाही वित्तीय दृष्टिकोण से आपके पक्ष में ही रहने की संभावना बनती है. इस समय जो लोग विदेशों से अपनी आय का संबंध स्थापित करने की सोच रहे हैं वह कर सकते हैं और उन्हें आरंभ में कुछ परेशानियों के बाद अच्छे परिणाम ही प्राप्त होगें. लेकिन इस समय आपका जीवनसाथी बेकार की चीजों में धन खर्च कर सकता है. आपके मना का उस पर शायद ही कुछ प्रभाव पड़े. इस समय आपका धन मादक द्रव्यों के सेवन तथा कॉकटेल पार्टी पर भी व्यय हो सकता है और माह की इस पहली व दूसरी तिमाही में भोग विलास में भी धन का व्यय हो सकता है. आप भी अपने ऊपर कुछ पैसा खर्च कर सकते हैं. आपको थोड़ा नियंत्रण करना चाहिए क्योकि आपकी आमदनी में वृद्धि होती है तो इसका अर्थ यह नही कि आप पिछला समय भूल जाएं और फिर से सारा पैसा एकदम से उड़ाना आरंभ कर दें. आपको यह बात तिमाही के अंत तक समझ आ ही जाएगी कि कुछ बचत करने में समझदारी ही है.

2014 वृश्चिक राशिफल - कैरियर और प्रोफेशन

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

पैतृक काम करने वाले व्यक्तियों के लिए तिमाही का आरंभ समय अनुकूल कहा जा सकता है. इस समय आपके काम में वृद्धि होगी और आपकी एक नई पहचान स्थापित होगी. आप नवीन योजनाओं को लागू कर के अपने व्यवसाय को एक नई दिशा प्रदान करेंगे. व्यवसाय के सिलसिले में आपकी भाग-दौड़ भी काफी अधिक बनी रह सकती है. साझेदारी में काम करने वालों के लिए भी यह तिमाही अनुकूल फल प्रदान करने वाली रह सकती है.

नौकरीपेशा लोगो के लिए समय का आरंभ अच्छा ही रहेगा लेकिन जिनके काम का संबंध मल्टीनेशनल कम्पनी से जुड़ा है उन्हें कुछ असहज परिस्थितियों का सामना करते रहना पड़ सकता है लेकिन आप अपनी चालाकी व बुद्धिमत्ता का उपयोग करते हुए उच्चाधिकारियों को अपनी ओर करने में सफल रह सकते हैं. आप जब जो करने की सोचते हैं उसे पूरा कर के ही दम लेते हैं, यही जुनून आपके कार्यक्षेत्र पर देखा जा सकता है.

तिमाही के दूसरे अथवा तीसरे भाग में आपकी पदोन्नति हो सकती है, लेकिन इसमें भी बहुत से लोग टांग अड़ाने का काम कर सकते हैं और जितने की आपको उम्मीद होगी उससे कम ही मिलने की गुंजाइश नजर आती है. इस कमी का कारण आपको खुद समझ नहीं आ पाएगा कि ऐसा क्यूं हुआ है.

अप्रैल 2013 से जून 2013 तक का समय

इस तिमाही को मिश्रित फल प्रदान करने वाली कहा जा सकता है और आरंभ समय में आपको सरकार अथवा सरकारी अधिकारियों के कोप का भागी बनना पड़ सकता है. इस समय को आप समझकर तथा विचारकर ही निकालने का प्रयास करें. आप बहुत ही जिद्दी प्रवृति के हैं लेकिन जिद में आकर खुद का नुकसान करना समझदारी नहीं कहलाएगी. इसलिए समय की नजाकत को देखते हुए नेत्र खुले रखते हुए परिस्थितियों पर निगाह रखें.

तिमाही के दूसरे भाग में स्वत: ही परिस्थितियाँ आपके अनुकूल हो जाएंगी और आपके निज प्रताप में वृद्धि होगी और कार्यक्षेत्र पर सुखद अनुभव होगा, काम करने में आनंद आएगा. लेकिन व्यवसाय करने वालों को इस भाग में बाधाओं तथा विघ्नों का सामना करना पड़ सकता है. तिमाही के अंतिम भाग में आपको खासतौर पर सचेत रहना चाहिए क्योकि इस समय आप कुछ भी बोलने से हिचकिचाएंगे नहीं और आपकी यही जुबान आपके लिए कष्टकारी साबित हो सकती है. आपके विरुद्ध हुई परिस्थितियों का लाभ आपके विरोधी उठा सकते हैं और आपको दण्ड का भागी बनना पड़ सकता है. यदि आप अपने ऊपर काबू रखते हैं और सभी काम पूर्ण करते हैं तब आपके ऊपर अंगुली उठ भी गई तब भी हानि नहीं होगी.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

नौकरीपेशा लोगों के लिए तिमाही के आरंभ के दो सप्ताह कष्टकारी रह सकते हैं क्योकि इस समय आपके ऊपर आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा सकते हैं. आपकी कार्य क्षमता पर अंगुली उठाए जाने की बात अब प्रत्यक्ष रुप से सामने आ सकती है, लेकिन आप अपने काम से फिर से परिस्थितियों को संभालने का प्रयास करेंगे और धीरे-धीरे कार्यक्षेत्र पर अपनी छवि को सुधारने में सफल हो ही जाएंगे. एक बात का ख्याल यह रखें कि आप अपने स्वार्थीपन का परिचय ना दें और ना ही अपने लाभ के चक्कर में किसी दूसरे को मोहरा बनाएं क्योकि यही मोहरा आपके लिए उलटा पड़कर आपकी परेशानी का कारण बनेगा.

तिमाही के अंतिम भाग में आपको अपने अधिकारियों का साथ मिलना आरंभ हो जाएगा और आप फिर से स्वयं को विस्थापित करने में सफलता पा ही लेंगे लेकिन आफिस में हुए हंगामे और आपके ऊपर उठाई गई अंगुली के कारण आपका मन किसी अन्यत्र स्थान पर जाने का हो सकता है और आप कई नए स्थानों पर आवेदन कर सकते हैं. बिजनेस के लिए तिमाही का आरंभ समय अनुकूल ना रहकर बाद का समय पक्ष में रहेगा. आरंभ समय में आप अपने काम को कराने के लिए घूसखोरी का भी सहारा ले सकते हैं. किन्तु आप कुछ समय धैर्य रखें क्योकि कुछ समय बाद ही आपका अच्छा समय आने वाला ही होगा.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

बिजनेस करने वाले व्यक्ति इस तिमाही के आरंभ में किसी भी रुप में अपने काम को सफल करने की सोचेंगे. चाहे उसके लिए उन्हें कुछ भी या कोई भी नीति क्यूँ ना अपनानी पड़े. लेकिन आपको यह गलत नीति बहुत महंगी पड़ सकती है और जेल यात्रा तक के योग इस गलत काम के कारण बन सकते हैं, बदनामी होगी सो अलग है. इसलिए आवेश में आकर अथवा आवेगी होकर कोई काम ना करें और ना ही किसी तरह का निर्णय ही लें. आपके गलत काम का प्रभाव आपको अपने व्यवसाय में काफी अरसे तक देखने को मिल सकता है.

कामकाजी महिलाओं को भी इस समय अपने सहयोगियों से किसी तरह का कोई पंगा नहीं लेना चाहिए अन्यथा आपके अधिकारी आपकी बात सुनने को तैयार ही नहीं होगें और आपके ही ऊपर अपमान की अंगुली उठाई जा सकती है. इससे आपके और आपके उच्चाधिकारियों के मध्य ठन सकती है और आप अपने अपमान का बदला लेने के लिए सभी को कोर्ट तक घसीटने के लिए भी तैयार रहेगें. आप जो भी निर्णय लें उसके अनुकूल और प्रतिकूल दोनो ही पहलुओ पर मनन अवश्य करें.

2014 वृश्चिक राशिफल - हैल्थ और फिटनेस

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

वर्ष की तिमाही के आरंभ समय में आपको शारीरिक कष्टों की बजाय मानसिक कष्टों का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि आप इस समय स्वयं को बंधन में बंधा हुआ सा महसूस कर सकते हैं. इस कारण आप हर समय मन-मस्तिष्क पर एक बोझ सा महसूस कर सकते हैं. तनाव के कारण आपको सिर चकराने जैसे रोग घेर सकते हैं. यदि आप इनसे बचना चाहते हैं तो आपको आध्यात्म का सहारा लेना चाहिए और कुछ समय अपने लिए निकाल कर व्यायाम जरुर करना चाहिए. शरीर में तरो-ताजगी बने रहने के लिए आप ताजे फलो अथवा ताजे फलों के रस का उपयोग अवश्य करें.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

वर्ष की इस दूसरी तिमाही में आपकी बुद्धि कुछ भ्रमित सी बनी रह सकती है. इस समय आप दूसरों के इस्तेमाल किए वस्त्रो को ना पहनें खासकर आप दूसरों के तौलिए का उपयोग तो बिलकुल भी ना करें. इस समय आपको त्वचा विकार होने की संभावना बनती है. यदि दूसरों के वस्त्र उपयोग करेंगे तो अवश्य ही हो सकती है. फोड़े-फुंसी भी इंफेक्शन के कारण ही निकल सकते हैं, इनसे बचाव के लिए आप नीम के पत्तो को पानी में उबालकर स्नान करें. जिन लोगों को पेट से जुड़ी व्याधियाँ पहले से ही है और बार-बार परेशान कर रही हैं उन्हें लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

आप अपनी छोटी-छोटी तकलीफों को अनदेखा ना करें क्योकि यह आपके लिए नासूर साबित हो सकती हैं. एक जरा सी बीमारी को अनदेखा करने पर यह कई रुप धारण कर सकती है, इसलिए बेहतर है कि आप समय पर पूरा ईलाज कराएं. ईलाज को आधा अधूरा ना छोड़े. आप अपने खानपान पर ध्यान दें क्योकि दूषित भोजन करने से आपको तीव्र पेट दर्द की शिकायत बनी रह सकती है और कुछ समय आपके इस दर्द के कारणो का पता लगाने में ही निकल सकता है. यदि आपको किसी कारण ब्लड टेस्ट कराना पड़ सकता है या इंजेक्शन लगवाना पड़ जाए तब एक बार सुई और इंजेक्शन की जाँच अवश्य कर लें अन्यथा विषाणुओ का हमला शरीर पर हो सकता है.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

खराब स्वास्थ्य के कारण आपको अस्पताल के चक्कर भी काटने पड़ सकते हैं और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए आप मेडिटेशन का सहारा भी इस समय ले सकते हैं. आप जिस भी चिकित्सक से अपना ईलाज करा रहे होगें उसे आप इस तिमाही में बदल सकते हैं. मानसिक कष्टों से राहत रहेगी लेकिन जिन्हें श्वास संबंधी रोग है उन्हें ज्यादा भारी काम अथवा भारी सामान उठाकर नहीं चलना चाहिए और ना ही ऊंचाई वाले स्थानों पर अधिक समय तक पैदल ही चलना चाहिए. इनकी तबीयत इस समय ज्यादा खराब हो सकती है और सांस की बीमारी बढ़ सकती है. आप अपनी दवाईयाँ अपने साथ सदा रखें.

2014 वृश्चिक राशिफल - प्रेम संबंध

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

पहले से बने हुए प्रेम संबंधों में आपको अभी मनमुटाव का अनुभव हो सकता है. इस मनमुटाव का कारण आप स्वयं भी हो सकते हैं. छोटी सी बात को लेकर आप बतंगड़ बना सकते हैं और प्रेमी को मानसिक यातनाएं तक दे सकते हैं. आपकी इन मानसिक यातनाओं को सहन करते-करते वह परेशान होकर अन्ततः आपका साथ छोड़ने का फैसला कर सकता है. आप अपनी कमियों को दूर करने का प्रयास करें और यह समझे कि जिस तरह से आपकी अपनी भावनाएं कोमल हैं और जो शीघ्रता से आहत भी हो जाती हैं ठीक उसी तरह से आपके प्रेमी की भावनाएम भी कोमल हैं और वह भी महत्व रखती हैं.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

वर्ष की इस दूसरी तिमाही का आरंभ आपके प्रेम संबंधों के लिए बिलकुल भी उपयुक्त नहीं माना जाएगा. इस समय आपके आपसी मतभेद बहुत ज्यादा बढ़ सकते हैं और आप स्वयं भी मानसिक परेशानी की हालत में होने से चिड़चिड़े से हो सकते हैं. तिमाही का यह पहला भाग ज्यादा कष्ट वाला ही रहने की संभावना बन रही है. लेकिन दूसरे भाग में आपका प्रेमी समझदारी का परिचय देते हुए इन प्रेम संबंधों को संवारने की एक बार फिर से कोशिश कर सकता है. इस समय आपको भी उसका साथ देना चाहिए और पिछले सभी गिले शिकवों को दूर करते हुए आगे बढ़ना चाहिए.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही में आपके प्रेम संबंध धीरे-धीरे अनुकूल होने की संभावना बनती है, साथ ही आप दोनो अपनी-अपनी कमियों को दूर करने का प्रयास करे. इस समय आपको किसी काम के सिलसिले में अपने प्रेमी से दूर भी जाना पड़ सकता है. यह दूरी आपको खल सकती है और आप अब अपने प्रेमी का अपने जीवन में महत्व समझ सकते हैं. आप जानेंगें की आपका प्रेमी आपको कितना चाहता है और आप स्वयं भी उसके बिना रह पाने में सक्षम नहीं हैं. तिमाही का अंतिम भाग आपके लिए काफी अनुकूल सिद्ध हो सकता है और आप प्रेम संबंधों को विवाह में तबदील करने की भी सोच सकते हैं और इसके लिए माता-पिता से प्रेम संबंधों का जिक्र भी कर सकते हैं. लेकिन पहली बार में वह शायद ही माने, आप दोनो में से किसी के भी परिवार वाले आवाज उठा सकते हैं.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

प्रेम संबंधों को लेकर घर में कलह क्लेश होने की संभावना बनती है. आप कुछ बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए प्रतिकूल परिस्थिति को संभालने का प्रयास करेंगे लेकिन आपका प्रेमी इन प्रतिकूल परिस्थितियों से कुछ घबरा सा सकता है और इस कारण वह अत्यधिक परेशान सा हो सकता है. यह स्थिति आपके प्रेमी के लिए घातक भी सिद्ध हो सकती है. ऐसी स्थिति में आप इसे दिलासा देने का प्रयास करें और विपरीत परिस्थितियों से बाहर लेकर आएं. इस तिमाही के पहले व दूसरे भाग में आपको दोनो का विशेष ध्यान रखना होगा क्योकि आपके ऊपर भी तोहमत लगाई जा

सकती है और प्रेम संबंधों को लेकर बखेड़ा खड़ा हो सकता है. सभी तरह की प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद भी आप इस तिमाही के अंतिम भाग में सामान्य हो सकते हैं.

2014 वृश्चिक राशिफल - विद्यार्थी

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

तकनीकी क्षेत्र से संबंधित विद्यार्थियों के लिए तिमाही का आरंभ अनुकूल रह सकता है. जो विद्यार्थीगण तकनीकी क्षेत्र में दाखिला लेने के लिए शहर से बाहर जाना चाहते हैं वह जा सकते हैं. लेकिन काफी झंझटों के बाद ही आपको सफलता मिलने की संभावना बनती है. आप अपने साथ आवश्यक कागजात अर्थात सर्टिफिकेट ले जाना ना भूलें. इससे आपकी फिजूल की भाग-दौड़ के साथ अनावश्यक समय तथा धन का व्यय भी होगा. प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए समय आपके पक्ष में रहेगा.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

जो विद्यार्थी अभी तक मनोनुकूल विषयों में दाखिला लेने के लिए भटक रहे हैं उन्हें थोड़ा सा सचेत रहने की आवश्यकता है क्योकि उनके साथ इस समय धोखा हो सकता है. आप किसी ऎसे व्यक्ति के चंगुल में फंस सकते हैं जो आपसे धन लेकर दाखिला दिलाने का लालच दे सकता है. आपको ऎसे लोगों से सचेत रहने की आवश्यकता है. कहीं ऎसा ना हो कि रुपये भी जाएं और दाखिला भी ना हों. इसलिए जरा सा लालच आपको बहुत ज्यादा महंगा पड़ सकता है. आप प्रयास करें और अपनी ही काबिलियत पर दाखिला लें. निराश ना हो इस तिमाही के दूसरे अथवा तीसरे भाग में आपको दाखिला मिल ही जाएगा.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

वर्ष की यह तिमाही आपके लिए अनुकूल फल प्रदान करने वाली रह सकती है. इस तिमाही में वैसे तो आपकी बुद्धि डांवाडोल सी बनी रहेगी और आप अपनी राह से भटक भी सकते हैं लेकिन फिर कुल मिलाकर तिमाही के अंत तक आप फिर से अपनी पढ़ाई की ओर गंभीर होना आरंभ कर देंगे. तिमाही का दूसरा और फिर अंतिम भाग आपके लिए हर लिहाज से अच्छा रहेगा अर्थात पढ़ाई के साथ-साथ आप खेल-कूद प्रतिस्पर्धाओं में भी अच्छा प्रदर्शन कर के दिखाएंगे.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

वर्ष की इस अंतिम तिमाही का समय आपके लिए अधिक अनुकूल नहीं कहा जा सकता है. आप पढ़ाई के क्षेत्र में तो बेहतर कर के दिखाएंगें लेकिन आप दादागिरी करने वाले लोगों के साथ रहना आरंभ कर सकते हैं और अच्छा होते हुए भी आप पर इन लोगों के कारनामों का प्रभाव पड़ सकता है. जिस भी गलत काम में यह शामिल होगें उसका आरोप आप पर भी लग सकता है. इसलिए तिमाही के पहले भाग में तो बिलकुल भी ऎसा कोई काम ना करें जिससे आपके ऊपर धब्बा लगे और आपके माता-पिता को भी शर्मिंदा ना होना पड़े. दूसरे भाग को भी इस मामलें ठीक-ठाक ही कहा जाएगा लेकिन अंतिम भाग आपको राहत देने वाला होगा.

2014 वृश्चिक राशिफल - यात्रा

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

यात्राओं को लेकर वर्ष की पहली तिमाही मिश्रित फल प्रदान कर सकती है. इस तिमाही का पहला भाग आपकी व्यवसायिक यात्राओ के लिए अनुकूल कहा जा सकता है. पहले भाग में काम को लेकर यात्राएं अधिक होने की संभावना बनती है. आपकी यह यात्राएं यूँ ही व्यर्थ नहीं जाएंगी, जिस काम के लिए आप यह यात्राएं करेंगे उन सभी में आपको सफलता मिलने की संभावना बनती है. यह पूरी तिमाही आपके लिए अनुकूल फल प्रदान करने वाली रहेगी.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

वर्ष की तिमाही का यह दूसरा भाग आपकी यात्राओं के लिए अच्छा नही कहा जा सकता है. यात्राओं के विफल रहने की संभावना अधिक बनती है और आपको हानि का सामना करना पड़ सकता है. इन यात्राओं के दौरान आपकी कीमती वस्तु के खोने की भी संभावना बन रही है. यदि बहुत आवश्यक हो तो आपको सचेत रहकर यात्रा करनी चाहिए और अनजान व्यक्तियों से ज्यादा बातचीत नहीं करनी चाहिए और ना ही किसी राहगीर से खाने की किसी वस्तु की भागीदारी करें. इससे आप काफी हद तक परेशानियों से बच सकते हैं.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

तिमाही का आरंभ समय आपकी यात्राओं के लिए अनुकूल नहीं कहा जा सकता है लेकिन मध्य समय को आपके पक्ष में कहा जा सकता है. तिमाही के मध्य भाग में आप परिवार के साथ यात्राओं पर जा सकते हैं और आनंद का अनुभव भी कर सकते हैं. आपकी यात्राएं सुखद व मन को शांति प्रदान करने वाली रहेगी. तिमाही का अंतिम भाग भी आपकी यात्राओं के लिए अनुकूल कहा जा सकता है. इस समय आप छोटी विदेश यात्राओ पर भी जाने का कार्यक्रम बना सकते हैं.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

वर्ष की अंतिम तिमाही का पहला भाग आपके लिए अच्छा नहीं कहा जा सकता है क्योकि इस समय आपकी यात्राओं में बाधाओ का सामना अधिक करना पड़ सकता है. यात्रा के दौरान आपके आसपास के लोगो से आप छोटी सी बात को लेकर उलझ सकते हैं और स्थिति के बेकाबू होने की भी संभावना बनती है. ऎसे में ज्यादा परेशानी आपको ही होगी, इसलिए आवेश में आकर आवेगी ना बनें और अपने क्रोध को वश में करने का प्रयास करें.

तिमाही के मध्य भाग में कार्यक्षेत्र को लेकर यात्राएं हो सकती है और अंतिम भाग में परिवार को लेकर आप किसी समारोह में शामिल होने के लिए यात्राएं कर सकते हैं.

2014 वृश्चिक राशिफल - परिवार

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

आपकी जन्म कुंडली में शनि का गोचर आपके चंद्रमा से बारहवें भाव में हो रहा है, इससे आपकी कुंडली में शनि की साढ़ेसाती का पहला भाग आरंभ हो ही चुका है. गोचर के शनि की तीसरी दृष्टि आपके कुटुम्ब भाव पर पड़ने से परेशानियों का तथा कलह क्लेश का सामना आपको करते रहना पड़ सकता है. तिमाही के इस भाग में मंगल की चतुर्थ दृष्टि भी आपके कुटुम्ब में लड़ाई-झगड़े कराने का काम कर सकती है. इसलिए आपको इस तिमाही को सामंजस्य तथा तालमेल से गुजारने का प्रयास करना चाहिए. संतान की ओर से आपको तनाव का सामना करना पड़ सकता है अथवा बच्चो का खराब स्वास्थ्य आपको परेशानी में डाल सकता है. वर्ष की इस तिमाही में आप स्वयं को बंधा हुआ सा महसूस करेंगे, आपको महसूस होगा कि चाह कर भी आप कोई काम नहीं कर पा रहे हैं. इस कारण आपकी नींद में भी खलल पड़ सकता है.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

तिमाही के इस पहले भाग में आपको वाणी अत्यधिक खराब हो सकती है. परिवार में हर रोज किसी ना किसी बात को लेकर झगड़े बने रह सकते हैं और वातावरण में अशांति बनी रह सकती है. आपके घर में तिमाही के दूसरे भाग में किसी बाहरी व्यक्ति की दखलंदाजी अधिक बनी रह सकती है जिससे वह घर के झगड़ो को और अधिक बढ़ाने का ही काम करेगा. आप अपनी बुद्धि से काम लें और किसी अन्य की बात में आने का प्रयास ना करें.

हर परिस्थिति का जायजा शांत व स्थिर रहकर करने का प्रयास करें. कोई कुछ कहता भी है तो तुरन्त जवाब देने से बेहतर है कि कुछ मनन करें फिर सोचें कि क्या कहना चाहिए और यह आवश्यक नही कि हर बात पर प्रतिक्रिया जाहिर ही की जाए. यदि आपके बड़े भाई-बहन हैं तब आपका उनके साथ अच्छा खासा झगड़ा हो सकता है, जिससे दूरियाँ इतनी बढ़ सकती हैं कि फिर वापिस पास आना मुश्किल हो जाएगा.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

पारीवारिक दृष्टिकोण से इस तिमाही में आप परिवार के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेने में अन्य सदस्यों की सलाह अवश्य लें. जिस बात पर सभी एक सी सहमति जताए उसे आगे बढ़ाने का प्रयास करें, फिर आपको अपनी मनमर्जी नहीं चलानी चाहिए. तिमाही के आरंभ समय में साथी का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है जिससे उसके भीतर भी चिड़चिड़ापन समाया रह सकता है. तिमाही के दूसरे भाग में जिस पैतृक संपति को लेकर विवाद चला आ रहा था, उसका निपटारा किसी वरिष्ठ व्यक्ति की मध्यस्थता से हो सकता है.

तिमाही का मध्य भाग परिवार के लिए महत्वपूर्ण बना रहने की संभावना बनती है. इस समय आपको पिता की ओर से धन लाभ हो सकता है और भाग्य आपका साथ देगा. लेकिन इस समय माता के साथ वैचारिक मतभेद रहेगे और इस कारण आपको दुख का अनुभव होगा तथा अत्यधिक मानसिक परेशानी होगी. जीवनसाथी की पदोन्नति होने की संभावना बनती है.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

वर्ष की अंतिम तिमाही के पहले भाग में आप अपनी जिम्मेदारियों का अनुभव कर सकते हैं और जिन कामों को आप इतने समय से टालते आ रहे हैं उन्हें पूरा करने का बीड़ा उठाएंगे. अपने उत्तरदायित्वों का निर्वाह करने में ही आपका समय ज्यादा बीत सकता है. घर के बहुत से काम एक साथ आरंभ करने से आपकी भाग-दौड़ ज्यादा बनी रह सकती है. इस समय आपके मित्र आपकी एकाग्रचित्तता को भंग करने का प्रयास कर सकते हैं और बातों में फंसा कर आपको नशे की ओर भी धकेल सकते हैं. आपको अपने इन मित्रों से दूर ही रहना चाहिए और बेकार के झगड़ो से बचना चाहिए.

तिमाही का दूसरा भाग आपके लिए बिलकुल भी उपयुक्त नही है, आप इसे संयम तथा धैर्य से निकालने का प्रयास करें और भूलकर भी कोई ऐसा काम ना करें जिससे आपके मान-सम्मान पर बट्टा लगें या आपको कोर्ट केस में ना फंसना पड़े. दूसरा भाग अपेक्षाकृत अनुकूल होगा लेकिन बहुत ज्यादा नहीं जबकि तिमाही का अंतिम भाग आपके लिए अनुकूल बना रहेगा.

2014 में वृश्चिक राशि के लिए उपाय

आपके ऊपर शनि की साढ़ेसाती का प्रभाव आरंभ हो गया है इसलिए आपको शनि से संबंधित मंत्र जाप तथा स्तोत्र अवश्य करने चाहिए. आप हर शनिवार को संध्या समय में, जब सूरज छिप चुका हो लेकिन अंधेरा ना हुआ हो, पीपल के पेड़ के नीचे सरसों के तेल का दीया जलाना चाहिए. यह तेल और दीपक आप अपने घर से लेकर जाएं, शनिवार के दिन खरीदें नहीं. दीपक जलाने के बाद पेड़ की परिक्रमा सात बार करें.

यदि आप शाम को नहीं जा सकते हैं तब आप सुबह के समय में भी जा सकते हैं. सुबह के समय सूरज निकलने से पहले लेकिन जब अंधेरा ना हो तब आप एक लोटे में जल लें और उसमें काले तिल या साबुत उड़द के दाने डालकर पीपल की जड़ में दें और जहाँ मिट्टी गीली हो जाएगी वहाँ से मिट्टी का तिलक अपने माथे पर कर लें. इसके साथ ही आप शनिवार के दिन एक माला शनि मंत्र की करें और शनि स्तोत्र का पाठ 11 बार करें. हर मंगलवार व शनिवार के दिन हनुमान चालीसा का पाठ सात बार करें.

astrobix.com

धनु

वैदिक ज्योतिष – चंद्र राशि आधारित

वर्ष 2014 आपके लिए क्या लेके आ रहा है ? देखें

धनु राशि की विशेषताएं

धनु राशि भचक्र की नौवीं राशि है, भचक्र पर इस राशि का विस्तार 240 अंशो से लेकर 270 अंशों तक रहता है. इस राशि के अंतर्गत मूल नक्षत्र के चार चरण, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र के चार चरण और उत्तराषाढ़ा नक्षत्र का पहला चरण आता है. धनु राशि द्विस्वभाव की अग्नि तत्व राशि होती है. आप मजबूत देह व लंबे कद वाले हो सकते हैं. आपकी शारीरिक बनावट काफी सदृढ़ होती है. आपके बाल घने होते हैं व आंखें चमक से भरपूर होती हैं. अग्नि तत्व होने के कारण इस राशि के जातकों में क्रोध की अधिकता देखी जा सकती है. जिसके प्रभाव स्वरूप आपका स्वभाव भी गर्म और किसी भी काम को जल्दबाजी में करने वाला रह सकता है. आप अति शीघ्रता से कार्य करने वाले होंगे और किसी निश्चित लक्ष्य पर जब तक पहुंच न जाएं तब तक उसके लिए प्रयासरत रहने वाले होंगे.

आप में उत्सुकता का भाव भी अधिक होता है. हर किसी बात के विषय में जानने के लिए आप सदैव आतुर रहते हैं. आप प्रतिस्पर्धा से घबराते नहीं है, अपितु ड्टकर सामना करने की क्षमता रखते हैं. अगर आपको रोमांस करने का मौका मिल जाए तो आप पहल करने से पीछे नहीं हटते और अपने प्रेम का इजहार कर देते हैं. आप स्वयं को दूसरों की नजरों में नहीं आने देना चाहते इसलिए उनसे नजरें चुराने लगते हैं. आपके साथ वहीं व्यक्ति टिक सकता है जो आप की ही भांति ऊर्जावान और उत्साहित है.

आपके दोस्तों की बात की जाए तो आपकी लिस्ट में हर किस्म के लोग शामिल हो सकते हैं. आप लोगों को उनके विशिष्ट गुणों के आधार पर ही अपना दोस्त बनाएंगे. आपको नेतृत्व करने की इच्छा रहती है किसी और के विचारों को अपने उपर सह नहीं पाते लेकिन उनका निरादर भी नहीं करते हैं. प्रत्येक कार्य में बढ़-चढ़ कर भाग लेना आपको अच्छा लगता है. चुनौतियां स्वीकार करना आपको अच्छा लगता है. किसी भी काम को साहस, दृढ़ता, संकल्पशक्ति, उत्साह के साथ पूरा करते हैं.

आपके भीतर सभी चीजों को जानने की जिज्ञासा रहती है. आप सभी कामों को जल्द से पूरा कर लेने की चाह रखते हैं. धनु राशि को भचक्र का यात्री माना जाता है. धनु राशि का चिन्ह घोडे का होता है जो ऊपर से आदमी और बाकी बचा हिसा घोडे का होता है. आप जीवन के प्रति खुले व विस्तारित विचार आपको दार्शनिक प्रवृत्ति का बनते हैं. अपने इस स्वभाव के कारण आप जीवन के रहस्यों का जान सकने में सक्षम होते हैं.

आप बहुर्मुखी प्रतिभा के धनी होते हैं व जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हैं. आपका उत्साह सदैव बरकरार रहता है. दृढ़ विचार के होने के कारण आपको अपनी सोच से हटा पाना मुशकिल होता है. द्विस्वभाव होने के कारण आपको बदलाव पसंद होता है. आपके स्वभावनुसार यह बदलाव होते रहना चाहिए अन्यथा आपकी ऊर्जा का पूर्ण सदुपयोग नहीं हो पाता इसलिए अपनी शारीरिक तथा मानसिक ऊर्जा के बने रहने के कारण आपको परिवर्तन करते रहना चाहिए. कई बार अपने विचारों को लेकर भी दुविधा की स्थिति में रह सकते हैं. इतना सब होते हुए भी आपमें कुछ नकारात्मक तथ्य भी होते हैं जैसे कि आप कूटनीतिज्ञ हो सकते हैं. जितना बोलते हैं उससे कम ही करते हैं.

धनु राशि के व्यवसाय

आपकी धनु राशि है और धनु राशि होने से आपके भीतर ऊर्जा व पराक्रम की कमी नहीं होती है. इसलिए आपको ऊर्जा व जोश से भरे हुए कामों में इनका उपयोग करना चाहिए. आपको खेल-कूद आदि में भाग लेकर अपनी ऊर्जा का सदुपयोग करना चाहिए अर्थात आप खेलों को भी अपने कैरियर के रुप में चुन सकते हैं. आप लेखापाल अथवा वकालत को भी अपना कैरियर बना सकते हैं. धनु राशि का संबंध बृहस्पति से है और बृहस्पति ज्ञान के कारक ग्रह हैं इसलिए आप अध्यापन को भी अपना कैरियर बना सकते हैं. आप धर्म प्रचारक के रुप में भी काम कर सकते हैं, आप धार्मिक संस्थाओं से जुड़कर भी अपना काम कर सकते हैं. आप वित्तीय प्रबंधक अथवा सलाहकार के रुप में भी काम कर सकते हैं.

2014 धनु राशिफल - पैसा और वित्तीय स्थिति

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक

धनु राशि के जातकों के लिए यह वर्ष की पहली तिमाही वित्तीय स्थिति के लिए काफी अनुकूल रह सकती है. इस वर्ष धनेश आपके लाभ भाव को प्रभावित कर रहा है जिस कारण आपके लाभ में वृद्धि के आसार नज़र आ रहे हैं. आपको अपने सहकर्मियों से भी अच्छे लाभ की प्राप्ति हो सकती है. परिवार के सहयोग से भी लाभ दायक स्थिति का फलादेश दिखाई देता है. आय के स्रोत बढेंगे और मुनाफा अच्छा रहेगा, परेशानियां भी दूर होंगी. लाभ आपका बन रहेगा लेकिन इस लाभ का आप मजा नहीं उठा पाएंगे, अधिक पाने की चाह आपकी इच्छाओं को तृप्त नहीं कर पाएगी.

तिमाही के दूसरे व तीसरे भाग में विदेश से आय के अच्छे योग बनते हैं , इम्पोर्ट एक्स्पोर्ट के मामलों में अच्छा मुनाफा हो सकता है. बुद्धिमानी व चतुरता से आप काम पूरे करने में सफल रहेंगे. साझेदारी में व्यापार आरम्भ करने के कारण आय में कमी हो सकती है, ग्रहों के प्रभाव के कारण पैसों से संबंधित परेशानी झेलनी पड़ सकती हैं. लेकिन अपनी सूझ-बूझ से आप इन्हें दूर करने की कोशिशों में लग सकते हैं. सही समय पर सही निर्णय लेने की आपकी कोशिशें आपको अच्छे मौके दिला सकती हैं. आप खुद को मजबूत रुप से स्थापित करने की कोशिश में सफल हो सकते हैं.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

इस तिमाही के आरंभ समय में पैसों की दिक्कत परेशान नहीं करेगी, लेकिन कुछ अचानक से होने वाले खर्चे उभर कर सामने आ सकते हैं. शुरुआत में थोड़ी बहुत चिंताएं सता सकती हैं. इस समय आप यात्राओं से अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं. आपकी कोशिशें तेज हो सकती हैं पर जहां तक हो सके शेयर मार्किट में निवेश करते समय सजग रहें. इस समय आपको अपने आर्थिक फैसलों के बारे में सोचना चाहिए. अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाए रखने के लिए आपको मेहनती बने रहना होगा. इस पूरी तिमाही में आपको शेयर बाजार अथवा म्युच्वल फंड में निवेश करने में सतर्क रहना होगा, लालच में आकर निवेश करने से बेहतर है कि आप बाजार की नीतियों का अध्ययन करें और उन पर गौर फरमाएँ तब निवेश करने का सोचें.

तिमाही के मध्य भाग के बाद से कारोबार में ज्यादा पैसा लग सकता है जो आपकी आर्थिक स्थिति पर प्रभाव डाल सकता है. लेकिन आप सरलता से हार मानने वालो में से नहीं हैं, आपके प्रयास और आपका आत्मविश्वास आपको उन्नति देने में सहायक सिद्ध होगा. आप अपनी बौद्धिकता से मुनाफा बढ़ाने की कोशिशों में लग सकते हैं. आय के क्षेत्र में कुछ महत्वपूर्ण प्राप्तियां मिल सकती हैं. विदेशी सौदों को पाने के लिए समय अनुकूल होगा. नौकरी में बदलाव या प्रमोशन आपको धन लाभ करा सकता है. आपके पास नई जिम्मेदारियां आएंगी, परिवार में कुछ खर्चे बढेंगे और बच्चों की पढाई में खर्चा बना रहेगा.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही में खर्चों का बोझ कुछ कम हो सकता है. नौकरी में प्रमोशन के योग बन सकते हैं जिससे आर्थिक लाभ में वृद्धि हो सकती है. आर्थिक लाभ को बढ़ाने के लिए आप अपनी गतिविधियों को बढ़ाकर लोगों से मेल मिलाप भी कर सकते हैं. इससे आय के साधन बढ़ेंगे और नए

उत्तरदायित्व भी मिलेंगे. निवेश के लिए सही समय है कहीं से आर्थिक मदद मिल सकती है. आपके रुके हुए कार्य भी इस समय आरंभ हो सकते हैं. परिश्रम द्वारा आप अपने को आगे रख सकने में सफल हो सकते हैं. तिमाही के मध्य में आपको काम संबंधी कुछ अड़चने सामने आ सकती हैं.

आपको छुपे हुए शत्रुओं से सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि हो सकता है कि वह आप पर छुपकर ही हमला करें. तिमाही के अंतिम समय में पैसों की दिक्कत भी सामने आ सकती है. आपके काम में व्यय बढेगें और आप होने वाले खर्चों पर नियंत्रण रखने की कोशिश कर सकते हैं और जल्द ही आप अपनी स्थिति को संभालने में कामयाब रहेंगे. आप व्यापार में कुछ नई बातों को लाने का विचार रख सकते हैं जिस कारण आपकी इच्छाएं आपको पैसे कमाने की ओर अग्रसर कर सकती हैं. कुल मिलाकर यह पूरी तिमाही आपके लिए अन्ततः लाभदायक ही सिद्ध होगी, आप किसी भी तरह अपने लाभ में कमी नहीं होने देंगे.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

साल की अंतिम तिमाही आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकती है और आप कुछ निवेश भी कर सकेंगे. आप धर्म-कर्म के कार्यों में भी कुछ धन लगा सकते हैं. परिवार में होने वाले किसी शुभ काम में आपका पैसा लग सकता है. अपने लिए कुछ खरीदने की इच्छा करेंगे और कुछ मंहगी वस्तुओं पर खर्चा कर सकते हैं, खासकर अनावश्यक वस्तुओं पर केवल दिखावे के लिए पैसे फूंक सकते हैं. इस तिमाही के मध्य में आपके खर्चों में अचानक से बढ़ोत्तरी हो सकती है और आप आर्थिक स्थिति में कमी का अनुभव कर सकते हैं लेकिन फिर भी आप कुछ हद तक इस स्थिति में नियंत्रण बनाए रखने की कोशिश अवश्य करेंगे. आपको इस समय किसी भी प्रकार के व्यर्थ के खर्चों को रोकने का प्रयास करना चाहिए जिससे कि आपकी बचत प्रभावित न हो सके.

साल के अंत तक आप कुछ प्रोपर्टी भी खरीदने का मन बना सकते हैं. अगर आपने पैसा कमाने के लिए कुछ प्रयास किया है तो पैसों को लेकर परेशानी नहीं होगी आपकी आय के स्रोत बढ़ेंगे. व्यापार के माध्यम से भी आप खूब पैसा बनाएंगे. लेकिन किसी बडे निवेश को करने से पहले बाजार की स्थिति को ध्यान में जरूर रखें. क्योंकि बाजार में आने वाली उठापटक आपकी आर्थिक स्थिति में अचानक से गड़बडी़ पैदा करने का कारण बन सकती है.

2014 धनु राशिफल - कैरियर और प्रोफेशन

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक

वर्ष की पहली तिमाही की शुरूआत किसी काम में नई प्रगति या तेजी से हो सकती है. आपको अपने कार्य में नई जिम्मेदारियां भी मिल सकती हैं. कार्य स्थल पर बॉस के साथ अच्छे संबंधों का निर्माण होगा, वह आपके काम को समेंझेंगे और आपको कई अन्य काम भी मिल सकेंगे. आपके काम को सराहना भी मिलेगी और लेकिन साथ ही कुछ प्रतिद्वंदी आपकी इस प्रशंसा से चिढ़ भी सकते हैं. व्यवसाय में आपको बडे बिजनेस व डेवल्पर्स से मिलेने के मौके मिल सकते हैं जो आपके काम में आपकी मदद भी कर सकेंगे.

लेकिन इसी के साथ आपको जोखिम लेने से बचना चाहिए, नौकरी में परेशानी भी झेलनी पड़ सकती है. हालात आपके नियंत्रण से बाहर भी हो सकते हैं पर घबराएं नहीं स्थिति में सुधार जरूर मिलेगा. दूसरे माह में आप अपने लाभ को लेकर भ्रम में रह सकते हैं. काम के कारण कुछ यात्रा भी करनी पड़ सकती हैं. इस समय आप अपने शत्रुओं और विरोधियों को बेहतर तरह से चुप करा पाएंगे.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

इस तिमाही में आपके काम में रुकावट के कई कारण बन सकते है. ग्रहों के प्रभाव के कारण छोटे-छोटे कामों के लिये भी आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है. व्यापार से संबंधित क्षेत्र में प्रोजेकट रुक सकते हैं या उनमें कोई अडंगा डाल सकता है. उतार-चढाव अधिक होने की संभावनाएं बन रही है. लेकिन जल्द ही परेशानियां दूर हो जाएंगी आपको मुनाफा भी मिलने की उम्मीद बंधती है.

आपके मित्र और सहकर्मी आपकी कुछ सहायता कर सकते हैं. पर जो आपके नियंत्रण में काम करते हैं उनसे कुछ परेशानी का सामना करना पड़ सकता है. यदि आप जमीन से जुड़े कामों में संलग्न रहते हैं तब किन्हीं कारणों से कोर्ट कचहरी का सहारा लेना पड़ सकता है. इस समय आप राजनीति में जाने का सोच सकते हैं पर थोड़ा सचेत होकर काम करेंगे तो कुछ मौके बन सकते हैं वर्ना दूसरे लोगों की अवहेलना परेशान कर सकती है.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

यदि आप अपना व्यवसाय करते हैं तब इस तिमाही में आपको अपने काम के लिए कुछ लोन लेने की आवश्यकता पड़ सकती है. इसलिए यदि आप किसी को उसकी मजबूरी के लिए भी धन उधार देते हैं तो समय को देखते हुए काफी सोच समझ कर ही कोई निर्णय लें ज्यादा विश्वास करना हानि दिखा सकता है. व्यवहारिक होकर फैसले लेना बेहतर होगा. इस समय के दौरान आप अपने बिजनेस को बढ़ाने का सोच सकते हैं और कई नई नीतियां बना सकते हैं. इस तिमाही के मध्य भाग से आप नौकरी में परेशानी का अनुभव कर सकते हैं इसलिए आप अपने लिए किसी नई नौकरी को ढूंढने के बारे में सोच सकते हैं.

इस तिमाही के आरंभ में समय अनुकूल रहेगा लेकिन कुछ निजी परेशानियों के कारण आप व्यवसाय पर ध्यान नहीं दे पाएंगे लेकिन तिमाही के मध्य भाग से आपको अपने परिवार और मित्रों की मदद मिल सकती है. इस मदद से आपको अपने कारोबार में अच्छा लाभ मिल सकता है और आप अपने कर्मचारियों को कुछ ईनाम भी दे सकते हैं. आपके महत्वपूर्ण लोगों के साथ संबंध बनेंगे इस कारण आय के नए स्रोत सामने आ सकते हैं. लेकिन आने वाले समय में कुछ नई चुनौतियां भविष्य में उभरकर सामने आ सकती हैं. इसलिए अभी किसी भी स्थिति से बचाव में रहने के लिए आपको चाहिए कि आप अधिक जल्दबाजी न करें परंतु अपने काम में अच्छा प्रदर्शन करने का प्रयास करें तभी आपको उचित लाभ मिल सकता है.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही के दौरान आप अपने काम के सिलसिले में विदेश यात्रा भी कर सकते हैं. इस समय आप पर काम का बोझ बना रह सकता है और आप अपने काम में कुछ ज्यादा ही उलझ सकते हैं. काम में वृद्धि बनी रह सकती है और भाग्य भी इस समय आपके लिए सहयोगी बन सकता है. आपके कार्यक्षेत्र में उच्चाधिकारियों का हस्तक्षेप बना रह सकता है जिससे आप अपने काम को एक नए रूप में सामने लाकर प्रस्तुत करने की कोशिश कर सकते हैं. इस माह में अधिक जोश दिखाना आपके लिये व्यवसायिक क्षेत्र में विवाद की स्थिति उत्पन्न कर सकता है.

आपको बहुत से कामों को एक साथ करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए बेवजह जोखिम लेने से बचें. काम के सिलसिले में की जाने वाली यात्राएं आपके लिए अधिक लाभदायक न बन सकें लेकिन फिर भी आपको एक संतुष्टि का बोध तो अवश्य ही रहेगा. यात्रा पर खर्चे ज्यादा हो सकते हैं, व्यवसायियो को इस समय कम मिलने की संभावना बनती है. नौकरी में बदलाव की स्थिति बनी हुई है इस कारण आपके निर्णय में भ्रम कि स्थिति उत्पन्न हो सकती है. काम में सोच-विचार अधिक रहेगा, अपनी योग्यता दिखाने में आपको समय लग सकता है. साल के अंत तक काम में उन्नति मिल सकती है.

2014 धनु राशिफल - हैल्थ और फिटनेस

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक

सेहत का ध्यान रखने की आवश्यकता है, वर्ष के शुरुआत में स्वास्थ्य सामान्य बना रहेगा लेकिन तिमाही के शुरूआत बाद के समय में आपको गर्म सर्द हो सकता है. शरीर में गर्मी अधिक हो सकती है जिस कारण स्वास्थ्य कुछ खराब रह सकता है. आपकी शारीरिक क्षमता में कुछ कमी आ सकती है. आप अपनी स्फूर्ति व उत्साह में कमी पाएंगे इस कारण थकावट और आलस्य बना रह सकता है.

इस अवधि के दौरान आप मानसिक रुप से कुछ चिंता में पड़े रह सकते है और इस कारण आप उन्मादी भी हो सकते हैं. सनक या उन्माद से अपने को बचाए रखना जरूरी होगा. आपको कुछ समय अपने मनोरंजन के लिए भी निकालना चाहिए और कहीं घूमने फिरने जाना चाहिए. ऎसा करने से आप फिर से अपने आप को स्वस्थ महसूस करेंगे. काम में व्यस्तता के कारण भी आपका मन कुछ परेशान हो सकता है जिसका प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर देखा जा सकता है, पर आप जल्दी ठीक भी हो जाएंगें. इस समय अगर आप पौष्टिक व संतुलित आहार को अपने खाने में शामिल करते हैं तो आपको ऊर्जा मिलेगी और स्फूर्ति बनी रहेगी.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

इस तिमाही में आपको अपने खान पान पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि इस समय आप बाहर का खाना ज्यादा खाने वाले हैं और ट्रैवलिंग में रहने के कारण आपकी हेल्थ कुछ गड़बड़ा सकती है. आपको पेट के संक्रमण हो सकते हैं या गैस्ट्रीक की समस्या से आप परेशान हो सकते हैं. इसलिए अपनी भोजन संबंधी आदतों पर नियंत्रण रखें.

ज्यादा तेल मसालों से दूर ही रहें तो अच्छा होगा ऎसा करने से आप अपनी गैस संबंधी समस्या पर काफी हद तक नियंत्रण पा सकते हैं. जिन लोगों को घुटनों में दर्द की शिकायत है उन्हें अपने डाक्टर की सलाह से पैरों से संबंधित व्यायाम और मसाज करते रहनी चाहिए.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही में आपका स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा और इस समय आपकी रोग-प्रतिरोधक क्षमता मजबूत बनी रह सकती है. परिवार में किसी को लम्बे समय से चली आ रही बिमारी परेशान कर सकती है अपने बडों का ख्याल रखें ओर उनके साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताया करें जिससे उन्हें अकेलापन न महसूस हो.

इस समय मौसम में गर्मी के कारण आपको सिर दर्द और थकावट हो सकती है आपको चाहिए कि आप प्रात: काल में सूर्य नमस्कार करें और कुछ योग क्रियाओं का सहारा लें इससे हेल्थ को फायदा मिलेगा. जिन व्यक्तियों को डायबिटिज की समस्या है उन्हें तिमाही के दूसरे भाग से अपने खानपान पर ज्यादा ध्यान देना होगा और तनाव से मुक्त रहने की कोशिश करनी होगी.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

सेहत की दृष्टि से यह तिमाही कुछ मिले जुले फल देने वाली रह सकती है. आपके लिए यह समय अनुकूल रह सकता है. परिवार के सदस्यों की सेहत पर कुछ प्रभाव पड़ सकता है. माता-पिता का ख्याल रखें उनकी डाक्टरी जांच नियमित रुप से कराते रहें ताकि कोई व्यर्थ की समस्या का सामना नहीं करना पडे. ज्यादा तले या गरिष्ठ खाने से दूर रहना अच्छा होगा.

आप पर जिम्मेदारियों का बोझ कुछ ज्यादा ही हो सकता है इस कारण मानसिक चिंता भी बढ़ सकती है, कुछ निराशा की स्थिति उत्पन्न होने की संभावनाएं बन रही है. तिमाही मध्य के बाद आपके स्वास्थ्य में कमी के योग बन रहे हैं. इस पूरी तिमाही में आप बीमार ज्यादा नहीं रहेगें लेकिन खुद को स्वस्थ भी महसूस नहीं करेंगे. यह स्थिति आपकी सेहत को लेकर ज्यादा खतरनाक सिद्ध हो सकती है. ऎसी स्थिति से बचने के लिए आपको अवश्य ही सुबह की ताजगी पाने के लिए सैर करनी चाहिए.

2014 धनु राशिफल - प्रेम संबंध

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

प्रेम संबंधों के लिए यह तिमाही सामान्य ही रहने वाली दिखाई देती है. प्रेम प्रसंगों को आप विवाह का रुप देने का प्रयास कर सकते हैं. अपने प्रेम संबंधों को बहुत सावधानी से सहेजना होगा अन्यथा छोटी सी बात भी आपस में दरार का कारण बन सकती है. आप की जिद आपके प्रेम संबंध में परेशानी उत्पन्न कर सकती है. प्रेम संबन्धों को मधुर बनाये रखने के लिये आप बेरूखी से बचें. आपका साथी अपनी ओर से अधिक से अधिक इस संबन्ध को मधुर बनाने की कोशिश कर सकता है. इस समय आपको मित्रों के साथ समय बिताने के अवसर प्राप्त हो सकते है.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

तिमाही के आरंभ में आप जोश व उत्साह से भरे रहेंगे आपको नए लोगों से मिलने का मौका मिलेगा जिस कारण लोगों के साथ नज़दीकियां बढेंगी, आपको चाहिए कि आप गुप्त प्रेम संबंधों से दूर ही रहें वर्ना आपकी छवि खराब हो सकती है और परेशानी सहनी पड़ सकती है.

साथी के साथ अच्छा समय गुजारने को मिलेगा, नई दोस्ती प्यार में बदल सकती है. जल्दबाजी के बजाय आराम से काम करें तो सब कुछ ठीक रहेगा. अपने साथी के साथ आप घूमने फिरने के कार्यक्रम बना सकते है. आप उन्हें कुछ अच्छा तोहफा भी दे सकते हैं या तोहफा मिल भी सकता है. छोटी मोटी खिंचातानी बनी रहेगी लेकिन जीवन में प्रेम की वृद्धि भी बनी रहेगी.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

प्रेम संबंधों के लिए शुक्र की स्थिति अविवाहित लोगों के विवाह संबंध स्थापित कराने के लिए अनुकूल है. आपके विवाह की बातें अंतिम दौर में होंगी या नए प्रेम संबंध जन्म ले सकते हैं. साथी के साथ अच्छा समय गुजारने का अवसर मिल सकता है. प्रेमी के साथ बाहर घूमने का कार्यक्रम बन सकता है. प्रेम संबंध मजबूत होंगे, लव रिलेशन के प्रसंगों में आपको अनुकूल फल मिलेंगे. दोस्तों के साथ मिलकर घूमने का मौका मिल सकता है. दोस्ती प्यार में बदल सकती है, पर आपको चाहिए कि रिश्तों को बनाने में जल्दबाजी नही करें, यदि कोई मन मुटाव है तो उसे प्यार से सुलझाएं.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

जिन लोगों को इस समय शादी की उम्मीद है उनकी इच्छा पूरी हो सकती है. विवाह के अलावा इस समय आपके रिश्ते सगाई में भी बदल सकते हैं. प्रेमी के साथ घूमने का मौका मिलेगा. मौज मस्ती का समय है पर अनैतिक संबंधों से दूर रहना हितकर होगा. प्रेम में पवित्रता और विश्वसनीयता न होने की स्थिति में संबंध टूट भी सकते हैं इसलिए आपको चाहिए कि आप झूठ न बोलें ओर रिश्तों को लेकर अपना पूरा स्नेह दिखाएं जिससे आपके संबंधों में नई ताज़गी बनी रहेगी कुछ खट्पट रह सकती है पर यह बातें आगे तक नहीं जाएंगी व आप रिश्तों को और मजबूत करेंगे.

नए जुड़ रहे प्रेम संबंध आपकी स्थिति से ऊंचे दर्जे के हो सकते हैं. परिवार में आपके इन्हीं संबंधों की स्थिति के कारण कुछ बातें भी उठ सकती हैं पर जल्द ही उनका ध्यान आपकी ओर से हट सकता है क्योंकि आने वाली कई नई बातें उन्हें अन्य मसलों में उलझाए रख सकती हैं. साथी के लिये कोई उपहार लेना साथी की नाराजगी दूर करने की कोशिश कर सकता है, आप कहीं घूमने भी जा सकते हैं. इंटरनेट या किसी और कम्यूनीकेशन से आप किसी अंजान व्यक्ति के प्यार में भी पड़ सकते हैं लेकिन यह मात्र कुछ समय का आकर्षण हो सकता है.

2014 धनु राशिफल - विद्यार्थी

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक

वर्ष की तिमाही का आरंभ विद्यार्थियों के लिए कुछ मौज मस्ती के मूड वाला रह सकता है, इस समय आप अपनी पढाई की ओर अधिक ध्यान नहीं दे पाएंगे. आपका मन किसी अन्य बातों की ओर अधिक रमा रह सकता है. आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ कुछ अधिक व्यस्त रह सकते हैं उनकी गतिविधियों में आपका ध्यान ज्यादा लगा रह सकता है व आप अपने को असमंजस की स्थिति में पा सकते हैं. इस समय पंचम भाव का स्वामी अपने से छठे स्थान में मौजूद है इस कारण आपको शैक्षिक प्रतियोगिता का अधिक सामना करना पड़ सकता है.

तिमाही के दूसरे भाग में स्थिति में कुछ सुधार होने की संभावना बनती दिखाई दे रही है. क्योंकि इस समय गुरू की पंचम दृष्टि पंचमेश पर पड़ रही है जिस कारण पढाई में आपका मन लग सकता है. वहीं गुरू का प्रभाव सूर्य और बुध पर आने से भी आपको अपनी शिक्षा में बेहतर करने की प्रेरणा मिल सकती है हालांकि पंचमेश के पाप ग्रहों के प्रभाव में होने से परेशानी तो रहेगी लेकिन कुछ राहत मिलने की भी संभावना बनती है और आप किसी ऎसे क्षेत्र से जुड़ सकते हैं जहां आपको अपनी ऊर्जा का अत्यधिक उपयोग करने की इच्छा पूरी हो सके.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

इस तिमाही में आप अपने क्षेत्र में टेक्नीकल शिक्षा का चयन कर सकते हैं. आपका मन अपनी क्षमता को प्रभावशाली रूप से दिखाने की चाहत वाला रह सकता है जिसमें आप अपने साहस और शक्ति का पूर्ण प्रदर्शन कर सकते हैं. मध्य तिमाही के दौरान आपको अपनी पढाई को बेहतर बनाने हेतु बार बार प्रयास करने पड़ सकते हैं.

आप अपने क्षेत्र में यदि किसी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं तो उसमें भी आपको कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है. आप जिस पढाई के साथ अभी तक चले आ रहे थे उसमें कुछ बदलाव भी हो सकते हैं और आप अपने शिक्षा के विषय से भटक भी सकते हैं. किंतु अंतिम समय के आते-आते पुन: कुछ सुधार बनते दिखाई दे रहे हैं यदि देखा जाए तो अभी कि स्थिति भी पहले की तिमाही जैसी ही दिखाई देती है. उसी के समरूप आपको फल देखने को मिल सकते हैं.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

धनु राशि के विद्यार्थियों के लिए अभी तक जो भ्रम की स्थिति बनी हुई थी वह अब कुछ कम हो सकती है. आपके समक्ष जो व्यवधान आ रहे थे वह अब आपके प्रयासों से दूर हो सकते हैं. जो छात्र अपने आवेदन के लिए प्रयासरत थे, वह डोनेशन देकर भी प्रवेश पाने की कोशिश कर सकते हैं. प्रतियोगिताओं में स्वयं को स्थापित कर पाने के लिए आपने जो भी परिश्रम किया है उसके परिणाम आपको अवश्य प्राप्त होंगे.

जो छात्र बाहर जाकर शिक्षा ग्रहण करने का मन बनाए हुए हैं, उनके लिए अभी जोरदार तैयारी करने की आवश्यकता है और वह अपने अच्छे अंकों के द्वारा किसी अन्य संस्थान में जाकर दाखिले के लिए आवेदन दे सकते हैं. अभी आप कलावर्ग में भी अपने काम को अच्छे से प्रदर्शित करने की क्षमता रखते हैं.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

वर्ष की अंतिम तिमाही में पंचमेश की स्थिति अनुकूल होने के कारण आपको धीरे-धीरे इसके प्रभाव की शुभता देखने को मिल सकती है. इस समय के दौरान आपकी बुद्धि कुछ भ्रमित सी रह सकती है. आप अपने उद्देश्य से कुछ समय के लिए दूर भी जा सकते हैं या आपका मन अन्य गतिविधियों में लगा रह सकता है आप मित्रों के साथ अधिक समय मौज मस्ती या सिनेमा या अन्य किसी काम में लगा सकते हैं. लेकिन जल्द ही आप अपने लक्ष्यों के लिए अग्रसर रहेंगे और दृढ़ता के साथ उनमें लगे रहेंगे.

यदि आप घर से दूर जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं तो यह आपके लिए समय अच्छा रह सकता है इससे आपका भाग्योदय भी होगा. आपको किसी अन्य शिक्षण संस्थान में जाने के मौके मिल सकते हैं आपको अपने गुरूओं का आदर करना चाहिए और किसी भी प्रकार के विवाद से दूर रहना चाहिए. जो विद्यार्थी पहले से ही बाहर के शिक्षण संस्थानों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं उन्हें भी अपने व्यवहार में शालीनता बनाए रखनी चाहिए और अपने उच्चाधिकारीयों से किसी भी प्रकार की कवायद नहीं करनी चाहिए.

2014 धनु राशिफल - यात्रा

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक

तिमाही के आरंभ में आपकी यात्राएं आपके कार्यक्षेत्र और परिवार दोनों से ही संबंधित हो सकती हैं. आपको अपनी यात्राओं से कुछ लाभ भी प्राप्त हो सकता है. आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ कहीं घूमने जाने की योजना बना सकते हैं और किसी ऎड्वेंचर स्पॉट की ओर आकर्षित हो सकते हैं इस समय आप अधिकांशत: छोटी यात्राओं पर ही जा सकते हैं लेकिन यात्रा में उचित सावधानियों का पालन करना चाहिए अन्यथा कुछ दिक्कतें सामने आ सकती हैं. कार्यक्षेत्र के कुछ कामों को लेकर भी आप यात्राओं पर जा सकते हैं और इनसे होने वाला लाभ आपको अभी नजर आने की बजाय भविष्य में कभी बाद में नजर आएगा.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

इस तिमाही में छोटी यात्राओं से भी लाभ प्राप्ति के योग बने हुए है देर से ही सही आपके कार्य को जरूर सराहा जाएगा .शेयर मार्किट या इंपोर्ट-एक्स्पोर्ट से जुडे लोगों को नए सौदे मिल सकते हैं. मध्य अवधि में यात्राएं ज्यादा करने वाले हैं इस समय में साझेदारी क्षेत्रों से लाभ की संभावनाएं बनी हुई है. किसी ऐसे काम का प्रस्ताव आ रहा है जिसमें धोखा भी हो सकता है इसलिए ऎसे काम के लिए यात्रा करना बेकार हो सकता है. व्यर्थ की यात्राओं से बचें इनसे काम बनने की उम्मीद कम ही है. इस तिमाही में लंबी दूरी की यात्राएँ आपके लिए कष्टकारी हो सकती हैं उनका त्याग करेंगे तो अच्छा रहेगा.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

पिछली तिमाही में आपने जिन कामों को रोकते हुए अपनी यात्राओं को टाला होगा वह इस आने वाली तिमाही में बनने लगेंगे. आप जो भी काम करने वाले हैं उनमें कुछ अड़चने आने की संभावनाएं फिर से उत्पन्न होगी लेकिन आप भगवान का ध्यान करते हुए आगे बढ़ेगे तो आपकी यात्राएँ अवश्य ही सफल भी रहेगी. आप इस समय किसी धर्म गुरु के आश्रम की ओर भी उन्मुख हो सकते हैं और धार्मिक स्थानों की यात्राओं पर जाने का मन बना सकते हैं. तिमाही मध्य के दौरान तक आपका सारा ध्यान इस ओर लगा रह सकता है. आपकी कुछ गुप्त यात्राएं भी हो सकती हैं जिन्हें आप दूसरों के समक्ष उदघाटित नहीं करना चाहेंगे.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

यह तिमाही यात्रा में कुछ अच्छे संकेत देने वाली बनती दिखाई पड़ती है. इस समय के दौरान आपको कई लम्बी दूरी की यात्राएं करने के मौके मिल सकते हैं. आप इस समय अपने काम के सिलसिले में दूर जाकर कुछ अच्छा करने में सफल रह सकते हैं. घर से दूर जाकर काम करने पर आपका भाग्योदय हो सकता है. जीवन साथी के साथ कहीं घूमने जाने का कार्यक्रम भी बना सकते हैं. इस तिमाही के दूसरे भाग में आपको धन कमाने के अवसर विदेशो से आ सकते हैं और आप इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए विदेश यात्रा पर भी जा सकते हैं. इस अवधि में आप अपने बहन भाईयों अथवा मित्रों के साथ भी विदेश यात्रा पर जाने का विचार कर सकते हैं.

2014 धनु राशिफल - परिवार

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

परिवार के लिए यह तिमाही मिले जुले फल देने वाली रह सकती है. कुछ नए काम में लगे होने के बावजूद भी आप अपने परिवार के लिए समय निकालने की पूरी कोशिश करेंगे. जीवन साथी के साथ इस समय कठोर व्यवहार न करें और अपने स्वभाव में शांति बनाए रखें. जीवन साथी से सलाह-मशविरा कर अपने कार्यो को करने से आप भाग्य की बाधाओं को दूर कर सकते है. आपकी रुचि धार्मिक क्रियाओं में अधिक हो सकती है.

संतान पक्ष की ओर से भी कुछ चिंताएं उत्पन्न हो सकती हैं. उनका क्रोध बढ़ सकता है तथा आपको उनके साथ शांति बनाए रखने में परेशानी हो सकती है. आने वाले समय में घर परिवार में कुछ उत्सव हो सकते हैं. चारों ओर चहल पहल देखी जा सकती है. छोटे भाई बहनों के साथ अच्छा समय बिता सकेंगे. मध्य समय आपको परिवार में किसी बात को लेकर चिंता बनी रह सकती है लेकिन मिल जुलकर आप इन दिक्कतों से पार पा लेंगे.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

इस माह में धन उधार देते समय व्यवहारिक होकर फैसलें लें. आपके लिए यह समय कुछ अनुकूलता देने वाला रह सकता है. अगर आपमें सृजनात्मक क्षमता है तो आप अपने परिवार को बांधे रख पाने में सफल होंगे. परिवार की समस्याओं को आप साहस व जोश के साथ दूर करने की कोशिश करेंगे. आपको चाहिए कि आप जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखें अपने मित्रों से मिलें.

कुछ समय के लिए आपके छोटे भाई बहनों के साथ आपके कुछ वैचारिक मतभेद हो सकते हैं लेकिन यदि आप सकारात्मक भाव बनाने की कोशिश करेंगे तो स्थिति को नियंत्रण में रख सकते हैं. घर के लिए कुछ अच्छी वस्तुएं खरीद सकते हैं तथा वास्तु को अच्छा बनाने में कुछ पैसे लगा सकते हैं. नए वाहन को लेने के योग भी बन रहे हैं, माता का सहयोग आपके लिए शुभकारी रहेगा और आप अपने काम में अच्छा करने की कोशिश करते रहेंगे.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

तिमाही का यह समय सामान्य ही रहने वाला होगा. इस समय आपके क्रोध में अधिकता देखने को मिल सकती है और आपकी वाणी भी अधिक तेज तर्रार हो सकती है. लेकिन फिर भी आप अपने आलस्य से प्रभावित तो रहेंगे ही. माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें क्योंकि इस समय उनकी सेहत पर प्रभाव पड़ सकता है. उन्हें मानसिक तनाव की स्थिति के कारण भी परेशानियों से दो-चार होना पड़ सकता है.

आप पर कुछ ऐसी बातों को लेकर इल्जाम लगाए जा सकते हैं जिस कारण आपकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुँचे. परिवार में कुछ लोगों के बीच मतभेद भी हो सकता है. जो लोग इस समय बाहर जाने का सोच रहे हैं उन्हें कुछ और इंतजार करना पड़ सकता है. अपने काम के साथ घर को भी महत्व दें. राजनीति से जुड़े लोगों के लिए भी समय अनुकूल है, आप अपना काम निकाल सकते हैं.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही में परिवार को लेकर आपके द्वारा किए गये अत्यधिक प्रयास पारीवारिक सदस्यों के मध्य आपका मान बढ़ाएंगे. आपके कार्य आपको सामाजिक क्षेत्र में एक पहचान दिलाने में सफल साबित हो सकते हैं लेकिन आप अपनी कार्यविधि को गुप्त रहकर ही करना पसंद करेगें. परिवार में आय के अच्छे स्तोत्र बन सकते हैं. संतान को उच्च शिक्षा के लिये घर से दूर या विदेश भेजने का विचार बना सकते है. परिवार में शुभ कार्य हो सकते है. आप घर के सदस्यों के साथ किसी समारोह या पार्टी में जा सकते हैं. परिवार तथा परिवार के बडों का साथ आपके साथ बना रहेगा इसके फलस्वरुप आपके रुके हुए कार्य बनेगें.

भाग्य की शुभता कुछ देर से ही सही पर आपको प्राप्त होगी. परिवारिक व्ययों पर जहां तक हो सके नियन्त्रण लगाने का प्रयास करें. संतान की ओर से भी सुख की प्राप्ति होगी उनके द्वारा किए गए कामों से आप गर्वित महसूस करेंगे. परिवार में काम को लेकर कुछ भागदौड़ अधिक बनी रहने की संभावना बनती है. प्रयासों के बावजूद कार्यक्षेत्र में औसत रुप से ही फलों की प्राप्ति होगी. किन्तु इससे निराश अथवा हताश नहीं होना चाहिए और अपने प्रयासों को करते रहना चाहिए. इस समय आप अपने परिवार के साथ कहीं लम्बी दूरी की यात्राओं पर भी जा सकते हैं.

2014 में धनु राशि के लिए उपाय

आप प्रत्येक बृहस्पतिवार वर्ष भर केले के पेड़ की जड़ में जल अर्पित करें और जल में थोड़ा सा कच्चा दूध अवश्य मिला लें. शुद्ध घी का दीया जलाएँ और गुड़, चना व किशमिश का भोग लगाएँ. केले के पेड़ के चारों ओर मौली का धागा भी लपेटते हुए परिक्रमा भी करें. बृहस्पति चालीसा का पाठ अवश्य करें.

astrobix.com

मकर

वैदिक ज्योतिष – चंद्र राशि आधारित

कैरियर के दृष्टिकोण से क्या कहता है वर्ष 2014 ?

मकर राशि की विशेषताएं

मकर राशि भचक्र पर दसवें स्थान पर आने वाली राशि है और भचक्र पर इसका विस्तार 270 से 300 अंश तक फैला हुआ है. इस राशि का स्वामी ग्रह शनि है और प्रतीक चिन्ह मगर है. स्वभाव से यह चर है और तत्व इसका पृथ्वी है. चर राशि होने से इसका प्रभाव आपके ऊपर देखा जा सकता है क्योकि आप सदा गतिमान रहते हैं और आपको एक स्थान पर टिके रहना पसंद नहीं होता है. भूतत्व होने से आप व्यवहारिक व्यक्ति भी होते हैं. किसी भी काम या बात को हवा में ही ना कर के उसे वास्तव में कर के दिखाते हैं. इस राशि के प्रभावस्वरुप आप गंभीर प्रवृति के व्यक्ति होते हैं. निजी व व्यवसायिक दोनो ही क्षेत्रों में विकास व प्रगति के लिए आपको निश्चित रुप से स्वतंत्रता चाहिए होती है.

प्रेम संबंधी मामलों में भी आप गंभीर ही रहते हैं और धीरे-धीरे आगे बढ़ते हैं. आप किसी के भी मामले में टांग अड़ाने की पहल नहीं करते हैं जब तक कि आपको किसी काम के लिए कहा ना जाएं. आप जो भी काम करते हैं उनसे आपके व्यक्तित्व का निखार पता चलता है और आपके गुणों का पता भी लगता है. आप दिखावा कम करते हैं और अपने कर्मो पर अधिक बल देते हैं. आपके चारों ओर के लोग वही होते हैं जो ईमानदार होते हैं, वफादार होते हैं और जो आप ही जैसी प्रवृति के भी होते हैं. आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ भी हर समय बने रहते हैं और उनकी मदद आप अपनी पहुंच से बाहर जाकर भी करते हैं. आपको परिवार के साथ रहकर पारंपरिक त्योहार मनाना भी अच्छा लगता है.

आप परिवार के साथ ही छुट्टियाँ आदि मनाने की भी चाह रखते हैं और रिश्तेदारों के पास जाना आपको अच्छा लगेगा. आपका सामाजिक दायरा बहुत ही सीमित होता है लेकिन जो भी लोग आपके साथ जुड़े होते हैं वह जानते हैं कि आप कितने दृढ़ व गतिशील व्यक्ति होते हैं जो थमना नहीं जानते हैं. आप कभी भी अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन नहीं करते हैं क्योंकि आपको यह पसंद नहीं होता है. आप कम बोलकर काम अधिक करते हैं. आपके कामो से ही आपके बारे में लोग अनुमान लगाते हैं. आप अपनी जिम्मेदारियों को बहुत अच्छे से निभाते हैं, आप अच्छे प्रबंधक भी होते हैं. हास्यरस को समझने का गूढ़ भाव भी आपके भीतर है. आप अनुशासनप्रिय व्यक्ति हैं.

आपके भीतर गुणों के साथ कुछ कमियाँ भी पाई जाती हैं जैसे सबसे बड़ी कमी तो यही है कि आप सदा यही कहते हैं कि “आपको सब पता है”. आप दूसरों को क्षमा नहीं करते हैं और बुरी से बुरी बात होने की अपेक्षा रखते हैं. जिस वजह से आपकी सोच नकारात्मक हो जाती है. आप यदि अपनी इन कमियों को काबू करते हैं तब आप एक सर्वगुणसंपन्न व्यक्ति कहे जा सकते हैं.

मकर राशि के लिए उपयुक्त कैरियर

मकर राशि का स्वामी शनि होता है इसलिए आपको शनि से संबंधित काम अनुकूल रह सकते हैं. आप कृषि से जुड़े काम कर सकते हैं, आप धातु से जुड़ा काम भी कर सकते हैं. लकड़ी अथवा लोहे से संबंधित काम भी आपके लिए अनुकूल रहेंगे. आप न्यायाधीश के पद पर भी कार्यरत रह सकते हैं.

2014 मकर राशिफल - पैसा और वित्तीय स्थिति

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

वर्ष की इस आरंभिक तिमाही में आपके खर्चे अधिक बने रह सकते हैं, यह खर्चे आपके अनायास प्रकट हो सकते हैं अथवा बच्चो के आवश्यक काम के लिए धन का व्यय हो सकता है. आप अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए भी इस माह में धन का अधिक मात्रा में निवेश कर सकते हैं. इस कारण आपके निवेश ज्यादा बने रह सकते हैं. कोर्ट केसादि को लेकर भी पैसा खर्च होता रह सकता है अथवा परिवार के किसी काम को संपन्न करने के लिए भी आप ऋण आदि ले सकते हैं. बेशक आपको घर के रख रखाव के लिए धन खर्च करना पड़ रहा हो. व्यवसाय में लगाए धन का लाभ आपको तिमाही के अंतिम भाग तक भी नही हो पाएगा जिसके कारण आप काफी परेशान हो सकते हैं और हो सकता है कि व्यवसाय में और धन लगाने की आवश्यकता भी पड़ जाए. इससे तिमाही के अंत तक काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

वर्ष की दूसरी तिमाही आपके लिए मिश्रित फल प्रदान करने वाली रह सकती है. तिमाही के पहले भाग में आपका धन धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन में व्यय हो सकता है. यदि आप संयुक्त परिवार में रहते हैं तब आप बहन-भाईयों की मदद के लिए धन का खर्च कर सकते हैं लेकिन संतान की ओर से आपको लाभ मिलने की संभावना बनती है. पहली और दूसरी तिमाही में फिजूल के खर्चे काफी बने रह सकते हैं. इस भाग में आपको धोखाधड़ी से बचना चाहिए इसलिए आप कम निवेश से अधिक लाभ के लालच में ना पड़े.

तिमाही के अंतिम भाग में कुछ राहत आपको मिल सकती है. इस समय आप बाहरी कामों से कुछ राहत पा सकते हैं. आपका जीवनसाथी भी धन लाभ बढ़ाने में मददगार सिद्ध हो सकता है. इस तिमाही में आप परेशान होकर गलत कार्यों की ओर भी उन्मुख हो सकते हैं, इससे आपको बचना चाहिए अन्यथा आप बहुत बुरी तरह से फंस सकते हैं. इसलिए मन को संतुलित रखते हुए कोई भी गलत राह ना पकड़े.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही में आपके पास धन आने के स्तोत्र बने रह सकते हैं. पहले भाग में तो आप आर्थिक तंगी का अनुभव कर सकते हैं और इस कमी को पूरा करने के लिए आप मित्रों अथवा रिश्तेदारों से कर्ज आदि भी ले सकते हैं पर तिमाही के दूसरे भाग से आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार आने की भी संभावना बनती है. आप आय के नए स्तोत्र खोजने में कामयाब रह सकते हैं और सुचारु रुप से घर चलाने में सफल हो सकते हैं. मध्य भाग में आपकी आय विदेशों से भी बढ़ सकती है.

तिमाही के अंतिम भाग में आपको गुप्त माध्यमों से धन का लाभ हो सकता है अथवा इस भाग में पुराना निवेश किया कोई काम आपको लाभ प्रदान करा सकता है. आपने यदि शेयर आदि में पूर्व में कोई निवेश किया होगा तब आपको इस समय वह लाभ के रुप में सामने आ सकता है.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

वर्ष की अंतिम तिमाही आपके लिए लाभदायक बने रहने की संभावना बनती है. इस तिमाही में आपको लाभ के नए आयाम प्राप्त हो सकेंगे. आप कुछ ऎसे कामों में उलझे रह सकते हैं जिनसे आपको धन लाभ की प्राप्ति हो. यदि आप अपने खर्चों को नियंत्रित कर के चलेंगे तब बचत करने में सफल रह सकते हैं. धार्मिक कामों से संबंध रखते हैं तब आपको वहाँ से भी लाभ की उम्मीद हो सकती है. इस तिमाही में आप अपने कर्जों को उतारने में सफल रह सकते हैं. इससे आपको राहत की सांस मिलेगी.

तिमाही का अंतिम भाग आपके लिए धन की प्राप्ति कई रुपों में कराने की क्षमता रखता है. इस समय आपके मित्र भी आपके लिए लाभदायक रह सकते हैं और भूमि आदि का निवेश आपको अच्छी मात्रा में लाभ की गुंजाइश प्रदान कर सकता है. आपकी माता भी आपको धन का लाभ कराने में सहायक सिद्ध हो सकती हैं चाहे यह लाभ किसी भी रुप में क्यूँ ना हो.

2014 मकर राशिफल - कैरियर और प्रोफेशन

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

कैरियर के दृष्टिकोण से आपके लिए यह तिमाही मिश्रित फल प्रदान करने वाली रह सकती है. आपकी नौकरी यदि स्थानांतरण वाली है तब इस तिमाही में आपका तबादला हो सकता है और ऎसी जगह पर हो सकता है जहाँ आप खुद को आरामदायक महसूस नहीं करेंगे और इस कारण आपका मन किसी भी काम को करने से पीछे हट सकता है. काम ना करने से आप निर्धारित उद्देश्यों की पूर्ति में नाकामयाब रह सकते हैं. इस कारण आपके नाम पर काम ना करने का बट्टा भी लग सकता है. जिन लोगों के काम का संबंध बाहरी लोगो से हैं या विदेशों से है उनके काम में अड़चनें आने की संभावनाएँ बनती है. इसलिए प्रतिकूल समय में कोई भी महत्वपूर्ण काम का निर्णय ना लें. तिमाही का तीसरा व अंतिम भाग अपेक्षाकृत अनुकूल रहने की संभावना बनती है.

बिजनेस करने वाले लोगों के लिए यह समय मेहनत वाला व भाग - दौड़ वाला ज्यादा रहने की संभावना बनती है. इस समय आपके काम में मुनाफा अपेक्षाकृत कम हो सकता है लेकिन अभी का किया काम आपको आने वाले समय में लाभ देने वाला सिद्द हो सकता है. इसलिए निराश व हताश होने की आवश्यकता नहीं है आप धैर्य के साथ अपना काम करते रहें. इस समय आपके कामों में एक आक्रामकता देखने को मिल सकती है. यह आक्रमकता ही आपकी ऊर्जा बनकर उभरेगी और आप ज्यादा जोश के साथ किसी भी तरह से काम को सफल करने का प्रयास करेंगे.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

वर्ष की दूसरी तिमाही आपके लिए अनुकूल कही जा सकती है. इस समय आपके द्वारा किए कामों को एक पहचान मिलेगी व आपकी प्रतिष्ठा भी स्थापित होगी. इससे आपकी पदोन्नति होने की संभावनाएँ भी बढ़ जाएगी. लेकिन आपका मन अब शायद ही इस जगह पर टिकने का करे इसलिए आप अन्यत्र किसी जगह पर जाने का प्रयास कर सकते हैं अर्थात आपके मन में इस समय नौकरी में परिवर्तन की बात समा सकती है. इस समय आपकी अपने उच्चाधिकारियों से भी कम ही निभने की बात बन रही है, यह स्थिति आपको और अधिक उकसाने का काम कर सकती है और आप शीघ्रता तथा आवेश में आकर नौकरी छोड़ने की बात कर सकते हैं, जो आपके लिए हानिकारक सिद्ध हो सकता है. आप नौकरी में परिवर्तन कर सकते हैं लेकिन जब तक आपको कहीं अन्यत्र काम नहीं मिल जाता है तब तक आप इसी वर्तमान जगह पर बने रहें.

सरकारी संस्थाओं से जुड़े लोगों को “डेपुटेशन” पर भेजा सा सकता है. जिससे आपको काफी बाधाओं व परेशानियों का अनुभव हो सकता है. आप जितना किसी काम को परेशान होकर करेंगे उतना ही अधिक आपकी परेशानी बढ़ती जाएगी. बिजनेस करने वाले लोगों के लिए तिमाही आरंभ का समय बिलकुल भी अनुकूल नहीं कहा जा सकता है, इस समय आपकी बुद्धि भ्रमित सी रह सकती है अथवा आप कुछ गलत निर्णय ले सकते हैं अथवा आप आलस्य का परिचय भी दे सकते हैं जिसका प्रभाव आपकी काम की गति पर बुरा पड़ सकता है. तिमाही के अंतिम भाग में आपका कोई प्रतिद्वंद्वी आप पर अत्यधिक दबाव डालने का प्रयास कर सकता है जिससे बिजनेस पर काफी बुरा प्रभाव पड़ सकता है.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

तिमाही का आरंभ आपके लिए अनुकूल नहीं कहा जा सकता है. इस समय आप नौकरी में उतार चढ़ाव देखे जा सकते हैं. आपको यह पहला भाग बिना किसी से बहस किए निकालना चाहिए. आप अपने काम से काम रखने का प्रयास करें और ताव में आकर किसी से भी बुरा बर्ताव करने का यत्न ना करें. आप बिजनेस करते हैं या नौकरी करते हैं, दोनो में ही आपको फ्लर्ट करने से बचना चाहिए. विशेषतौर से अपने काम से संबंधित व्यक्ति के साथ आप व्यवसायिक बातचीत से आगे बढ़ने का प्रयास ही ना करें.

बिजनेस के सिलसिले में तिमाही का मध्य भाग आपके लिए अनुकूल कहा जा सकता है. इस समय आपकी लोकप्रियता भी बढ़ सकती है और आपके कार्य का विस्तार भी हो सकता है. तिमाही के अंतिम भाग में आप किसी की चाल में फंसकर शिकार बन सकते हैं इससे आपको अत्यधिक मानसिक यातनाओं से होकर गुजरना पड़ सकता है. विपति के इस समय में आप संयम से समय गुजारने का प्रयास करें.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

कार्यक्षेत्र के नजरिए से वर्ष की अंतिम तिमाही को अनुकूल कहा जा सकता है. इस तिमाही में आपके सभी मनोरथ पूर्ण होने की संभावना बनती है. आप रुके हुए काम गति पकड़ सकते है, लेकिन तिमाही के पहले भाग को छोड़कर दूसरा व अंतिम भाग अपेक्षाकृत अधिक पक्ष में रह सकता है. पहले भाग में आप अपने को साबित कर के दिखाने में लगे रह सकते हैं और आपके परिश्रम व मेहनत का परिणाम दूसरी व अंतिम तिमाही में नजर आना आरंभ हो जाएगा. तिमाही के पहले भाग में आपको अपने सीनियर्स के साथ संभलकर व्यवहार करना चाहिए, उनके साथ किसी तरह का ऎसा व्यवहार ना करें जिससे उन्हें आपके विरुद्ध जाकर कोई कार्यवाही करनी पड़े.

व्यवसायिक क्षेत्रों से संबंधित लोगो के लिए समय मिश्रित रहेगा. तिमाही के दूसरे भाग से आप किसी की सहायता से अपने काम में वृद्धि पा सकते हैं. आपका कोई वरिष्ठ जानकार अथवा अनुभवी व बुद्धिमान व्यक्ति बिजनेस से जुड़े कुछ टिप्स आपको दे सकता है जिन्हे अपनाकर आप अपने काम को बढ़ाकर सफलता की ओर बढ़ सकते हैं.

2014 मकर राशिफल - हैल्थ और फिटनेस

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

वर्ष की तिमाही के आरंभ से ही आपकी सेहत को ज्यादा अच्छा नहीं कहा जा सकता है. आपको मानसिक कष्टों के साथ शारीरिक विकारों का भी सामना करना पड़ सकता है. आपका रोग आसानी से चिकित्सक को समझ भी नहीं आएगा और रोग के उचित निदान करने में समय ज्यादा लग सकता है. इस तिमाही में कोई भी बीमारी, चाहे वह छोटी सी ही क्यूँ ना हो, वह भी आपको सामान्य से अधिक परेशान कर सकती है. इस समय आप यदि मानसिक कष्टों से अपने को निकाल नहीं पाए तब आपको डायबिटिज परेशान कर सकती है. इसलिए सभी बीमारियों की जड़ तनाव को आपको दूर करना होगा तभी आप चैन से रह पाएंगे.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

आपको यदि जोड़ो का दर्द पहले से ही बना हुआ है तब इस तिमाही के आरंभ में वह आपको और अधिक परेशान कर सकता है. आपके शरीर का नर्वस सिस्टम अनियंत्रित रह सकता है, जिससे आपको मांस पेशियों में कमजोरी का अनुभव हो सकता है. तिमाही के दूसरे भाग में आपको घुटनों से संबंधित रोग घेर सकते हैं यदि आप ज्यादा समय एक ही जगह पर बैठे रहते हैं तो. आपको सेहत का ख्याल रखते हुए नियमित रुप से व्यायाम करना चाहिए और सुबह की सैर तो अवश्य ही करनी चाहिए जिससे आपकी मांस पेशियाँ लचीली बनी रह सकती है. ¾ मंजिल तक जाना है तब आप लिफ्ट की बजाय सीढ़ी का उपयोग करें.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

वर्ष की इस तीसरी तिमाही को आपके लिए मिश्रित कहा जा सकता है. आरंभ के कुछ समय परेशान होने के बाद आप मध्य भाग में आपको स्वास्थ्य संबंधी बातों में राहत मिल सकती है. आपकी सेहत में यदि कोई विकार चला आ रहा है तो वह इस तिमाही में ठीक हो सकता है. स्वास्थ्य की दृष्टि से तिमाही क दूसरा भाग आपके लिए अनुकूल रहेगा और आप अपने शरीर में चुस्ती-फुर्ती व ताजगी का अनुभव करेंगे. तिमाही के तीसरे भाग में स्वास्थ्य में और अधिक निखार आने की संभावना बनती है लेकिन इस भाग में उन महिलाओं को अपना ख्याल ज्यादा रखना होगा जिन्होंने अभी कुछ समय पहले ही गर्भ धारण किया है.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

वर्ष की इस अंतिम तिमाही में आपको मानसिक कष्टो का सामना करना पड़ सकता है. इन मानसिक कष्टों का कारण आपका पिता के साथ मनमुटाव भी हो सकता है. जिससे आपको अधिक परेशानी का अनुभव होगा और मन व्याकुल तथा बेचैन रह सकता है. दूसरा व तीसरा भाग अपेक्षाकृत अनुकूल रहने की ही संभावना बनती है. मानसिक रुप से स्वस्थ रहने के लिए आप मेडिटेशन का सहारा किसी योग गुरु की देख रेख में लेने का मन बना सकते हैं, इससे आपको लाभ भी होगा. मन के स्वस्थ रहने के लिए आप आश्रम आदि में भी कुछ समय बिताने के लिए जा सकते हैं.

2014 मकर राशिफल - प्रेम संबंध

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

वर्ष की तिमाही का यह पहला भाग आपके प्रेम संबंधों के लिए बहुत अच्छा नही कहा जा सकता है. इस समय आपके संबंध नीरसता से भरे हो सकते हैं और किसी बात को लेकर उनमें तनाव बना रह सकता है. जिन लोगो के गुप्त रुप से संबंध बने हुए हैं उनका पता सभी को लगने की संभावना बनती है और आप मित्रों अथवा पास पड़ोस में चर्चा का विषय बन सकते हैं. इस कारण भी आपका मन थोड़ा क्षुब्ध रह सकता है और प्रेम के प्रति विरक्ति पैदा हो सकती है. तिमाही के अंतिम भाग में आपका मूड फिर एक बार कुछ बदल सकता है और आप फिर से अपने प्रेमी के प्रति अनुराग का अनुभव कर सकते हैं.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

वर्ष की दूसरी तिमाही प्रेम संबंधों के लिए अनुकूल कही जा सकती है. आप दोनो के मध्य जो भी गलतफहमियाँ पैदा हुई होगी वह सभी इस समय दूर हो सकती हैं. आप दोनो फिर से परस्पर एक-दूसरे के करीब आ सकते हैं. लेकिन इस समय एक बात का ख्याल यह रखें कि आपका कोई मित्र आपको कितना भी भड़काने का प्रयास क्यूँ ना करें आपको अपनी बुद्धिमत्ता से सोचना चाहिए, इस बार वैसे तो यही करेंगे, लेकिन फिर भी फिजूल की बातों पर ध्यान ना दें. आपका साथी भी आपको इस समय कोई उपहार आदि दे सकता है.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

जिन लोगो के प्रेम संबंधों में पहले से ही तकरार चली आ रही है वह टूटने की कगार पर पहुंच सकते हैं. आपको समझ नही आएगा कि क्या किया जाए. इस समय आपके प्रेमी की सेहत भी बिगड़ने की संभावना बन रही है या प्रेमी को चोटादि लग सकती है. इस कारण भी आप काफी परेशान रह सकते हैं और भाग - दौड़ भी आपकी बढ़ सकती है. जिनके प्रेम संबंध काफी पुराने समय से चले आ रहे हैं उनके मन में इस समय विवाह करने का विचार कौंध सकता है, लेकिन इसकी बात घर में करते ही थोड़े से विरोध का सामना आपको करना पड़ सकता है लेकिन अन्ततः सभी राजी हो जाएंगे.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

तिमाही का यह भाग प्रेम संबंधों के लिए अनुकूल नहीं है. आपके इस समय झगड़े बढ़ सकते हैं और जो लोग अभी-अभी किसी को पसंद कर रहे हैं और प्रेम की अभिव्यक्ति करना चाह रह हें उन्हें रुक जाना चाहिए. इस समय की प्रेम की अभिव्यक्ति से आपको “ना” सुनने को मिल सकती है. प्रेम संबंधों में दिखावा हो सकता है अथवा प्रेमी से धोखा मिल सकता है. इसलिए पहले अपने प्रेमी के बारे में जानकारी हासिल करें फिर आगे बढ़े. सोशल साईट से बने मित्रों पर तो आँख बंद कर के कतई विश्वास ना करें, इससे आप बिना कारण गलत इल्जामों में भी फंस सकते हैं.

2014 मकर राशिफल - विद्यार्थी

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

जिन विद्यार्थियों को घर से दूर जाकर पढ़ाई करनी है या जो लोग विदेश जाकर अपनी पढ़ाई करना चाह रहे हैं उनकी सफलता में रुकावट आने की संभावना बनती है. इस समय आपकी पढ़ाई में भी व्यवधान उत्पन्न हो सकता है. आप अपने आसपास के मित्रो को देखें और जांचे कि आप किस वजह से पिछड़ रहे हैं. अपना आत्म निरीक्षण करें और भविष्य के परिणामों के बारे में जानने का प्रयास करें. आप अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं लेकिन बिना कारण के दूसरों चक्करों में पड़ने से शिक्षा में अवरोध उत्पन्न हो जाएगा. पढ़ाई में ध्यान लगाएं और भविष्य को संवारने का प्रयास करें.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

आपकी बुद्धि इस तिमाही में भ्रमित सी रह सकती है जिस कारण आपका मन चाहते हुए भी पढ़ाई में एकाग्रचित्त नहीं हो पाएगा. इसका कारण आपके घर की परेशानियाँ भी हो सकती है. तिमाही के दूसरे भाग में आपका मन पढ़ाई में लग सकता है और इस समय आप अपनी कक्षा में अव्वल भी आ सकते हैं. आप खेल-कूद प्रतियोगिताओं में भी अच्छे परिणाम दिखाई देने की संभावना बन रही है. आपकी पढ़ाई का यदि कोई हर्जाना हुआ है तब आपके मित्र उसे पूरा कराने में आपकी सहायता कर सकते हैं. तिमाही के अंतिम माह में आप प्रतियोगी परीक्षाओं में भी भाग ले सकते हैं लेकिन उसके लिए आपको कई बार प्रयास करना पड़ सकता है.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

तिमाही का आरंभ प्रतियोगी परीक्षा देने वालों के लिए अनुकूल सा बना रह सकता है लेकिन यदि आप अपने प्रयासों में कमी करते हैं तब आपको मनोनुकूल फल मिलने में बाधा आ सकती है. तिमाही के मध्य भाग में आप मनोरंजन के साधनो में या फालतू की बातों में अपना समय अधिक नष्ट कर सकते हैं. आपके अंक यदि कुछ ठीक आए हैं तब आपको ज्यादा खुश ना होकर लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए और पढ़ाई में मन लगाकर रखना चाहिए. इस समय आपका ध्यान विपरीत लिंगी सहपाठियों के साथ गप्पे हांकने में भी ज्यादा बीत सकता है.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही के आरंभ में आपकी बुद्धि अपनी जगह से कुछ हिली सी हो सकती है अर्थात आपको इस समय यही समझ नहीं आएगा कि आप क्या करें. पढ़ाई करते समय आप अपना ध्यान भ्रमित सा पा सकते हैं. इस समय आपका भाग्य आपका साथ देने में पीछे ही रहेगा और आप बुरे व्यसनों में भी फंस सकते हैं. इन बुरे व्यसनों के कारण आपके अभिभावकों को भी शर्मिंदगी उठानी पड़ सकती है. आपको इस पूरी तिमाही में सरस्वती मंत्र का जाप करना चाहिए. यदि तिमाही के पहले भाग में आप स्वयं को बचा लेते हैं तब आपकी अन्य दो तिमाहियाँ आपके पक्ष में बनी रह सकती है.

2014 मकर राशिफल - यात्रा

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

यात्रा के लिए वर्ष की तिमाही का यह पहला भाग ज्यादा अनुकूल नहीं कहा जा सकता है. इस समय यात्रा के दौरान कष्टों का सामना तो करना ही पड़ेगा साथ ही आपको नुकसान भी हो सकता है. आप टिकट वगैरह कराने के लिए एजेंट का सहारा लेते हैं तब चौकस रहें और बात को पक्के तौर से करें कहीं ऐसा ना हो कि टिकट भी ना मिलें और पैसे भी व्यर्थ ही जाए. यदि आपके बच्चे कहीं दूर रहते हैं तब आप उनसे मिलने के लिए लंबी दूरी की यात्राएँ दूसरे या तीसरे भाग में कर सकते हैं.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

इस तिमाही में छोटी दूरी की यात्राओं को लेकर रुकावटें आ सकती हैं या आप जिस काम को लेकर यात्राओं पर जाएंगे उनके पूरा होने में संदेह बना रहेगा. इस तिमाही के पहले भाग को आप यात्राओं के लिए यदि टाल सकते हैं तो टाल दें. आप कोशिश करें कि दूसरे या अंतिम भाग में यात्राएँ करें. इस दौरान की गई यात्राएं आपके लिए सुख प्रदान करने वाली रहेगी और आप परिवार के साथ घूमने के लिए कहीं दूर जा सकते हैं और पूरे समय इस यात्रा का लुत्फ भी उठा सकते हैं.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही में की गई छोटी अथवा बड़ी दोनो ही प्रकार की यात्राएँ आपके लिए मिश्रित रह सकती है. यात्राओं पर जाने से आपके घर में पीछे से नुकसान भी हो सकता है. यात्राओं के दौरान राह में खाने पीने के कारण स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है. इससे आपका पेट दर्द अथवा उलटी या दस्त आदि भी लग सकते हैं. इसलिए खाने से पहले उसकी गुणवत्ता की जाँच अवश्य कर लें. इस तिमाही में विदेश यात्राएं आपके लिए लाभदायक सिद्ध हो सकती हैं.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

इस दौरान आप धार्मिकता का दिखावा करते हुए धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं. आप धर्म को लेकर यात्राओं पर यदि जाते भी हैं तो सचेत रहें अन्यथा आपके खिलाफ कोई भक्त आवाज उठा सकता है. आप जाते भी हैं तो अधर्म की बाते ना करें और ना ही पथ से भ्रष्ट होने का प्रयास ही करें. तिमाही मध्य भाग का समय यात्राओं को लेकर अनुकूल रहेगा. विदेश यात्राओं के लिए आपका समय अनुकूल रहेगा. जोखिम भरी यात्राओं से आपको बचना चाहिए और तिमाही के अंतिम भाग में आप पहाड़ी क्षेत्रों पर जाने से बचना चाहिए.

2014 मकर राशिफल - परिवार

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

जमीन आदि को लेकर माता के साथ संबंधों में तनाव के साथ तिमाही का आरंभ हो सकता है. इस समय आप स्वयं भी वहमी से रहेंगे और जमीन आदि मसलों को लेकर उत्पन्न हुए तनाव को खतम करने की जिद पाल सकते हैं क्योकि आप रोज-रोज के झगड़े से परेशान हो चुके होगें. लेकिन आपकी माताजी भी आपसे अधिक जिदपन का परिचय दे सकती है और मसला ज्यों का त्यों बना रह सकता है. आप इस समय जुबान के माध्यम से भी प्रत्यक्ष रुप से आरोप-प्रत्यारोप एक-दूसरे पर लगाने का प्रयास कर सकते हैं.

इस समय आप घर के रख-रखाव के लिए व्यस्त रह सकते हैं और एक बार काम आरंभ करने के बाद अनुमान से अधिक समय और धन लगने से परेशान भी हो सकते हैं. छोटे भाई-बहनों से सहयोग शायद ही देखने को मिलें. इस तिमाही में आप किसी भी बड़ी योजना में निवेश करने से पूर्व कई बार विचार कर लें तभी आगे बढ़े.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

जमीन आदि को लेकर जो भी तनाव चला आ रहा था वह इस समय उग्र रुप धारण कर सकता है और पिता-पुत्र अथवा पुत्र-माता में अत्यधिक तनाव की स्थिति उभरकर सामने आ सकती है. यदि आपके गृह निर्माण का कार्य चला हुआ है तब किन्हीं कारणों से सरकारी अधिकारियों द्वारा आपत्ति जताई जा सकती है और गृह निर्माण का काम आपका बीच में ही अटक सकता है जिससे आपका मन अत्यधिक व्याकुल रह सकता है. इस कारण आप मन में हर समय चिन्ता से घिरे रह सकते हैं. गृह निर्माण का काम बीच में ही रहने का एक अन्य कारण धन का अभाव भी हो सकता है. हो सकता है कि इस समय आप अपने बजट से आगे बढ़ जाएं और आर्थिक कष्ट का सामना करें. इसलिए बेहतर है कि प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने की बजाय आप अपना बजट पहले निर्धारित कर लें और फिर गृह निर्माण का काम शुरु करें.

तिमाही के दूसरे अथवा तीसरे भाग में आप अपने रिश्तेदारों तथा मित्रों के साथ कूटनीति से चल सकते हैं. इधर-उधर की फालतू की चुगलबाजी से दूर ही रहें, इनसे आपकी मानसिक परेशानी बढ़ ही सकती है. लोगो का तो काम ही कहना है इसलिए अपने काम से मतलब रखते हुए परिवार की जिम्मेदारियों को निभाने का प्रयास करें.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही में घर में कलह क्लेश बने ही रह सकते हैं. इस समय भाई-बहनों से भी आपका विरोध अब सभी के सामने प्रत्यक्ष रुप से उभरकर सामने आने की बात हो सकती है. दांपत्य जीवन में जो भी कड़वाहट इतने समय से चली आ रही थी वह इस तिमाही के दूसरे भाग से दूर होने की संभावना बनती है. आप पूर्ण रुप से इस समय साथी के प्रति समर्पित रह सकते हैं और आपका साथी भी आपके प्रति विशेष रुप से लगाव रख सकता है. आप दोनो अपने परिवार के साथ छुट्टियाँ बिताने की योजना बना सकते हैं.

इस समय विवाहेतर संबंधों के बनने की भी गुप्त रुप से संभावना बन रही है अथवा जिनके लिए वर/वधु की तलाश हो रही है उनकी यह तलाश खतम होकर विवाह में बदल सकती है. संतान की ओर से तिमाही के मध्य भाग में कुछ चिन्ताएँ आपको घेरे रह सकती है. आपको परेशानियों को नजर अंदाज कर के रखना चाहिए क्योकि कुछ ना कुछ जीवन में चलते ही रहना है इसलिए आप आगे बढ़ते जाएं.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

यह तिमाही पिता के स्वास्थ्य को लेकर अनुकूल नहीं कही जा सकती है. इस तिमाही में आपके पिता का ध्यान रखें और पिता को भी स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही बरतने की सलाह ना दें. इस समय आपके मामा पक्ष के व्यक्ति आपके जीवन में दखलंदाजी करने का प्रयास कर सकते हैं जिससे आपके जीवन की दिनचर्या प्रभावित हो सकती है. आपका भाग्य कई बातों में आपके विरुद्ध जा सकता है, जैसे कि इस समय पिता की ओर से तो परेशानी होगी ही साथ ही आपको संतान को लेकर भी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है. बच्चे आपके विरुद्ध जा सकते हैं या उनकी किसी हरकत की वजह से आपको अन्य लोगों के सामने शर्मिंदा होना पड़ सकता है.

तिमाही का दूसरा भाग अपेक्षाकृत आपके लिए अनुकूल बना रह सकता है. इस समय आप परिवार की सभी जिम्मेदारियों का वहन बहुत अच्छे से करेंगे और मित्रों के साथ आपका समय अच्छा बीतेगा. आपकी संतान भी आपके कहे अनुसार चलेगी. तिमाही के अंत समय में आपके साथी का स्वास्थ्य आपको विचलित कर सकता है. प्रतिकूल समय में आपके मित्र तथा भाई-बहन आपकी सहायता करेगें.

2014 में मकर राशि के लिए उपाय

आप पूरे वर्ष शनिवार के दिन संध्या समय में शनि मंदिर में जाएं और शनि चालीसा का पाठ वही बैठकर करें. यदि आप शनिदेव के दर्शन करते हैं तो कभी भी उनके नेत्रों की ओर ना देखें, उनके चरणों को देखते हुए सुख शांति की कामना करें. शनिवार के दिन कभी भी आप तेल और झाड़ू ना खरीदें तथा इस दिन मिट्टी ना खोदें.

आपको प्रतिदिन सुबह के समय गणेश चालीसा का पाठ नियमित रुप से करना चाहिए.

astrobix.com

कुंभ

वैदिक ज्योतिष – चंद्र राशि आधारित

कैरियर, शिक्षा, प्रेम, स्वास्थ्य या कुछ और ? क्या कहते

कुंभ राशि की विशेषताएँ

कुंभ राशि भचक्र की ग्यारहवीं राशि है. इस राशि का विस्तार चक्र 300 अंशों से 330 अंशों तक का होता है. इस राशि का स्वामी ग्रह शनि है और प्रतीक चिन्ह कुंभ अर्थात घडा़ है. कुंभ राशि वायु तत्व राशि है जिसके फलस्वरूप आपके विचारों में वायु जैसा प्रवाह स्पष्ट रूप से दिखाई देता है. यह स्वभाव से स्थिर राशि है, आपके भीतर एक ही समय में दो व्यक्तित्व नजर आते हैं पर आप दोनों ही रूपों में बहुत गहरे विचारक हैं. संकट के समय आप दूसरों के लिए सहायक बनते हैं और मदद करने वाले होते हैं. आप बहुत ही बुद्धिमान व समझदार व्यक्ति होते हैं. आप विचारों से उग्र तथा स्वतंत्र होते हैं. आप किसी भी बात को बिना ठोस आधार के नहीं करते हैं. आपका सहज ज्ञान स्वभाविक ही होता है जिस कारण आप स्वयं को शांत पाते हैं.

आपके व्यक्तित्व में विलक्षण क्षमता होती है. एक ओर आप चुपचाप रहने वाले और शर्मीले व्यक्ति लग सकते हैं वहीं दूसरी और आप कलह प्रिय, ऊर्जावान व सनकी प्रतीत होते हैं. आप एक कुशल सलाहकार बन सकते हैं क्योंकि आपमें निर्णायक की भूमिका निभाने की योग्यता होती है. आप अपने चारों ओर के माहौल के आदी होते हैं जिस कारण आपको यदि उस स्थान से हटा दिया जाए तो आप असहज महसूस करने लगते हैं. आप अकेलेपन को सहन नहीं कर पाते और अपने इस अवसाद के कारण बहुत बेचैन रहते हैं. इसलिए आपको स्वयं को जीवंत बनाए रखने की आवश्यकता होती है इस ओर आप प्रयास करते रहते हैं, आप ख्यालों की उडा़न भरने वाले होते हैं. आपका मन सदैव सपनों व कल्पनाओं की उडा़न को भरता रहता है.

आपकी सबसे बडी़ विशेषता है कि आप सकारात्मक सोच रखते हैं. आपकी भावनाएं आप पर हावी रह सकती हैं, इसलिए आप शीघ्र ही आकर्षित भी हो जाते हैं. आपको कोई भी चीज दिल की गहराईयों से छू जाती है. आपको बातें करने का बहुत शौक होता है. आप बातचीत द्वारा अपने आप को जिंदादिल बनाए रखते हैं और दूसरों के साथ दुख दर्द को बांटते हैं. आप खुले दिल के मिलनसार और कल्पनाशील व्यक्ति हैं तथा सदैव जोखिम उठाने के लिए तैयार रहते हैं. आप जीवन के प्रति मिश्रित दृष्टिकोण रखते हैं.

कुंभ राशि के लिए उपयुक्त कैरियर

कुंभ राशि का स्वामी ग्रह शनि माना जाता है इसलिए आपको शनि से संबंधित काम कर सकते हैं. आप लोहे अथवा चमड़े से संबंधित कोई भी काम कर सकते हैं. आप सलाहकारिता के क्षेत्र में भी जा सकते हैं. आप अभियांत्रिकी, चिकित्सक, ज्योतिष से संबंधित काम को भी अपनी आजीविका का क्षेत्र बना सकते हैं. आप पुरानी इमारतों से संबंधित काम अथवा सिविल इंजीनियरिंग आदि में भी अपनी किस्मत आजमा सकते हैं. पुराने एंटिक पीस आदि से जुड़ा काम कर के अपनी आजीविका कमा सकते हैं.

2014 राशिफल - पैसा और वित्तीय स्थिति

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

पैसों और वित्तीय स्थिति के लिए यह वर्ष उतार-चढाव वाला रह सकता है. इस साल में आप कई तरह की योजनाएं बना सकते हैं. आप विश्वसनीय स्वभाव के व्यक्ति है, आपके स्वभाव में व्यवहारिकता है. अपने काम को लेकर आप पूरी तरह से सचेत रहते हैं. शुरुआती समय में आप काम में उलझे रह सकते हैं. इस समय आर्थिक स्थिति से संबंधित कई बातें सीखने को मिलेंगी इस समय आप अपने आराम का पूरा ध्यान रख सकेंगे. आप विशेष रुप से अपने शौक पूरे करने के बारे में सोच सकते हैं. आपको बाहर घूमने जाने का मौका भी मिल सकता है, मित्रों के साथ समय व्यतीत करने के मौके मिल सकते हैं.

आपका यह समय कमाई के लिहाज से अच्छा रह सकता है. आप अपने काम में कई बदलाव करने के बारे में सोचेंगे. शेयर मार्किट में इस समय का उतार चढाव आपको कुछ परेशान कर सकता है लेकिन परेशान न हों जल्द ही स्थिरता आ जाएगी. इस तिमाही आपकी आमदनी के मौकों में इजाफा होगा पर साथ ही साथ आपके खर्चों में भी बढ़ोतरी बनी रहेगी. किसी न किसी काम से पैसों में बचत कर पाना थोडा सा मुश्किल हो सकता है.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

इस समय आप काम के सिलसिले में बाहर भी जा सकते हैं. विदेश जाने के लिए वीजा या पासपोर्ट की समस्या सामने आ सकती है इसलिए पहले ही सभी बातों को पूरी तरह से देख लें. बचत के लिए यह समय अनुकूल नहीं होगा. कारोबार में खर्चा अधिक होगा पैसों से संबंधित परेशानी झेलनी पड़ सकती है पर ज्यादा परेशान होने की बात नहीं है यह समय जल्द ही बीत जाएगा. अपने नए कामों में भी धन का खर्च आपको भविष्य में लाभ का फल देने वाला रह सकता है. अगर कोई पुराना कर्ज है तो आप इस वर्ष उससे मुक्ति पा सकते हैं.

इस समय प्रापर्टी के कामों में आपको अच्छा लाभ मिलने का संकेत दिखाई देता है. जिन लोगों को सरकारी टेंडर मिलने वाला था उन्हें इस समय वो काम मिल सकता है. पैसों के आने से पहले ही खर्चे तैयार मिलेंगे कुछ नए कामों की शुरुआत करने के कारण आप अपनी बचत में से धन खर्च करना पड़ सकता हैं. परिवार में किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य के बिगड जाने के कारण उसमें पैसे खर्च करने पड सकते हैं. इस समय कोई फाईनेंशियल टूर भी हो सकता है. व्यवसायिक भागीदारों के कारण आप आर्थिक परेशानियों से मुक्त हो सकेंगे वह आपके मददगार हो सकते हैं.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही के दौरान आपको अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाए रखने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ सकता है. आप अपने लिए बहुत सारी खरीददारी करने वाले हैं और अपने लिए कुछ महंगी वस्तुएं लेने वाले हैं. यदि आप संघर्ष व निरन्तर प्रयास करने की प्रवृति नहीं छोडेगें तो आर्थिक स्थिति को और बेहतर स्थिति में ले जा सकते हैं. बडे सौदे किए जा सकते हैं साथ ही योजनाओं पर निर्णय लेने के लिये समय सही रहेगा.

इस समय में लिये गये निर्णयों में देरी या भ्रम कि स्थिति हो सकती है. किसी सरकारी प्रोजेक्ट से आने वाली आय आपकी बचत को बढाएगी. बच्चों पर खर्च बना रहेगा आने वाले दिनों में उनकी शिक्षा पर भी काफी खर्चा हो सकता है.

आपकी आय के स्रोत बने रहेंगे पर आपको चाहिए कि किसी भी काम को अधूरा न छोडें और न ही जल्दबाजी करें क्योंकि इसका प्रभाव आपकी आय पर भी होगा. खर्चों में अभी कोई कमी तो नही होगी और बचत भी करने में कठिनाई बनी रहेगी. परिवार में किसी सदस्य की बिमारी पर भी कुछ खर्च करना पड़ सकता है. तिमाही के अंतिम समय में कुछ अच्छा मुनाफा मिल सकता है. अगर कहीं पैसा अटका हुआ है तो अभी मिलने के आसार दिखाई दे रहे हैं. मुनाफा बढाने के लिए काम में खूब मेहनत करनी पडेगी और सही नतीजे ही आपके आगे की परेशानी को दूर करने में मददगार होंगे.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

आप अपने पैसों को निवेश करने का सोच सकते हैं या कोई जमीन जायदाद खरीद सकते हैं. इस कारण बचत करने से कुछ समय के लिए आपको धन की परेशानी हो सकती है लेकिन आगे के लिए किया गया यह काम अच्छे लाभ देने वाला बनेगा. इस समय आप पर अन्य लोगों की जिम्मेवारी आ सकती है. अगर आपने कोई काम शुरू किया है तो आपको कोई बड़ा सौदा मिल सकता है.

विदेशों से भी आय में मुनाफा हो सकता है जिसमें आपको लाभ हो लेकिन अन्य कामों में आया धन लग सकता है. बाधाएं आने कि संभावनाएं बन रही है, इस समय में पैसे उधार देने व लेने से बचे रहें. आप अपनी सफलता और आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिये अपने माता-पिता या छोटे भाई बहनों से सलाह ले सकते हैं. बडों द्वारा किया गया मार्गदर्शन आपको बहुत काम आ सकता है. कुछ काम से हटकर भी लाभ प्राप्त होने की संभावनाएं बन रही है.

2014 कुंभ राशिफल - कैरियर और प्रोफेशन

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक

तिमाही का आरंभ नौकरी और व्यवसाय के लिए मिले जुले फल देने वाला होगा. आपको तिमाही के आरंभ में अपने काम में कुछ अड़ंगे झेलने पड़ सकते हैं अथवा कार्य स्थल में अपने सहकर्मियों द्वारा परेशानी का सामना करना पड़ सकता है. ग्रहों के प्रभाव के कारण आपको अपने काम के लिए कुछ यात्राएं भी करनी पड़ सकती हैं. आपके संबंध कई लोगों से बनेंगे लेकिन इस स्थिति का फल कुछ समय बाद ही मिल सकेगा. तिमाई के मध्य भाग के दौरान आप अपना बिजनेस दूर तक फैला सकेंगे. इस समय नौकरी में कुछ टेंशन हो सकती है पर यह चिंता जल्द दूर होगी और आप अपने साथियों के साथ अच्छा काम करके दिखाएंगे, आपके बॉस आपसे संतुष्ट रहेंगे.

अभी तक आप जिस काम को करने के लिए इतना बेचैन थे या जो भी काम आपके बन नहीं रहे थे उन्हें अब गति मिल सकती है. आप किसी अनजान व्यक्ति के द्वारा कुछ काम पा सकते हैं लेकिन कोई भी काम करते समय सजग रहें और पूर्ण जांच पड़ताल के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचे. तिमाही के बाद के समय में आपको विदेशियों या दूर स्थलों पर रहने वाले लोगों से कारोबारी संबंध अच्छे बनेंगे. आप किसी नए काम को शुरू कर सकते हैं. लेकिन पाप ग्रहों के गोचर के कारण काम में कुछ अड़चनें भी आ सकती हैं. आपको चाहिए कि आप अपने काम में सभी की सुनें लेकिन किसी से विवाद या बहस न करें. इसके साथ ही साथ सरकारी कामों में होने वाली देरी के कारण परेशान न हों. शनि और राहु के प्रभाव के कारण आपके बनते हुए कामों में कोई गलती होने से देर हो सकती है. अत: बहस में न उलझें और विपरीत परिस्थितियों को हल करने का पूरा प्रयास करें.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

नौकरी के हालात में सुधार होंगे नए परिवर्तन अथवा नए काम की शुरुआत अच्छी रहेगी. आपको काम से संबंधित सभी कागजात अच्छी तरह से देख लेने चाहिए. नए काम की शुरुआत से पहले उसके दोनों पहलुओं पर विचार कर लें तो आपको आने वाली परेशानियों का पता चल पाएगा. अपने सहकर्मियों के साथ आपका कटु व्यवहार आपको मुशकिलों और परेशानियों में डालने का काम कर सकता है, सरकार की ओर से कुछ असुविधा झेलनी पड़ सकती है आयात-निर्यात के काम में मुनाफा बना रहेगा और आई टी से जुडे लोगों को अच्छे मौके मिल सकते हैं.

नई नीतियों और योजनाओं को अमल करने के लिए यह समय अधिक अनुकूल नहीं लगता. इस समय यदि आप किसी नए काम को करने की कोशिश में लगे हुए हैं तो आपको अपने काम में कुछ शिथिलता लाने की कोशिश करने चाहिए अभी अधिक जल्दबाजी करना अच्छा नहीं होगा. क्योंकि इस अवधि के दौरान किए गए आपके प्रयास व्यर्थ ही साबित हो सकते हैं. व्यवसाय से जुडे लोगों को अपनी कार्यकुशलता को बढ़ाने की जरूरत है. कुछ अनुकूलता के लिए अभी इंतजार करना बेहतर होगा.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

बिजनेस और नौकरी के लिए यह साल आपको कई उपलब्धियां देने वाला रह सकता है. आपके भाई बंधु आपके साथ काम में शामिल होने वाले हैं और उनके साथ आप अपने बिजनेस को और उचाँइयों तक ले जा सकेंगे. छोटे मोटे विवाद पनप सकते हैं लेकिन यदि सोच समझकर काम करेंगे तो इन छोटी मोटी समस्याओं का सामना आसानी से कर सकेंगे. इंटीरियर डिजाईनिंग से जुडें कामों में आपको अच्छे मौके मिल सकेंगे. आपका काम लोगों को अच्छा लग सकता है. कुछ समय के लिए नौकरी में परेशानी हो सकती है या किसी से आप कुछ परेशान रह सकते हैं पर आप नजर अंदाज करें और अपने काम में लगे रहें.

जानकारी व ज्ञान की कमी आप को साझेदारी क्षेत्रों से कुछ बाधाएं दे सकती है. गैर- पारंपरिक क्षेत्र इस समय में आपके लाभ बढा सकते हैं. निर्णयों में जल्दबाजी होने के कारण धन हानि के साथ-साथ आर्थिक स्थिति भी प्रभावित हो सकती है. तिमाही के दूसरे भाग में आपको अपनी मेहनत का नतीजा कुछ देर से मिलना शुरू होगा. आपके बॉस या बडे अधिकारी आपके काम के प्रति संतोषजनक रूख दिखा सकते हैं.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

आपको अपने सभी निर्णयों में अधिक समझ बूझ से काम लेना उचित रहेगा. आपके काम पूरे होंगे अगर आप नौकरी में बदलाव करने का सोच रहे हैं तो कुछ इंतजार करना पडेगा, लेकिन काम जरूर मिलेगा. इससे पहले जो काम है वह पूरा कर लें तो अच्छा होगा क्योंकि आने वाला समय काफी व्यस्त रह सकता है. व्यापार के सिलसिले में कुछ यात्रा पर बाहर भी जा सकते हैं. आपको घूमने का मौका और कुछ समय मनोरंजन करने का भी मिल सकता है. आपको अपने पारिवारिक बिजनेस में मदद करानी पड़ सकती है और नौकरी में भी काम अधिक बढ़ सकता है.

कारोबारियों के लिए मुनाफा कमाने का समय है. आगे चलकर काम बढ़ सकता है इसलिए इस समय ढील न बरतें और मेहनत करते रहें. कुछ अनुभवी व्यक्तियों से मिलकर आप अपनी नीतियों को और भी बेहतर बना सकेंगे जिससे आपको लाभ मिल सकेगा. नौकरी में उन्नति, प्रमोशन के लिए इंतजार पूरा होता नज़र आ रहा है. इस समय सामाजिक गतिविधियों में भाग लेते रहने से आप बडे लोगों के संपर्क में बने रहेंगे और आपका काम भी निकल सकता है. आपको शत्रुओं से सावधान रहना चाहिए विषम परिस्थितियों में भी आप सफलता का मार्ग खोज लेगें. इस समय में आपके मुनाफे में उतार-चढाव बने रह सकते हैं. कर्मचारियों के भरोसे काम छोड़ना सही नहीं रहेगा.

विशेष

इस वर्ष के मध्य भाग तक आपको अपने कार्यक्षेत्र पर कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है. इन परेशानियों से बचने के लिए आपको हर मंगलवार हनुमान जी के मंदिर में मीठी बूंदी का भोग लगाना चाहिए और मंदिर के बाहर खड़े बच्चो में उसे बांट देना चाहिए. हनुमान जी के सामने श्रद्धा से शीश नवाएं.

2014 कुंभ राशिफल - हैल्थ और फिटनेस

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

यह साल सेहत के लिए कुछ छोटी मोटी चिंताएं दे सकता है. इसलिए आपको चाहिए कि अपनी सेहत का ख्याल रखें ओर मौसम में होने वाले परिवर्तन को अपने ऊपर हावी न होने दें. गुस्से से दूर रहें व शांति के साथ कामों को करें क्योंकि कुछ कामों को लेकर आपकी चिंता अधिक बढ़ सकती है लेकिन इस स्थिति से आप यदि बाहर आना चाहते हैं तो कुछ समय अपने को शांत व स्थिर बनाए रखें.

साल की शुरुआत आप अच्छे व्यवहार और अच्छे स्वास्थ्य के साथ करेंगे, समय आपके स्वास्थ्य के अनुकूल रहेगा. परिवार में कुछ सकून होने से आप तरोताजा महसूस कर सकते हैं, आपके सुख भाव में वृद्धि बनी रहेगी. आपको संतान प्राप्ति की संभावनाएं बन रही है यदि अभी आप बच्चा प्राप्त करने का सोच रहे है. यदि आप अपनी भावनाओं को नियंत्रण में रखेंगे तो आपको अधिक परेशानी नहीं होगी और आप बहुत सी व्यर्थ चिंताओं से बच सकते हैं, इसलिए कोशिश करें कि मेडिटेशन करें यह उपाय आपको आराम देगा और आप स्वयं में ताज़गी का अनुभव करेंगे.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

इस तिमाही में आपको स्वास्थ्य लाभ मिल सकता है. आपमें ऊर्जा शक्ति बनी रहेगी तथा आप अपने लिए कुछ अधिक सोच विचार कर सकते हैं. बस कुछ भाग - दौड आपकी थकान में वृद्धि करेगी आपको काम से मुक्त होकर थोड़ा आराम लेने की जरूरत है. काम की अधिकता और पैसे कमाने की दौड़ आपके स्वास्थ्य में कमी कर सकती है. गुरू का प्रभाव आपके स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में मददगार होगा. बच्चों को पेट से संबंधी समस्याओ का सामना करना पड़ सकता है और अधिक खेल कूद के कारण उन्हें थकान हो सकती है. उन्हें अधिक धूल अथवा धूप में न खेलने दें तो अच्छा होगा.

इस समय में भोजन में नियमितता बनाये रखें, अधिक भोजन करने से बचें क्योंकि स्वास्थ्य के लिहाज़ से यह अनुकूल नहीं है. काम में अधिक आना जाना आपके लिए थकावट का कारण बना रह सकता है. किसी काम में मिली असफलता के कारण आई चिंता आपके मन को थका सकती है. ऐसे में सेहत का खयाल रखना जरूरी होगा.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

इस अवधि में आप अपने स्वभाव को सकारात्मक बनाए रखने का प्रयास करें क्योंकि यदि नकारात्मकता आती है तो स्वभाव के इस बदलाव के कारण आप जिद्दी, हठी हो सकते हैं. अपनी बात को ही सही मानेगें और दूसरों के विचारों को अधिक महत्व नहीं देंगे. यदि आपको पहले से कोई लम्बी बीमारी भुगत रहे हैं तो परहेज की आवश्यकता है. अपना ईलाज खुद करने से अच्छा है कि आप डाक्टर के पास जाएं.

कुंभ राशि के बच्चों को इस तिमाही में खांसी और जुकाम की परेशान हो सकती है. तिमाही के पहले भाग में दांम्पत्य जीवन में बनी तनाव की स्थिति को अधिक गंभीरता से न लें इससे आपको मानसिक थकावट हो सकती है. हो सकता है कि इस तनाव के कारण किसी काम में मन न लग

पाए और इसका प्रभाव आपके शारीरिक स्वास्थ्य पर भी पड़ सकता है, लेकिन मध्य अवधि में आप अपनी सेहत में अच्छा सुधार पाएंगे और कहीं घूमने भी जा सकते हैं, इससे आप स्वयं तरोताजा महसूस करेंगे.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

आपको अपने शत्रुओं से सावधान रहना होगा क्योकि उनकी वजह से आपको मानसिक तनाव झेलना पड़ सकता है. इस तिमाही में की गई अत्यधिक यात्राओ के कारण आप थकावट महसूस कर सकते हैं. इस समय परिवार में किसी सदस्य की स्वास्थ्य समस्या के कारण भी आप परेशान रह सकते हैं. इस समय वाहनादि सावधानी से चलाएं क्योंकि दुर्घटनाओं को लेकर सचेत रहने की आवश्यकता है, यदि इस समय किसी वजह से चोटादि लगती भी है तब वह काफी लंबी अवधि तक बनी रह सकती है.

इस तिमाही में कुछ विषम परिस्थियों से भी सामना हो सकता है, ऐसे में विपरीत परिस्थितियों को बुद्धिमता से झेलने का विश्वास अपने अन्दर पैदा करें अन्यथा स्वास्थ्य बिगड सकता है. ग्रहों के योगों के फलस्वरुप छोटी-छोटी बातों पर परेशान हो सकते हैं जिससे अकसर मानसिक रुप से तनाव का अनुभव करते रह सकते हैं. माता पिता को लेकर भी कुछ चिंताएं रह सकती हैं अथवा परिवार के वरिष्ठ जनों में से किसी के स्वास्थ्य को लेकर आप चिंतित रह सकते हैं.

2014 कुंभ राशिफल - प्रेम संबंध

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक

प्रेम संबंधों के लिए यह तिमाही मिलेजुले फल देने वाली रह सकती है. आप अपने प्यार को पाने के लिए काफी बेचैन रह सकते हैं और अपनी भावनाओं में बह भी सकते हैं. साथी के साथ रिलेशन बनते - बिगडते रहेगें, लेकिन परेशान न हों, आप को अच्छे सुकून भरे पल मिलेंगे जो आपके सारे तनाव को दूर कर देंगे.

आपको अपने प्रेमी का साथ मिलेगा और आप उसके साथ सकुन से भरे कुछ पलों को बिता सकेंगे. आपकी रुकावटें दूर होंगी और प्रेम प्रसंगों के लिए यह समय अनुकूलता लिए रहेगा. यदि आप अभी तक प्रेम से वंचित रहे हैं तो आपके लिए सही समय है आप नए दोस्तों का साथ पा सकते हैं. नये रिश्तों से आपको सुख - सहयोग की प्राप्ति होगी, घर के बडों का आशिर्वाद भी आपको प्राप्त होगा.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

प्रेम संबंधों के लिए यह तिमाही अच्छी रहने वाली है. पारीवारिक संबंधों में किसी का साथ बहुत ज्यादा पसंद आ सकता है. आपके लिए यह समय छुपे प्रेम संबंधों की स्थिति का भी हो सकता है. आपके मन में किसी के प्रति आकर्षण का भाव रहेगा पर आप उन्हें कुछ कहने में संकोची बने रह सकते हैं, लेकिन मित्रों की सहायता से आप अपने प्यार का इजहार करने में सफल होंगे.

ऎसा भी हो सकता है कि आप किसी अनजान व्यक्ति के नजदीक जाएं लेकिन यह रिश्ता आपको दूरी का दर्द भी दे सकता है इसलिए प्यार में जल्दबाजी करना अच्छा नहीं होगा. सभी की इच्छाओं को देखते हुए आपको अपना फैसले लेना चाहिए अर्थात पहले यह देख लें कि क्या आपके परिवार वालों को आपके रिश्ते से कोई ऎतराज तो नही है. आपका काम आपको आपके प्यार से दूर रख सकता है, इस कारण आप अपने साथी से अपने दिल की बात शेयर नहीं कर पाएंगे और यह दूरी गलतफहमियों को उत्पन्न कर सकती है और रिलेशन खराब हो सकते है. दोनों के मध्य बातचीत में कमी के योग बने हुए है जिसे आपको समझदारी का परिचय देते हुए दूर करना होगा.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

इस समय में आप प्रेमी के साथ प्रेम संबधों को मधुर बनाने का स्वयं प्रयास करेंगे. किसी तरह की जिद न करें क्योंकि अपनी गलती मानने से आप संबंधो को और भी मजबूत कर सकते हैं. घर में विवाह की बात आपको अपने सपनों के राजकुमार से मिला सकती है अर्थात आपके प्रेम संबंधों के विवाह में बदलने की बात हो सकती है. जिन व्यक्तियों का प्रेम संबंध अभी हाल फिलहाल में आरंभ हुआ है उन्हें थोड़ा सचेत रहना चाहिए क्योकि तिमाही के मध्य भाग में संबंधों में दरार आ सकती है. इस दरार का कारण आपके मित्र अथवा कोई वरिष्ठ व्यक्ति भी हो सकता है.

यदि आपके विवाहेतर संबंध चल रहे हैं तब आपको चाहिए कि आप किसी भी प्रकार के तनाव को घर में न लाएं और साथी के साथ होने वाली परेशानी या गलतफहमी को आराम से दूर करने की कोशिश करें. आपके प्रेम संबंधों के कारण परिवार की सुख-शान्ति में कमी आ सकती है. तिमाही माह के तीसरे भाग में साथी के साथ में मजबूती बनी रहेगी और संबध फिर से मधुर होंगे.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

जिन लोगों के गुप्त संबंध अभी तक चले आ रहे हैं, वर्ष की अंतिम तिमाही के दौरान भी उनके गुप्त प्रेम संबंधों की यात्रा बनी रह सकती है. आप उनमें काफी हद तक व्यस्त भी रह सकते हैं. इस तिमाही में आपकी मुलाकात किसी अनजान व्यक्ति से हो सकती है और आप उसकी ओर आकर्षण का अनुभव भी कर सकते हैं. इस कारण आप इस समय दुविधाग्रस्त रह सकते हैं, लेकिन नए प्रेम संबंधों के चक्कर में आपको पुराने संबंधों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए. आपका यह आकर्षण कुछ समय तक ही बना रह सकता है और जब तक आपको अहसास हो, तब तक शायद आप पहले प्यार से भी हाथ धो बैठे हों.

परिवार में आपके रिश्ते की बात आपको थोड़ा परेशान कर सकती है क्योंकि आप अभी तक आपने प्रेम संबंधों को किसी के सामने उजागर नहीं किया है. तिमाही के अंतिम समय में आपको प्रेमी से सुखद एहसास की प्राप्ति होगी और आपके संबंधों में फिर से स्थिरता आ सकेगी. यदि आप विवाहित हैं तब आपको विवाहेतर संबंधो से खुद को दूर रखना चाहिए क्योकि इस समय बदनामी भी हो सकती है.

2014 कुंभ राशिफल - विद्यार्थी

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

वर्ष की आरंभिक तिमाही में शिक्षार्थियों के लिए बहुत अच्छे मौके हो सकते हैं जिनमें वह अपनी योग्यता का परिचय देने में सक्षम होंगे. आपको अपने परिवार का साथ मिलेगा, वह पढाई में आपकी मदद कर सकते हैं और आपके लिए अच्छे मार्गदर्शक बनकर उभर सकते हैं. इस अवधि के दौरान आप अपने गुरूजनों से भी कुछ महत्वपूर्ण बातें जानने में सफल रहेंगे. शिक्षा में आपका ध्यान अच्छी प्रकार से लग सकेगा और आप अपने विषयों को भली भांति समझ सकेंगे.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

इस तिमाही में भी आप अपनी मेहनत में कटौती नहीं करेंगे. आप पूर्ण रूप से अपने प्रयासों में लगे रहेंगे. एकाग्रता में कमी नहीं आने देना चाहेंगे. जो विद्यार्थी विदेशी भाषा सीखने का मन बनाए हुए हैं उन्हें इस समय आवेदन कर देना चाहिए. कुछ प्रयासों के बाद आपको अपने पसंदीदा विषयों में एडमिशन मिल सकता है. यदि आप किन्हीं कलात्मक अभिरूचियों से जुडे हैं तो आप अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रह सकते हैं.

आपका ध्यान कलात्मक विषयों को जानने समझने की ओर अधिक लगा रह सकता है. इस समय आपकी प्रतिभा में भी निखार आएगा और आप सम्मान की प्राप्ति कर सकते हैं. तिमाही के दौरान आपका झुकाव अन्य गतिविधियों की ओर हो सकता है इसलिए आपको चाहिए कि आप अपनी शिक्षा से नहीं भटके और अपने शैक्षिक कार्यों में लगे रहें.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही में आपको अपनी पढाई की ओर विशेष ध्यान देने की जरूरत है. इस तिमाही में आपकी मानसिक परेशानियां बढ़ सकती हैं. आपका ध्यान भी अन्य गतिविधियों की ओर अधिक लग सकता है. इस समय विद्यार्थियों का मन अनेक बातों को लेकर भटक सकता है. आप कई विषयों में से किसी एक का चयन करने में दुविधाग्रस्त भी हो सकते हैं.

शिक्षार्थियों के लिए यह समय अनुकूल स्थिति का प्रभाव देने के पक्ष में कम ही बनता है, इसी के साथ माता पिता को चाहिए कि बच्चों की पढाई की ओर से काफी सजग बनें रहें. यदि आपने पहले से ही अपने गुरूजनों के साथ संबंधों में सांमंजस्यता बनाए रखने की कोशिश नहीं कि तो अन्य लोग आप को परेशान कर सकते हैं इस कारण आप तनाव की स्थिति से गुजर सकते हैं इसलिए स्वयं को संयम में रखते हुए गुरू शिष्य परंपरा का निर्वाह करें.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

छात्रों के लिए यह तिमाही उतार चढ़ाव से भरी रह सकती है. सफलता पाने के लिए किसी भी प्रकार के अवैध कार्य या बेईमानी करने से दूर रहें. आपके द्वारा किया गया गलत कार्य आपको मानसिक रुप से परेशान कर सकता है और आपकी ख़ुशियों को कम कर सकता है. ध्यान में रखें कि

आप सफलता के लिए कोई शॉर्टकट न अपनाएं. जो छात्र कड़ी मेहनत और अपनी उर्जा को सकारात्मक दिशा में उपयोग करने का प्रयास कर रहे हैं उन्हें इस माह के दौरान सकारात्मक एवं अच्छे परिणाम प्राप्त हो सकेंगे.

इसके विपरीत, जो अपनी उर्जा व मेहनत को कुछ गुप्त और अवैध कामों को करने की योजना में लगा रहे हैं उन्हें असफलता ही हाथ लगेगी तथा वह अपने को मुसीबतों से घिरा ही पाएंगे. इसलिए स्वयं को नकारात्मक पहलुओं से दूर रखने की कोशिश करें. यदि आप शांत चित और एकाग्रता के साथ अपने कार्य करेंगे तो तिमाही मध्य के बाद के समय आपको कुछ अप्रत्याशित परिणाम मिल सकते हैं. जो छात्र रिसर्च के क्षेत्र में काम कर रहे हैं उन्हें अच्छे परिणाम मिल सकते हैं. आपका रूझान गूढ़ विद्याओं की ओर भी हो सकता है.

2014 कुम्भ राशिफल - यात्रा

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

इस तिमाही में आपको अपनी यात्राओं के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है. आप अपने काम के सिलसिले में भी कुछ अवधि के लिए यात्राओं में व्यस्त रह सकते हैं, परंतु इस दौरान आपको अपना ध्यान रखने की भी आवश्यकता है. पाप ग्रहों के प्रभाव स्वरूप आपको यात्रा में असुविधा हो सकती है. कहीं न कहीं कुछ तनाव की स्थिति आपको बाधित कर सकती है. यदि आप वाहन का उपयोग करते हैं तो ख्याल रखें सावधानी के साथ वाहन चलाएं. आपकी यात्राएं अपने परिवार के लिए महत्वपूर्ण हो सकती हैं. आपको इस स्थिति में कुछ लाभ और कुछ असुविधा का सामना भी करना पड़ सकता है. इस समय अधिकतर आप प्रवास पर ही रह सकते हैं.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

अगर आप यात्राओं को इस समय टाल सकें तो ज्यादा बेहतर होगा. अगर आपने अपनी यात्राओं को सुविधाजनक रूप से आगे ले जाना है तो आपको इस समय अपनी गतिविधियों पर नियंत्रण लगाने का प्रयास करना होगा. आपकी अधिक तेजी से आपको कष्ट ही मिलेगा, अनियंत्रित गति से वाहन चलाने पर आप दुर्घटनाग्रस्त हो सकते हैं और यह भी हो सकता है कि आप की गलती न हो परंतु दूसरे की लापरवाही आपके लिए घातक सिद्ध हो जाए. अत: इस तिमाही के प्रारंभिक समय में आपको अपना विशेष ध्यान रखना चाहिए.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

यात्राओं के लिए यह अवधि लाभ की स्थिति देने वाली रह सकती है. आप लम्बी दूरी की यात्राएं भी कर सकते हैं. काम के सिलसिले में भी ट्रैवल करना पडेगा और हो सकता है कि आपकी यात्रा में आपके शत्रु आप के लिए परेशानी का कारण बनें लेकिन यदि आप स्वयं को शांत रखते हैं तो इस स्थिति से उबर ही जाएंगे. अपना सामान पैक करते समय जरूरी सामान को संभाल कर रखें और किसी भी स्थिति के लिए स्वयं को तैयार रखें.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही में आपकी यात्राएं अधिकतर लम्बी दूरी की रह सकती है. अभी तक आप कुछ गुप्त यात्राओं पर व्यस्त थे जिन्हें आप किसी के समक्ष प्रकट नहीं करना चाहते थे अत: हो सकता है कि आपकी यह यात्रा अभी भी जारी रहे. इसके अतिरिक्त मध्य तिमाही में आप किसी आश्रम या किसी गुरू के संपर्क में आकर उस ओर अपना ध्यान ले जाएं और कुछ धार्मिक यात्राओं को करें. इस समय आपकी यात्रा में कोई व्यवधान भी आ सकते हैं लेकिन यदि आप प्रयासरत रहेंगे तो आपको अपने ज्ञान को बढ़ाने में मदद मिल सकेगी.

2014 कुम्भ राशिफल - परिवार

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

परिवार के लिए साल की शुरुआत अच्छी रहने वाली है. कुछ धार्मिक पूजा पाठ के कामों में लगे रह सकते हैं. इस समय में आप अपने परिवार के साथ मिलकर कुछ अच्छे पलों का लुत्फ उठा सकते हैं. परिवार के लोगों के लिए आप कुछ तोहफे ले सकते हैं और उनकी इच्छाओं को पूरा करने की कोशिश करेंगे. संतान की ओर से आपको सुखद अनुभूति प्राप्त हो सकती है. भाई-बहनों से हल्की फुल्की नोक झोंक लगी रह सकती है.

आप अपने रिश्तों को नजर अंदाज न करें और माता-पिता का कहना जरूर मानें तभी आप अपनी गलतियों से दूर रहेंगे और सफलता को पा सकेंगे.परिवार में होने वाली परेशानियों के बावजूद भी सुख और शान्ति का माहौल बना रहेगा. वरिष्ठ जनों की कुछ बातें आपको परेशान कर सकती हैं लेकिन आप अपने काम में इतने व्यस्त रहेंगे कि इस ओर अधिक ध्यान ही नहीं दें पाएंगे. परिवार में सुख - समृद्धि बनाये रखने के लिये आपको अपने व्यवहार में बदलाव करना होगा. दांपत्य जीवन के लिये समय अनुकूल है. रिश्तेदारों का घर पर आना जाना आपको व्यस्त रख सकता है और आप अपने लोगों के करीब आ सकते हैं.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

परिवार में चहल-पहल का माहौल बना रह सकता है. लोगों से मिलने जुलने का समय है. घर को सजाने में लगे रह सकते हैं. कुछ शुभ कार्यों का आयोजन हो सकता है, जो आपकी समस्याओं को कुछ समय के लिए आप से दूर रखने में मददगार होगा. प्रभावशाली व्यक्तियों से दोस्ती होने की संभावना बन रही है. आपके कुछ कामों से परिवार के सदस्यों में नाराजगी की स्थिति उत्पन्न हो सकती है इसलिए इन मतभेदों को शीघ्र से दूर करने का प्रयास करें. बेवजह की बहसबाजी से बचें इससे आप परेशानी में पड़ सकते हैं.

इस समय आप अपने प्रतिद्वंदियों के मध्य अच्छा प्रदर्शन कर सकने में काफी हद तक सफल रह सकते हैं. साल के अंत में प्रेम संबन्ध विवाह सूत्र में बंध सकते है, रिश्ते बनाने के लिये यह समय अच्छा है. परिवार के लिए खर्चों में बढ़ोतरी बनी रहने वाली है. गाडी या कोई मंहगा सामान आपके घर की शोभा बढा़ सकता है. आप अपने इस समय को मौज मस्ती से बिताएंगे क्योंकि पुराने मित्रों के साथ मिलने के मौके मिल सकते हैं. इससे आप कुछ क्षणों के लिए सभी कुछ भूलकर आनंद के पलों का मजा लेंगे.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

यह समय आपको अपने लोगों से दूर कर सकता है या आप अपने काम के कारण परिवार से कुछ समय के लिए दूर जा कर रह सकते हैं. माता-पिता के साथ संबंध में तनाव की स्थिति उभर सकती है. आप अपने में लगे रहना पसंद कर सकते हैं इस कारण लोग आपको कठोर समझ सकते हैं. आपके गुस्से के कारण लोग आपसे दूर रहना पसंद करेंगे. आपको चाहिए की आप अपने व्यवहार में कोमलता लाएं और किसी से भी कठोर शब्दों का उपयोग न करें.

तिमाही के अंतिम भाग में स्थिति बदलने की ओर अग्रसर हो सकती है. इस समय आपकी सामाजिक छवि को भी धक्का लग सकता है और आपके शत्रु आप पर हावी होने की कोशिश कर सकते हैं. आपको अपने कामों से लोगों का दिल जितना होगा तभी आप लोगों पर अपनी छाप छोड

सकते हैं. कोई कानूनी विवाद आपको परेशान कर सकता है साथ ही बच्चों का कैरियर के लिए गंभीर न होना आपके लिए चिंता का कारण बन सकता है.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

साल की अंतिम तिमाही में स्थिति में सुधार की संभावनाएं बनती दिखाई दे रही हैं, अभी तक जो भी उठा-पटक चली आ रही थी उसमें कुछ सुधार की संभावनाएं दिखाई देती हैं, लेकिन यह सुधार अचानक से होने वाला नहीं होगा क्योकि तिमाही का पहला भाग तो आपसी गलतफहमियों को दूर करने में ही बीत जाएगा और इससे परिवार के भीतर काफी हलचल होने की संभावना बनती है. आपकी माताजी के साथ आपके संबंध अत्यधिक कड़वाहट से भरे हो सकते हैं लेकिन आप इन संबंधों को सुधारने का बीड़ा उठाकर प्रयासों को जारी रखेंगे. तिमाही के दूसरे भाग के आरंभ में ही आपको कामयाबी मिलनी आरंभ हो जाएगी और परिवार में काफी हद तक शांति व सदभाव का वातावरण एक बार फिर से स्थापित होना आरंभ हो जाएगा.

पैतृक संपत्ति को लेकर कानूनी विवाद हो रहे हों वह अब हल हो सकते हैं, लेकिन धोखा मिलने की भी संभावना साथ में बन रही है इसलिए आपको सतर्क रहना होगा और यह धोखा आपको अपने ही लोगों से मिल सकता है. मध्य भाग से छोटी-मोटी दिक्कतें जल्द ही दूर होनी आरंभ हो जाएंगी और आप अपने परिवार के साथ अच्छा समय व्यतीत कर सकेंगे. आप परिवार के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बहस से बचें, खासकर बुजुर्गों के साथ. तिमाही में आपकी मुलाकात किसी पुराने रिश्तेदार या मित्र से हो सकती हैं. तिमाही के अंत में जीवनसाथी के साथ घूमने फिरने के मौके मिलेंगे और काम में बिजी होने पर भी अब आप अपने जीवन साथी के लिए कुछ समय निकाल ही लेंगे, इससे आप दोनों के मध्य मधुरता का भाव बढ़ेगा.

2014 में कुंभ राशि के लिए उपाय

इस वर्ष आप प्रत्येक मंगलवार के दिन सुंदरकाण्ड का पाठ अवश्य करें और शनिवार के दिन बंदरों को गुड़ व चना खिलाएँ. प्रतिदिन सुबह के समय लक्ष्मी चालीसा का पाठ नियमित रुप से करें.

astrobix.com

मीन

वैदिक ज्योतिष – चंद्र राशि आधारित

घर – परिवार में खुशियाँ बनी रहेगी ? जानिए अपना



मीन राशि की विशेषताएँ

मीन राशि भचक्र पर सबसे अंत में आती है, इसका विस्तार 330 अंश से 360 अंश तक फैला होता है. यह द्वि-स्वभाव राशियों की श्रेणी में आती है, तत्व जल होता है. इस राशि का प्रतीक चिन्ह दो मछलियाँ हैं जिनका मुँह दूसरे की पूँछ की ओर है, राशि का स्वामी ग्रह बृहस्पति है. द्वि-स्वभाव राशि होने से आपके स्वभाव में अस्थिरता बनी रह सकती है, आप सदा असमंजस की स्थिति में रहते हैं. जल तत्व होने के कारण आप बहुत ही जल्दी बदल जाते हैं, इस कारण आप कई बार दूसरों की बातों में जल्दी आ जाते हैं यह भी नहीं सोचते कि इसका परिणाम क्या होगा. बृहस्पति की राशि होने से आप धीर-गंभीर व समझदार होते हैं लेकिन अशुभ प्रभाव होने पर आपके गुणों में कमी भी आ सकती है.

जलतत्व राशि होने से आप परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को ढ़ालने में सक्षम होते हैं. यह जरुरी नहीं कि आपके गुणो में निखार एक नेता बनकर ही होगा, आप स्वाभाविक रुप से भी अपने गुणों का विस्तार कर सकते हैं. प्रेम संबंधों को लेकर आप बहुत ही रोमानी रहते हैं और अपने प्रेमी को प्यार व दुलार देने वाले होते हैं. आप सौम्य और सभ्य लोगो को ही अपना मित्र बनाते हैं और वास्तविकता तो यह होती है कि आप अपनी आवश्यकतानुसार लोगों को अपना मित्र बनाते हैं. परिवार की हर छोटी बड़ी जरुरत को पूरा करने के लिए आप सदैव समर्पित रहते हैं. आप अपनी भावनाओं का इजहार करना बहुत अच्छे से जानते हैं क्योकि आप अपने हाव भाव से दूसरों को यह जता ही देते हैं कि आपको इस समय क्या पसंद है और क्या नहीं. इसलिए आप अपने साथ रहने वालों को आप बता ही देते हैं कि आपको क्या चाहिए.

आपका राशि स्वामी बृहस्पति यदि अच्छी हालत में है तब आपके भीतर अन्तर्ज्ञान युक्त कुछ बाते हो सकती हैं जिससे आप आने वाली स्थिति को पहले से ही भाँप सकते हैं. आप समझदार, बुद्धिमान, ज्ञानयुक्त तथा संगीतप्रेमी होते हैं. आप रोमांसप्रिय व्यक्ति होते हैं और आपको अकेला रहना ज्यादा पसंद होता है. गुणो के साथ आपके भीतर कुछ अवगुण भी होते हैं यदि आप उन्हें दूर कर सकते हैं तो अवश्य करना चाहिए. आपके भीतर आलस बहुत होता है और आप सोते बहुत हैं. आप कुछ भयभीत भी रहते हैं और स्वयं पर आवश्यकता से अधिक विश्वास भी करते हैं. किसी भी तरह की ज्यादती आप बर्दाश्त नहीं कर पाते हैं या ये कहिए कि आप स्वतंत्र रहना चाहते हैं. आप उदास बहुत जल्दी होते हैं और वास्तविकता से भागने का प्रयास करते हैं.

मीन राशि के लिए उपयुक्त कैरियर

मीन राशि को गुरु की राशि माना गया है और गुरु बुद्धि, विवेक तथा ज्ञान के कारक ग्रह हैं. ग्रहों में इन्हें मंत्री की पदवी प्रदान की गई है और सलाहकार माने गए हैं यह देवताओं के देवगुरु भी माने जाते हैं. इसलिए जितने भी कार्य सलाहकारिता अथवा अध्यापन से संबंधित है वह सभी बृहस्पति के अधिकार क्षेत्र में आते हैं. इसलिए आप एक अच्छे सलाहकार अथवा अध्यापक भी हो सकते हैं. आप लेखन व संपादन कार्य में भी कुशल होते हैं, इसके अलावा आप धर्म प्रचारक के रुप में भी कार्य कर सकते हैं. आप फिल्म, मनोरंजन अथवा जासूसी के क्षेत्र में भी काम कर सकते हैं. आप चिकित्सक के रुप में भी अपना व्यवसाय चुन सकते हैं.

2014 मीन राशिफल - पैसा और वित्तीय स्थिति

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

वर्ष की पहली तिमाही वित्तीय दृष्टिकोण से मिश्रित फल प्रदान करने वाली होगी. पहली तिमाही में आपको अपने जीवनसाथी की ओर से आर्थिक सहायता अथवा ससुराल पक्ष से कुछ धनादि मिलने की संभावना बनती है. यह धन लाभ किसी भी रुप में आपके सामने आ सकता है. जीवनसाथी के माध्यम से आपको लाभ होने तथा भाग्योदय होने की भी संभावना बनती है. तिमाही का पहला भाग फिर भी अनुकूल कहा जा सकता है लेकिन दूसरे व तीसरे भाग में आपको काफी सचेत व सतर्क रहने की आवश्यकता है. इस समय आपका भाग्य भी आपका साथ देने में पीछे हट सकता है और धन संबंधी मामलों को लेकर आपके साथ धोखाधड़ी होने की संभावना बनती है इसलिए धन को लेकर आप किसी पर भी आँख मूंदकर विश्वास ना करें तो बेहतर होगा. आप यदि किसी को घूस देकर अपना कोई काम सफल कराना चाहेंगे तब आपका पैसा व्यर्थ जा सकता है. इसलिए धन को लेकर आपको बुद्धिमत्ता से काम लेना चाहिए.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

वर्ष की दूसरी तिमाही का आरंभ आर्थिक तंगी के रुप में हो सकता है. आपने यदि पहले शेयर अथवा सट्टे आदि में धन लगाया है तब उसके डूब जाने के संकेत मिलते हैं इसलिए आपको भावनाओं में बहकर या किसी अन्य के बहकावे में आकर या जल्दी से ज्यादा धन कमाने के चक्कर में नहीं आना चाहिए. आप अपनी बुद्धि का उपयोग करते हुए आगे बढ़े अन्यथा काफी ज्यादा मानसिक परेशानी हो सकती है. इस समय आपको जमीन या किसी फ्लैट आदि में भी निवेश से बचना चाहिए अन्यथा आपके लिए ऋण उतारना कठिन हो सकता है. आपका जीवनसाथी भी इस समय धन का अपव्यय कर सकता है.

तिमाही के दूसरे भाग में आपको गुप्त रुप से धन की प्राप्ति होने की संभावना बनती है. कोई चोरी-छिपे आपकी आर्थिक सहायता कर सकता है जिससे आपको हल्का सा सुकून महसूस हो सकता है. जो व्यक्ति गलत तरीकों से धनार्जन करना चाह रहे हैं या अपने कार्यक्षेत्र पर किसी भी तरह की धोखाधड़ी से ही धन लाभ पाना चाहते हैं उन्हें सावधान रहना चाहिए. आप छोटे रुप में भी धोखा करने का प्रयास ना करें वरना मान सम्मान में भी आपके बट्टा लगने की बात उभर सकती है, आपको सचेत रहना चाहिए.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही के आरंभ से आपको आर्थिक रुप से कुछ राहत मिलनी आरंभ हो सकती है. धन संबंधी बातों को लेकर जो भी परेशानी अथवा काम रुके हुए थे उन सभी का धीरे-धीरे समाधान होना आरंभ हो जाएगा. नियमित आय के

अतिरिक्त किसी ना किसी रुप में आपको आय के अन्य स्तोत्र भी सामने आने की संभावना बन सकती है. बेशक आपको इन स्तोत्रों को अपने पक्ष में करने के लिए आवश्यकता से अधिक ही काम क्यूँ ना करना पड़े. आप अपनी दिन रात की मेहनत से अपनी आय में इजाफा कर ही लेंगे.

आप यदि किन्ही धार्मिक संस्थाओं से संबंध रखते हैं तब आपको तिमाही के दूसरे भाग में यहाँ से लाभ मिलने की संभावना बनती है. आपको लॉटरी अथवा शेयर मार्केट से भी कुछ लाभ की उम्मीद रख सकते हैं लेकिन बाजार की नीतियों का अध्ययन करने के बाद ही यह करें. तिमाही के अंतिम भाग में आपकी संतान आपके लिए लाभदायक हो सकती है. इस तिमाही के दौरान उन लोगो को विशेष ध्यान रखना होगा जो विदेशी माध्यम से आय पाना चाहते हैं क्योकि आय के स्तोत्र तो बन जाएंगे लेकिन उसके लिए आपको काफी कुछ खोना भी पड़ सकता है इसलिए सभी बातों के परिणाम को मद्देनजर रखते हुए आप काम करें.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

वर्ष की अंतिम तिमाही आर्थिक रुप से पक्ष में रहने की ही संभावना बनती है. ऎसा नहीं है कि इस समय धन का व्यय नहीं होगा, धन का व्यय होगा लेकिन वह सारा व्यय आप करने में सक्षम भी रहेंगे. इस तिमाही में धन के अभाव के कारण आपका कोई काम रुकेगा नहीं, आप कई रुपों में धन की प्राप्ति कर सकते हैं. पिता आपके लिए लाभदायक व भाग्य में वृद्धि करने वाले सिद्ध हो सकते हैं. इस समय आपको जमीन से नीचे की वस्तुओं से लाभ हो सकता है. लेकिन आप इस समय ऎसी किसी जगह निवेश ना करें जो बहुत लंबा समय मांग रहे हों, आप छोटी अवधि के निवेश कर सकते हैं. आपको प्रतिस्पर्धाओं से लाभ मिल सकता है अथवा आपके प्रतिद्वंद्वियों की गलती आपको लाभ दिला सकती है अथवा आपके शत्रु के शत्रु आपके मित्र बनकर आपके लिए लाभदायक रह सकते हैं.

तिमाही का आखिरी भाग आपके लिए अत्यधिक अनुकूल रहने की संभावना बनती है. आपको छोटे बहन भाईयों अथवा मित्रों से आर्थिक दृष्टि से सहयोग मिल सकता है. इस समय आप अपने खुद के प्रयासों से धनार्जित करेंगे और इस समय आप यदि बचत करना चाहेंगे तो उसमें भी कामयाब रहेंगे.

2014 मीन राशिफल - कैरियर और प्रोफेशन

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

वर्ष की पहली तिमाही का पहला भाग कैरियर के लिए अनुकूल नहीं कहा जा सकता है. अष्टमेश की स्थिति दशम भाव में होना कैरियर में किसी ना किसी बात को लेकर व्यवधान उत्पन्न कर सकती है. षष्ठेश का दशम भाव से संबंध भी बन रहा है जो आपको कैरियर में प्रतिस्पर्धाओं से होकर गुजरने का संकेत कर रहा है. इस समय कार्यक्षेत्र पर आपको बहुत ही सावधानी से काम करना चाहिए. किसी से भी उलझने का प्रयास ना करें और ना ही किसी पर किसी तरह की अंगुली उठाने की कोशिश करें. अपने काम से मतलब रखें अन्यथा आपको बाद में इसका परिणाम बुरा भुगतना पड़ सकता है. तिमाही का अंतिम भाग आपके लिए कुछ राहत प्रदान करने वाला होगा. आपको अपने उच्चाधिकारियों के सामने सोच विचार कर ही बोलना चाहिए. अपने सहयोगियों के साथ मिलकर आप चलेंगे तो आपके काम अति शीघ्रता से निपट जाएंगे.

बिजनेस के नजरिये से तिमाही का आरंभ आपके लिए अनुकूल रहने की संभावना बनती है. लेकिन तिमाही का दूसरा भाग व तीसरा भाग आपके लिए अपेक्षाकृत मिश्रित फल प्रदान करने वाला रहता है. यहाँ बिजनेस में आप धन का काफी निवेश कर सकते हैं. यह निवेश आप किसी से आर्थिक मदद लेकर भी कर सकते हैं अथवा इस समय आपकी “सेल” पहले की अपेक्षा घट सकती है. दूसरी व तीसरी तिमाही साझेदारी में काम करने वाले लोगों के लिए अनुकूल रहने में संदेह बना रहेगा.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

आपकी बुद्धि इस समय भ्रमित रह सकती है और व्यवहार में चिड़चिड़ापन समाया रह सकता है. इस कारण आपकी जुबान में भी कटुता का भाव रह सकता है. आप अपनी जुबान को नियंत्रित रखने का प्रयास करें और वाणी में मिठास लाएँ. इस पूरी तिमाही में आप अपने कार्यक्षेत्र पर प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना अधिक कर सकते हैं और इस कारण आपको मिले-जुले फलों की प्राप्ति अधिक होने की संभावना बनती है. एक ही काम की सिद्धि के लिए आपको अनेको बार प्रयत्न करने पड़ सकते हैं. इससे आपका मन काफी परेशान तथा विचलित सा रह सकता है. कार्यक्षेत्र पर आप स्वार्थीपन का परिचय देते हुए अपने सहयोगियो का साथ देने में पीछे हट सकते हैं जिससे नुकसान आप ही का होने की संभावना बन रही है और आपके विरोधी इस बात का बदला लेने की भी योजना आपके विरुद्ध बना सकते हैं. इसलिए इस तिमाही में आप सचेत रहें.

बिजनेस के लिए आपको इस समय किसी वरिष्ठ तथा योग्य व्यक्ति की सलाह से ही आगे बढ़ना चाहिए. जो बात समझ नहीं आ रही हो या आप किसी बात को लेकर कहीं अटक जाते हैं तब उसे कार्यान्वित ना करें अथवा आप उस काम को कुछ समय के लिए छोड़ दें. अनुकूल समय की प्रतीक्षा कर सकते हैं. साझेदारों की इस समय तकरार हो सकती है और साझेदारी टूटने के कगार पर आ सकती है. आपका साथी इस समय आपके साथ दुर्व्यवहार भी कर सकता है. आप जो भी करें सोच समझकर उचित कदम उठाएँ.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही में आपकी पदोन्नति होने की संभावना बनती है और आपकी यह पदोन्नति अनायास भी हो सकती है. इस तिमाही के आरंभ होते ही आपके मन में नौकरी बदलने की इच्छा बलवती हो सकती है और आप जगह-जगह नौकरी के लिए आवेदन करने का प्रयास कर सकते हैं. नई नौकरी मिले या ना मिलें लेकिन तिमाही के दूसरे भाग में आप अचानक नौकरी छोड़ने का विचार मन में बना सकते हैं जो कि आपके हित में नहीं कहा जा सकता है. नई नौकरी मिलने तक आप इसी में बने रहें और आवेश में आकर गलत राह ना पकड़े. आवेश में उठाया गया कोई भी कदम आपको भारी पड़ सकता है.

प्रॉपर्टी के काम से संबंधित लोगों के लिए तिमाही मिश्रित फल प्रदान करने वाली रह सकती है. आप विवादित जमीन को कम दामों में ले तो लेंगे लेकिन उसे मनचाहे दामों पर बेचने में दिक्कत आ सकती है. कहीं ऐसा ना हो कि जितने में ली थी उतने ही दामों में उसे बेचना पड़े अथवा उससे भी कम दाम मिलें. इसलिए किसी की चिकनी चुपड़ी बातों में ना आएँ. आप यदि स्वतंत्र रुप से बिजनेस करते हैं तब इस समय वह कुछ मंदा हो सकता है और आपका मानसिक तनाव इस समय ज्यादा बना रह सकता है.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

वर्ष की अंतिम तिमाही में आप अपने कार्यक्षेत्र पर अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं. इस समय बहुत लंबे समय बाद आपके द्वारा किए कामों को सराहना मिल सकती है. अधूरे पड़े कामों को पूरा करने का अवसर इस समय मिलेगा. आपके सामने कई सुनहरे अवसर आ सकते हैं जिनका लाभ आपको उचित मात्रा में उठा लेना चाहिए. यदि आप सरकारी महकमें से संबंध रखते हैं तो आपके काम की सराहना सभी लोगों द्वारा की जाएगी और सरकार की ओर से आपको उपहार या प्रशस्ति पत्र भी मिल सकता है. राजनीतिक क्षेत्र से संबंध रखते हैं तब आपके विपक्ष के लोग आपके नाम को बुरे काम में उछालने का प्रयास कर सकते हैं. इस तिमाही के अंतिम भाग में आपको वरिष्ठ अधिकारियों से निभाकर चलना चाहिए उनसे किसी तरह की भी जिरह आपको नहीं करनी चाहिए.

आप बिजनेस करते हैं तब आपके लिए समय काफी दिक्कतों वाला बना रह सकता है. आप इस समय महिलाओं से सचेत रहें, उनके साथ किए सौदे आपको हानि पहुंचाने का काम कर सकते हैं अथवा आप उनकी बातों में आकर किसी

भी तरह का घाटे का सौदा कर सकते हैं. धोखाधड़ी से बचने का प्रयास करें. प्रतिकूल समय को संयम से निकालें और अनुकूल समय की प्रतीक्षा करें क्योकि तिमाही का अंतिम भाग आपके लिए लाभदायक रहेगा.

2014 मीन राशिफल - हैल्थ और फिटनेस

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

वर्ष की पहली तिमाही में आपको स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है. आपको जननेन्द्रियों से संबंधित परेशानी हो सकती है इसलिए आप साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और कुछ ऎसे गुप्त रोग हो सकते हैं जिनका पता आपको चल ही नहीं पाएगा, स्वयं चिकित्सक भी बीमारी की जड़ तक पहुंचने में सक्षम नहीं हो पाएंगे. इस कारण निदान होने में विलंब भी हो सकता है, आप स्वयं अपना ख्याल रखें और स्वस्थ रहने का प्रयास करें. स्वास्थ्य संबंधी आपकी परेशानी तिमाही के दूसरे व तीसरे भाग में बढ़ सकती है. इस समय आपको अपने खान-पान पर उचित ध्यान देना चाहिए. जिन खाद्य पदार्थों की तासीर गर्म होती है और मसालेदार पदार्थों का उपयोग कम करना चाहिए.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

आप यदि हृदय रोग के मरीज हैं तब आपको इस तिमाही के आरंभ से ही समय रहते अपना चेक-अप करा लेना चाहिए. यदि आप हृदय रोग के मरीज नहीं भी है तब भी आपको अपना ध्यान इस समय में रखना होगा और अधिक आवेशी या आवेगी नहीं बनना चाहिए. अति उत्साहित होना या किसी भी तरह का जोश आपके लिए हानिकारक हो सकता है. इसलिए आप किसी बात के लिए दुख अथवा खुशी के प्रति ज्यादा प्रतिक्रिया जाहिर ना करें. मुँह पर कील - मुँहासे आदि निकलने की भी संभावना बनती है अथवा नेत्र संबंधी विकार आपको परेशान कर सकते हैं. आप स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही ना बरतें.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

यदि आप पिछले कुछ समय से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से जूझ रहे हैं तब आपको इस समय स्वास्थ्य में सुधार नजर आएगा और आप राहत की सांस ले पाएंगे. लेकिन इस समय आप घर अथवा अन्य किन्हीं परेशानियों के कारण तनावग्रस्त रह सकते हैं. आपके इस तनाव का कारण आपका जीवनसाथी भी हो सकता है. तनाव को दूर करने के लिए आप योग अथवा मेडिटेशन का सहारा लें इससे आपको काफी राहत महसूस होगी. तिमाही के दूसरे भाग में दूषित खाने से बचें अन्यथा पेट संबंधी विकार आपको घेरे रह सकते हैं. जो नवविवाहित हैं उन्हें साथी से संबंध बनाने में परेशानी का अनुभव हो सकता है बेहतर है बिना किसी हिचक के आप किसी अनुभवी चिकित्सक की सलाह लें.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

वर्ष की इस अंतिम तिमाही के पहले भाग में उन महिलाओं को अपना विशेष ख्याल रखना चाहिए जिन्होंने अभी-अभी हाल में ही गर्भ धारण किया है. किसी भी तरह का बोझ उठाने का प्रयास ना करें और मानसिक तनाव से बचें. खान-पान में कोई कोताही ना बरतें और स्वास्थ्य वर्धक पौष्टिक आहार का उपयोग अधिक करें. जिन महिलाओ को माहवारी संबंधी परेशानी रहती है उनकी परेशानी इस तिमाही में बढ़ सकती है इसलिए आप किसी अच्छे से डॉक्टर को दिखाएँ. इस तिमाही के पहले और दूसरे भाग में मूत्र संबंधी इंफेक्शन भी आपको होने की संभावना बनती है.

2014 मीन राशिफल - प्रेम संबंध

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

प्रेम संबंधों के लिए वर्ष की तिमाही का यह भाग अनुकूल नहीं कहा जा सकता है. यदि आपके प्रेम संबंध पहले से ही बने हुए हैं तब आपको इस समय उन्हें लेकर थोड़ा सावधान रहना चाहिए क्योकि इस समय आपके संबंधों में तनाव उभरने की नौबत आ सकती है. इस तनाव का कारं कोई बहुत बड़ी बात नही होगी, किसी छोटी सी बात को लेकर तकरार आरंभ हो सकती है. तिमाही के पहले और दूसरे भाग को आप यदि शांतिपूर्वक निकालने का प्रयास करेंगे तब आपके लिए तीसरा भाग अनुकूल लगेगा. आप अपने साथी की परेशानियों को समझने का प्रयास करे क्योकि वह आपके साथ अपनी बात को बांटने का प्रयास करेगा और आपके समय ना देने पर रुठ सकता है.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

इस समय में बनाए गए प्रेम संबंध आपके लिए परेशानी पैदा कर सकते हैं इसलिए तिमाही के पहले भाग को आप नजर अंदाज करने का प्रयास करें. तिमाही के दूसरे भाग में समय आपके मनोनुकूल रहेगा और इस समय आप अपने प्रेम का इजहार कर सकते हैं. तिमाही का अंतिम भाग प्रेम संबंधों को लेकर और भी पक्ष में कहा जा सकता है. आप इस समय अपने मनचाहे प्रेमी को पाने में सफल रह सकते हैं. इस समय आप दोनो परस्पर रोमांस में ही डूबे रह सकते हैं. आपका प्रेमी आपके लिए लाभदायक सिद्ध हो सकता है और आप दोनो कहीं घूमने भी जा सकते हैं. यदि कभी प्रेमी रुठ भी जाता है तब आप उसे मनाने में सफल रहेंगे.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

तिमाही का यह भाग प्रेम संबंधों के लिए बहुत अच्छा रहने की संभावना बन रही है लेकिन आप इस समय अपनी सीमा को लांघने का यत्न ना करें अन्यथा बाद में आपको पछताना पड़ सकता है. यदि आप विवाहित हैं तब आपके विवाहेतर प्रेम संबंध बनने की भी संभावना इस समय बन रही है क्योकि आप अपने अंदर किसी के प्रति खिंचाव का अनुभव कर सकते हैं लेकिन आप जो भी करें उसे सोच विचार कर ही करें. कहीं ऐसा ना हो कि कुछ समय बाद खुमार उतरने पर आप इन संबंधों को चाह कर भी त्याग ना पाएँ. आपके विवाहेतर संबंधों के कारण घर में काफी हंगामा जीवनसाथी के साथ खड़ा हो सकता है. इसलिए आप जो भी करें उसके परिणामों को मद्देनजर रखते हुए ही करें.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

प्रेम संबंधों में इस समय कुछ उतार-चढ़ाव बना रह सकता है. आपके परिवार वाले आपकी राह में बाधाएँ पैदा कर सकते हैं, आपको परिवार के लोगों की बात भी सुननी चाहिए और समझना चाहिए कि क्या सही व उचित है. आपके इन प्रेम संबंधों के कारण घर का वातावरण असहज हो सकता है और आपका अपना मूड उखड़ा सा रह सकता है. यदि आप अपने प्रेम संबंधों की बात अपने परिवार वालों को पहले ही बता देते हैं तब शायद आपको ज्यादा विरोध का सामना न करना पड़े. आप परिवार व प्रेमी के मध्य स्वयं को फंसा हुआ सा अनुभव कर सकते हैं, आपके इस व्यवहार के कारण आपका प्रेमी भी आपसे नाराज हो सकता है और प्रेम संबंधों को बनाए रखने के लिए आपको तिमाही के अंतिम भाग में अनेको बार प्रयास करने पड़ सकते हैं.

2014 मीन राशिफल - विद्यार्थी

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

वर्ष की पहली तिमाही का पहला व दूसरा भाग आपकी शिक्षा के लिहाज से सामान्य सा बना रहने की संभावना बनती है और तीसरे भाग में आप अपनी पढ़ाई को लेकर कुछ चिन्ता का अनुभव कर सकते हैं क्योकि हो सकता है किसी विषय का कोर्स किन्हीं कारणों से पूरा ना हो पाए और आप अपनी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने से चूक जाएँ. लेकिन आप परेशान ना हों और फिर से पढ़ाई में जुटकर अपने प्रयासों को दुगुना कर लें. तिमाही के अंतिम भाग में आपकी शिक्षा में अवरोध का कारण आपका खराब स्वास्थ्य भी हो सकता है. इससे आपको काफी परेशान हो सकते हैं और मन में खिन्नता का भाव भी समा सकता है.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

आपकी बुद्धि इस समय कुछ भ्रमित रह सकती है और आपका ध्यान अपनी पढ़ाई से विमुख सा रह सकता है. काफी कोशिश के बावजूद भी आप मन को एकाग्रचित्त कर ही नहीं पाएंगे. इस कारण आपको स्वयं पर अधिक क्रोध आ सकता है और आपका यह क्रोध अपने सहपाठियों पर निकल सकता है. साथियों के साथ आप किसी तरह से बहस में ना पड़े तो अच्छा है और अपनी जुबान पर भी नियंत्रण रखने का प्रयास करें. तिमाही के मध्य भाग से आप अपने अध्यापकों के साथ अच्छा बर्ताव रखें और उनके कथनानुसार चलने का प्रयास करें.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

वर्ष की इस तिमाही से आप अपनी पढ़ाई में मन लगाना आरंभ कर सकते हैं और सभी के लिए आदर्श साबित हो सकते हैं. पढ़ाई के अलावा आप अन्य प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेकर अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं. खेल-कूद प्रतियोगिताएं हो या वाद-विवाद प्रतियोगिता हो, आप सभी में अच्छा कर के दिखा सकते हैं. इस समय आपका भाग्य आपके साथ हर क्षेत्र में बना रह सकता है. आप यदि किसी अच्छे स्थान में दाखिला लेना चाहते हैं वह भी ले सकते हैं. आप यदि कोई व्यवसायिक कोर्स करना चाहते हैं तब आपको उसमें भी दाखिला मिल सकता है.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

वर्ष की यह अंतिम तिमाही आपके लिए अनुकूल ही रहने की संभावना अधिक बनती है. आप इस समय अपने मनोनुकूल फलों को प्राप्त कर सकते हैं. जिन छात्रों का कैम्पस इन्टरव्यू चल रहे हैं उनके लिए समय पक्ष में रहेगा और उनका चयन आगे नौकरी के लिए किया जा सकता है. मौखिक व लिखित परीक्षा देने वाले छात्रों के लिए समय उनके प्रयासों के अनुसार फल प्रदान करने वाला बना रह सकता है. आप यदि जरा सा भी अपने प्रयासों को बढ़ा देते हैं

तब आपको अच्छे फल मिलने की संभावना बन सकती है. यह तिमाही आपके पक्ष में रहेगी इसलिए बेहतर यही होगा कि आप इसका भरपूर लाभ उठाएँ.

2014 मीन राशिफल - यात्रा

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

वर्ष की तिमाही का आरंभिक समय यात्राओं के लिए अनुकूल नहीं कहा जा सकता है. छोटी, बड़ी अथवा विदेश यात्रा ही क्यूँ ना हो आपके लिए यह परेशानी भरी रह सकती हैं और आप आपका पैसा व समय दोनो ही नष्ट हो सकते हैं. आपको इन यात्राओं पर जाने से पूर्वालोकन अवश्य कर लेना चाहिए और समझना चाहिए कि यात्रा पर जाने के क्या नुकसान हो सकते हैं. यदि आपका स्वास्थ्य थोड़ा सा भी खराब चल रहा है तब तो आपको यात्राओं को नजर अंदाज ही करना चाहिए अन्यथा आपकी सेहत ज्यादा खराब हो सकती है.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

वर्ष की दूसरी तिमाही में आपकी छोटी विदेश यात्रा होने की संभावना बनती है. जो लोग बहुत समय से विदेश में छुट्टियाँ मनाने के लिए जाना चाह रहे थे वह इस समय में जा सकते हैं. इस समय में आप किसी दूर के प्राकृतिक स्थल पर भी जाने का कार्यक्रम अपने परिवार के साथ बना सकते हैं. इससे आप सभी काफी प्रफुल्लित व उत्साहित रहेंगे, नई ऊर्जा का संचार आप अपने भीतर महसूस कर सकते हैं. आप जहाँ भी घूमने जाते हैं वहाँ पर अपने सामान का खास ख्याल रखें. किसी सुरक्षित स्थान पर ही रुकने का प्रयास करें.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

लंबी दूरी की व्यवसाय को लेकर की गई यात्रा में आपके साथ धोखाधड़ी हो सकती है जिससे अत्यधिक मानसिक परेशानियाँ आपके साथ इस समयावधि में बनी रहने की संभावना बन रही है. साझेदारी के व्यवसाय को लेकर आप इस समय यात्रा करते हैं तब आपके लिए समय बिलकुल भी अनुकूल कहे जाने में संदेह है. आप किसी तरह का जोखिम उठाकर यात्रा ना करें और कीमती वस्तुओं को तो बिलकुल भी साथ में लेकर नहीं चलें. आवश्यक कागजात भी आप अपने साथ संभालकर ही रखें.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

जीवनसाथी तथा परिवार के अन्य लोगों के साथ तिमाही के पहले और दूसरे भाग में की यात्राएँ प्रतिकूल फल प्रदान करने वाली रह सकती है. इन यात्राओं के दौरान आपकी आपस में ही किसी बात को लेकर बहस छिड़ सकती है और सभी का मूड खराब बने रहने की संभावना बनती है. सारा समय आप लोगो के मध्य शीत युद्ध का सा वातावरण बना रह सकता है. पिता-पुत्र अथवा वरिष्ठ लोगों के साथ आपकी कहासुनी ज्यादा हो सकती है. तिमाही का दूसरा भाग हर प्रकार की यात्राओं के लिए अनुकूल रह सकता है. आप इस समय में धार्मिक स्थलों की यात्रा पर भी जा सकते हैं और

आपके लिए यह यात्राएँ लाभदायक बनी रह सकती हैं.

2014 मीन राशिफल - परिवार

जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

तिमाही के आरंभ समय से ही आप अपनी माता के प्रति विशेष अनुराग रख सकते हैं. उनके स्वास्थ्य को लेकर हर बात का ध्यान रखना आप अपनी जिम्मेदारी समझेंगे. आप यदि जमीन या फ्लैट आदि लेने के लिए बैंक से लोन लेना चाहते हैं तब वह आपका मंजूर हो सकता है और आप घर बना सकते हैं. वर्ष की यह तिमाही आपके दांपत्य जीवन के लिए अनुकूल नहीं कही जा सकती है. इस समय आपके दांपत्य जीवन में कलह क्लेश कुछ ज्यादा ही बने रह सकते हैं और आपका साथी बहुत ज्यादा जिद्दी स्वभाव का हो सकता है, किसी के समझाने का भी उस पर कोई प्रभाव नहीं होगा.

आपकी अपनी वाणी भी इस समय कटु रह सकती है और आप भी परेशान होकर बात-बात में अग्नि बरसा सकते हैं. खर्चे बढ़े रहने से आप दुखी से रह सकते हैं. इस समय आपके प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष शत्रु आप पर हावी रह सकते हैं और आपको परेशान करने का नित नया उपाय सोच सकते हैं.

अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

इस तिमाही के आरंभ में आपके अपने साथी के साथ संबंध और अधिक बिगड़ने आरंभ हो सकते हैं और आप दोनों परस्पर एक-दूसरे के साथ असहयोग जता सकते हैं. संतान की ओर से आप असंतुष्ट रह सकते हैं. जिन लोगों के विवाह की बात पक्की हो चुकी थी वह बात इस तिमाही में टूटने की संभावना बनती है. इस कारण घर का माहौल असामान्य सा बना रह सकता है. परिवार के सभी सदस्य परस्पर सहयोग करने से पीछे हट सकते हैं. परिवार का कोई सदस्य किसी बात को लेकर अन्य लोगों को अंधेरे में रख सकता है. इससे आपको बहुत दुख का अनुभव हो सकता है.

दांपत्य जीवन में कोई सुधार ना होने पर आपके पिता द्वारा हस्तक्षेप किया जा सकता है ताकि आप अपने साथी के साथ सुखपूर्वक रह सकें. तिमाही का अंतिम भाग आपके गृह निर्माण के लिए अनुकूल नहीं कहा जा सकता है. इस समय आपको काफी अड़चनों का सामना करना पड़ सकता है.

जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही के आरंभ समय में आप संतान के स्वास्थ्य को लेकर चिन्तित रह सकते हैं. आप यदि बड़े बच्चे के पिता है तब आप आपकी संतान किन्हीं कारणों से आपसे दूर जा सकती है. इस समयावधि में आपका साथी वहमी

सा बना रह सकता है अर्थात किसी बात को लेकर उसके मन में फोबिया सा समाया रह सकता है. कई बार यह रहस्यमयी अथवा संदेहास्पद हरकतें भी कर सकता है. साथी के इस अजीबो गरीब व्यवहार से आप हर समय तनाव का अनुभव कर सकते हैं. जिनके विवाह की बात पक्की होनी है वह इस तिमाही को टालने का प्रयास करें. इस तिमाही में किसी भी प्रकार से विवाह की कोई बात पक्की ना करें.

यदि आप काफी समय से संतान प्राप्ति का विचार कर रहे हैं तब यह तिमाही इसके लिए अनुकूल बनी रह सकती है. महिलाएं गर्भधारण कर सकती हैं लेकिन आने वाले दो माह तक आपको अपने स्वास्थ्य का ख्याल विशेष रुप से रखना होगा.

अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

तिमाही के पहले भाग से चलते हुए आपका दांपत्य जीवन इस अंतिम भाग में सबसे ज्यादा खराब नजर आ सकता है. आपको चाहिए कि अपने साथी को मानसिक रुप से शांति प्रदान कराएं क्योकि वह स्वयं भी नहीं समझ पाएगा कि उसके साथ क्या हो रहा है और क्यूँ वह अजीब हरकते कर रहा है, इसलिए आप उसका साथ पूर्ण रुप से देने का प्रयास करें. उसके साथ हर समय हर परिस्थिति में खड़े रहें. इस तिमाही का पहला व दूसरा भाग अधिक खराब रहेगा लेकिन अंतिम भाग में परिस्थितियों में कुछ सुधार होने की संभावना बनती है. आपकी यह पूरी तिमाही दांपत्य जीवन की परेशानियों को लेकर बीत सकती है. इस समय आपके साथी का स्वास्थ्य खराब रहने की भी संभावना बनती है. तिमाही का अंतिम भाग अपेक्षाकृत कुछ अनुकूल रह सकता है.

अंतिम तिमाही में आपको पिता अथवा मित्रों से सहयोग तथा लाभ मिलने की संभावना बनती है. इस समय में आपको भूमि लाभ भी हो सकता है. आप यदि कहीं कुछ निवेश की सोच रहे हैं तब आप इस अंतिम भाग में कर सकते हैं. इस समय में आपके जीवनसाथी को कार्यक्षेत्र पर पदोन्नति मिलने की भी संभावना बनती है. इस तिमाही में आपको अपने घरेलू नौकरो से अच्छा व्यवहार करने का प्रयास करना चाहिए, यदि वह आपको छोड़कर चला गया तब आपकी परेशानी और अधिक बढ़ सकती है.

2014 में मीन राशि के लिए उपाय

इस पूरे वर्ष की आरंभ की तीन तिमाहियोँ तक आपको प्रतिदिन संकटमोचन का पाठ संध्या समय में करना चाहिए. इसके अलावा आपको नारायण कवच का पाठ पूरे वर्ष प्रतिदिन सुबह या शाम के समय में करना चाहिए. इसके साथ ही आप रोज सुबह ताजे आटे से बनी एक रोटी में थोड़ा सा मीठा मिलाकर गाय को खिलाएँ. शनि की ढैय्या के प्रभाव को कम करने के लिए आप शनिवार के दिन 108 बार “ऊँ शं शनैश्चराय नम:” का जाप करें.